बैशाख कृष्ण पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 7 मई 2024
वर्ष-34, अंक-100, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य- 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ
एक सम्पूर्ण अखबार



www.amritvichar.com

सुदूर अंतरिक्ष में आश्चर्यजनक ग्रह की खोज 16
हीरा मंडी का हीरा नकली और मंडी अश्लील 15

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा



एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

## भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि 14 वर्ष के उच्चतम स्तर पर

नई दिल्ली, एजेंसी

- अनुकूल आर्थिक परिस्थितियों का मिला लाभ

भारत में सेवा क्षेत्र की गतिविधियां अनुकूल आर्थिक परिस्थितियों और मजबूत मांग के दम पर अप्रैल में 14 वर्ष के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई है।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक मार्च में 61.2 थी जो अप्रैल में गिरकर 60.8 हो गई। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम अंक का आशय संकुचन से होता है। एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री (भारत) प्रांजुल भंडारी ने कहा कि अप्रैल में भारत की सेवा गतिविधियों में थोड़ी धीमी गति से वृद्धि हुई, जिसे घरेलू मांग में उल्लेखनीय मजबूती के साथ नए ठेकों और वृद्धि का समर्थन मिला। घरेलू मांग में तेजी के अलावा, कंपनियों ने दुनिया के कई हिस्सों से नए कारोबारी लाभ का भी उल्लेख किया।

## सीआईएससीई के नतीजे : लड़कों से आगे निकलीं लड़कियां

### 10वीं, 12वीं कक्षा में उत्तीर्ण प्रतिशत बढ़ा, जारी नहीं होगी मेधा सूची

नई दिल्ली, एजेंसी

- 10वीं कक्षा : 99.31 प्रतिशत लड़के, 99.65 प्रतिशत लड़कियां सफल
- 12वीं कक्षा : 97.53 प्रतिशत लड़के, 98.92 प्रतिशत लड़कियां उत्तीर्ण

'काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन्स' (सीआईएससीई) की 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं के सोमवार को सुबह घोषित नतीजों में लड़कियों ने लड़कों से बाजी मारी, जबकि दोनों कक्षाओं के लिए उत्तीर्ण प्रतिशत में वृद्धि दर्ज की गई। बोर्ड ने छात्रों के बीच अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा से बचने के लिए मेधा सूची जारी करने की प्रक्रिया इस साल से बंद कर दी है।

सीआईएससीई के एक अधिकारी ने बताया कि 99.47 प्रतिशत छात्रों ने 10वीं कक्षा की परीक्षा में सफलता हासिल की, जबकि 98.19 फीसदी छात्रों ने 12वीं कक्षा की परीक्षा पास की। पिछले साल 10वीं कक्षा के लिए पास प्रतिशत 98.94 प्रतिशत और 12वीं कक्षा के लिए 96.93 प्रतिशत दर्ज किया गया था।

सीआईएससीई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और सचिव जोसेफ इमैनुअल ने कहा कि 10वीं कक्षा में 99.31 प्रतिशत लड़के पास हुए, जबकि 99.65 प्रतिशत लड़कियों ने सफलता हासिल की। इसी तरह, 12वीं कक्षा में लड़कों का पास प्रतिशत 97.53 रहा, जबकि लड़कियों का पास प्रतिशत 98.92 प्रतिशत रहा। उन्होंने कहा कि हमने बोर्ड परीक्षाओं के लिए मेधा सूची जारी करने की प्रक्रिया भी इस साल से बंद कर दी है। इस कदम का उद्देश्य छात्रों के बीच अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा से बचना है।

आईसीएसई परीक्षाएं 21 फरवरी को शुरू हुईं और 28 मार्च को 18 दिन में खत्म हुईं। आईएससी परीक्षा (12वीं कक्षा) 47 लिखित विषयों में कराई गई, जिनमें से 12 भारतीय भाषाओं, चार विदेशी भाषाओं और दो शास्त्रीय भाषाओं में थी। आईएससी परीक्षाएं 12 फरवरी को शुरू हुईं और चार अप्रैल को खत्म हुईं।

कुल 2,695 स्कूलों के अभ्यर्थी 10वीं कक्षा की परीक्षा में बैठे और 82.48 प्रतिशत (2,223) स्कूलों का उत्तीर्ण प्रतिशत 100 रहा। बारहवीं कक्षा के लिए कुल 1,366 स्कूलों के अभ्यर्थी बैठे और 66.18 प्रतिशत (904) स्कूलों का उत्तीर्ण प्रतिशत 100 रहा। दसवीं कक्षा की परीक्षा में 2.43 लाख से अधिक उम्मीदवार बैठे थे, जबकि 12वीं कक्षा की परीक्षा में 99,901 छात्र बैठे।

### विदेशी स्कूलों ने भी किया बेहतर प्रदर्शन

दसवीं कक्षा में इंडोनेशिया, सिंगापुर और दुबई के स्कूलों ने विदेश में सबसे अच्छा प्रदर्शन किया, जहां पास होने का प्रतिशत 100 रहा। बारहवीं कक्षा में सिंगापुर और दुबई के स्कूलों ने विदेश में सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। आईसीएसई परीक्षा (10वीं कक्षा) 60 लिखित विषयों में कराई गई थी, जिनमें से 20 भारतीय भाषाओं, 13 विदेशी भाषाओं और एक शास्त्रीय भाषा में थी।

## एक नजर

### नीट-स्नातक प्रश्नपत्र लीक की खबरें निराधार

ई दिल्ली। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने सोमवार को स्पष्ट किया कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-स्नातक' में प्रश्नपत्र लीक होने का दावा करने वाली खबरें पूरी तरह से निराधार और बेबुनियाद हैं। एनटीए की वरिष्ठ निदेशक साधना पाराशर ने कहा कि एनटीए के सुरक्षा प्रोटोकॉल से यह पता चला है कि सोशल मीडिया पोस्ट पूरी तरह से निराधार और बेबुनियाद हैं।

### यूपी बोर्ड : इंप्रूवमेंट परीक्षा के लिए आवेदन आज से

लखनऊ। यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा दे चुके छात्रों के लिए इंप्रूवमेंट और कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया 7 मई से शुरू हो जाएगी। आवेदन की अंतिम तिथि 31 मई की रात्रि 12 बजे तक है। माध्यमिक शिक्षा परिषद ने सोमवार को आवेदन से लेकर परीक्षा तक पूरा ब्योरा जारी कर दिया है। इच्छुक छात्र-छात्राएं अपना आवेदन बोर्ड की वेबसाइट upmsp.edu.in पर जाकर कर सकते हैं।

### सुप्रीम कोर्ट से उमर अंसारी को अग्रिम जमानत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने उमर अंसारी को आदर्श आचार संहिता के कथित उल्लंघन के मामले में सोमवार को अग्रिम जमानत दे दी। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति पी के मिश्रा की पीठ ने उमर अंसारी से मामले के सिलसिले में निचली अदालत में पेश होने को कहा जो जमानत पर रिहा करेगी।

### खेद प्रकाश

पांच मई के अंक में अमिताभ बच्चन के चित्र की जगह उनके डुप्लीकेट का चित्र प्रकाशित हो गया था। इस मानवीय चूक के लिए हम खेद व्यक्त करते हैं। - संपादक

## दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल के खिलाफ एनआईए जांच की सिफारिश

### आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस से धन प्राप्त करने के आरोप में एलजी ने उठाया कदम

नई दिल्ली, एजेंसी





- आम आदमी पार्टी ने मामले को साजिश बताया, मंत्री सौरभ ने दिल्ली की सभी सीटों पर भाजपा की संभावित हार की बौखलाहट कहा

दिल्ली के उप राज्यपाल (एलजी) वीके सक्सेना ने प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन 'सिख फॉर जस्टिस' से कथित तौर पर धन प्राप्त करने के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एनआईए जांच की सिफारिश की है।

यह जानकारी राजभवन सूत्रों ने दी। वहीं आप नेता और दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि यह भाजपा के इशारे पर केजरीवाल के खिलाफ एक और साजिश है। क्योंकि भाजपा दिल्ली की सभी सात सीट हार रही है। भाजपा नेता लोकसभा चुनाव में हार के डर से घबराए हुए हैं।

केंद्रीय गृह सचिव को लिखे पत्र में उप राज्यपाल के सचिवालय ने कहा कि सक्सेना को शिकायत मिली थी कि केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप को कथित तौर पर देवेन्द्र पाल भुल्लर की रिहाई के लिए चरमपंथी खालिस्तानी समूहों से 1.6 करोड़ डॉलर की वित्तीय मदद मिली थी। अमृतसर केंद्रीय कारागार में बंद भुल्लर को 1993 में दिल्ली में एक बम विस्फोट में नौ लोगों की हत्या के मामले में दोषी ठहराया गया था। उसे 25 अगस्त, 2001 को टाडा अदालत द्वारा मौत की सजा सुनाई गई थी। सुप्रीम कोर्ट द्वारा उसकी मौत की सजा को कम किए जाने के बाद से वह आजीवन कारावास की सजा काट रहा है।

सक्सेना ने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा दिए गए इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के फॉरेंसिक परीक्षण सहित जांच की आवश्यकता है। केजरीवाल दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में तिहाड़ जेल में बंद हैं।

सूत्रों ने कहा कि शिकायत खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू द्वारा जारी किए गए एक वीडियो से संबंधित है। जिसमें उसने आरोप लगाया कि केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप को 2014 और 2022 के बीच खालिस्तानी समूहों से 1.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर मिले। उप राज्यपाल को दी गई शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि केजरीवाल ने 2014 में न्यूयॉर्क के गुरुद्वारा रिचमंड हिल्स में खालिस्तानी नेताओं के साथ बंद कमरे में बैठकें की थीं। केजरीवाल ने आप को पर्याप्त वित्तीय सहायता के बदले में भुल्लर की रिहाई में मदद का वादा किया था। शिकायत में कहा गया है कि सोशल मीडिया पर सिलसिलेवार पोस्ट में आप के एक पूर्व कार्यकर्ता मुनीश कुमार रायजादा ने खालिस्तानी नेताओं के साथ केजरीवाल की मुलाकात की कथित तस्वीरें साझा की थीं।

### अंतरिम जमानत देने पर विचार करेगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट मंगलवार को इस बात पर विचार करेगा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत दी जाए या नहीं। सुप्रीम कोर्ट मंगलवार को आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर सुनवाई करेगी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ पहले मामले के रूप में आम आदमी पार्टी नेता की याचिका पर सुनवाई करेगी।

## रांची में ईडी का छापा, बेहिसाब नकदी और आभूषण बरामद

रांची, एजेंसी



छापे के दौरान बरामद नकदी गिनते ईडी कर्मी। ● एजेंसी

- मंत्री के निजी सचिव के घरेलू सहायक के घर की छानबीन
- 20 से 30 करोड़ की नकदी गिनने में लगाई गईं आठ मशीनें

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम के सचिव से कथित रूप से जुड़े एक घरेलू सहायक के परिसरों की तलाशी के दौरान 20-30 करोड़ रुपये की बेहिसाबी नकदी बरामद करने का दावा किया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसी ने कुछ अन्य परिसरों की तलाशी में अलग से करीब तीस करोड़ रुपये नकद बरामद किए। सूत्रों द्वारा साझा किए गए वीडियो और तस्वीरों में एजेंसी के अधिकारी यहां गाड़ीखाना चौक पर एक इमारत में स्थित एक कमरे में बड़े बैग से नोटों की गड्डियां निकालते हुए दिखते हैं। इस दौरान केंद्रीय बलों के कुछ सुरक्षाकर्मी भी दिखाई देते हैं। जिस स्थान से नकदी बरामद की गई है, वहां कथित तौर पर झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलम के निजी सचिव संजीव लाल का एक घरेलू सहायक रहता है।

आलम ने संपर्क किए जाने पर कहा कि मुझे अभी तक इस संबंध में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि मैं टीवी देख रहा हूं और इसमें बताया जा रहा है कि यह परिसर सरकार द्वारा मुझे मुहैया कराए गए आधिकारिक पीएस (निजी सचिव) से संबंधित है। आलम (70) कांग्रेस के नेता हैं और झारखंड विधानसभा में पाकुड़ सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं।

ईडी के सूत्रों ने कहा कि नकदी गिनने के लिए नोट गिनने वाली आठ मशीन लगाई गई हैं, ताकि बरामद की गई रकम का पता लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि यह राशि 20-30 करोड़ रुपये के बीच हो सकती है। सूत्रों ने कहा कि बरामद की गई नकदी में मुख्य रूप से 500 रुपये के नोट हैं और कुछ आभूषण भी बरामद किए गए हैं। सूत्रों ने बताया कि अभियान के तहत कुल छह परिसरों की तलाशी ली जा रही है और एजेंसी ने एक परिसर से 2.93 करोड़ रुपये तथा एक अन्य परिसर से 10 लाख रुपये बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि नकदी में मुख्य रूप से 500 रुपये के नोट हैं और कुछ आभूषण भी बरामद किए गए हैं।

### धनशोधन के मामले से जुड़ी है छापेमारी

यह छापेमारी ग्रामीण कार्य विभाग के पूर्व मुख्य अभियंता वीरेंद्र कुमार राम के खिलाफ धनशोधन के मामले से जुड़ी है, जिसे ईडी ने पिछले साल गिरफ्तार किया था। एजेंसी ने पिछले साल जारी एक बयान में आरोप लगाया था कि रांची में ग्रामीण कार्य विभाग में मुख्य अभियंता के रूप में तैनात वीरेंद्र कुमार राम ने ठेकेदारों को निविदा आवंटित करने के बदले में उनसे रिश्वत के नाम पर अवैध कमाई की थी।

## राम विरोधी हैं सपा-कांग्रेस : योगी

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव



मंच पर सीएम योगी आदित्यनाथ व प्रत्याशी साक्षी महाराज के साथ अन्य भाजपा नेता।

- भगवंतनगर की जनसभा में बोले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

अमृत विचार : एक समय था जब हमारे युवाओं के हाथ में तमंचा होता था और आज उनके हाथ में टैबलेट है। देश से आतंकवाद का खात्मा हो चुका है। कश्मीर चैन की नींद सो पाता है। जो राम का नहीं है वह हमारा भी नहीं हो सकता है। सपा-कांग्रेस का इतिहास रहा है राम का विरोध करना। कभी भी सपा-कांग्रेस पर विश्वास मत करना। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को उन्नाव के भगवंतनगर विधानसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए कहीं।

योगी ने भगवंतनगर स्थित आरआरबीएन इंटर कॉलेज में सभा कर उन्नाव से भाजपा प्रत्याशी साक्षी महाराज के पक्ष में वोट करने की अपील की। सीएम ने पहले बक्सर स्थित सिद्धपीठ मां चंद्रिका देवी को नमन किया। इसके बाद कलम व तलवार की धनी धरती बताते हुए यहां के साहित्यकारों को नमन किया। उन्होंने कहा कि कश्मीर में 370 हटने के बाद वहां शांति हो गई है। कांग्रेस-सपा हमेशा से राम की विरोधी रही हैं। इससे पूर्व सीएम का हेलीकाप्टर क्षेत्र के हटिया मेला मैदान पर उतरा। जहां उनका स्वागत पार्टी प्रत्याशी के अलावा अन्य जनप्रतिनिधियों ने किया।

## नड्डा, मालवीय और विजयेंद्र के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

- सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर कांग्रेस ने की थी शिकायत

बेंगलुरु। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, आईटी प्रकोष्ठ प्रमुख अमित मालवीय और कर्नाटक इकाई प्रमुख बीवाई विजयेंद्र के खिलाफ सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर प्राथमिकी दर्ज हुई है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि इन नेताओं पर विशेष उम्मीदवार को वोट न देने के लिए एससी/एसटी के सदस्यों को डराने-धमकाने वाले पोस्ट के संबंध में प्राथमिकी दर्ज हुई है।

कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने आदर्श आचार संहिता के कथित उल्लंघन के लिए रविवार को निर्वाचन आयोग तथा पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद कार्रवाई हुई। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि भाजपा नेताओं पर जनप्रतिनिधि और आईपीसी की धारा 505 (2) (विभिन्न वर्गों के बीच शत्रुता, घृणा को बढ़ावा देने वाला बयान देना) के तहत मामला दर्ज हुआ है। शिकायत में कर्नाटक प्रदेश भाजपा के अकाउंट से 'एक्स' पर पोस्ट वीडियो का हवाला दिया गया।

## राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सुमनदीप ने की आत्महत्या

पटियाला, एजेंसी



- भाई-भाभी से झगड़े के बाद भाखड़ा नहर में कूदी महिला खिलाड़ी
- पिता ने पुलिस थाने में दर्ज कराई बेटे और बहू के खिलाफ शिकायत

राष्ट्रीय स्तर की हॉकी खिलाड़ी सुमनदीप कौर ने कथित तौर पर अपने भाई और भाभी से झगड़े के बाद पंजाब के भाखड़ा नहर में कूदकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। पुलिस ने सोमवार को बताया कि उसके पिता की शिकायत पर भाई और भाभी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

सुमनदीप के पिता जसपाल सिंह ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी पंजाब यूनिवर्सिटी में एमए की पढ़ाई कर रही थी। वह अपने बेटे विक्रमजीत सिंह और उसकी पत्नी पिंकी की ओर से सुमनदीप के साथ किए गए दुर्व्यवहार से व्यथित हैं। पुलिस ने बताया कि शिकायत पर सुमनदीप के भाई को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि पिंकी की तलाश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि भाखड़ा नहर से सुमनदीप का शव बरामद कर लिया है तथा मामले की जांच की जा रही है।

## सपा ने श्यामलाल पाल को बनाया नया प्रदेश अध्यक्ष



- लोकसभा चुनाव के बीच हटाए नरेश उत्तम पटेल

लखनऊ। समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव के बीच एक बड़ा निर्णय लेते हुए नरेश उत्तम पटेल की जगह पार्टी के वरिष्ठ नेता श्यामलाल पाल को प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। पार्टी ने इस पद पर बदलाव सात साल बाद किया है। साल 2017 में तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष शिवपाल यादव को हटाने के बाद नरेश उत्तम को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

सपा प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी पर बदलाव के पीछे नरेश उत्तम पटेल का फतेहपुर सीकरी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ना भी वजह है। ऐसे में वह अपने चुनाव पर पूरा ध्यान केन्द्रित कर सकेंगे। श्यामलाल पाल प्रयागराज के निवासी हैं। माना जा रहा है कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव के इस फैसले के पीछे पीडीए यानि पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यकों वाले लक्ष्य को साधना है। पिछले साल ही श्यामलाल को पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी का उपाध्यक्ष बनाया गया था।

## मुंबई दंगा पीड़ितों को मुआवजा दे सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- निर्देश लागू न करने पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई नाराजगी

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को महाराष्ट्र सरकार से 1992 के मुंबई दंगों में लापता हुए लोगों के परिजनों को मुआवजा देने, मामलों का निपटान सुनिश्चित करने और पुलिस सुधार जैसे अपने निर्देशों को लागू करने को कहा। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने 4 नवंबर, 2022 के अपने फैसले में जारी निर्देशों का पालन न करने पर नाराजगी जताते हुए महाराष्ट्र के पुलिस महानिदेशक और राज्य के गृह विभाग के सचिव को न्यायमूर्ति बीएन श्रीकृष्ण आयोग की सिफारिशों पर गौर करने का निर्देश दिया और इस बारे में एक बेहतर अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने को कहा।

पीठ ने कहा कि राज्य सरकार 19 जुलाई, 2024 तक एक बेहतर अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करे। इसने इस मुद्दे पर स्वतः संज्ञान वाली याचिका पर सुनवाई के लिए 26 जुलाई की तारीख निर्धारित की। पीठ ने एक पहलू पर विचार करते हुए कहा कि वर्तमान में राज्य बल में 2.30 लाख पुलिसकर्मी हैं और उनके लिए आवास इकाइयों का निर्माण करना प्रशासन का दायित्व है।

## तीसरे चरण की 10 सीटों पर मतदान आज

लखनऊ, अमृत विचार। प्रदेश में तीसरे चरण की 10 सीटों पर मतदान सात मई को होगा। इस चरण में कुल 100 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमें आठ महिला प्रत्याशी भी शामिल हैं। एक करोड़ 89 लाख 14 हजार 788 मतदाता हैं, जिसमें एक करोड़ एक लाख 44 हजार 345 पुरुष व 87 लाख 69 हजार 696 महिला व 747 थर्ड जेंडर शामिल हैं।


मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सम्भल, हाथरस (अजा), आगरा (अजा), फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आंवला व बरेली लोकसभा सीटों पर मतदान होगा।

## खेती-किसानी

### पंतनगर विश्वविद्यालय की बायो कंट्रोल प्रयोगशाला ने ईजाद किए चार जैव नियंत्रक अभिकर्ता

## कीटनाशकों से नहीं अब जैव नियंत्रकों से समृद्ध होगी खेती

मृगांक मौली, पंतनगर




जैव नियंत्रण प्रयोगशाला में निर्मित चार बायो कंट्रोल एजेंट।

अमृत विचार : फसल में लगने वाले कीटों के लिए कीटनाशकों का प्रयोग बीती बात हो चुकी है, अब इनका नाश जीवाणु करेंगे। जीबी पंत कृषि एवं प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के पादप रोग विभाग में जैव नियंत्रण परियोजना के तहत जैव नियंत्रण प्रयोगशाला की परियोजनाधिकारी डॉ. रूपाली शर्मा के निर्देशन में वैज्ञानिकों ने चार जैव नियंत्रक अभिकर्ताओं का निर्माण किया है, जिसे पेटेंट भी करा लिया है।

जैव नियंत्रक अभिकर्ता मिट्टी में पाए जाने वाले वह सूक्ष्म फफूंद और जीवाणु हैं, जिनसे पौधों में रोग जनकों का आंशिक या पूरी तरह से विनाश किया जाता है। ये तीन प्रकार से कार्य करते हैं। इनमें परजीविता- जैव नियंत्रक रोग कारक जीव के ऊपर चिपककर उसकी बाहरी परत को कुछ प्रतिजैविक पदार्थों से गलाकर उसमें के सभी पदार्थों का उपयोग कर लेता है, जिससे वह नष्ट हो जाता है। प्रतिजैविकता -इस प्रक्रिया में जैव नियंत्रक प्रतिजैविक पदार्थ उत्पन्न करता है, जो रोग कारकों के लिए विष है। प्रतिस्पर्धा - इसमें जैव नियंत्रक वातावरण में मौजूद पोषक पदार्थों, जल व स्थान के लिए रोग कारकों से स्पर्धा करते हैं। प्रयोगशाला में चार जैव नियंत्रकों पंत बायो कंट्रोल एजेंट-1 (ट्राइकोडर्मा हारजियानम), पंत बायोकंट्रोल एजेंट-2 (स्यूडोमोनास फ्लोरीसेंस), पंत बायो कंट्रोल एजेंट-3 (ट्राइकोडर्मा हारजियानम 2) व पंत बायो कंट्रोल एजेंट-4 (स्यूडोमोनास फ्लोरीसेंस 2) का उत्पादन किया गया है।

### ऐसे करते हैं बीजों और पौधों में जैव नियंत्रकों का उपयोग

जैव नियंत्रक के 10 ग्राम पाउडर का पानी में घोल बनाकर बीजों को इसमें डाल देते हैं। बीजों को छाया में सुखाकर बुवाई कर देते हैं। पौध उपचार में पौधशाला से उखाड़कर पौध की जड़ को जैव नियंत्रक घोल में आधा घंटा डुबाते हैं। मृदा उपचार में एक किग्रा. जैव नियंत्रक एक कुंतल सड़ी खाद या कंपोस्ट में मिलाकर एक माह बाद खेत में डालते हैं।

### रोग व कीट नियंत्रण के लिए आवश्यक हैं जैव नियंत्रक

रोग व कीट नियंत्रण के लिए रसायनों के प्रयोग ने कृषि उत्पादों की गुणवत्ता कम कर दी है। पौधों में रोगकारकों के प्रति प्रतिरोधक क्षमता घट रही है। साथ ही मिट्टी के उपयोगी सूक्ष्म जीवों की संख्या में कमी आ रही है, जिससे रोगजनकों में वृद्धि हो रही है। जैव नियंत्रक एक बार मिट्टी में स्थापित हो जाता है तो यह स्वयं अपनी कार्यक्षमता बढ़ाता रहता है।

# अब पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे बिल और बाउचर

## ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर त्रिस्तरीय पंचायतों के लिए की गई अनिवार्यता, निदेशक ने लिया संज्ञान, जारी किए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अब त्रिस्तरीय पंचायतों के विकास कार्य संबंधित भुगतान के बिल, बाउचर व मस्टर रोल ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे। इससे पारदर्शिता आएगी और ऑडिट आसान होने से बजट नहीं फंसेगा। अमृत विचार ने 4 मार्च को यह खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी।

निदेशक पंचायती राज विभाग अटल कुमार राय ने जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत व ग्राम पंचायत के भुगतान में नई व्यवस्था लागू की है। अब ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर भुगतान करने से पहले संबंधित कार्यों के बिल, बाउचर व मस्टर रोल अपलोड किए जाएंगे। जिनकी

**खबर का असर**


पंचायतों के ग्रांट में फंसा ऑडिट रिपोर्ट का पेच

26 फरवरी तक इन जिलों में सबसे कम ऑडिट रिपोर्ट दर्ज

अभिलेख नहीं तो गबन मानकर हाई रिस्क में जाएंगी पंचायतें

4 मार्च 2024 को अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

अब तक पोर्टल पर बिल संख्या दर्शाई जाती थी। खर्च के अभिलेख ग्राम सचिवालय के कम्प्यूटर पर अपलोड कर उसी से भुगतान किया जाएगा। इससे पारदर्शिता आएगी और लेखा परीक्षकों के लिए पंचायतों का ऑडिट करना आसान हो जाएगा। क्योंकि हर वर्ष ऑडिट के दौरान प्रधान व सचिव बिल व बाउचर उपलब्ध नहीं कराते हैं। इस वजह से वित्तीय वर्षों का ऑडिट समय पर नहीं हो पाता है। क्योंकि प्रधान व सचिव बिना कार्य के फर्जी भुगतान करते हैं। इसके बिल, बाउचर नहीं होते हैं। ऑडिट में अभिलेख न मिलना और बाहर से भुगतान करना दोनों मुद्दे अमृत विचार ने प्रमुखता से उठाये थे।

**100 फीसद ऑडिट न होने पर देर से मिला था बजट**

त्रितरीय पंचायतों का 100 फीसद ऑडिट होने पर ही नए वित्तीय वर्ष का बजट मिलता है। लेकिन, ऑडिट के दौरान प्रधान व सचिव बिल व बाउचर लेखा परीक्षकों को नहीं देते हैं। इस वजह से ऑडिट लंबित रहता है और विकास कार्यों का बजट फंस जाता है। इन्हीं कारणों से वर्ष 2022-23 का 100 फीसद ऑडिट न होने के कारण 2023-24 का बजट देर से यानी नवंबर में मिला था। लेकिन, अब लेखा परीक्षक सीधे खर्च के अभिलेख निकाल कर ऑडिट कर सकेंगे। लेखा परीक्षकों का भी ऑडिट में बहाना नहीं चलेगा।

## ग्राम पंचायतों को वापस मिली स्वच्छ भारत मिशन की ग्रांट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सभी ग्राम पंचायत को स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण (एसबीएम) की ग्रांट वापस मिल गई है। इसमें लखनऊ को नौ करोड़ रुपये मिले हैं। जो वित्तीय वर्ष 2024-25 के कार्यों में खर्च किए जाएंगे।

वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रदेश की ग्राम पंचायतों को स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण के कार्यों की केंद्र से ग्रांट देर से मिली थी। इस वजह से गांव में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, सोखपिट, आरआरसी सेंटर, वर्मी कंपोस्ट, नाडेफ आदि कार्य बजट के अनुसार नहीं हो पाए थे। इस कारण पर्याप्त धनराशि खर्च नहीं हुई। सैकड़ों ग्राम पंचायत ऐसी रहीं, जहां एक भी रुपये नहीं खर्च किए गए और मार्च में वर्ष समाप्त होने पर ग्रांट वापस हो गई। जो वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रक्रिया के तहत सभी ग्राम पंचायतों को वापस मिली है। इसमें लखनऊ को नौ करोड़ रुपये मिले हैं। जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशू शेखर ठाकुर ने बताया कि कि जो भी कार्ययोजना बनाई गई थी, उसी के अनुसार कार्य कराएंगे।

# गायत्री प्रजापति की अपील पर सुनवाई से हटे जज

विधि संवाददाता, लखनऊ

**दुराचार के मामले में दोषसिद्धि को दी है गायत्री ने चुनौती**

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में सपा सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे गायत्री प्रसाद प्रजापति की अपील पर सुनवाई के दौरान दो सदस्यीय खंडपीठ के एक न्यायमूर्ति ने खुद को सुनवाई से अलग कर लिया। इसके पश्चात न्यायालय ने मामले को मुख्य न्यायमूर्ति के समक्ष भेजने का निर्देश दिया ताकि सुनवाई के लिए मामले को नई बेंच को निर्दिष्ट किया जा सके।

सत्र अदालत ने 12 नवंबर 2021 को दुराचार के एक मामले में गायत्री प्रजापति व अन्य अभियुक्तों को दोषसिद्ध ठहराते हुए, उम्र कैद की सजा सुनायी है। गायत्री समेत सजा पाए अभियुक्तों ने हाईकोर्ट में अपील दाखिल कर सत्र अदालत के उक्त निर्णय को चुनौती दी है, साथ ही अपील के लम्बित रहने के दौरान जमानत पर रिहा किए जाने की भी मांग की हुई है। 1 मई को गायत्री व अन्य अपीलार्थियों के जमानत प्रार्थना पत्रों पर न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति अजय कुमार श्रीवास्तव, प्रथम की खंडपीठ के समक्ष सुनवाई होनी थी, लेकिन न्यायमूर्ति अजय कुमार श्रीवास्तव प्रथम ने उक्त सुनवाई से खुद को अलग कर लिया, हालांकि इसका कोई कारण आदेश में नहीं उद्धृत किया गया है। अब उक्त जमानत याचिका पर अगली सुनवाई दूसरी खंडपीठ के समक्ष 8 मई को होने की सम्भावना है।

**एक नजर**

### ग्राम्य विकास के अधिकारियों कर्मचारियों का वेतन फंसा

**अमृत विचार, लखनऊ :** ग्राम्य विकास विभाग को वेतन का बजट आवंटित नहीं हुआ है। इस कारण अप्रैल का प्रदेशभर के अधिकारियों व कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला है। अप्रैल का सभी सरकारी विभागों को बजट आवंटित होने के साथ वेतन का भुगतान कर दिया गया है। लेकिन, ग्राम्य विकास विभाग को बजट आवंटित नहीं हुआ है। जबकि यह प्रकिया पहले की जाती है। इस वजह से सीडीओ, डीडीओ, बीडीओ, एडीओ, वीडीओ, लिपिक संवर्ग, सहायक, चालक आदि को वेतन नहीं मिला है। इस तरह से ब्लाक, जिला व मंडलों पर करीब 15 हजार अधिकारी व कर्मचारी तैनात हैं। कहना है कि बजट की मांग समय पर नहीं की गई। अब बजट आवंटन से लेकर अन्य प्रकिया में काफी समय लगेगा। ऐसे में 20 मई के आसपास वेतन भुगतान होने की उम्मीद है। इस मामले पर ग्राम्य विकास मुख्यालय के अधिकारियों से बात करना चाहा तो संपर्क नहीं हो सका।

### अलग-अलग जिलों से तीन इनामी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** अलग-अलग जिलों के थाना क्षेत्रों से पुलिस ने तीन इनामी अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस लंबे समय इन अपराधियों की तलाश में थी। मिरजापुर पुलिस ने थाना जिगना क्षेत्र से आकाश ढेबुहा निवासी विंध्याचल को गिरफ्तार किया है। आकाश पर 25 हजार का इनाम था। कई मुकदमों में वांछित चल रहा था। वहीं अयोध्या जनपद के कुमारगंज से नवाब को गिरफ्तार किया गया है। नवाब पर भी 25 हजार का इनाम था। नवाब मीरापुर मुजफ्फरनगर का निवासी है। इसके अलावा कानपुर देहात के रसूलाबाद थाना क्षेत्र से 20 हजार के इनामी शरफत को गिरफ्तार किया गया है। शरफत कानपुर नगर के बिल्हौर का रहने वाला है।

### जनता का रुझान इंडी गठबंधन के पक्ष में : कांग्रेस

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश कांग्रेस ने कहा कि चुनाव में प्रदेश की जनता का रुझान इंडी गठबंधन के पक्ष में है। पार्टी के मीडिया समन्वयकों गरिमा दसौनी व चित्रा बाथम ने तीसरे चरण के मतदान से पहले संयुक्त बयान जारी करते हुए कहा कि राहुल गांधी के रायबरेली लोकसभा क्षेत्र से नामांकन के बाद प्रदेश और देश की राजनीति में एक बड़ा असर देखने को मिला है।

### दीपक पांडेय बने यूथ कांग्रेस आउटरीच सेल के अध्यक्ष

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय युवा कांग्रेस के आउटरीच सेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट चांडी ओमान विधायक ने दीपक पांडेय को सेंट्रल यूपी इंडियन यूथ कांग्रेस आउटरीच सेल का अध्यक्ष नियुक्त किया है। प्रदेश के पदाधिकारियों ने उनकी नियुक्ति पर बधाई दी है।

## लोकसभा चुनाव में 10 सीटों के लिए आज होगा मतदान

# तीसरा चरण : सबसे अधिक आगरा और सबसे कम एटा में मतदाता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण की 10 सीटों में सबसे अधिक मतदाता आगरा लोकसभा सीट पर हैं, जबकि सबसे कम एटा लोकसभा सीट पर हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मतदाताओं की संख्या की दृष्टि से आगरा (अजा) लोकसभा क्षेत्र में 20 लाख 72 हजार 685 व एटा सीट पर 17 लाख 524 मतदाता हैं। सबसे अधिक 13 प्रत्याशी बरेली व सबसे कम सात प्रत्याशी फिरोजाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं। कुल 20,415 मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) व 12339 मतदान केन्द्र हैं। इस मतदेय स्थलों में से 4390 संवेदनशील हैं।

आगरा (अजा) क्षेत्र के लिए कुल 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इस लोकसभा सीट में कुल 20,72,685 मतदाता हैं, जिसमें 11,19,014 पुरुष मतदाता, 9,53,566 महिला मतदाता व 105 थर्ड जेंडर हैं। इस निर्वाचन क्षेत्र में 2125 मतदेय स्थल हैं। एटा क्षेत्र के लिए कुल 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इस सीट में कुल 17,00,524 मतदाता हैं, जिसमें 9,05,595 पुरुष मतदाता, 7,94,873 महिला मतदाता व 56 थर्ड जेंडर हैं। इस लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 1917 मतदेय स्थल हैं। बदायूं क्षेत्र के लिए कुल 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इस सीट पर कुल 20,08,758 मतदाता हैं, जिसमें 10,75,150 पुरुष मतदाता, 9,33,496 महिला मतदाता व 112 थर्ड जेंडर हैं। इस निर्वाचन क्षेत्र में 2117 मतदेय स्थल हैं।


प्रेस वार्ता में जानकारी देते मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा। अमृत विचार

### पर्याप्त मात्रा में अर्द्ध सैनिक बलों की तैनाती

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदान केंद्रों पर अर्द्धसैनिक बलों के साथ ही प्रदेश पुलिस बल तैनात किया गया है। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी अर्द्धसैनिक बलों को दी गई है। बलों की सहायता के लिए एयर एम्बुलेंस व हेलीकॉप्टर की व्यवस्था भी की गई है। हेलीकॉप्टर 7 मई को आगरा में व एयर एम्बुलेंस बरेली में उपलब्ध रहेगी।

### 10208 मतदेय स्थलों पर होगी लाइव वेबकास्टिंग

50 प्रतिशत यानी 10208 मतदेय स्थलों पर लाइव वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है। इसका पर्यवेक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी व भारत निर्वाचन आयोग तीनों स्तरों पर किया जायेगा। इसके अलावा 3503 मतदेय स्थलों पर वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था की गई है। इस चरण में कुल 370 आदर्श मतदेय स्थल, 79 महिला प्रबंधित मतदेय स्थल, 39 युवा कर्मी मतदेय स्थल व 47 दिव्यांग प्रबंधित मतदेय स्थल बनाये गये हैं।

### रेंडमाइजेशन में 17510 कर्मियों की लगाई ड्यूटी

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभा चुनाव के लिए रेंडमाइजेशन के तहत 17510 कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई। जिसमें 4148 पीठासीन अधिकारी, 4148 मतदान अधिकारी प्रथम, 8296 मतदान अधिकारी द्वितीय-मतदान अधिकारी तृतीय और 385 माइक्रो आब्जर्वर शामिल हैं। पूर्वी विधानसभा के लिए 459 अतिरिक्त मतदान अधिकारी, 459 अतिरिक्त मतदान अधिकारी तृतीय को रेंडमाइजेशन के तहत ड्यूटी पर लगाया गया। कलेक्ट्रेट में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजा अग्रवाल ने प्रक्रिया शुरू की। मोहनलालगंज और लखनऊ लोकसभा के प्रेक्षक भी मौजूद रहे। सभी संबंधित विभागों को कलेक्ट्रेट परिसर से सभी ड्यूटी आर्डर उपलब्ध करा दिए जाएंगे।

### यहां करें शिकायत


मतदान से संबंधित कोई भी शिकायत 18001801950 प्रदेश स्तर पर और 1950 जिला स्तर पर काल करके दर्ज कराई जा सकती है। इसके अलावा सी-विजिल पर भी शिकायतें दर्ज कराई जा सकती हैं।

### प्रेक्षकों की रहेगी नजर

मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए आयोग की ओर से तीन विशेष प्रेक्षक, 10 सामान्य प्रेक्षक, छह पुलिस प्रेक्षक व 14 व्यय प्रेक्षक भी तैनात किये गये हैं। 1887 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 241 जोनल मजिस्ट्रेट, 668 स्टैटिक मजिस्ट्रेट व 2859 माइक्रो ऑब्जर्वर भी तैनात किये गये हैं। 4783 भारी वाहन, 5462 हल्के वाहन व 88,420 मतदान कार्मिक लगाए गए हैं। चुनाव में मतदान के लिए 25819 ईवीएम की कन्ट्रोल यूनिट, 25819 बैलट यूनिट व 27597 वीवीपैट तैयार किये गये हैं।

### 5वें चरण में 144 प्रत्याशी

प्रदेश में पांचवें चरण की 14 सीटों के लिए 144 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। सोमवार को तीन प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र वापस ले लिया। लखनऊ पूर्व विधानसभा उप चुनाव के लिए चार प्रत्याशी मैदान में हैं। इन सीटों पर 20 मई को मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सीटों में कौशाम्बी (अजा) से शैलेन्द्र व कैसरगंज से जय चन्द्र सिंह ने नामांकन पत्र वापस ले लिया।


निराला नगर के माधव सभागार में आयोजित समरसता कार्यक्रम में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का स्वागत करते लोग। अमृत विचार

# एक साथ कराएंगे लोस व विस चुनाव

## राजनाथ बोले, भारत कुछ बोलता है तो दुनिया ध्यान से सुनती है

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** किसी देश पर आक्रमण करने या कब्जा करने के लिए नहीं बल्कि विश्वकल्याण के लिए भारत महाशक्ति बनना चाहता है। 2047 तक देश विकसित होने के साथ ही सुपर पॉवर होगा। भाजपा सरकार बनाने के लिए नहीं बल्कि देश बनाने के लिए चुनाव लड़ती है। सरकार बनने के बाद देश में विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ कराने की तैयारी है। इस काम को अगले पांच वर्षों में पूरा कर दिया जाएगा।

निराला नगर माधव सभागार में सरदार वल्लभ भाई पटेल की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में उक्त बात रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि देश का बच्चा-बच्चा जानता है कि सरदार पटेल ने अखंड भारत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। 2014 में प्रधानमंत्री मोदी ने पटेल की सबसे ऊंची मूर्ति बनवाने का निर्णय लिया। देश के प्रत्येक गांव से किसान और आम लोगों से सामग्री एकत्रित करके सबसे ऊंची प्रतिमा का निर्माण किया। उन्होंने कहा कि आज अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत कुछ बोलता है तो पूरी दुनिया उसे ध्यान से सुनती है।

दूसरी ओर पश्चिम विधानसभा में फरीदी नगर में आयोजित जनसभा के दौरान कहा कि भाजपा आज हिंदुस्तान की नहीं विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आ गए हैं। जबकि कांग्रेस नेताओं ने सिर्फ गरीबी दूर करने की बात कही।

### दोगुनी हुई मेडिकल कॉलेजों की संख्या : नीरज सिंह

**अमृत विचार, लखनऊ :** भाजपा नेता नीरज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या दोगुनी हो गई है। उन्होंने उक्त बात करियर मेडिकल एवं डेंटल कॉलेज में कही। नीरज ने गणेशगंज में व्यापारियों के साथ बैठक की, साथ ही कैंट विधानसभा में नुक्कड़ सभा की। नुक्कड़ सभा में उन्होंने 20 मई को हर व्यक्ति को वोट करने का संकल्प कराया। साथ ही लखनऊ लोकसभा क्षेत्र से राजनाथ सिंह को ऐतिहासिक मतों विजयी बनाने की अपील की।

# धनंजय की पत्नी की जगह श्याम सिंह यादव होंगे बसपा प्रत्याशी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**बसपा ने जौनपुर व बस्ती में प्रत्याशी बदले**

**अमृत विचार :** एक बार फिर सोमवार को मायावती ने जौनपुर व बस्ती लोकसभा सीट के बसपा के टिकट पर नामांकन कर चुके प्रत्याशी बदलकर सभी को चौंका दिया। धनंजय सिंह की वजह से चर्चा का केन्द्र बनी जौनपुर सीट पर धनंजय की पत्नी श्रीकला की जगह वर्तमान सांसद श्याम सिंह यादव को टिकट थमा दिया। वहीं बस्ती में पार्टी ने दयाशंकर सिंह की जगह लवकुश पटेल को उम्मीदवार बनाया है।

माल एवन्यू स्थित केन्द्रीय कार्यालय से राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल गौतम ने लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों को लेकर 13वीं सूची जारी की। इसमें दो लोकसभा सीटों के अलावा सोनभद्र में दुद्धी विधानसभा सीट पर रवि सिंह खरवार को प्रत्याशी बनाया है। उन्होंने बताया, उक्त निर्णय पार्टी प्रमुख मायावती के निर्देश पर लिये गये हैं।

अबतक प्रदेश की 78 लोकसभा सीटों पर घोषित कर चुकी बसपा ने, कई परिवर्तन किये हैं, कुछ सीटों पर तीन-तीन बार बदलाव किये हैं। मगर, सबसे ज्यादा चर्चा जौनपुर सीट पर प्रत्याशी बदलने को लेकर है। रविवार शाम को इस सीट पर पूर्व घोषित प्रत्याशी श्रीकला के चुनाव कार्यालय उद्घाटन अवसर पर मंडल प्रभारी घनश्याम खरवार समेत कई बसपा नेता मौजूद थे।

### बसपा के कारण भाजपा को राहत मिलने का आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ :** बसपा की तरफ से सोमवार को दो टिकटों में और बदलाव कर देने के बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने गहरी नाराजगी प्रकट की है। दरअसल, उनका आरोप है कि बसपा ऐसे फैसलों से भाजपा की मदद कर रही है। यह भी अपील की कि बहुजन अपना वोट बर्बाद न करें।

वहीं, आप सांसद संजय सिंह भी बसपा पर आक्रामक दिखे। उन्होंने तो सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर यहां तक लिख दिया कि बसपा का टिकट भाजपा तय कर रही है। हाथी की सूंड़ में कमल का फूल आ गया है। दोनों नेताओं का तर्क है कि बसपा ने उम्मीदवारों को बदला है, जिससे भाजपा को राहत मिल गई है, जबकि सपा-कांग्रेस गठबंधन की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

# प्रदेश में प्रमुख दलों की ताबड़तोड़ रैलियों का दौर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के आगे आने वाले चरणों में भाजपा ही नहीं प्रमुख विपक्षी दल सपा और बसपा ने भी पूरी ताकत प्रचार अभियानों में झोंक दी है। सभी दलों के स्टार प्रचार एक दिन में कम से कम तीन जिलों में तीन सभाएं कर रहे हैं, रोड शो अलग। हालांकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रचार गति और संख्या अन्य के मुकाबले कहीं ज्यादा है। सभी दलों के नेता ज्यादा से ज्यादा चुनाव क्षेत्रों में प्रचार करने के लिए हेलीकॉप्टर का सहारा ले रहे हैं।

लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद योगी आदित्यनाथ ने 27 मार्च को प्रबुद्ध सम्मेलन से चुनाव प्रचार के मैदान में उतरे थे। 6 मई तक यानी चुनाव प्रचार शुरू करने के पहले 37 दिन में ही उन्होंने 100 स्थानों पर जनता को संबोधित कर दिया है। इसमें 73 जनसभाएं, 15 प्रबुद्ध सम्मेलन, 10 रोड शो और लोकसभा संचालन समिति की दो बैठकें शामिल हैं। यहां तक कि योगी आदित्यनाथ ने केवल उप्र में ही पार्टी का प्रचार नहीं किया है, बल्कि दूसरे राज्यों से भी उनकी खूब मांग होती रही। ऐसे में वह अब तक महाराष्ट्र में छह, राजस्थान में चार जनसभा और दो रोड शो, उत्तराखंड में चार, पश्चिम बंगाल व छत्तीसगढ़ में तीन-तीन, बिहार में दो, मध्य प्रदेश-जम्मू में एक-एक जनसभा को भी संबोधित कर चुके हैं।

### योगी ने प्रदेश के बाहर भी किया प्रचार

योगी आदित्यनाथ ने उप्र. के बाहर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, ज्योतिरादित्य सिंधिया, जितेंद्र सिंह, गजेंद्र सिंह शेखावत, राजस्थान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एसएस अहलूवालिया, छत्तीसगढ़ की कोरबा सीट से सरोज पांडेय, उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत आदि के लिए चुनाव प्रचार किया।

# कोर्ट के आदेश पर सीबीआई ने दर्ज किया मामला

**अमृत विचार, विधि संवाददाता :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच के आदेश पर एनडीपीएस के मामले में जेल में बंद एक अभियुक्त की जमानत याचिका बिना उसके सहमति व निर्देश के दाखिल करने के मामले में सीबीआई ने अज्ञात के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है।

उक्त मामले में अभियुक्त की जानकारी के बिना हाईकोर्ट व सत्र अदालत में जमानत याचिकाएं दाखिल की गई थीं। उल्लेखनीय है कि न्यायमूर्ति राजीव सिंह की एकल पीठ ने मामले की गम्भीरता को देखते हुए सीबीआई को मामला दर्ज कर जांच करने के आदेश दिए थे। दरअसल, खट्टू कुमार उर्फ छोटू उर्फ बउवा गोमती नगर थाने में एनडीपीएस के तहत दर्ज एक मामले में जेल में निरुद्ध है। उसकी जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान न्यायालय ने पाया कि सत्र अदालत व हाईकोर्ट में उसकी पहले भी कई जमानत याचिकाएं दाखिल की जा चुकी हैं। न्यायालय ने संदेह होने पर जमानत याचिका में पैरोकार के तौर पर शपथ पत्र दाखिल करने वाले शख्स को तलब किया। न्यायालय ने पाया कि लकी निषाद नाम के उक्त शख्स को अभियुक्त या उसके परिवार नहीं जानता है और न ही उसे जमानत मामले में शपथ पत्र दाखिल करने को अधिकृत किया गया है।

# कौशल के बेटे ने वापस लिया नामांकन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**लखनऊ लोकसभा सीट से 10, मोहनलालगंज से 11 और पूर्वी विधानसभा सीट से चार प्रत्याशी मैदान में**

**अमृत विचार :** लखनऊ की दोनों संसदीय सीट और पूर्वी विधानसभा सीट पर नामांकन वापसी की प्रक्रिया सोमवार को पूरी हो गई। मोहनलालगंज से सांसद और केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर के बेटे विकास किशोर ने नामांकन वापस ले लिया है।

बता दें कि लखनऊ-मोहनलालगंज संसदीय सीट और पूर्वी विधानसभा सीट के लिए नामांकन प्रक्रिया 26 अप्रैल से शुरू हुई थी। तीन मई तक नामांकन हुए, चार मई को नामांकन पत्रों की समीक्षा की गई। सोमवार को दोपहर तीन बजे तक नामांकन वापसी होनी थी। केंद्रीय मंत्री कौशल के बेटे ने दो मई को नामांकन किया था। सोमवार को उन्होंने अपना नामांकन वापस ले लिया है। अब लखनऊ लोकसभा से 10, मोहनलालगंज से 11 और पूर्वी विधानसभा से चार प्रत्याशी मैदान में हैं। पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होना है। 39 लाख 33 हजार 717 मतदाता दोनों सांसद तय करेंगे। जबकि पूर्वी विधानसभा पर साढ़े चार लाख से अधिक मतदाता अपना विधायक चुनेंगे।

### नामांकन वापसी के बाद मोहनलालगंज सीट के बचे प्रत्याशी

कौशल किशोर-भाजपा, आरके चौधरी-समाजवादी पार्टी, राजेश कुमार उर्फ मनोज प्रधान-बहुजन समाज पार्टी, बृजेश कुमार विक्रम-राष्ट्रीय समाज पक्ष, एसएल सिंह-पीपुल्स पार्टी आफ इंडिया (डेमोक्रेट), सुशील कुमार रावत- निर्दलीय, सूरज कुमार-सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी, सुनीता छेदा पासी-आम जनता पार्टी (इंडिया), रमेश कुमार-निर्दलीय, जितेंद्र कुमार-निर्दलीय, महेंद्र-निर्दलीय।

### 73 हजार छात्रों को छात्रवृत्ति मिलने की जगी आस

**अमृत विचार, लखनऊ :** छात्रवृत्ति से वंचित रह गए अनुसूचित जाति के 73 हजार छात्र-छात्राओं ने दोबारा आवेदन कर दिया है। आवेदनों के मिलान का काम शुरू हो गया है और यह 15 मई तक चलेगा। बता दें कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्री मैट्रिक्स के अनुसूचित जाति के 3,74,963 और पोस्टमैट्रिक्स के 9,24,947 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति का लाभ दिया गया था। अनुसूचित जाति के 73 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं योजना का लाभ लेने से वंचित रह गए थे, क्योंकि इनका परीक्षा परिणाम नहीं आ पाया था। अधिकारियों ने फार्म में संशोधन करते समय प्राप्तांक, पूर्णांक और अनुक्रमांक सही भरने के निर्देश दिए थे। इनको लाभ देने के लिए 26 अप्रैल से तीन मई तक दोबारा पोर्टल खोला गया। छात्र-छात्राओं ने आवेदन में सुधार करते हुए पुन: आवेदन किया। आवेदनों को स्वीकृति के लिए जिला समिति को भेजा गया है।

# रणनीति के तहत है श्याम लाल पाल का चयन

## सपा प्रमुख ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से विचार-विमर्श करने के बाद लिया निर्णय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के सोमवार को प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए श्याम लाल पाल अब तक नरेश उत्तम पटेल की प्रदेश कार्यकारिणी में प्रदेश उपाध्यक्ष के रूप में संगठन का काम देख रहे थे। ऐन चुनाव के समय सपा प्रमुख का प्रदेश अध्यक्ष बदलने का फैसला पार्टी की राजनीतिक रणनीति के तहत माना जा रहा है। सपा प्रमुख ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से विचार विमर्श करने के बाद श्यामलाल को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। श्यामलाल ने वर्ष 1996 में और वर्ष 2007 में विधानसभा प्रतापपुर से अपना दल के टिकट पर चुनाव भी लड़ा था।



दरअसल, नरेश उत्तम पटेल कुर्मी समाज से आते हैं और प्रदेश स्तर पार्टी में उन्हें आगे करके सपा ने ओबीसी समाज के वोट बैंक को जोड़ने का प्रयास किया, लेकिन उनके लोकसभा चुनाव लड़ने के बाद पार्टी अति पिछड़े समाज से आने वाले श्यामलाल पाल को यह अहम जिम्मेदारी दी है। पाल बिरादरी को सपा लोकसभा चुनाव में अपने साथ जोड़ने के लिए उन्हीं के बीच के नेता को आगे किया गया है।

दरअसल, राज्य में ओबीसी में लगभग दर्जनों और जातियां हैं, जो अति पिछड़ों की श्रेणी में शामिल हैं। श्याम लाल पाल इसी समुदाय से आते हैं। यह समाज लंबे समय तक बसपा का कोर वोटबैंक माना जाता था, लेकिन, अब भाजपा के साथ जुड़ा माना जाता है।

### उमेश पाल व राजू पाल फैक्टर

सपा को प्रयागराज में उमेश पाल के हत्याकांड से भी कम झटका नहीं लगा, क्योंकि इस हत्या का आरोप अतीक अहमद और उनके बेटों पर लगा था। अतीक सपा से विधायक और सांसद रह चुके हैं। उमेश की हत्या से पहले राजू पाल की हत्या में भी अतीक का नाम आया था। इस नजर से भी सपा का निर्णय देखा जा रहा है।

### बसपा से भी तो करना है मुकाबला

उप्र. में बसपा ने भी पाल समुदाय के वोटों की भूमिका को देखते हुए विश्वनाथ पाल को प्रदेश अध्यक्ष बना रखा है। इसके मुकाबले भी सपा का ताजा दांव माना जा रहा है। खासकर मुलायम परिवार के सदस्य जिन सीटों से लड़ रहे हैं, उसमें बदायूं लोकसभा सीट से लेकर फिरोजाबाद, हाथरस, फतेहपुर सीकरी, इटावा, मैनपुरी सीट शामिल है। इसके अलावा कन्नौज लोकसभा सीट पर भी पाल समुदाय काफी अहम है। अब देखना यह है कि अखिलेश यादव की उम्मीदों पर श्याम लाल पाल कितने खरे उतरते हैं?

## एक नजर

### ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** बीते 30 अप्रैल को ट्रैक्टर चालक द्वारा एक साइकिल से जा रहे व्यक्ति को टक्कर मारने से घायल साइकिल सवार की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है। महापतगंज मजरे बावन बुजुर्ग बल्ला गांव निवासी मोनी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि 30 अप्रैल को उसके पति साहबदीन महाराजगंज बाजार से घर वापस जा रहे थे तभी बछरावां रोड स्थित सरकारी अस्पताल के सामने ट्रेक्टर लेकर आ रहे चालक ने उसे ज़ोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। मामले में कोतवाल बालेन्दु गौतम ने बताया कि घायल की पत्नी की तहरीर के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

### उर्स मेले से मोटर साइकिल चोरी

**बछरावा, रायबरेली।** बीते रविवार की रात कस्बा अंतर्गत लखनऊ-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित सैयद शाह बाबा मजार के प्रांगण में लगे उर्स मेला देखने आए युवक मुदस्सर निवासी थाना बिजनौर जनपद लखनऊ की मोटर साइकिल गायब हो गई। जिसकी सूचना उन्होंने प्रार्थना पत्र के माध्यम से बछरावां थाने को दी। सूचना के आधार पर स्थानीय पुलिस में जांच पड़ताल शुरू कर दी है। परंतु सोमवार को घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के पश्चात पुलिस उक्त घटना को लेकर और सक्रिय हो गई। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी बिजेंद्र शर्मा ने बताया कि घटना की सूचना प्राप्त हुई है सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच पड़ताल की जा रही है।

### देवर ने भाभी को पीटकर किया घायल

**खीरों,रायबरेली, अमृत विचार।** खीरों क्षेत्र के गांव सेहरामऊ में सोमवार को सुबह घरेलू मामलों को लेकर देवर ने अपनी भाभी को पीटकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़िता के शिकायती पत्र के आधार पर नामजद आरोपी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। सेहरामऊ निवासी सोनी देवी पत्नी शैलेंद्र कुमार ने आरोप लगाया है कि सोमवार को सुबह घरेलू मामलों को लेकर उसका देवर संदीप उसे गाली दे रहा था। उसने गाली देने का विरोध किया तो संदीप ने उसे लाठी डंडों से पीटकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। पड़ोसियों ने बीच बचाव किया तो जान से मारने की धमकी देता हुआ चला गया। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि पीड़िता के शिकायती पत्र के आधार पर नामजद आरोपी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### नाबालिक बालिका को भगाने का आरोप

**लालगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक महिला ने गांव के ही एक युवक पर उसकी 17 वर्षीय बेटी को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले जाने का आरोप लगाया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी युवक व उसके सहयोगियों पर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### माइक्रो ऑब्जर्वर का प्रशिक्षण 9 से

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए मतदान कार्य में लगाए गए माइक्रो ऑब्जर्वर एवं पीठासीन तथा मतदान कार्मिकों को निर्वाचन सम्बन्धी सैद्धांतिक एवं ईवीएम व वीवी पैट का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिये जाने के लिए निर्देश दिये । उन्होंने कहा कि निर्वाचन को निष्पक्ष,निर्भीक,सकुशल सम्पन्न कराने के लिए समस्त चुनावी गतिविधियों का संचालन विधिवत समझ के साथ ही मतदान कार्मिको व माइक्रो आब्जर्वर को प्रशिक्षण दिलाना जरूरी है। मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव ने बताया कि माइक्रो ऑब्जर्वर का प्रशिक्षण फिरोज गांधी महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में 09 मई को दो पालियों में होगा।



परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद खुशी का इजहार करते रायन इंटरनेशनल स्कूल के मेधावी बच्चे, मौजूद शिक्षक। अमृत विचार


सेंट पीटर्स स्कूल में खुशी से झूमते मेधावी बच्चे। अमृत विचार

# 12वीं में फाल्गुनी व 10वीं में प्रतीक व समृद्धि ने मारी बाजी

## आइसीएसई व आइएससी परीक्षा परिणाम घोषित, विद्यालयों में जश्न का माहौल, रायन इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्य ने मेधावियों का उत्साहवर्धन किया

**संवाददाता, रायबरेली**

**अमृत विचार :** आइसीएसई व आइएससी का परीक्षा परिणाम सोमवार को घोषित होने के बाद मेधावियों के चेहरे खुशी से खिल गए। विद्यालयों में एक-एक करके मेधावी दोपहर बाद पहुंचने लगे। इस दौरान खूब जश्न मनाया।

शिक्षकों और अभिभावकों ने मिठाई खिलाकर बधाई दी। हाईस्कूल में सेंट पीटर्स के प्रतीक यादव व समृद्धि श्रीवास्तव और सेंट जेम्स की निष्ठा वर्मा ने संयुक्त रूप से टाप किया है। तीनों ने 97 फीसद अंक हासिल किए हैं। इंटर में सेंट पीटर्स की फाल्गुनी सोनी को सबसे अधिक अंक मिले।


परीक्षा में तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली कक्षा 12 की मेधावी छात्रा तान्वी सिंह।

जिले में आइसीएसई और आइएससी बोर्ड के सेंट पीटर्स स्कूल, रायन इंटरनेशनल स्कूल, न्यू विजन स्कूल, सेंट जेम्स स्कूल हैं। यहां पर करीब दो हजार छात्रों ने हाईस्कूल और इंटर की परीक्षा दी थी। सोमवार को का परीक्षा परिणाम आने पर छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ गई। सुबह जहां परिणाम को लेकर विद्यार्थियों की धड़कने तेज रही, लेकिन जैसे ही रिजल्ट निकला सभी खुशी से झूम उठे। सेंट पीटर्स स्कूल में फादर रेजीनाल्ड डिसूजा ने मेधावी छात्रों का मुंह मीठा कराया। रायन इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्य सदफ खान ने मेधावियों का उत्साहवर्धन किया। इन विद्यालयों का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इसी तरह न्यू विजन स्कूल के इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत और हाईस्कूल में 97 प्रतिशत रहा है।

विद्यालय के प्रबंधक आमिर बेग ने बताया कि इंटर की छात्रा दिव्यांशी वर्मा ने 90.5, फौजिया खान ने 85.7, मुस्कान सोनी ने 82.5, जोया अंसारी ने 80.5 प्रतिशत और हाईस्कूल में अंशिका ने 94.6, शुभी सोनी ने 81.4, सैयद मुहम्मद तकी आबदी ने 80 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं।

### हाईस्कूल के मेधावियों की सूची

| नाम | स्कूल | प्रतिशत |
|---|---|---|
| प्रतीक यादव | सेंट पीटर्स स्कूल | 97 |
| समृद्धि श्रीवास्तव | सेंट पीटर्स स्कूल | 97 |
| निष्ठा वर्मा | सेंट जेम्स स्कूल | 97 |
| अर्नव चक्रवर्ती | सेंट पीटर्स स्कूल | 96 .80 |
| सौर्यमणि तिवारी | सेंट पीटर्स स्कूल | 96 .40 |
| आजिंक्य | सेंट पीटर्स स्कूल | 96 |
| शांतनु पांडेय | रायन इंटरनेशनल स्कूल | 95 .8 |
| मंजरी श्रीवास्तव | सेंट पीटर्स स्कूल | 95 .40 |
| आदित्य सिंह | रायन इंटरनेशनल स्कूल | 95 .2 |
| पीयूष मिश्रा | सेंट जेम्स स्कूल | 95 |

### इंटरमीडिएट के मेधावियों की सूची

| नाम | स्कूल | प्रतिशत |
|---|---|---|
| फाल्गुनी सोनी | सेंट पीटर्स स्कूल | 93 .50 |
| सृष्टि सिंह | सेंट पीटर्स स्कूल | 93 .25 |
| सौंदर्य अवस्थी | रायन इंटरनेशनल स्कूल | 93 .25 |
| तान्वी सिंह | सेंट पीटर्स स्कूल | 92 |
| शिवांगी सिंह | सेंट पीटर्स स्कूल | 91 .50 |
| शगुन | सेंट जेम्स स्कूल | 91 |
| जिया मौर्या | सेंट जेम्स स्कूल | 91 |
| श्रेयांश श्रीवास्तव | सेंट जेम्स स्कूल | 91 |
| अक्षांश गुप्ता | सेंट पीटर्स स्कूल | 90 .75 |
| देवयानी सिंह | रायन इंटरनेशनल स्कूल | 90 .75 |

### ये बच्चों भी रहे अव्वल

सेंटर पीटर इंटर मे अमन सिंह, श्रेया मिश्रा, निष्ठा निगम, शुभांगी श्रीवास्तव, दिव्या राजपाल, विकास चतुर्वेदी, आयुषी गौतम, जान्हवी श्रीवास्तव, श्रुती चौधरी, रशिका श्रीवास्तव, शिवांशु सिंह, स्वास्तिक गुप्ता, अभय प्रकाश, आयुष्मान श्रीवास्तव, वैभव मिश्रा, वेदांश को 85 प्रतिशत से अधिक अंक मिले। हाईस्कूल में प्रज्ञा सिंह, साक्षी शुक्ला, अंशिका, आर्यन उमेश दीक्षित, श्रितिज, क्रीति, अनन्या, अनंग, हर्ष, रिद्धिमा, मिशाल खान, विधान सिंह, प्रांजल, दीपश्री, क्रीतिका, उन्नति, अरूषिम, मिशिका, अवंतिका को 90 प्रतिशत से अधिक अंक मिले।

# 20 मई को सार्वजनिक अवकाश रहेगा: डीईओ

**संवाददाता, रायबरेली**

**अमृत विचार।** प्रमुख सचिव के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने 36-रायबरेली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र एवं 37-अमेठी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में समाविष्ट 181-सलोन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 20 मई को पंचम चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए मतदान दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है।

उन्होंने कहा है कि यह अवकाश 14 निगोशिएबुल इन्स्ट्रूमेंट एक्ट 1881 (1881 एक्ट संख्या-26) के अन्तर्गत आता है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 में किसी भी प्रकार भी व्यवसाय, व्यापार, औद्योगिक प्रतिष्ठान तथा ऐसे अन्य प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारियों को मताधिकार का प्रयोग किये जाने के उद्देश्य से मतदान दिवस को सार्वजनिक घोषित करने का प्राविधान है। 5वें चरण के अन्तर्गत 36-रायबरेली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र एवं 37-अमेठी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में समाविष्ट 181-सलोन में 20 मई को कारखानों में कार्यरत कर्मचारियों को मताधिकार का प्रयोग के उद्देश्य से मतदान दिवस को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 (ख) में निहित प्राविधानानुसार कारखानों में कार्यरत समस्त कर्मचारियों को उपयुक्त अवसर प्रदान करने तथा अनविरल प्रक्रिया वाले कारखानों में मतदान दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है।

## 'अमृत विचार' की मुहिम | वेबसाइट व मैसेज से जान सकते हैं नाम

**रायबरेली, अमृत विचार।** शहर की कैनवास क्लब की सदस्य अंशिका अवस्थी ने मतदाताओं को जागरूक करते हुये अपनी कलाकृति के माध्यम से महत्वपूर्ण जानकारी दी है। उन्होंने चित्र में दिखाया है कि मतदाता को मतदाता सूची में नाम जानने के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। वह चुनाव आयोग की वेबसाइट www.eci.gov.in पर लॉगइन कर जान सकते हैं। साथ ही मोबाइल से मैसेज करके जानकारी ली जा सकती है। आपके भी मन में मतदान को लेकर कोई सवाल गूंज रहा है तो उसे अमृत विचार समाचार पत्र में भेज सकते हैं। आपकी कलाकृतियों के माध्यम से सवाल और जवाब प्रकाशित किया जाएगा। 20 मई को होने वाले चुनाव में जिला प्रशासन की मतदान प्रतिशत बढ़ाने की मुहिम में आप भी अपनी भागीदारी कर सकते हैं। अपनी कलाकृतियों को ई-मेल आईडी avrbl@gmail.com या व्हाटसएप नंबर 9140826999 पर भेज सकते हैं।




## सार-संक्षेप

### बालिका सशक्तिकरण अभियान में बेसलाईन सर्वे का आयोजन


बालिका सशक्तिकरण अभियान कार्यशाला में मौजूद छात्राएं।

**ऊंचाहार, रायबरेली।** बालिका सशक्तिकरण अभियान की प्रतिभागी बालिकाओं के आकादमिक ज्ञान के स्तर को मापने के उद्देश्य से एनटीपीसी ऊंचाहार में बेसलाइन सर्वे का आयोजन किया गया। इस सर्वे में आसपास के गांवों के विद्यालयों की 61 अभ्यर्थी बालिकाओं ने भाग लिया और हिंदी, इंग्लिश, गणित व सामाजिक विज्ञान सहित कम्प्यूटर व पर्यावरण संरक्षण आदि विषयों पर आधारित विभिन्न प्रश्नों का बेबाकी से उत्तर दिया। इस सर्वे का उद्देश्य इस वर्ष आयोजित होने वाली बालिका सशक्तिकरण अभियान कार्यशाला के लिए बालिकाओं के ज्ञान के स्तर को मापते हुए एक माह के लिए कौशल विकास का विषयवस्तु तैयार करना है। परियोजना की मानव संसाधन प्रमुख रूमा दे शर्मा ने प्रतिभागी बालिकाओं से संवाद करते हुए कहा कि किसी भी बालिका में आगे बढ़ने की असीम संभावनाएं होती हैं। इस अवसर पर उपमहाप्रबंधक डॉ. दिशा अवस्थी, प्रबंधक स्नेहा त्रिपाठी सहित सीएसआर व एचआर के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि बालिका सशक्तिकरण अभियान की इस वर्ष की कार्यशाला 14 मई से आरम्भ होगी, जिसमें आसपास के गांवों की लगभग 120 बच्चियां भाग लेंगी। प्रतिभाग करने वाली इन सभी बच्चियों को एक माह का आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। जिसमें उन्हें शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ कौशल विकास प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इस कार्यशाला के दौरान बच्चियों को कम्प्यूटर साक्षरता, आर्ट एंड क्राफ्ट, गीत-संगीत, ड्राइंग-पेंटिंग के अलावा लाइफ स्किल्स आदि का भी प्रशिक्षण दिया जाता है। नन्हीं बच्चियों के लिए ये कार्यशाला उत्साह का विषय बनी रहती है। एक माह इस कार्यशाला में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद बच्चियां कार्यशाला छोड़कर जाना नहीं चाहती हैं।

### तीन लोक नौ खंड में गुरु से बड़ा न कोय...

**जगतपुर, रायबरेली।** संत निरंकारी सत्संग भवन में सोमवार को सत्संग का आयोजन किया गया। जिसमें दूरदराज से आए साध संगतो ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। संत निरंकारी सत्संग भवन में महात्मा राम प्यारे की अध्यक्षता में सत्संग का आयोजन किया गया। जिसमें महात्मा ने कहा कि तीन लोक नौ खंड में गुरु से बड़ा न कोय करता जो ना कर सकै गुरु के करे सो होय तीनों लोकों में नया खंड में गुरु से बड़ा कोई नहीं है। इस संसार की सारी शक्तियां हमारी इच्छा तो पूर्ति कर सकती हैं प्रभु परमात्मा आत्मा का मिलन नहीं कर सकती, मुक्ति नहीं दे सकती, लेकिन सतगुरु प्रभु परमात्मा का ज्ञान देकर जन्म मरण के बंधन से निजात दिला देता है। वह संसार के मोह को दूर कर सत्य के मार्ग पर चलना सिखाता है। इस मौके पर ब्रांच प्रबंधक वसंतलाल, रामस्वरूप, पवन कुमार, सुनील कुमार, राम सुमेर, छविनाथ, रतिपाल सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# एम्स में मरीजों को सस्ते दामों पर दवा दिलाने की कवायद शुरू

**संवाददाता, रायबरेली।**

**▸▸ जुलाई, अगस्त से जन औषधीय केंद्र का शुरू होगा संचालन**

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स मुंशीगंज में बहुत जल्द जन औषधीय केंद्र खुलने जा रहा है। केंद्र सरकार की मंशा के अनुरूप जन औषधीय केंद्र खुलने से मरीजो को दवा खरीदने में काफी सहूलियत होगी। एम्स आने वाले मरीजों के लिए जन औषधीय केंद्र काफी लाभदायक साबित होगा।

एम्स में जन औषधीय केंद्र खुलते ही प्रतिदिन लगभग ढाई से तीन हजार मरीज लाभान्वित होंगे। एम्स ही नही बल्कि बाहर के लोग भी इस केंद्र का लाभ उठा पाएंगे। पेटेंट दवाओ की अपेक्षा लगभग दस गुना सस्ती दर पर मरीज दवा खरीद सकेंगे। एम्स में जेनेरिक दावों के लिए खुलने जा रहे जन औषधि केंद्र का अब मरीज सीधे लाभ उठा सकेंगे। जन औषधि केंद्र खुलने पर 80 से 90 प्रतिशत सस्ते दर पर दवाइयां उपलब्ध होगी। दावों के लिए अमृत फार्मेसी पर लगने वाली लंबी लाइन से लोगों को छुटकारा मिल जाएगा। निदेशक प्रोफेसर डॉ अरविंद राजवंशी ने बताया कि सरकार की मंशा के अनुरूप जन औषधि केंद्र खोला जा रहा है। जुलाई, अगस्त माह में ग्राउंड फ्लोर पर जन औषधीय केंद्र का संचालन शुरु हो जाएगा। जन औषधि केंद्र में काफी सस्ते दरों पर दवाइयां उपलब्ध होगी जिसका लाभ मरीज को सीधा मिल सकेगा।

### बार एसोसिएशन के तीन पदों पर चुनाव 13 को

**महराजगंज, रायबरेली।** महराजगंज बार एसोसिएशन के चुनाव में सोमवार को नामांकन पत्रों की जांच व वापसी की प्रक्रिया पूरी हो गई। 28 प्रत्याशियों में से 14 ने अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया। सात लोगों ने बार एसोशियेसन से अपनी सदस्यता से इस्तीफा भी एल्डर कमेटी को सौंपा है। महराजगंज बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के लिया मतदान 13 मई को होगा। सोमवार को नामांकन पत्रों की जांच, वापसी के दौरान 14 प्रत्यासियों ने अपने नामांकन पत्र वापस ले लिए है। अब 21 पदों किया मात्र 14 प्रत्यासी ही बचे है। अध्यक्ष, महामंत्री व सह मंत्री पद पर दो-दो प्रत्यासी होने के चलते इन पदों पर 13 मई को मतदान होगा। एल्डर कमेटी के अध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ल ने बताया कि कुल 14 नामांकन पत्र वापस हुए है। 14 प्रत्यासी ही बचे है।

# राहुल की चुनावी कमान संभालेंगे भूपेश बघेल

**संवाददाता, रायबरेली,**

**अमृत विचार।** पांचवें चरण में रायबरेली में होने वाले चुनाव को लेकर कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को बड़ी जिम्मेदारी देते हुए अब उन्हें यहां का पर्यवेक्षक बनाया गया है। कांग्रेस ने बघेल को रायबरेली लोकसभा सीट का एआईसीसी वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। भूपेश बघेल कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की चुनावी तैयारियों की कमान संभालेंगे।


पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल।

गौरतलब है कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी इस बार अमेठी सीट छोड़ कर रायबरेली से पार्टी के उम्मीदवार है। रायबरेली सीट कांग्रेस के लिए काफी अहम है, राहुल गांधी को इस सीट पर कब्जा बनाये रखना बड़ी चुनौती है। इससे पहले सोनिया गांधी इस सीट से सांसद रही हैं। उनके राज्यसभा जाने के बाद अब राहुल चुनावी मैदान में है। कांग्रेस की वैतरणी पार कराने के लिए जहां प्रियंका गांधी चुनावी प्रचार करेंगी वही छत्तीसगढ़ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल चुनाव का संचालन करेंगे। वही भूपेश बघेल को रायबरेली संसदीय सीट का पर्यवेक्षक बनाए जाने के बाद उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म के एक्स पर पार्टी के शीर्ष नेताओं का आभार जताया।

> रायबरेली के चुनाव संचालन के लिए छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल को पर्यवेक्षक बनाया गया है। वह जमीन से जुड़े नेता है। उनके रहने से संगठन को मजबूती मिलेगी।
>
> **पंकज तिवारी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष, रायबरेली।**

### घर से नकदी सहित जेवरात चोरी

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** क्षेत्र के एक गांव में बीती रात एक अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर नकदी सहित जेवरात चुरा ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। सोमवार को कोतवाली क्षेत्र के गहिरा मजरे मोन गांव निवासी राम कुमार पुत्र राम आसरे ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि रविवार की रात खाना खाकर वह व उसके परिवार के अन्य सदस्य सो रहे थे। रात दो बजे के करीब उसकी बेटी सविता की नींद खुली तो देखा कि एक व्यक्ति घर से निकल रहा है, तभी उसने शोर मचा दिया। जब तक परिजन व पड़ोसियों की नींद खुलती अज्ञात व्यक्ति मौके से भाग गया। भुक्तभोगी ने बताया कि उसने घर के अंदर जाकर देखा तो कमरे में रखा हुआ बक्से का ताला टूटा हुआ था और सारा सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था। यही नहीं बक्से में रखे लगभग 50 हजार रुपए कीमत के जेवरात व दो हजार रुपए नकद गायब मिले। मामले में कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि तहरीर मिली है, छानबीन कराई जा रही है।


घर में बिखरा पड़ा सामान।

### बसपा प्रत्याशी ने किया जनसम्पर्क

**रायबरेली।** रायबरेली संसदीय सीट से बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार ठाकुर प्रसाद यादव सोमवार को कई चुनावी नुक्कड़ सभाओं को संबोधित कर अपने पक्ष में लोगों से समर्थन मांगा। जिले के हरचंदपुर बछरावां वह सदर विधानसभा के दर्जनों गांव में बसपा प्रत्याशी ने दर्जनों स्थानों पर नुक्कड़ सभा को सम्बोधित किया। जिले के खोर, अजमत उल्लागंज, आदि जगहों पर भी कार्यक्रम किये। इस दौरानमण्डल क्वर्डिनेटर, जिला प्रभारी बी डी सुमन, जिला अध्यक्ष बाल कुमार गौतम, सदर विधानसभा अध्यक्ष राकेश गौतम, रत्नेश, राजाराम, सहित बसपा नेता मौजूद रहे।

### ताला बंद घर पाकर चोरों ने उड़ाया लाखों का माल

**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज कोतवाली क्षेत्र के पूरे जबर सिंह गांव में चोरी की घटना हुई है। चोरी की घटना से पीड़ित मेराज वारसी पूरे जबर सिंह मजरे धनाभाद ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि मै शादी समारोह में गया था, परिवार में शादी होने के कारण मुझे एक रात रिश्तेदारी में रुकना पड़ा थाऔर मैं जब शाम वापस आया तो मेरे घर के सारे ताले टूटे हुए थे और मेरे घर का का सामान बिखरा हुआ था। चोरों ने घर का कीमती सामान सोने का हार, चैन, बालियों, नथुनी, कील और चांदी के सामानों में हथ फूल, चांदी की पायल सहित 45 हजार रुपये भी पार कर दिया। मामले में पुलिस ने पीड़ित को चोरों के खोजबीन का आश्वासन दिया है।

**संकट** | अधीक्षण अभियंता का दावा फेल,अधिकांश गांव में आज भी बरकरार है रातों में बिजली कटौती

# अघोषित विद्युत कटौती से जनता त्रस्त, अधिकारी मस्त

**रायबरेली।**

**अमृत विचार,** बिजली विभाग के विद्युत सप्लाई का किया जा रहा दावा सिर्फ हवा हवाई साबित हो रहा है। गांवों में झूल रहे तार और अधिकांश जगहों पर बिजली के पोल व तारों पर पेड़ों की डालें लटक रही हैं। इस भीषण गर्मी में आए दिन की जा रही कटौती से ग्रामीणों का बुराहाल है।

खासकर गर्मी से भरी रातों में घंटों बिजली की कटौती से लोग ज्यादा परेशान हो रहे हैं। अयासपुर डीही, पूरे ठकुराइन, सुलखियापुर आदि सैकड़ों गांवों में आज भी घंटो-घंटो बिजली गुल रहती है।



पेड़ों को छूते हुये लटके विद्युत तार अमृत विचार


टूटी डिस्क।

राही ब्लाक के अयासपुर डीही के रहने वाले अरविन्द कुमार प्राइवेट गाड़ी चलाते हैं। उनके परिवार में दो बच्चे, बहन, पत्नी व छोटा भाई है। उन्होंने बताया कि उनके गांव में समय से बिजली नहीं मिलती। इसी भीषण गर्मी में बिजली अक्सर रात के समय काट दी जाती है जिससे उने लोगों के सामने भारी समस्या उत्पन्न हो जाती है। इसी गांव के राहुल और सुधीर भी बिजली विभाग की इस लचर कार्यशैली पर नाराजगी जताई है। इससे भी बुराहाल है डलमऊ तहसील के पूरे ठकुराइन गांव का है जहां विद्युत पोल पर लटक रहे तारों में पेड़ की डालें आज भी लटकी हुई हैं। गांव की रहने वाली अमिता ने बताया कि दिन में गिनती के 3 से 4 घंटे ही बिजली रहती है। शाम को 5 बजे के लगभग बिजली आ जाती है लेकिन रात में अक्सर थोड़ी-थोड़ी देर में कटौती होती रहती है। उनका कहना है कि इस तरह की भीषण गर्मी में बिना पंखे के सो पाना मुश्किल होता है।


अमिता


अरविन्द

यही नहीं उनके गांव में अक्सर बिजली के तार टूटने की समस्या बनी रहती है जिसके कारण कई दिन तक उनके घर व गांव में बिजली नहीं आ पाती। सुलखियापुर के ग्रामीण रामू, रामखेलावन आदि ने बताया कि उनके गांव में कभी भी समय से बिजली नहीं आती है। हल्की सी तेज हवा चलते ही गांव में बिजली गुल हो जाती है।

जबकि बिजली विभाग यह दावा कर रहा है कि अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत लाइनों की मरम्मत करा दी गई है। जो गांव छूठ गये हैं वहां भी मरम्मत का कार्य चल रहा है। बिजली विभाग की इस लापरवाही से इसका सीधा असर आने वाले लोकसभा चुनाव में पड़ सकता है। इस संबंध में अधीक्षण अभियंता आरएन सरोज से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने अपनी व्यवस्तता का हवाला देते हुए फोन काट दिया।

## एक नजर

### रिश्तेदारी के लिए घर से निकला अधेड़ लापता

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार :** बाइक से रिश्तेदारी के लिए निकला एक अधेड़ रास्ते से लापता हो गया। बेटे ने मामले की शिकायत पुलिस की है। सतरिख थाना क्षेत्र के बहादुरपुर निवासी रमेश चंद रविवार को बाइक से सफेदाबाद में रिश्तेदारी के लिए निकले थे लेकिन वह वहां नहीं पहुंचे। तलाश के बाद भी उनका पता नहीं चला। पुत्र रविशंकर ने सोमवार को पुलिस को सूचना दी।

### 52 ग्राम स्मैक के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** स्थानीय कोतवाली पुलिस ने सोमवार की सुबह नेशनल हाईवे पर सनाकापुर गांव के कट के पास मुखबिर की सूचना पर 52 ग्राम स्मैक के साथराम आशीष निवासी राजेपुर थाना महाराजगंज जिला अयोध्या गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### युवक ने फंदा लगाकर जान देने का किया प्रयास

**दरियाबाद, बाराबंकी, अमृत विचार :** गंगाराम पुरवा निवासी कुलदीप (38) पुत्र राम सजीवन ने घर के कमरे में लगे पंखे पर फंदे लटककर आत्महत्या का प्रयास किया। इसकी जानकारी परिजनों को हुई तो वे उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मथुरानगर ले गए। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं जिला अस्पताल से युवक को लखनऊ रेफर किया गया है। ग्रामीणों द्वारा फांसी लगाने का कारण पत्नी से विवाद होना बताया जा रहा है।

# किसी ने वापस नहीं लिया नाम, 13 प्रत्याशियों के बीच होगा सियासी रण

## इंजीनियर, डॉक्टर से लेकर कक्षा आठ पास प्रत्याशियों की है सांसद बनने की इच्छा, उम्मीदवारों को किया गया चुनाव चिह्नों का आवंटन

लोकसभा चुनाव 2024

कार्यालय संवाददाता,बाराबंकी

**अमृत विचार:** नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद सोमवार को प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित कर दिये गए। इसी के साथ छह दिनों से चली आ रही नामांकन प्रक्रिया पर विराम लग गया। इस बार लोकसभा चुनाव में 13 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला होगा। अंतिम दिन किसी भी प्रत्याशी ने अपना नाम वापस नहीं लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार ने प्रेक्षक आरआरडमोर की मौजूदगी में प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न का आवंटन किया। इस बार चुनाव लड़ने वालों में इंजीनियर, डॉक्टर से लेकर कक्षा पांच पास प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में भाग्य आजमा रहे हैं।

लोकसभा चुनाव में बाराबंकी सुरक्षित सीट पर इस बार भाजपा, बसपा व गठबंधन समेत कुल 13 प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरे हैं। डेढ़ दर्जन उम्मीदवारों ने पर्चा दाखिल किया था। जांच के बाद कमियां मिलने पर पांच के नामांकन पत्र खारिज कर दिए गए थे। वहीं सोमवार को नाम वापसी की प्रक्रिया के दिन शेष बचे 13 प्रत्याशियों में से किसी ने भी अपना नाम चुनाव मैदान से वापस नहीं लिया। इसके बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्हों का आवंटन किया गया। चुनाव चिह्न मिलने के बाद सभी प्रत्याशी अपनी जीत का दावा करते हुए विक्ट्री का निशान बनाकर नामांकन कक्ष से बाहर निकले।

### चुनाव चिह्न कम्प्यूटर क्रेन तो किसी को मिला चारपाई व कटहल

प्रमुख दल भाजपा, कांग्रेस व बसपा को छोड़ अन्य दलों व निर्दलीयों को निर्वाचन आयोग द्वारा उपलब्ध कराए गए चुनाव चिह्नों में से सिंबल आवंटित किए गए हैं। इनमें किसी को कम्प्यूटर तो किसी को क्रेन, चारपाई व कटहल चुनाव निशान मिला है। वहीं कुछ को आटो रिक्शा, ब्लैकबोर्ड व कांच का गिलास भी चुनाव चिह्न मिला है।

### चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन करें प्रत्याशी

सिंबल वितरण के बाद जिला मजिस्ट्रेट सत्येन्द्र कुमार ने प्रेक्षक आरआर दामोर की उपस्थिति में नामांकन कक्ष में चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न होने तक आदर्श आचार संहिता के अनुपालन का निर्देश दिया। वहीं प्रेक्षक ने सभी प्रत्याशियों को चुनाव सम्बन्धी दिशा निर्देश देते हुए कहा कि सभी लोग निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करें।

### नामांकन पत्रों में कमियां मिलने पर पांच का पर्चा हुआ था खारिज, बाराबंकी संसदीय क्षेत्र से ये उम्मीदवार आजमा रहे हैं अपना भाग्य

**राजरानी रावत**



पता- ग्राम सैंदर, ब्लॉक निंदूरा। पार्टी- भारतीय जनता पार्टी। शैक्षिक योग्यता- इंटरमीडिएट। राजनीतिक पृष्ठभूमि-मौजूदा जिला पंचायत अध्यक्ष व पूर्व विधायक। चुनाव चिह्न-कमल।

**तनुज पुनिया**



पता- ओबरी। पार्टी-कांग्रेस-सपा गठबंधन। शैक्षिक योग्यता- बीटेक आईआईटी राजनीतिक पृष्ठभूमि-पूर्व सांसद डॉ.पीएल पुनिया के पुत्र व चार बार चुनाव में रहे प्रत्याशी। चुनाव चिह्न- हाथ का पंजा।

**शिवकुमार दोहरे**



पता- एलडीए कॉलोनी, लखनऊ पार्टी- बहुजन समाज पार्टी। शैक्षिक योग्यता- स्नातक एलएलबी राजनीतिक पृष्ठभूमि-बसपा संगठन में पदाधिकारी। चुनाव चिह्न-हाथी।

**आशा देवी**



पता- मऊजानीपुर, कासिमगंज। पार्टी-स्वतंत्रता अभिव्यक्ति पार्टी। शैक्षिक योग्यता-- कक्षा आठ। राजनीतिक पृष्ठभूमि-कोई नहीं। चुनाव चिह्न-नागरिक।

**महेंद्र कुमार**



पता- ग्राम परेवाजाल, सिधौली,सीतापुर पार्टी- आवामी समता पार्टी। शैक्षिक योग्यता- इंटरमीडिएट। राजनीतिक पृष्ठभूमि-कोई नहीं। चुनाव चिह्न- गन्ना किसान।

**प्रेमचंद्र**



पता- ग्रा. पूरेखिरोधर, जिला प्रतापगढ़ पार्टी- सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी शैक्षिक योग्यता- परास्नातक राजनीतिक पृष्ठभूमि-कोई नहीं चुनाव चिह्न-कटहल

**रामगुलाम राजदान**



पता-कोटवा। पार्टी-पब्लिक अधिकारी सोशलिस्ट इंडियन पार्टी शैक्षिक योग्यता- एमडी इन साइकियाट्री केजीएमयू। राजनीतिक पृष्ठभूमि-कोई नहीं। चुनाव चिह्न-सिलाई की मशीन।

**संतोष कुमार**



पता-, लखपेड़ाबाग। पार्टी- डॉ. भीमराव आंबेडकर दल। शैक्षिक योग्यता- – एमए एलएलबी राजनीतिक पृष्ठभूमि--कोई नहीं। चुनाव चिह्न--कम्प्यूटर।

**ओमकार**



पता- ग्रा. नेतपुरवा, बेलहरा,बाराबंकी पार्टी- निर्दलीय। शैक्षिक योग्यता- – हाईस्कूल। राजनीतिक पृष्ठभूमि-कोई नहीं। चुनाव चिह्न-चारपाई।

**मिथलेश कुमारी**



पता- ग्राम पूरेवरजोर सिंह,आरएसघाट पार्टी- निर्दलीय। शैक्षिक योग्यता- साक्षर। राजनीतिक पृष्ठभूमि-कोई नहीं। चुनाव चिह्न- क्रेन।

**रामलखन**



पता- ग्रा. ओदरिया, ददेरा,बाराबंकी। पार्टी- निर्दलीय। शैक्षिक योग्यता- – जूनियर हाईस्कूल। राजनीतिक पृष्ठभूमि-कोई नहीं। चुनाव चिह्न- ब्लैक बोर्ड

**बाबूराम**



पता- ग्राम जमलापुर, सिद्धौर। पार्टी- निर्दलीय। शैक्षिक योग्यता- बी.ए. राजनीतिक पृष्ठभूमि-कोई नहीं। चुनाव चिह्न- कांच का गिलास

**31 देवतादीन**



पता- ग्राम मुर्तजानगर, देवा पार्टी- निर्दलीय शैक्षिक योग्यता- कक्षा आठ। राजनीतिक पृष्ठभूमि-कोई नहीं। चुनाव चिह्न-ऑटो रिक्शा।

### 21 चेकपोस्टों पर हुई 3633 वाहनों की जांच

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचार :** प्रभारी उड़न दस्ता व स्थाई निगरानी टीम जिला वन अधिकारी आकाशदीप वधावन ने बताया कि जिले में स्थापित कुल 21 चेक पोस्ट पर सोमवार को 3633 वाहनों की जांच स्थाई निगरानी टीम प्रभारियों द्वारा की गयी। जांच के समय किसी प्रकार की नकदी व सामग्री नहीं पायी गयी। उन्होंने बताया कि 26 अप्रैल से सोमवार तक कुल 24715 वाहनों की जांच चेक पोस्टों पर की गयी है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि सोमवार को उड़नदस्ता टीमों द्वारा जांच-पड़ताल के दौरान वाहनों में किसी प्रकार की नकदी व सामग्री नहीं पायी गयी।

# प्रदेश में अब अपराधमुक्त माहौल: पंकज

सुबेहा , बाराबंकी



नमो युवा सम्मेलन में नोएडा के विधायक पंकज सिंह का स्वागत करते कार्यकर्ता।

**अमृत विचार :** क्षेत्र के सरांय चन्देल मोड़ स्थिति श्री चन्द्रचूर्ण सिंह इण्टर कालेज में आयोजित नमो युवा सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत करने नोएडा के विधायक पंकज सिंह पहुंचें।

उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि हैदरगढ़ की जनता से हमारा पारिवारिक नाता है। हैदरगढ़ मौजूदा रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का विधानसभा क्षेत्र रह चुका है। यहां के हर गांवों के नाम आज भी हम लोगों को याद है।

उन्होंने कहा कि तब हैदरगढ़ विधानसभा को सड़क, बिजली, पानी जैसी सुविधाओ से लैस किया गया था। आज जब योगी बाबा का बुलडोजर सड़कों पर निकलता हैं तो लोग समझ जाते हैं कि किसी माफिया को मिट्टी में मिलाने को यह बुलडोजर जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब अपराधमुक्त माहौल बना है। देश व प्रदेश तरक्की की राह पर है। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत के लिए लोगों से समर्थन मांगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश के राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने कहा कि देश व प्रदेश की डबल इंजन की सरकार ने सूबे की तकदीर व तस्वीर दोनों ही बदल डाली है। आज गरीबों को उनका हक मिला है। भाजपा शासनकाल में ही अयोध्या में भव्य राम मन्दिर का निर्माण, काशी विश्वनाथ बाबा का कॉरिडोर निर्माण हुआ। देश व प्रदेश में विकास के नये आयाम खुले हैं। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अरविन्द मौर्य, कार्यक्रम के आयोजक अवधेश सिंह चन्देल, एमएलसी अंगद सिंह, विनोद सिंह, राकेश सिंह सहित विभिन्न गांवों के प्रधान व बीडीसी मौजूद रहें।

# भाजपा सरकार की उल्टी गिनती शुरू: गोप

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



बैठक को संबोधित करते सपा नेता अरविंद सिंह गोप। अमृत विचार

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने सोमवार को विधानसभा रामनगर के ग्राम कैरातीनपुवा, औरेला, चौखंडी, भैसुरिया, बनोक, दरवेशपुर आदि ग्राम सभाओं में आयोजित ग्राम चौपाल में को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। गोप ने कहा कि मोदी सरकार पिछले 10 वर्ष से दिल्ली की सत्ता पर राज करने के बाद भी अपना रिपोर्ट कार्ड लोकसभा चुनाव में देने से डर रही है। क्योंकि इनके पास बताने के लिए कुछ है ही नहीं। इनके 10 साल के कार्यकाल में न किसानों की आय दोगुनी हुई और न महंगाई खत्म हो पाई। इस दौरान पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, ब्लॉक प्रमुख रेनू वर्मा, जिला उपाध्यक्ष अजय वर्मा बबलू, हसमत अली गुड्डू, सपा जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान आदि मौजूद थे।

### बूथ अध्यक्ष इंडिया गठबंधन की ताकत : फरीद महफूज

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सोमवार को तहसील फतेहपुर के एक लॉन में इंडिया गठबंधन के कुर्सी विधानसभा के बूथ अध्यक्षों की कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में रामनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक हाजी फरीद महफूज किदवाई पहुंचे। उन्होंने कहा कि बूथ अध्यक्ष इंडिया गठबंधन की ताकत हैं। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया, हरख ब्लॉक के पूर्व प्रमुख सुरेंद्र सिंह, नगर पंचायत फतेहपुर के अध्यक्ष इरशाद कमर मौजूद रहे। वहीं पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बूथ अध्यक्ष हमारे संगठन की वह ताकत हैं, जो विपरीत परिस्थितियों में ही चुनाव के समय अपने बूथ पर मजबूती से लड़कर पार्टी प्रत्याशी को जीतने का मार्ग प्रशस्त करता है। आज हम आपके बीच में आए हैं कि इंडिया गठबंधन का बूथ सबसे मजबूत हो। हमारी पार्टी का न्याय पत्र जो न्याय और 25 गारंटी है उसे हर दरवाजे पर दस्तक देकर पहुंचाएं।

## सार-संक्षेप

### भूटान से लौटे कवि को प्रयास संस्था ने किया सम्मानित



कवि का सम्मान करते प्रयास संस्था के पदाधिकारी। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** भूटान मे आयोजित अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन में काव्यपाठ कर एवं अंतरराष्ट्रीय साहित्य गौरव सम्मान प्राप्त कर वापस लौटने पर प्रयास ट्रस्ट बाराबंकी के द्वारा कवि ओम का सम्मान एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर एक मतदाता जागरूकता काव्यगोष्टी का भी आयोजन किया गया। इसमें उपस्थित सभी कवियों ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रचनाएं पढ़ीं। प्रयास ट्रस्ट की संचालिका अनीता शुक्ला द्वारा कवि ओम का सम्मान करने के साथ अन्य कवियों को भी सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कई कवियों के साथ तमाम लोग मौजूद रहे।

### किसानों, शोषितों के अगुआ थे अतुल अंजान : गोप

**बाराबंकी : अमृत विचार :** कॉमरेड अतुल अनजान किसानों, शोषितों और मजदूरों के अगुआ थे। उनका जीवन संघर्ष और बलिदान की गाथा है। वह जब बोलते तो सभा में जोश भर जाता। वह छात्र राजनीति में हमारे पसंदीदा नेता रहे हैं। वह समतावाद की मजबूत आवाज थे। ये बात गांधी भवन में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता अतुल कुमार अनजान के निधन पर सोमवार को आयोजित स्मृति सभा में मुख्य वक्ता समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप ने कही। अध्यक्षता कर रहे समाजवादी चिन्तक राजनाथ शर्मा ने कहा कि अतुल अनजान के निधन से छात्र, किसान एवं श्रमिक वर्ग आंदोलन के लिए एक बड़ी क्षति है। इस मौके पर पूर्व विधायक राम गोपाल रावत, शिवशंकर, विनय समेत कई लोग मौजूद रहे।

### अग्निकांड पीड़ितों को मिलेगी मदद

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** मंडल अध्यक्ष के साथ सोमवार को अग्नि पीड़ितों के घर पहुंचे ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने अग्नि पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और उनका ढांढस बंधाया और हर संभव मदद आश्वासन दिया। इस अवसर पर मंडल महामंत्री रंजीत सिंह, मंडल उपाध्यक्ष विक्रम सिंह, जिला महामंत्री किसान मोर्चा मोनू सिंह, शक्ति केंद्र संयोजक संतोष सिंह सहित पार्टी के तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि थलवारा के चौधरी का पुरवा ग्राम में गत दिनों लगी आग में श्यामलाल निषाद, शिव करन निषाद, कपिल देव निषाद, विनोद निषाद, दिलराजा निषाद, मेवा लाल के घर एवं गृहस्थी का सामान जल गया था।

### सिलेंडर फटने की घटना में घायल बालिका की मौत

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम इब्राहिमपुर बगिया में बीते 3 मई को छप्परनुमा घर मे लगी आग से सिलेंडर फ़टकर उसके टुकड़े ग्राम मथुरा में जा गिरे। जिसकी चपेट में आकर दो बच्चे घायल हो गए थे। जिनका उपचार निजी हॉस्पिटल में चल रहा था। इस घटना में घायल 12 वर्षीय बालिका की सोमवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। ग्राम इब्राहिमपुर बगिया निवासी फुसना पत्नी मुन्नू निषाद अपने झोपड़ी में बीते 3 मई को खाना बना रही थी। अचानक आग लगने से सिलेंडर फट गया था। जिसके अवशेष पास के गांव मथुरा में जा गिरे। जिसकी चपेट में आकर मुतुरी लाल की 12 वर्षीय पुत्री विनीता व धनीराम का 8 वर्षीय पुत्र सुमित गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

### किसान को नहीं कर रहे जमीन का बैनामा, केस दर्ज

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार :** जमीन खरीदने के लिए किसान को धनराशि देने के बाद भी जमीन का बैनामा नहीं किया जा रहा है और धनराशि वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज़ किया है। लखनऊ के वीरेंद्र कुमार पांडेय ने सदौली उमरपुर के रामप्रताप के माध्यम से इसी गांव के सम्पदा देवी व इनके बेटे मनीष व की जमीन खरीदने के लिए करीब आठ साल पहले बात हुई थी। पीड़ित द्वारा अब तक करीब 29,34000 रुपये भी दिए जा चुके हैं। कुछ जमीन का एग्रीमेन्ट किसान से बात होने के बाद करा दिया था, लेकिन अब जमीन का बैनामा कराने को लेकर इन लोगों के द्वारा अनाकानी की जा रही है,और अब रुपए वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने धोखा धड़ी का मुकदमा दर्ज़ किया है।

### राहजनी का शिकार हुई भाजपा नेता की भतीजी

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** मंदिर से घर जा रही भाजपा नेता की भतीजी सोमवार की सुबह राहजनी का शिकार हो गई। बाइक सवार बदमाश मंगलसूत्र छीन कर फरार हो गया। घटना हैदरगढ़-रायबरेली मार्ग पर कुमेदान पुरवा गांव के निकट हुई। केल्हनुआ गांव निवासी भाजपा बूथ अध्यक्ष पुत्तन सिंह ने बताया कि उनकी भतीजी बबली सिंह सुबह किल्लेश्वर महादेव मंदिर दर्शन करने गई थी। दर्शन के बाद छोटी बहन के साथ पैदल ही वापस घर आ रही थी। रायबरेली मार्ग पर कुमेदान पुरवा मोड़ पर पहले से बाइक लेकर खड़ा एक बदमाश उसे आते देख बाइक ठीक करने का दिखावा करने लगा। उसके बगल के बग़ल से गुजरते ही बदमाश ने झपट्टा मारकर उसके गले का मंगलसूत्र छीन लिया और बाइक से रायबरेली की ओर भाग गया। मौके पर पहुंची पीआरवी पुलिस ने छानबीन के बाद हैदरगढ़ पुलिस को सूचना दी।

# बूथ व पन्ना प्रमुख चुनाव के स्तंभ :धर्मपाल

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी:





मंचासीन प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह व एमएलसी अवनीश सिंह पटेल।

**अमृत विचार :** भाजपा के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय पर चुनाव संचालन समिति एवं सभी विधानसभाओं की कोर कमेटी के साथ बैठक की। उन्होंने चुनाव जीतने का माइक्रो मैनेजमेंट समझाया।

उन्होंने बूथ और पन्ना प्रमुखों को चुनाव का स्तम्भ बताया। जिले की सभी विधानसभाओं के प्रभारियों, संयोजकों एवं विस्तारकों से फीडबैक लिया। बैठक में उन्होंने पिछले चुनाव की तुलना में प्रत्येक बूथों पर 370 अधिक मत प्राप्त करने का लक्ष्य के साथ मतदान प्रतिशत बढ़ाने के टिप्स भी दिए। संवेदनशील बूथों पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने की सलाह दी। गांवो में प्रत्येक वर्ग की चौपाल करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश सिंह पटेल, जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य, सांसद उपेंद्र रावत, लोकसभा प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा, लोकसभा विस्तारक यश मिश्रा, संदीप गुप्ता, शील रत्न मिहिर, गुरुशरण लोधी, विजय आनंद बाजपेई, प्रमोद तिवारी, आशुतोष अवस्थी, सुशील जायसवाल, रचना श्रीवास्तव, रामेश्वरी त्रिवेदी, अंजू चंद्रा, राजेश, ओम प्रकाश, करुणेश वर्मा आदि मौजूद रहे।

# देशवासियों को मिलेगी न्याय की गारंटी: तनुज

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



बैठक को संबोधित करते गठबंधन प्रत्याशी तनुज पुनिया। अमृत विचार

**अमृत विचार :** इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया ने सोमवार को सपा के सदर विधायक धर्मराज सिंह यादव उर्फ सुरेश यादव के साथ विकासखण्ड देवा के खेवली, पीड़, मित्तई, टेरा खुर्द व विकासखण्ड बंकी के सुरसंडा में जनसंपर्क किया।

इस दौरान तनुज पुनिया ने कहा कि चुनाव में हम 5 न्याय एवं 25 गारंटी वाला न्याय पत्र लेकर उतरे हैं। उसी न्याय पत्र से हम देश की 140 करोड़ आबादी को न्याय की गारंटी देने जा रहे हैं। देश के हर डिग्रीधारक नौजवान को एक लाख रुपये सालाना मिले, गरीब परिवार की महिला को 1 लाख सालाना मिले इसके लिए आपको समर्थन देना होगा। वहीं सपा विधायक सुरेश यादव ने कहा कि देश में नफरत फैलाने वाली, महंगाई, बेरोजगारी, कानून व्यवस्था पर बात न करने वाली ताकतों के खिलाफ बुलंद आवाज उठाने के लिए इंडिया गठबंधन का गठन किया गया है। अखिलेश यादव व राहुल गांधी ने दर्जनों दलों के साथ मिलकर इस देश के संविधान, आरक्षण और लोकतंत्र को बचाने का जो बीड़ा उठाया है, उसी को ताकत देने और समस्याओं को संसद में उठाने के लिए इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी का समर्थन करें।

**लोगों का आरोप** मार्ग चौड़ीकरण, सुचारु परिवहन सुविधा का अभाव, जी का जंजाल बने छुट्टा पशु

# चुनाव बाद किये हुए वादे भूल जाते हैं जनप्रतिनिधि

चुनावी चौपाल

बनीकोडर, बाराबंकी



चौपाल में मतदान की शपथ लेते नागरिक। अमृत विचार

**अमृत विचार :** विकास खण्ड बनीकोडर का देवीगंज इलाका, जो व्यस्ततम चौराहा है। यहां हर दुकान पर चुनावी चर्चा होती ही मिलेगी। सभी की बहस इसी बात पर आकर खत्म हो रही थी कि जिस भी नेता को चुना जाता है उससे क्षेत्र के लोगों को बहुत उम्मीदें रहती हैं, लेकिन चुनाव के बाद जनप्रतिनिधि के दर्शन दुर्लभ हो जाते हैं और वो किये हुए वादे भी भूल जाते हैं।

अंकित सिंह ने कहा कि देवीगंज में दो बैंक हैं। रोज सैकड़ो लोग सामान खरीदने आते है, लेकिन यहां पर कोई भी शौचालय नहीं है। महिलाओं को सबसे ज्यादा दिक्कत का सामना करना पड़ता है। वहीं विमल गुप्ता ने कहा कि हैदरगढ़-भिटरिया मार्ग चौड़ा न होने के कारण व भारी वाहनों की बढ़ती संख्या से आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। कई जनप्रतिनिधियों ने इसे लेकर वादे तो बहुत किये लेकिन आज तक इस तरफ ध्यान नहीं दिया। दीपांशु सिंह ने बताया कि चुनाव के समय जो भी नेता आते हैं वो बड़े-बड़े वादे करके चले जाते हैं। छुट्टा जानवरों की समस्या से छुटकारा नहीं मिल पाया है। चौराहे पर पीने के पानी की समस्या है। प्रभाकर तिवारी ने बताया करीब एक दशक पहले तक जिला मुख्यालय से टिकरा बाजार व पूरे पाठक तक आधा दर्जन बसें चलती थीं, अब सिर्फ एक चल रही है। निजी यात्री वाहन लोगों से मनमाना किराया वसूलते हैं। चुनावी चर्चा के दौरान केदारनाथ पांडेय, सुनील जायसवाल, बाबू खान, नसीर खान, चंदन मिश्रा, रमाकांत दुबेदी और नीरज चौरसिया समेत सभी ने मतदान की शपथ ली।

# प्रतिभा सम्मान समारोह में 18 विद्यार्थी सम्मानित

सतरिख, बाराबंकी

**अमृत विचार :** टीआरसी महाविद्यालय के सभागार में उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, प्राथमिक शिक्षक संघ और जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के तत्वावधान में राष्ट्रीय आय आधारित योग्यता परीक्षा तथा नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में चयनित 18 छात्रों को प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया।

महाविद्यालय सभागार में मुख्य अतिथि के रूप में बीएसए संतोष देव पांडेय, बीईओ हरख अर्चना यादव तथा प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, महिला शिक्षक संघ की अध्यक्ष अलका गौतम, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष सुनील कुमार व जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह की उपस्थिति में विकासखंड हरख के सभी एआरपी एवं चयनित बच्चों के माता-पिता के साथ उनके शिक्षक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बीएसए ने 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ भी दिलाई। इस मौके पर कुलदीप, प्रीति, हर्षिता, वंदना, श्वेता, शशि आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### रेल मार्ग पर पलटा ई-रिक्शा

त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार : लखनऊ-सुल्तानपुर रेल खंड पर थाना लोनीकटरा अंतर्गत ग्राम गुरदयाल पूरवा स्थित क्रॉसिंग पार करते समय र सीमेंट की चादरें व पाइप लाद कर जा रहा ई रिक्शा रेल मार्ग पर पलट गया ।गनीमत यह रही किसी जान माल की क्षति नही हुई। राहगीरों ने रिक्शा को रेल लाइन के बाहर निकाला।

### 13 लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई

बाराबंकी, अमृत विचार : संदिग्ध व्यक्तियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को से पुलिस ने 13 व्यक्तियों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की। एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

# 20 किमी. लंबी रैली निकाल मतदान को किया जागरूक

हैदरगढ़, बाराबंकी

अमृत विचार : विधानसभा हैदरगढ़ के अंतर्गत मतदाता जागरूकता नवाचार कार्यक्रम के अंतर्गत पांचवें नवाचार में सोमवार को 20 किमी लंबी मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इसे बीके मोहन डीसी एनआरएलएम, अनुराग सिंह उप जिलाधिकारी, संतोष कुमार देव पांडेय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दोपहिया वाहन रैली में लगभग 800 वाहनों पर शिक्षकों, विकास कर्मियों के अलावा अधिकारी भी शामिल रहे।

इस रैली में प्रतिभागी जहां हाथों में 20 मई को आना है, मतदान करके जाना है स्लोगन लिखी तख्तियां लिए हुए थे। वहीं नारे भी लगा रहे थे। मतदेय स्थलों पर रुकने वाली इस रैली में शामिल अधिकारियों द्वारा मतदाताओं को 20 मई को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। रैली के माध्यम से 87 बूथों के मतदाताओं को जागरूक किया गया। तहसील परिसर से निकली रैली दतौली चौराहा से रानीपुर , सीठूमऊ, बाबा टीकाराम धाम, मोहम्मदपुर ,जोन्धी ,कमेला चौराहा से सराय चंदेल से होते हुए नगर पंचायत कार्यालय पर पहुंच कर सभा में परिवर्तित हो गई जहां पर सभी प्रतिभागियों को लोकतंत्र के इस पर्व पर शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की गयी। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

# बंद रहते हैं अधिकांश हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर

पड़ताल

रिशू गुप्ता, रामसनेहीघाट, बाराबंकी

अमृत विचार : सरकार क्षेत्र में जनता को बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था मुहैया कराने का लाख दावा कर ले, लेकिन जमीनी हकीकत अलग ही है। ग्रामीण स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधा दिलाने के लिए पूरे तामझाम के साथ विकास खंड के बनीकोडर के गांवों में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर यानी आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोले गये। उद्घाटन के बाद अधिकांश सेंटरों पर अक्सर ताला ही लटका रहता है। यह कभी-कभार ही खुलते हैं। यहां नियुक्त कर्मी ऑनलाइन हाजिरी लगाकर सेंटर बंद कर चले जाते हैं। इससे आस पास के लोग इलाज सहित अन्य सुविधाओं के लिए भी तरस रहे हैं। लोग नीम-हकीम से इलाज कराने को मजबूर हैं। जो मरीजों के इलाज करने के नाम पर जान से खिलवाड़ कर रहे हैं।

अमृत विचार की पड़ताल में साफ नजर आया कि वेलनेस सेंटर चालू होने के बाद भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की घोषणा कागजों तक सिमटकर रह गई है। ज्यादातर सेंटरों पर मरीजों को सुविधाएं नसीब नहीं हो रही हैं। जबकि मरीजों को जांच व अन्य चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने के लिये ही इन सेटरों की स्थापना की गई है। पड़ताल के दौरान भानपुर का हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर जरूर खुला मिला। सीएचओ मरीजों का उपचार करते मिले।

> सेंटर बंद होना लापरवाही है। मरीजों की सुविधा कोसेटरों को खोला गया है। जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी। किसी भी दशा में यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।
> -डा. अमरेश कुमार, सीएचसी अधीक्षक, बनीकोडर

**केस 1**



हकामी के सेंटर में लटक रहा ताला।

हकामी ग्राम पंचायत के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर नियुक्त सीएचओ के न आने से ग्रामीण परेशान हैं। सेंटर बंद होने से निजी चिकित्सक के शरण में जाने के लिए विवश हो गए हैं। इससे अत्यधिक धन व्यय करना पड़ा। साथ ही मरीजों का उचित इलाज भी नहीं हो पा रहा है।

**केस 2**



भानपुर में इलाज करते सीएचओ।

हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर भानपुर पड़ताल के दौरान खुला मिला। यहां नियुक्त सीएचओ जितेंद्र कुमार मौके पर मौजूद मिले। वह यहां उपचार के कराने के लिए आए मरीजों को परामर्श देते मिले। उन्होंने बताया कि यहां मरीजों को इलाज मुहैया कराया जाता है।

**केस 3**



किठैय्या सेंटर में लटका ताला।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर किठैय्या में ताला लटकता मिला। बाहर फैली गंदगी भी इस बात की गवाही दे रही थी कि यह सेंटर शायद ही कभी-कभार खुलता हो। स्थानीय ग्रामीणों ने भी बताया कि उन्हें इस आरोग्या मंदिर से कोई सुविधा नहीं मिलती।

# हाईस्कूल में आयुष तो इंटरमीडिएट में अविश्का टॉपर

## आईसीएसई रिजल्ट में आनंद भवन स्कूल का दबदबा, श्री साईं इंटर कॉलेज के छात्र और छात्राओं ने भी दिखायी अपनी प्रतिभा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : सोमवार को आईसीएसई बोर्ड परीक्षा के परिणाम जारी हुए। जिले से आनंद भवन स्कूल की अश्विका इंटरमीडिएट की टॉपर रहीं, तो वहीं आयुष यादव ने हाईस्कूल में सबसे ज्यादा अंक अर्जित कर जिले का नाम रोशन किया। जिले में आईसीएसई बोर्ड के छह स्कूल हैं जिनमें करीब 5000 से अधिक बच्चे अध्यनरत हैं।

सोमवार को आये परिणामों में आनंद भवन का दबदबा दिखा। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की टॉपर्स लिस्ट में सबसे ज्यादा मेधावी इसी स्कूल से रहे। इंटरमीडिएट के रिजल्ट की बात करें तो आनंद भवन स्कूल की अविश्का त्रिपाठी ने 96 प्रतिशत, आस्था गुप्ता ने 95, एमन फातिमा ने 95, अदिति सोनी ने 93, कल्पना ने 93, आर्पित ने 92, एफा वारसी ने 92, रिषांक शुक्ल ने 91, गदीर फातिमा ने 91, अभिषेक वर्मा ने 91, मेहुल गुप्ता ने 90 व आयुश ने 90 प्रतिशत अंक हासिल किये। हाईस्कूल में आयुष यादव ने 99 प्रतिशत, अब्दुल समद ने 98, एमन फातिमा ने 98 प्रतिशत, अंशिका ने 98 प्रतिशत, मोहम्मद कामरान ने 97 प्रतिशत, अनवी जैन ने 96 प्रतिशत, वैभवी सिंह ने 95 प्रतिशत, प्रियांशु शर्मा ने 95 प्रतिशत, अजितेश वर्मा ने 94 प्रतिशत, उम्मे सलमा जफर ने 94 प्रतिशत, सिद्धिमा गुप्ता ने 94 प्रतिशत, आदित्य सिंह ने 93 प्रतिशत, शाश्वत गुप्ता ने 93 प्रतिशत और गौरव सिंह ने 93 प्रतिशत अंक हासिल किये हैं।

आईसीएसई बोर्ड की परीक्षा में जिले के आनंद भवन स्कूल के दसवीं के छात्र आयुष यादव ने कक्षा 10 में 99 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में टॉप किया है। तो वहीं इंटरमीडिएट में अविश्का त्रिपाठी ने 96 प्रतिशत अंकर हासिल करके अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। सोमवार को परिणाम आने के बाद आनंद भवन स्कूल में शिक्षकों ने आयुष और अश्विका की जमकर सराहना की गई। स्कूल के क्षिक्षकों ने दोनों मेधावियों को माला पहनाया और मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



आईसीएसई बोर्ड परीक्षा का परिणाम आने के बाद विक्ट्री का निशान दिखाते आनंद भवन स्कूल के टॉपर्स।



श्री साईं इंटर कॉलेज शुक्लाई के मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित। अमृत विचार

### किंग जार्ज के मेधावी भी नहीं रहे पीछे

हर साल की तरह इस बार भी आईसीएसई बोर्ड परीक्षा में किंग जार्ज इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने इतिहास रचा है। आनंद भवन स्कूल के बाद हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की टॉपर्स सूची में किंग जार्ज इंटर कॉलेज के मेधावियों ने अपनी जगह बनाई है। हाईस्कूल के नतीजों में गौरव जैन ने 95 .20 प्रतिशत तो नित्यम ने 93 प्रतिशत अंक हासिल किये हैं। जबकि इंटरमीडिएट के रिजल्ट में नैतिक गुप्ता ने 93 .3 प्रतिशत, जय गुप्ता ने 91 .3 प्रतिशत, ईशा शकील ने 90 .40 प्रतिशत तो वकार अहमद ने 89 .50 प्रतिशत अंक हासिल करके अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

### इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राएं

| | | |
|---|---|---|
| 1. अविश्का त्रिपाठी | 96% | आनंद भवन स्कूल |
| 2. आस्था गुप्ता | 95% | आनंद भवन स्कूल |
| 3. एमन फातिमा | 95% | आनंद भवन स्कूल |
| 4. नैतिक गुप्ता | 93 .3 % | किंग जार्ज इंटर कॉलेज, कमरियाबाग |
| 5. अदिति सोनी | 93% | आनंद भवन स्कूल |
| 6. कल्पना जायसवाल | 93% | आनंद भवन स्कूल |
| 7. आर्पित कुमार | 92% | आनंद भवन स्कूल |
| 8. एफा वारसी | 92% | आनंद भवन स्कूल |
| 9. जय गुप्ता- | 91.3 % | किंग जार्ज इंटर कॉलेज, कमरियाबाग |
| 10. रिषांक शुक्ल | 91 % | आनंद भवन स्कूल |
| 11. गदीर फातिमा | 91% | आनंद भवन स्कूल |
| 12. अभिषेक कुमार वर्मा | 91% | आनंद भवन स्कूल |
| 13. ईशा शकील | 90 .40 % | किंग जार्ज इंटर कॉलेज, कमरियाबाग |
| 14. मेहुल गुप्ता | 90 % | आनंद भवन स्कूल |
| 15. आयुश सिंह | 90 % | आनंद भवन स्कूल |
| 16. वकार अहमद | 89 .50% | किंग जार्ज इंटर कॉलेज, कमरियाबाग |



परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद खुशी मनाते किंग जार्ज इंटर कॉलेज के मेधावी।

### हाईस्कूल के मेधावी छात्र-छात्राएं

| | | |
|---|---|---|
| 1. आयुष यादव | 99% | आनंद भवन स्कूल |
| 2. अब्दुल समद | 98 % | आनंद भवन स्कूल |
| 3. एमन फातिमा | 98 % | आनंद भवन स्कूल |
| 4. अंशिका | 98 % | आनंद भवन स्कूल |
| 5. प्रतिमा वर्मा | 97 .40 % | श्री साईं इंटर कॉलेज शुक्लाई |
| 6. मो. कामरान | 97 % | आनंद भवन स्कूल |
| 7. अनवी जैन | 96 % | आनंद भवन स्कूल |
| 8. वैभव वर्मा | 95 .60 % | श्री साईं इंटर कॉलेज शुक्लाई |
| 9. गौरव जैन | 95 .20 % | किंग जार्ज इंटर कॉलेज, कमरियाबाग |
| 10. वैभवी सिंह | 95 % | आनंद भवन स्कूल |
| 11. प्रियांशु शर्मा | 95 % | आनंद भवन स्कूल |
| 12. अजितेश वर्मा | 94 % | आनंद भवन स्कूल |
| 13. उम्मे सलमा जफर | 94% | आनंद भवन स्कूल |
| 14. सिद्धिमा गुप्ता | 94 % | आनंद भवन स्कूल |
| 15. नित्यम | 93 % | किंग जार्ज इंटर कॉलेज, कमरियाबाग |
| 16. आदित्य सिंह | 93 % | आनंद भवन स्कूल |
| 17. शाश्वत गुप्ता | 93 % | आनंद भवन स्कूल |
| 18. गौरव सिंह | 93 % | आनंद भवन स्कूल |

### श्री साईं इंटर कॉलेज शुक्लाई के छात्र-छात्राओं ने दिखायी अपनी मेधा

यूपी बोर्ड ही नहीं आईसीएसई बोर्ड में भी शुक्लाई स्थित श्री साईं इंटर कॉलेज के छात्र व छात्राओं ने इतिहास रचा है। यहां की प्रतिमा वर्मा ने हाईस्कूल में 97 .40 प्रतिशत अंक हासिल किये हैं। जबकि वैभव वर्मा ने दसवीं में 95 .60, आर्या जायसवाल ने 91 .80 प्रतिशत अंक अर्जित कर अपने स्कूल व जिले का नाम रोशन किया है। सफलता की ऊंचाइयों को हासिल करने वाले इन मेधावियों ने बताया कि विद्यालय के प्रबंधक व शिक्षकों की कड़ी मेहनत का ही नतीजा है कि यूपी बोर्ड परीक्षा ही नहीं बल्कि यहां के छात्रों ने आईसीएसई की परीक्षा में भी बेहतर अंक हासिल करके जिले की टॉपर्स सूची में जगह बनाई है।

97.40 %



प्रतिमा वर्मा।

95.60 %



वैभव वर्मा।

91.80%



आर्या जायसवाल।

आयुष शहर के तहसील कॉलोनी का निवासी हैं। उसके पिता अशोक कुमार मेडिकल स्टोर चलाते हैं। आयुष की मानें तो वह आईएएस बनना चाहते हैं। वह स्कूल की पढ़ाई के साथ घर में रोजाना चार से पांच घंटे स्वअध्याय करते थे।

**क्वांटिटी नहीं क्वालिटी पर विश्वास करती हैं प्रतिमा :** श्री साईं इंटर कॉलेज शुक्लाई की हाईस्कूल की छात्रा प्रतिमा वर्मा का कहना है कि वह क्वांटिटी नहीं क्वालिटी पर भरोसा करती हैं। शहावपुर के मुबारक रसौली की रहने वाली प्रतिमा वर्मा के पिता खेती किसानी का काम करते हैं। तो माता गृहणी हैं। सामान्य परिवार से ताल्लुक रखने वाली प्रतिमा चिकित्सा के क्षेत्र में हृदय रोग विशेषज्ञ बनना चाहती हैं।

**कड़ी मेहनत से गौरव को मिली सफलता :** किंग जार्ज इंटर कॉलेज के मेधावियों में गौरव जैन ने अपनी कड़ी मेहनत और दृढ़ इच्छा शक्ति को सफलता का राज बताया। उन्होंने बताया कि पढ़ाई को लेकर उनके परिवार के सभी सदस्य काफी संजीदा हैं। यही वजह है कि परिवार का सहयोग पढ़ाई लिखाई में मिलता रहा और हम टॉप टेन लिस्ट में अपनी जगह बना सके। जबकि इंटरमीडिएट के नैतिक गुप्ता ने अपने गुरुओं और माता पिता को अपनी सफलता का श्रेय दिया है।

## फर्स्ट वोटर

### पहली बार मिला मौका



ग्राम पंचायत सूपामऊ निवासी अनिरुद्ध सिंह मतदान करने के लिए उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि लोकतंत्र के महापर्व में पहली बार मत का प्रयोग करूंगा।

### विकास के लिए मतदान जरूरी



जरौली निवासी हिमांशु पाठक ने कहा कि देश के विकास के लिए सभी लोगों को मतदान करना जरूरी है। मुझे पहली बार मतदान करने का मौका मिला है। इसे लेकर उत्साह है।

### वोट देना मेरी प्राथमिकता



जयचंदपुर महुलारा निवासी राहुल गुप्ता ने कहा कि कि हमें ऐसे प्रत्याशी को वोट देना है जो क्षेत्र व समाज का विकास करे। पहली बार वोटर बनने के नाते मेरी यही प्राथमिकता रहेगी।

### वोट देने को उत्साहित हूं



घटमापुर निवासी सिद्धार्थ शुक्ल का कहना है कि पहली बार वोट डालने को लेकर उत्साहित हूं। देश के विकास के लिए सभी लोगों को अपने मत का प्रयोग जरूर करना चाहिए।

## सार-संक्षेप

### गर्भ में होता है शिशु के व्यक्तित्व का 80 प्रतिशत निर्माण



गायत्री महायज्ञ में कथा सुनाते टोली नायक। अमृत विचार

सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार : उमरी ग्राम पंचायत बिशुनपुर में शांतिकुंज हरिद्वार की ओर से आयोजित तीन दिवसीय 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में शांतिकुंज टोली नायक अतुल द्विवेदी ने जीवन निर्माण के सूत्रों पर प्रकाश डाला। प्रात : काल यज्ञ में साधकों ने विश्व कल्याण हेतु आहुतियां समर्पित कीं। अतुल द्विवेदी ने बताया कि यज्ञ शब्द 'यज्' धातु से बना है, जिसका अर्थ है, देवपूजन, दान और संगतिकरण। गायत्री और यज्ञ भारतीय संस्कृति के आधार हैं। वही सद्बुद्धि एवं सत्कर्म की प्रेरक शक्ति हैं। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में बहन कौशल्या सिंह और गुप्ता ने परिवार निर्माण के लिए गर्भोत्सव संस्कार की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि शिशु के व्यक्तित्व का 80 प्रतिशत निर्माण मां के गर्भ में ही हो जाता है। शेष 20 प्रतिशत मां के लालन पालन से 5 वर्षों में होता है। इसके लिए मां को संयमित दिनचर्या, पौष्टिक प्राकृतिक आहार, उपासना, स्वाध्याय, प्रसन्नता वातावरण आदि आवश्यक है। इन सब के मिलने से एक अच्छे बच्चे का निर्माण संभव है। देवपूजन कार्यक्रम देवेन्द्र मिश्रा, कमला प्रसाद पाण्डेय आदि ने सम्पन्न किया। इस मौके पर चक्रेश पाण्डेय, रमेश चंद्र मौर्य, उमेश वर्मा, बलराज सिंह, बेचूलाल वर्मा, संकल्प पाण्डेय, रामकुमार, श्रीश्याम नाथ तिवारी, रामचंद्र मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

### आठ बजे तक नहीं खुला था परिषदीय विद्यालय




प्राथमिक विद्यालय अमरादेवी।

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : शासन के तमाम प्रयासों के वावजूद परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों की आदत में बदलाव नहीं हो रहा है। विद्यालय देर से आना और जल्दी जाना इनकी कार्यशैली बन गई है। लखनऊ बाराबंकी से आने वाले शिक्षक समय पर विद्यालय कभी नहीं पहुंचते हैं। सोमवार को क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय अमरादेवी और भवानीपुर ददरौली में 8 बजे तक गेट का ताला नहीं खुला था। समय पर अमरादेवी विद्यालय पहुंचे बच्चे गेट पर खेल रहे थे। पूछने पर कक्षा पांच की छात्रा अंशिका ने बताया कि विद्यालय 8 बजे खुलता है। प्रधानाध्यापक पड़ोसी गांव से आते हैं और सहायक अध्यापक जितेन्द्र कुमार लखनऊ से आते हैं। छात्रा ने बताया कि लखनऊ वाले मास्टर रोज 9 बजे तक स्कूल आते हैं। बाकी सब 8 बजे तक आ जाते हैं। बताते चलें इस समय परिषदीय विद्यालयों के खुलने का समय सुबह साढ़े सात बजे और बंद करने का समय एक बजे निर्धारित है। इस सम्बन्ध में खंड शिक्षाधिकारी संजय राय ने बताया कि जांच कर समय पर विद्यालय न पहुंचने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई की जाएगी।

### बैंक में रुपये निकालने आए युवक को पीटा

सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार : बैंक में रुपए निकालने आए एक युवक को तीन लोगों ने पीट दिया। पीड़ित युवक ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। सतरिख थाना क्षेत्र के सराय प्रसंडा गांव निवासी अमरेश बाज सोमवार की दोपहर अपनी बुआ के साथ बाइक से सतरिख कस्बे में रुपए निकालने आया था। आरोप है कि वापस जाने के दौरान कस्बे के ही आंबेडकर चौराहे के पास लखनऊ जिले के खलील बाज व दो अज्ञात लोग मिल गए और मुकदमा में सुलह करने को लेकर दबाव डालने लगे। विरोध पर पीटने लगे और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।

### केंद्रीय टीम ने सीएचसी सूरतगंज का किया निरीक्षण

सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार : स्वच्छ भारत अभियान के तहत तीन सदस्यीय टीम ने सीएचसी का निरीक्षण किया। कायाकल्प टीम ने स्वच्छता व चिकित्सक की तैनाती, ओपीडी की स्थिति के संग में मेडिकल वेस्ट, कूड़ा निस्तारण सहित आदि बिंदुओं के बारे में जानकारी हासिल की तो अस्पताल के वार्डों, इमरजेंसी, ओपीडी की सेवाएं, व्यवस्थाएं, संसाधनों को देख निरीक्षण टीम संतुष्ट नजर आई। केंद्र सरकार से नामित टीम सोमवार के सुबह लगभग दस बजे सूरतगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची। डॉ .आरिफ के नेतृत्व में पहुंची इस टीम पर डॉ. आश मोहम्मद, डॉ. दिलीप वर्मा उपस्थित रहे। उधर मिशन कायाकल्प टीम ने सबसे पहले गेट के समीप पर बनाएं जा रहे ओपीडी पर्चों के बारे में सम्पूर्ण जानकारी ली। प्टीम ने स्टाफ नर्स एवं एएनएम केशवदेव चौबे, सीमा से रिकार्ड के रखरखाव की जानकारी ली।

कार्यक्रम

## बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों को जिला न्यायाधीश व यूपी बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष की मौजूदगी में दिलाई गई शपथ

# पूरी निष्ठा से निभाएं अपनी जिम्मेदारी : जिला न्यायाधीश

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने सोमवार को बार एसोसिएशन के सभागार में पद और गोपनीयता की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश दिनेश चंद्र मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में यूपी बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष अखिलेश अवस्थी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

शपथ ग्रहण समारोह के दौरान जनपद न्यायाधीश ने अधिवक्ता व साहित्यकार इकबाल द्वारा लिखी गई पुस्तक विश्व की महान महिलाएं का विमोचन किया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश ने शपथ दिलाने के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से मुखातिब होते हुए कहा कि अधिवक्ताओं व समाज हित के लिए अब उनकी जिम्मेदारी और भी बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि जाति और मजहब की दीवारों को तोड़ते हुए अधिवक्ताओं ने आपको जो जिम्मेदारी सौंप है उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाना आप सब का कर्तव्य बनता है। यूपी बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष अखिलेश अवस्थी ने अधिवक्ताओं व पदाधिकारी को संबोधित करते हुए कहा कि वह बाराबंकी के अधिवक्ताओं के साथ हमेशा खड़े मिलेंगे। शपथ ग्रहण समारोह का संचालन अनूप कल्याणी ने किया। इस मौके पर मुख्य नायक मजिस्ट्रेट सुधा सिंह अपर सीजीएम सिविल जज प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय सत्यदेव गुप्ता एमएसीटी कोर्ट के न्यायाधीश सूर्य प्रकाश शर्मा सहित जनपद न्यायालय के सभी अपर जिला जज व विशेष अपर जिला जज, व अधिवक्ताओं की तरफ से एल्डर कमेटी के अध्यक्ष जुबेर अहमद चुनाव अधिकारी एमके सिंह पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह बब्बन पूर्व अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह पूर्व अध्यक्ष बृजेश दीक्षित, अधिवक्ता राजू तिवारी पूर्व महामंत्री हरीश अग्निहोत्री, सरदार आलोक सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता दयाशंकर श्रीवास्तव अनूप यादव अंशुमान द्विवेदी अजय प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने भी मंच से अपने विचार रखे।



नवनियुक्त बार अध्यक्ष हिसाल बारी किदवाई को शपथ दिलाते जिला जज। अमृत विचार

### इन पदाधिकारियों ने ली शपथ

जनपद न्यायाधीश दिनेश चंद्र ने सोमवार को अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हिसारबारी किदवई व वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए देवेंद्र प्रताप यादव, महामंत्री पद पर अशोक कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित राकेश कुमार तिवारी, उपाध्यक्ष द्वितीय पद पर चुने गए अंशुमान सिंह, कोषाध्यक्ष के लिए विनोद यादव व संयुक्त मंत्री प्रशासन पद के लिए विजय कुमार पांडे को शपथ दिलाई। तो वहीं मंत्री प्रशासन प्रभारी पद हेतु अतुल कुमार वर्मा, संयुक्त मंत्री पुस्तकालय प्रभारी के लिए प्रदीप कुमार बाजपेई ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। वहीं वरिष्ठ सदस्य कार्यकारिणी के लिए दौलता कुमारी, पंकज आनंद वर्मा, आकाश निगम, मदन लाल यादव, विजय रस्तोगी व पंकज श्रीवास्तव तो जूनियर कार्यकारिणी के लिए अनिल यादव, राहुल विक्रम सिंह ,समर सिंह, नवीन कुमार वर्मा, रवि कुमार सिंह वर्मा, शिवकुमार वर्मा को जनपद न्यायाधीश ने शपथ दिलाई।

# कार्यकत्रियों को दिया गया प्रशिक्षण

मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार : बाल विकास परियोजना अधिकारी सुलेखा यादव की अध्यक्षता मे सोमवार को पंचायत भवन सभागार में एक दिवसीय आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों का ज्ञान एव कौशल संवर्धन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन राकेट लर्निंग संस्था के तत्वाधान मे सम्पन्न हुआ।

संस्था के समन्वयक कृष्णा गुप्ता ने प्रशिक्षण शिविर मे प्रतिभागी कार्यकत्रियों को पोषण भी पढ़ाई भी के अंतर्गत शालापूर्व शिक्षा में खेल आधारित अधिगम पर प्रशिक्षण सत्र की जानकारी दी गई। बाल विकास परियोजना अधिकारी सुलेखा यादव ने बताया कि लाकडाउन के बाद तीन से छह साल के बच्चों की पढ़ने की आदत छूट गई। अब उन्हें पाठयक्रम में समझाने में समस्या आ रही है। इस योजना के तहत विद्यार्थी खेल-खेल और मनोरंजन गतिविधियों के माध्यम से ज्ञान लेंगे। वाट्सएप के माध्यम से बच्चों को होम वर्क भेज जाएगा। अभिभावक हिस्सा लेकर बच्चों को समझा सकेंगे।

## एक नजर

### पुरानी रंजिश में युवक को पीटा, मुकदमा दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** बीते रविवार की रात कोतवाली के टैनी हसनपुर के मोहम्मद खुर्शीद को पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षियों ने लाठी डंडों से जमकर पीटा। जिससे उसे काफी चोट आई। पीड़ित के पिता शमी मोहम्मद की तहरीर पर पुलिस ने गांव के संदीप प्रजापति सहित पांच अज्ञात लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### कादीपुर में वर्चुअल सुनवाई की सुविधा की मांग

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** बार एसोसिएशन कादीपुर ने सिविल जज के माध्यम से जिला जज को एक ज्ञापन भेजा है। दिए गए ज्ञापन में सेम डे जमानत के मामलों में ऑनलाइन अपील करने और जमानत प्रार्थना पत्र पर वर्चुअल सुनवाई की सुविधा दिलाने की मांग की है। अध्यक्ष रंजीत सिंह और सचिव लालचन्द्र शुक्ल द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्रों कहा गया है कि जिन मामलों में मुलजिम कादीपुर में आत्मसमर्पण करता है, लेकिन एसीजेएम कोर्ट में जमानत देने का अधिकार नहीं है लेकिन सेशन कोर्ट में उसकी जमानत हो सकती है, ऐसे मामलों में ऑनलाइन अपील की सुविधा और उसी दिन वर्चुअल सुनवाई की सुविधा प्रदान की जाये।

### महाराणा प्रताप की 485 वीं जयंती 9 को

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** शौर्य और साहस के प्रतीक महाराणा प्रताप की 485वीं जयंती 9 मई को हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। विधि प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिशंकर सिंह और प्रदेश अध्यक्ष सूर्यबली सिंह विशेष अतिथि होंगे। अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद के संरक्षक अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने बताया कि शहर के क्षत्रिय भवन में जयंती समारोह गुरुवार को सुबह 11 बजे से होगा।

# भाजपा, सपा और बसपा समेत 26 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

## नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन कलेक्ट्रेट में रही चहल-पहल

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव में नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन सोमवार तक कुल 26 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। भाजपा, सपा व बसपा समेत अन्य राजनीतिक व गैर राजनीतिक पार्टी के उम्मीदवारों ने नामांकन किया है।

सोमवार को बहुजन मुक्ति पार्टी से कृष्ण कुमार पुत्र राम चरण ने 01 सेट, पालिटिकल जस्टिस पार्टी से बबलू चौधरी वाल्मीकि पुत्र साहब लाल चौधरी द्वारा 01 सेट, सत्य क्रांति पार्टी से आकाश सिंह पुत्र सुभाष सिंह द्वारा 01 सेट, आप सबकी पार्टी से ओम प्रकाश अग्रहरि पुत्र शीतला प्रसाद द्वारा 01 सेट, मौलिक अधिकार पार्टी से रामजी विश्वकर्मा पुत्र रामकुमार विश्वकर्मा द्वारा 01 सेट, अपना देश पार्टी से अब्दुल माबूद पुत्र राजिक द्वारा 01 सेट, राष्ट्रीय इंसाफ पार्टी से नफीस अहमद पुत्र स्व हफीज उल्ला द्वारा 01 सेट, निर्दलीय प्रत्याशियों में रामकरन निषाद पुत्र उदल निषाद द्वारा 01 सेट, रमेश कुमार शर्मा पुत्र राम सजीवन द्वारा 01 सेट, उदयराज वर्मा पुत्र राम सहाय वर्मा द्वारा 01 सेट, जयराज गौतम पुत्र जयश्री द्वारा 01 सेट, राजकुमार वर्मा पुत्र रामचन्द्र वर्मा द्वारा 01 सेट, विश्वनाथ सिंह पुत्र सुरेन्द्र बहादुर सिंह द्वारा 01 सेट में नामांकन कक्ष, जिलाधिकारी न्यायालय पहुंचकर अपना नामांकन पत्र रिटर्निंग आफिसर/ जिला निर्वाचन अधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना के समक्ष दाखिल किया गया।

इसके अतिरिक्त समाजवादी पार्टी (इण्डिया गठबंधन) से रामभुआल निषाद पुत्र जगदीश निषाद व बहुजन समाज पार्टी से उदराज वर्मा पुत्र रामसूरत द्वारा आज एक-एक सेट पुनः नामांकन पत्र दाखिल किया गया। इस प्रकार नामांकन के अन्तिम दिन तक कुल-26 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया।



घोड़े पर संविधान की पुस्तक लेकर नामांकन करने पहुंचा प्रत्याशी। अमृत विचार

### जब दूल्हे की तरह नामांकन को घोड़े से पहुंचे बब्लू

**सुलतानपुर :** सोमवार को कलेक्ट्रेट के सामने उस समय लोग अवाक रह गए जब एक लोकसभा प्रत्याशी घोड़े पर सवार होकर हाथ में संविधान लेकर नामांकन करने पहुंच गया। नगर कोतवाली के सिरवारा रोड स्थित मालिन बस्ती के रहने वाले बबलू चौधरी ने निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में सुलतानपुर लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल किया। घोड़े से कलेक्ट्रेट पहुंचे हाथ में संविधान लिए बबलू चौधरी कलेक्ट्रेट गेट से पैदल जाकर अपना अपना नामांकन दाखिल किया। वह दूल्हे की तरह सजा था। मीडिया से रूबरू हुए बबलू चौधरी ने कहा कि आज के समय में बेरोजगारी सबसे बड़ी समस्या है। लोग रोजगार के चक्कर में घर छोड़कर बाहर जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर वह सांसद चुने जाते हैं तो उनकी प्राथमिकता बेरोजगारों को रोजगार दिलाने की होगी। उन्होंने कहा कि हमारे समाज का हमेशा से शोषण होता आया है। जिसके चलते वह खुद घोड़े पर सवार होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे हैं।

# भीषण गर्मी में लोगों को रुला रही अघोषित विद्युत कटौती

## मरम्मत के नाम पर छह से आठ घंटे तक काटी जा रही बिजली, गांवों में आपूर्ति बदहाल

संवाददाता, सुलतानपुर


पीडब्ल्यूडी के पास विद्युत केबल बदलने के दौरान बंद की गई सप्लाई। अमृत विचार

**अमृत विचारः** एक ओर जहां गर्मी बढ़ रही है, वहीं दूसरी ओर विद्युत कटौती भी लोगों को रुला रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति की दशा अभी से खराब होने लगी है। गांव में बिजली आने का कोई समय नहीं है। अधिकांश समय लोकल फाल्ट के चलते खराबी बनी ही रहती है। चुनाव में जहां तमाम नेता लंबे चौड़े वादे कर रहे हैं, वहीं बिजली समस्या को दुरुस्त करने की कोई भी जरूरत नहीं समझ रहा है। शहर क्षेत्र में केबल बदलने के नाम पर छह से आठ घंटे की कटौती की जा रही है।

गौरतलब हो को इन दिनों जिले का तापमान 40 डिग्री के आसपास पहुंच रहा है। बढ़ रही गर्मी में बिजली की मांग भी बढ़ गई है, लेकिन बिजली की मांग बढ़ने के साथ ही विद्युत आपूर्ति की समस्या लोगों के सामने बढ़ती जा रही है। गांवों में बिजली कुछ घंटे ही पहुंच रही है। वह भी उसके आने और जाने का कोई समय भी निश्चित नहीं है। वहीं, इन दिनों तेज हवाओं के चलते अक्सर विद्युत तार आपस में शार्ट हो जाने के कारण फीडर बंद हो जाते हैं। यह फीडर घंटों बंद पड़े रहते हैं, लेकिन इनकी कोई सुधि लेने वाला नहीं है। सरकार करोड़ों रुपए प्रतिवर्ष विद्युत आपूर्ति की बेहतर व्यवस्था में लगा रही है। लेकिन इसका लाभ उपभोक्ताओं को नहीं मिल पा रहा है। अभी भी ग्रामीण क्षेत्रों में इतनी विद्युत नहीं आती है कि लोगों के इनवर्टर तक चार्ज हो सकें। गर्मी के मौसम में तेज हवाएं आंधी चलने से अक्सर विद्युत तार वह पोल टूट जाते हैं जो सप्ताह भर पड़े रहते हैं। सरकार ने बेहतर विद्युत व्यवस्था के लिए तमाम प्रयास किए हैं, लेकिन जनता को इनका लाभ नहीं मिल पा रहा है।

> जिले में बिजली की कोई कमी नहीं है। विद्युत कटौती के लिए पावर डिस्ट्रीब्यूशन की कमजोर आधारभूत संरचना जिम्मेदार हो सकती है। –रवि कुमार, अधिशासी अभियंता पावर ट्रांसमिशन

चुनाव में सभी प्रत्याशी अनेकों प्रकार की घोषणाएं कर रहे हैं। अभी भी जिले में बिजली व्यवस्था सुधारने को लेकर किसी जनप्रतिनिधि द्वारा कोई ठोस कदम उठाए नहीं गए हैं, हालांकि जनप्रतिनिधि अपनी निधियों का तमाम पैसा विद्युत व्यवस्थाओं के सुधार में खर्च कर रहे हैं। इस पैसे का उपयोग होने के बाद जनता को कितनी सुविधा मिल रही है। इसको देखने वाला कोई नहीं है नतीजतन जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की स्थिति बहुत ही दयनीय है। यही नहीं शहरों में भी खपत बढ़ने के साथ घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित हो जाती है। खास बात यह है कि कोई भी जिम्मेदार अधिकारी यह भी बताने को तैयार नहीं होता है कि बिजली किस समय आएगी फिलहाल गर्मी के साथ विद्युत समस्या भी दिनों दिन बढ़ती जा रही है।

### शहर के दर्जन भर मोहल्लों की गुल रही बत्ती

केएनआई फीडर से जुड़े पीडब्ल्यूडी, बिनोवापुरी, लोलेपुर, शिवाजी नगर समेत एक दर्जन से अधिक मोहल्लों में दिन भर बत्ती गुल रही। सुबह नौ बजे की गई कटौती शाम साढ़े छह बजे तक नहीं बहाल हो सकी थी। पीडब्ल्यूडी पर विद्युत केबल बदलने के लिए यह कटौती की गई है। यही हाल आए दिन शहर के विभिन्न इलाकों में हो रहा है। भीषण गर्मी में लोग बेहाल है।

### बिजली वितरण व्यवस्था

**पारेषण उपकेंद्र**

1–220 केवी पयागीपुर
2–132 केवी कादीपुर
3– 132 केवी गोसैसिंहपुर बनी
4–132 केवी लम्भुआ

**केवी उपकेंद्रों की संख्या**

प्रथम वितरण खंड –7
जयसिंहपुर वितरण खंड –7
बल्दीराय वितरण खंड – 10
लम्भुआ वितरण खंड – 10
कादीपुर वितरण खंड – 11

# अधिवक्ता आजाद हत्याकांड में दर्ज हुआ बयान



- छह अगस्त 2023 में भुलकी चौराहे के पास अधिवक्ता आजाद अहमद की गोली मारकर की गई थी हत्या

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** अधिवक्ता आजाद अहमद हत्याकांड में सोमवार को वादी मुकदमा मोहम्मद सलीम की गवाही सेशन कोर्ट में दर्ज की गई। वादी पक्ष के वकील शेख नजर अहमद ने बताया बचाव पक्ष ने वादी से जिरह की परंतु जिरह पूरी न होने के कारण जिला जज जय प्रकाश पांडेय ने शेष जिरह के लिए 15 मई की तिथि नियत की है।

कोतवाली देहात थाने के अलहदादपुर गांव निवासी अधिवक्ता आजाद अहमद की बीते साल छह अगस्त को भुलकी चौराहे के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जबकि उनके भाई मुनव्वर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मृतक के पिता मो. सलीम ने कोतवाली नगर के लोलेपुर गांव निवासी सिराज अहमद उर्फ पप्पू, घरहा निवासी इस्माइल उर्फ प्रिंस, सोहराब, मेराज, सलमान समेत कई आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। कोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने के बाद केस अभियोजन साक्ष्य में चल रहा है।

### चार आरोपियों पर केस दर्ज करने का आदेश

**सुलतानपुर :** अमेठी जिले के थाना क्षेत्र बाजार शुकुल के पूरे तिवारी मखदूमपुर कला गांव में बीते साल एकराय होकर मारपीट, जान से मारने की धमकी व कट्टे से फायर कर जानलेवा हमला करने के मामले में अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट पामेला श्रीवास्तव ने चार आरोपियों के खिलाफ थानाध्यक्ष बाजार शुकुल को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। पीड़ित मुश्ताक के वकील आनंद पांडेय के मुताबिक बीते साल अगस्त माह में जमीनी विवाद को लेकर गांव के छोटे सिंह, हाकिम सिंह, रंजीत सिंह व जसवंत सिंह ने मुश्ताक अहमद व उनके परिजन पर एक राय होकर मारपीट, गाली-गलौज, हत्या की धमकी व कट्टे से फायर किया जिसमें वादी किसी प्रकार बच गया। थाने व एसपी के यहां से कारवाई न होने पर कोर्ट ने अर्जी पर संज्ञान लेते हुए केस दर्ज करने का आदेश दिया है।

### स्मैक बरामदगी में दोषी को डेढ़ साल की सजा

**सुलतानपुर :** अमेठी जिले के जगदीशपुर थानाक्षेत्र में स्मैक की बरामदगी के मामले में न्यायाधीश संतोष कुमार ने सोमवार को दोषी राजू उर्फ समरेन्द्र मौर्य को एक साल छह माह की सजा सुनाई। अदालत ने दोषी पर 10 हजार रुपए अर्थदण्ड भी लगया है। अभियोजन के मुताबिक जगदीशपुर थानाक्षेत्र में तत्कालीन उपनिरीक्षक अखिलेश प्रताप ने आरोपी राजू उर्फ समरेन्द्र मौर्य को 16 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार कर आरोप पत्र न्यायालय भेजा। दौरान विचारण अभियोजन की तरफ से पेश साक्ष्यों के आधार पर सोमवार को अदालत ने दोषी को सजा सुनाई।

# पशुओं की सुरक्षा हमारी नैतिक जिम्मेदारीः एडीजे

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** मॉडर्न पब्लिक स्कूल गभड़िया में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। अपर जिला जज / सचिव विजय कुमार गुप्ता ने पशु क्रूरता एवं पशुओं की सुरक्षा तथा नशीली दवाओं एवं धूम्रपान के उन्मूलन पर जोर दिया। कहा कि जिस तरह हम अपने को सुरक्षित महसूस करना चाहते हैं ठीक उसी प्रकार पशु भी अपने को सुरक्षित रखना चाहते हैं। पशुओं की सुरक्षा करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। उनकी स्वतंत्रता से खिलवाड़ न करें यही उनके लिए क्रूरता से बचाव है।

उन्होंने कहा कि नशा हमारे जीवन का सबसे बड़ा दुर्भाग्य है। नशा परिवार के साथ-साथ समाज को भी बर्बाद करता है। जिससे परिवार बिखंडित हो जाता है। इसलिए हम सभी को चाहिए कि नशे से दूर रहें और परिवार के लोगों को भी नशे से दूर रखने में अपनी सहभागिता करें। विधिक सेवा प्राधिकार के पैनल लायक अमित पांडेय ने पशु क्रूरता से संबंधित कानून व उसमें प्रावधानों के बारे में तथा नशा से बचने के लिए विस्तार से जानकारी दी। मध्यस्थ हरिराम सरोज में भी संबोधित किया। कार्यक्रम का समापन विद्यालय के प्रबंधक ने आए हुए आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित कर किया।


काली माता चौरा स्थल पर पूजन करतीं सुहागिनें। अमृत विचार

### सुख-समृद्धि के लिए सुहागिनों ने की मां शीतला की पूजा

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिले की जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र अठैसी शुक्ल बिजौली गांव में काली माता चौरा स्थल पर सोमवार को सुहागिनों ने शीतला माता की पूजा-अर्चना की। समाजसेवी बृजेश शुक्ला के नेतृत्व में आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में 101 महिलाएं शामिल हुई। उन्होंने समाज और देश की सुख-समृद्धि की कामना की। समूह में बंटी महिलाओं के आगे सबसे पहले प्रसाद के रूप में मिष्ठान रखा गया। इसके उपरांत शीतला माता की कथा सुनाई गई। सुहागिनों ने देश, समाज व परिवार खुशहाल रहे इसको लेकर माता रानी की विधि-विधान पूजा की। गांव के नन्दन, अंकित गोलू, अंकित, नीरज ने बताया ग्रामीणों के सहयोग से हर वर्ष काली माता स्थल पर पूजा-पाठ किया जाता है। इस मौके सुमित्रा देवी, पूजा शुक्ला, रीना, मीना, यशोदा, सुनीता यादव, पूनम शुक्ला सहित काफी संख्या में महिला श्रद्धालु मौजूद रहीं।

# 20 लाख न देने पर शौहर ने घर से निकाला, केस दर्ज

- पीड़िता के भाई की तहरीर पर पति व ननदों पर दहेज प्रथा सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** शादी के 10 साल बाद शौहर ने अपनी बीवी से 20 लाख रुपए लाने को कहा। मांग पूरी न होने पर शौहर ने बहनों के साथ मिलकर बीवी को मारपीट जान से मारने की धमकी देते हुए घर से निकाल दिया। विवाहिता के भाई के तहरीर पर पुलिस ने शौहर व उसकी ननदों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

नगर कोतवाली क्षेत्र के खैराबाद निवासी गुफरान ने पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा को तहरीर दी है। उसने बताया कि अक्टूबर 2013 में उसके बहन अरमीन निखत का निकाह बेंगलुरु में शैय्यद जाबिर पासा से हुआ था। जिसमें परिवार ने कार सहित अन्य कीमती उपहार दिए थे। जिसमें 50 लाख रुपए खर्च हुए थे। नवंबर 2013 मे सुलतानपुर में मिलन मैरिज लान एक समारोह हुआ था जिसमे तीन लाख रुपए खर्च हुए थे। निकाह के कुछ वर्ष बाद से उसके शौहर शैय्यद जाबिर पासा, ननदे शायरा व फरीदा कम दहेज की बात करते हुए प्रताड़ित करने लगी। आरोप है कि इसी बीच बीस लाख रुपए दहेज मागने लगे साथ ही शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। जब उसकी बहन सुलतानपुर आकर इस बात को बताया तो हम लोग समझाने लगे इस पर उक्त लोगों ने कहा कि बीस लाख दो नहीं तो घर से निकाल कर दूसरी शादी कर लेंगे। जनवरी 2023 में उक्त लोगों ने उनकी बहन को मारपीट कर सभी सामान छीनते हुए जान से मारने की धमकी दी। हम लोग मिलने जब बंगलौर गए तो उक्त लोग घर बंद कर भाग गए। इसकी शिकायत नगर कोतवाली में की गई थी। लेकिन उनके द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। नगर कोतवाल श्री राम पांडेय ने बताया कि एसपी के निर्देश पर शौहर व उसकी ननदों के खिलाफ दहेज प्रथा सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### दहेज लोभियों पर दर्ज हुआ मुकदमा

**कादीपुर, सुलतानपुर :** दोस्तपुर थाने के कोहरा गांव के संजय उपाध्याय ने अपने पुत्री की शादी बस्ती कोतवाली के कुहड़ा बड़के गांव के स्वरूपधर द्विवेदी के साथ तय किया था। बीते 17 अक्टूबर 2022 को शिव बाबा धाम अंबेडकर नगर में दोनों की सगाई हुई थी। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि सगाई के दौरान वर पक्ष को दो लाख रुपए नगद, सोने की अंगूठी तथा कपड़े दिए गए थे। पांच महीने बाद शादी की तिथि तय किए जाने की बात तय हुई थी। इसी बीच वर पक्ष के लोगों ने एक मौत की बात बता कर समय टाल दिया था और कुछ दिन में लड़की पक्ष के घर आने की बात कही थी। बीते 10 मार्च को दिनेश एवं उनकी पत्नी तथा पुत्र स्वरूप धर द्विवेदी लड़की के घर आए और दहेज में पांच तोला सोना एवं एक स्विफ्ट डिजायर गाड़ी की मांग की। लड़की पक्ष ने जब इतना देने में असमर्थता व्यक्ति की तभी वर पक्ष के लोग उनके घर से नाराज होकर चले गए। रविवार को पीड़ित संजय ने दोस्तपुर थाने में तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दहेज की धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## सार-संक्षेप


राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निवारण संगठन के नवनियुक्त पदाधिकारी। अमृत विचार

### भ्रष्टाचार व अत्याचार के खिलाफ उठाएंगे आवाजः तिवारी

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए जिले में राष्ट्रीय भ्रष्टाचार अत्याचार निवारण संगठन अब सक्रिय हो गया है। शीर्ष नेतृत्व में जिले के मत्स्य विभाग से रिटायर्ड इंस्पेक्टर को जिला प्रभारी मनोनीत किया है। सोमवार को संगठन की ओर से जोगीवीर (अहिमाने) में नागरिक जागरूकता सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि भ्रष्टाचार एवं अत्याचार पर पूरी तरह से अंकुश लगाना ही संगठन का मुख्य उद्देश्य है, संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक डा.राजेश शुक्ला एवं श्रीश्री 1008 गोथवारा पीठाधीश्वर महंत बजरंग दास हनुमानगढ़ी अयोध्या की मौजूदगी में आयोजित सम्मेलन में जिला प्रभारी बीएन तिवारी ने संबोधित किया। कहा कि एंटी करप्शन टीम को मजबूत किया जाएगा। जिले में किसी भी विभाग में भ्रष्टाचार की जानकारी मिलने पर अथवा पीड़ित की शिकायत पर टीम पूरी ईमानदारी से काम करेंगी। विभागीय भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना ही संगठन का मकसद है। विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ संगठन कानूनी तरीके से लड़ाई लड़ेगा। इस मौके पर शिव नारायण मिश्रा उपाध्यक्ष, डा.धर्मेंद्र शुक्ला, संजय तिवारी, महिला अध्यक्ष रेणुका पांडेय व सुधा सिंह आदि ने संबोधित किया।

### टैंकर के नीचे आया साइकिल सवार युवक, मौत

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कैथौली निवासी सियाराम तिवारी का पुत्र राम सुंदर तिवारी (38) साइकिल से सोमवार को दोस्तपुर बाजार से घर जा रहा था। तभी तारकोल लदी टैंकर रावण प्रतिमा के पास से गुजर रहा था, एका एक रामसुंदर तिवारी साइकिल सहित टैंकर के चक्के के नीचे आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पहचान करा कर शव को कब्जे में ले लिया व पुलिस टैंकर व ड्राइवर को पकड़ कर थाने ले गयी।

### भाजपा लीडर बेस नहीं, कैडर बेस पार्टीः शंकर गिरि

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** भाजपा ने सोमवार को मर्यादी इंटर कॉलेज, बरौसा में सदर विधानसभा का बूथ सम्मेलन आयोजित किया। बूथ सम्मेलन को मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री शंकर गिरि ने संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं को बूथ जीतने के टिप्स दिए। उन्होंने कहा बूथ अध्यक्ष संगठन का भाग्य विधाता हैं। वह बूथ पर पार्टी का परचम फहराता है। उन्होंने कहा भाजपा लीडर बेस नहीं कैडर बेस पार्टी है। भाजपा सिद्धांतों और आदर्शों पर आधारित राजनीतिक दल है। उन्होंने कहा हम भारत को विकसित व विश्व गुरु बनाने के लक्ष्य को लेकर काम कर रहे हैं। सांसद मेनका संजय गांधी ने बूथ सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा 1991 बूथ हैं। हर बूथ पर कम से कम 425 वोट और 65 प्रतिशत वोटिंग के लिए काम करना है। 18 दिन चुनाव में बचें हैं। कार्यकर्ता भाजपा को वोट देने 425 लोगों की सूची बनाकर उनसे डोर टू डोर संपर्क व संवाद स्थापित करे।

### सर्वेश कांत को नेपाल में मिला सम्मान

**गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार।** धराधाम इंटरनेशनल एशिया बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की ओर से लुम्बिनी नेपाल में आयोजित सार्क प्राइड अवार्ड सेरेमनी 2024 पीस सम्मिट कार्यक्रम में साहित्यकार सर्वेश कान्त वर्मा सार्क प्राइड अवार्ड से सम्मानित किए गए। श्री वर्मा रामरती इंटर कालेज द्वारिका गंज में शिक्षक हैं। वह पाठ्य पुस्तक लेखक भी हैं। इनकी उपलब्धि पर लोक भूषण डॉ. आद्या प्रसाद सिंह प्रदीप, डॉ. राम प्यारे प्रजापति, दिनेश प्रताप सिंह चित्रेश, डॉ. सुशील कुमार पांडेय साहित्येन्दु, आशुकवि मथुरा प्रसाद सिंह जटायु, रमेश चंद्र नंदवंशी, सभाराज वर्मा, बृजेश वर्मा, राज बहादुर राना ने बधाई दी है।

### प्रेक्षक के निरीक्षण में जीआईसी बूथ मिला आल इज वेल

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष, सकुशल व शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। सोमवार को सामान्य प्रेक्षक रंजीत कुमार द्वारा राजकीय इंटर कालेज पर बने मतदाता बूथ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मतदाता केन्द्र पर न्यूनतम सुविधाएं सुनिश्चित करने जैसे विद्युत, स्वच्छ पेयजल, रैम्प, टेन्ट, शौचालय (महिला, पुरुष) बैरिकेडिंग, बूथों की संख्या का अंकन, मॉडल बूथ, दिव्यांग मतदाताओं हेतु रैम्प, मेज, कुर्सी मच्छरदानी/मॉसकीटो क्वायल आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। साथ ही मतदान केंद्रों पर किचन, वेबकॉस्टिंग हेतु सॉकेट, शौचालय, रैम्प आदि का भी निरीक्षण किया। प्रेक्षक के निरीक्षण के दौरान सब कुछ आल इज वेल मिला। वही प्रेक्षक द्वारा सभी बीएलओ से समय से मतदाता पर्ची वितरण के लिए निर्देशित करते हुए अधिकारियों से व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त करते हुए दिशा निर्देश दिया।

## आईसीएसई बोर्ड — दूसरे स्थान पर हर्षी पाठक और तीसरे स्थान पर रहीं अन्वेशा सिंह

# 98 प्रतिशत अंक के साथ प्रखर बने टॉपर

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** आईसीएसई बोर्ड की ओर से सोमवार को घोषित 10वीं के परीक्षाफल में प्रखर श्रीवास्तव ने जिले में टॉप किया है। दूसरे स्थान पर हर्षी पाठक और तीसरे स्थान पर अन्वेशा सिंह रहीं। परीक्षा परिणाम देखकर विद्यार्थी चहक उठे।

शहर के गुरु चरण कौर पब्लिक स्कूल के 57 परीक्षार्थी इस परीक्षा में शामिल हुए थे। इसमें 32 छात्र व 25 छात्राएं थी। यहां का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। सभी छात्र छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। प्रखर श्रीवास्तव ने 98 प्रतिशत अंक पाकर जिले में अव्वल स्थान हासिल किया। यहीं की हर्षी पाठक 96.4 फीसदी अंक के साथ दूसरे और अन्वेशा सिंह 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहीं। स्कूल की प्रधानाचार्य तेजिंदर कौर व शिक्षकों ने बच्चों को मिठाई कराकर बधाई व आशीर्वाद दिया।


मेधावी छात्रा को मिठाई खिलाकर बधाई देतीं प्रधानाचार्य। अमृत विचार

बल्दीराय तहसील क्षेत्र में सेंट जॉन कान्वेंट गनापुर में आईसीएसई हाईस्कूल का परिणाम भी शत प्रतिशत रहा। इसमें ध्रुव तिवारी 89 प्रतिशत, शिवांगी सिंह 84.20 प्रतिशत व अंशिका जायसवाल 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप थ्री में स्थान हासिल किया। दूसरी ओर शहर के गभड़िया स्थित मॉर्डन पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम भी शत प्रतिशत रहा। स्कूल के टाप थ्री में संजना जायसवाल 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, इलमा ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरे और अल्शिफा ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### तमंचा व जिंदा कारतूस के साथ आरोपी युवक गिरफ्तार

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** बल्दीराय थाने पर तैनात उपनिरीक्षक चंद्रशेखर सोनकर हमराहियो के साथ चौकी क्षेत्र पारा मे रविवार की शाम संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच सूचना मिली कि भखरी गांव की तरफ जाने वाली सड़क के मोड़ पर एक युवक अवैध असलहे के साथ खड़ा है। सूचना पर पहुंची पुलिस को देखकर युवक भागने लगा तो पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया। युवक से जब भागने का कारण पूछा तो उसने बताया कि उसके पास अवैध असलहा है। तलाशी के दौरान पकड़े गए युवक के पास से एक अवैध तमंचा बारह बोर दो जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पकड़े गए युवक की शिनाख्त जय प्रकाश यादव निवासी चकशिवपुर थाना बल्दीराय के रुप में हुई। थाना प्रभारी राम विशाल सुमन ने बताया कि पकड़े गए युवक के खिलाफ आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### कादीपुर के मजदूर की आंध्र प्रदेश में मौत

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** सुलतानपुर के कादीपुर के मजदूर की आंध्र प्रदेश में मौत हो गई है। पहाड़ तोड़ते समय एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिससे उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। तहसील के नारा मधईपुर गांव के विजय कुमार गौतम (35) रोजी रोटी के सिलसिले में आंध्र प्रदेश गए थे। वहां पर वह पहाड़ तोड़ने का काम कर रहे थे। बीते रविवार को पहाड़ तोड़ते समय वह घायल हो गए। घायल अवस्था में उन्हें अस्पताल ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। रात में उनके परिजनों को फोन से घटना की सूचना मिली। सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी गायत्री पिता गंगाराम एवं पुत्र अमन (8) एवं पुत्री आस्था (6) का रो-रो कर बुरा हाल है। पारिवारिक जन शव लेने के लिए आंध्र प्रदेश रवाना हो गए हैं।

## एक नजर

### निर्विरोध निर्वाचित हुए शिवकुश पांडे

संवाददाता, बाजार शुकुल, अमेठी, अमृत विचार : विकासखंड संसाधन केंद्र शुकुल बाजार उत्तर प्रदेशीय शिक्षक संघ इकाई बाजार शुकुल की बैठक जिला अध्यक्ष अशोक कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें विकासखंड शुकुल बाजार के पूर्व अध्यक्ष सतीश चंद्र शुक्ला के आकस्मिक निधन के कारण रिक्त अध्यक्ष पद पर शिवकुश पांडे को सर्वसम्मत से कार्यवाहक अध्यक्ष मनोनीत किया गया। मनोनयन के अवसर पर मुख्य रूप से जिला कोषाध्यक्ष शशांक शुक्ला ब्लॉक महामंत्री एसपी सिंह कोषाध्यक्ष अजय यादव के साथ-साथ विक्रमादित्य तिवारी, निर्मल पाठक, राहुल पांडे, अजय त्रिपाठी अनूप शुक्ला, लवलेश शुक्ला, सुरेश शुक्ला, हरिओम तिवारी सहित संघ के अन्य शिक्षक भी उपस्थित रहे।

### फाल्ट ठीक करते समय संविदाकर्मी झुलसा, मौत

संवाददाता, जगदीशपुर, अमेठी, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत स्थित विद्युत उपकेंद्र जगदीशपुर के देवकली फीडर पर तैनात संविदाकर्मी विजय कुमार उर्फ पप्पू (42) निवासी पूरे दिरगज मजरे खैरातपुर जो पूरे जबर मजरे मंगौली गांव में पोल पर चढ़कर विद्युत फाल्ट ठीक कर रहा था कि अचानक बुरी तरह झुलस गया। जिसे आनन-फानन जगदीशपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसडीओ महेंद्र यादव ने बताया कि मृतक संविदाकर्मी था, जिसकी मौत विद्युत फाल्ट ठीक करते समय हुई है। फिलहाल जांच पड़ताल जारी है।

### दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट में वांछित आरोपी गिरफ्तार

अमेठी। उपनिरीक्षक जय नारायण पाण्डेय सोमवार को थाना मोहनगंज मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर पॉक्सो एक्ट थाना मोहनगंज जनपद से सम्बन्धित अभियुक्त महबूब आलम निवासी ग्राम मानपुर मल्लेपुर थाना तम्बौर सीतापुर (21) को कोची मोड़ के पास से समय करीब 6.20 बजे गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# अमेठी-रायबरेली को जागीर समझने वालों को जनता ने नकार दिया

**बोले डिप्टी सीएम**

● भाजपा प्रत्याशी स्मृति इरानी की प्रचंड बहुमत से एकतरफा जीत का किया दावा

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार :** यूपी के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक अपने एकदिवसीय दौरे पर सोमवार को अमेठी पहुंचे। जहां उन्होंने अमेठी विधानसभा के गोसाईगंज व शाहगढ़ में भाजपा प्रत्याशी स्मृति इरानी के समर्थन में जनसभा कर लोगों से भाजपा प्रत्याशी को भारी बहुमत से जीत दिलाने की अपील की। इसके साथ ही वह मंच व मीडिया के माध्यम से कांग्रेस पार्टी व गांधी परिवार पर हमलावर रहे।

सोमवार को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक अमेठी विधानसभा के गोसाईगंज बाजार में जनसभा को संबोधित करने पहुंचे। जहां सर्वप्रथम गोसाईं बाबा मंदिर में पूजा-अर्चना की और उसके बाद मंच पर पहुंचे। इस दौरान भाजपा नेता अमरेंद्र सिंह पिंटू व काशी तिवारी ने हनुमान जी का चित्र समर्पित कर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ उनका फूल-



भाजपा की जनसभा में डिप्टी सीएम को स्मृति चिन्ह भेंट करते भाजपा नेता।

मालाओं से जोरदार स्वागत किया। वहीं मंच के माध्यम से उपमुख्यमंत्री ने अमेठी से भाजपा प्रत्याशी स्मृति इरानी को भारी बहुमत से जीत दिलाने की लोगों से अपील करते हुए जमकर कांग्रेस पर निशाना साधा। वहीं मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए उपमुख्यमंत्री ने दावा किया कि अमेठी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी स्मृति इरानी प्रचंड बहुमत से एकतरफा जीत दर्ज कर रही हैं। पीएम मोदी की गरीब कल्याण योजनाओं ने जनजन का भरोसा जीता है। लोगों का भरोसा दीदी के प्रति बढ़ रहा है। हम पिछली बार से अधिक मतों के अंतर से अमेठी की सीट जीतने जा रहे हैं। जिस ढंग से जाति-धर्म, संप्रदाय से ऊपर उठ करके सर्वसमाज के लोगों ने आशीर्वाद दिया है। लोगों का मानना है स्मृति इरानी की एकतरफा वोट पाएंगी।

वहीं प्रियंका गांधी के अमेठी और रायबरेली दोनों सीट जीतने के दावों का जवाब देते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इन लोगों का कोई मतलब नहीं है। इनकी गाड़ी डिरेल हो चुकी है। आपस में तय ही नहीं कर पा रहे कि कौन लड़ेगा। पूरी पंचायत होने के बाद नामांकन के अंतिम तिथि पर जल्दी-जल्दी नामांकन कर पाए हैं। उनके अंदर कोई गंभीरता नहीं है। आप सोचिए यह कोई राजपाठ तो है नहीं, पिता छोड़ेंगे और पुत्र राजा बन जायेगा। यह लोकतंत्र है बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के संविधान ने तय किया है, जिसको लोग आशीर्वाद देंगे वही उनका नेतृत्व करेगा और देश में कानून बनाने का काम संसद में पहुंचकर करेगा। गांधी परिवार पर तंज कसते हुए कहा कि यह लोग अमेठी-रायबरेली को अपनी जागीर समझते थे। अमेठी ने उन्हें नकार दिया है और रायबरेली में भी इस बार प्रचंड बहुमत के साथ भारतीय जनता पार्टी जीतेगी और कांग्रेस प्रत्याशी की जमानत जब्त होगी।

# किशोरी लाल शर्मा ने विकास के मुद्दे पर स्मृति को घेरा

## बोले- अमेठी में नहीं चलेगी अहंकार और दबाव की राजनीति

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार :** कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा ने सोमवार को अमेठी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और मतदाताओं से सीधा संवाद किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में अमेठी की जनता अहंकार और दबाव की राजनीति की शिकार है, लोग कोई सवाल नहीं कर सकते, राजीव गांधी के समय अमेठी में सेवा और सम्मान की राजनीति थी, यहां के लोग राहुल और सोनिया गांधी की उंगली और कपड़े पकड़कर अपनी बात कह लेते थे, अपनी समस्याएं हल करवा लेते थे। स्व. राजीव गांधी ने गांव-गांव जाकर किसानों और नौजवानों की समस्याएं सुनीं और यहां सिंचाई सुविधाओं और औद्योगिक इकाइयों का जाल बिछाने का काम किया।

विकास के मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी की ओर से चुनाव प्रचार के दौरान उठाए गए सवालों का उन्होंने एक-एक करके जवाब दिया। कहा कि जनता के दिलों को

**बोला हमला**

● सांसद को गुस्सा बहुत आता है, सवाल पूछना हर वोटर का हक

जीतकर राज किया जा सकता है, जनता के दिलों को चोट पहुंचाकर नहीं। यहां की सांसद पांच सालों में अमेठी के विकास का ठीक से अध्ययन नहीं कर पाई हैं और गलत बयानी कर रही हैं। अमेठी के विकास को देखना है तो 1983 से विकास को देखें। सांसद जी को गुस्सा बहुत आता है। उन्हें पता होना चाहिए कि यह अमेठी है, जहां लोग राजीव गांधी को हाथ पकड़कर अपने घर लेकर चले जाते थे। सांसद की टीम का होमवर्क ठीक नहीं है, यहां विकास की शुरुआत संजय गांधी ने की थी। राजीव गांधी, सोनिया गांधी, कैप्टन शर्मा और राहुल गांधी ने उसे आगे बढ़ाने का काम किया। केन्द्रीय पेट्रोलियम मंत्री के रूप में कैप्टन सतीश शर्मा ने यहां के लोगों को जितना व्यक्तिगत और सामूहिक लाभ दिलाया है, आज तक अमेठी में कोई नहीं कर पाया।

कहा कि अहंकारी व्यक्ति का जवाब देना अमेठी की जनता अच्छी तरह जानती है। यहां प्यार और सेवा की राजनीति चलेगी, दबाव और गुस्से की नहीं। हम चाहते हैं कि आप विकास की बड़ी रेखा खींचकर आगे बढ़ें। यहां की सांसद को दूसरे के कामों के ऊपर अपना झंडा लगाना बहुत अच्छा लगता है।

अमेठी की जनता बेवकूफ नहीं, देश को दिशा देती है। बाईपास यूपीए सरकार में ही स्वीकृत हुआ था। व्यापारियों ने विरोध किया इसलिए हमारी सरकार ने नगर से बाहर बाईपास के निर्माण पर गंभीरतापूर्वक विचार किया था। रिंग रोड पूर्व मुख्यमंत्री बहन मायावती ने बनवाई थी। राहुल के समय चार नेशनल हाईवे और जवाहर नवोदय विद्यालय की स्थापना हुई। हॉट मिक्स प्लांट, सुखोई विमान के पुर्जों का निर्माण, जगदीशपुर में औद्योगिक इकाइयों की स्थापना, एसीसी फैक्ट्री, रेल नीर प्लांट ये सब चीजें क्या विकास की परिभाषा में नहीं आती।

## मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की

संवाददाता, अमेठी, अमृत विचार : लोकसभा निर्वाचन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी निशा अनंत व मुख्य विकास अधिकारी प्रभारी अधिकारी स्वीप सूरज पटेल के निर्देशन में विभिन्न विभागों द्वारा मतदाता जागरुकता के कार्यक्रम आयोजित कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को राजकीय हाईस्कूल अमेठी की छात्राओं द्वारा रंगोली, मेहंदी तथा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कर जन सामान्य से 20 मई को अधिक से अधिक मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा रैली निकालकर भी लोगों को जागरूक किया गया। कंपोजिट विद्यालय दक्खिनवारा में ब्लॉक स्तरीय मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# अमेठी में गुंडों को संरक्षण दे रही हैं स्मृति : पूर्व एमएलसी

संवाददाता, गौरीगंज, अमेठी

**अमृत विचार :** जनपद मुख्यालय स्थित केन्द्रीय कांग्रेस कार्यालय के बाहर हुए वाहनों में तोड़फोड़ को लेकर पूर्व एमएलसी दीपक सिंह ने अमेठी सांसद व केन्द्रीय मंत्री स्मृति इरानी पर जमकर प्रहार किया।

पूर्व एमएलसी दीपक ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि जनपद में गुंडागर्दी जमकर हो रही है। गुंडे पिस्टल लेकर टहल रहे हैं। अमेठी सांसद द्वारा इनको संरक्षण प्राप्त है। हम गांधी वादी हैं, इसका जवाब हम चुनाव बाद देंगे। उन्होंने कहा कि जिन लोगों द्वारा ऐसा कृत्य किया गया है। उनके खिलाफ पुलिस ने अगर कार्रवाई नहीं की तो हम लोग धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे।


कांग्रेस केन्द्रीय कार्यालय पर प्रेसवार्ता को संबोधित करते पूर्व एमएलसी।

उन्होंने कहा कि जब चिराग बुझने को होता है, तब वह धधकता है और यह चिराग बुझने की कगार पर है।

उन्होंने कहा कि किशोरी लाल शर्मा राहुल गांधी, प्रियंका गांधी के बजरंग बली बनकर आये हैं। कांग्रेस प्रत्याशी को जनता का पूरा सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इस जनपद में इस तरह की सैकड़ों घटनाएं पूर्व में घट चुकी हैं। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष योगेन्द्र मिश्रा, मीडिया प्रभारी अनिल सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# कांग्रेस कार्यालय के सामने अराजक तत्वों ने वाहनों को तोड़ा, एक घायल

संवाददाता, गौरीगंज, अमेठी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे लोगों में मारपीट का सिलसिला शुरू हो गया है। मामला रविवार की देर रात लगभग दस बजे का है। जहां केन्द्रीय कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज के सामने कांग्रेस कार्यकर्ताओं व निवासियों के खड़े लगभग आधा दर्जन से अधिक वाहनों पर अराजकतत्वों ने डंडे व लोहे की रॉड से चारपहिया वाहनों में जमकर तोड़फोड़ की। वहीं कार में बैठा युवक घायल हो गया, अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना की जानकारी होने पर अपर पुलिस अधीक्षक, सीओ, कोतवाल सहित तमाम पुलिस मौके


कांग्रेस केन्द्रीय कार्यालय गौरीगंज के सामने अज्ञात लोगों द्वारा तोड़े गए वाहन।

पर पहुंची।

उक्त घटनास्थल से मात्र दो सौ मीटर दूर पुलिस अधीक्षक कार्यालय, गौरीगंज कोतवाली है लेकिन अराजकतत्व घटना को अंजाम देकर फरार हो गये। कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा थाने में तहरीर देकर कारवाई की मांग की गई है। इस सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक अनूप सिंह ने बताया कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं की तहरीर पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। जल्द ही अराजकतत्वों को जेल भेजा जाएगा।

## चुन्नी लाल धम्मसेवक की पुण्यतिथि मनाई

संवाददाता, भेंटुआ अमेठी, अमृत विचार : सोमवार को निर्वाण प्राप्त समाज कर्मी चुन्नी लाल धम्मसेवक की आठवीं पुण्यतिथि पर उनकी सामाजिक सेवाओं का स्मरण करते हुए सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

निर्वाण प्राप्त चुन्नी लाल धम्मसेवक ने शिक्षक के साथ अम्बेडकर मिशन के प्रखर कार्यकर्ता के रूप में काम किया। बौद्ध धर्म के प्रचार प्रसार के लिए उन्होंने लेखनी भी चलाई। सुखी परिवार सुखी संसार और बौद्ध गीत माला उनकी प्रसिद्ध रचनाएं हैं। धम्म सेवक के तीन पुत्र और तीन पुत्रियां हैं। तीनों बेटे सरकारी सेवा में हैं। बड़ी बेटी सुनीता भारती, यूनिसेफ में ब्लाक कोआर्डिनेटर हैं। छोटी बेटी मीना गाजियाबाद में वाणिज्य कर अधिकारी हैं।

# कांग्रेस प्रत्याशी ने अहोरवा भवानी में माथा टेका

संवाददाता, तिलोई, अमेठी

**अमृत विचार :** 37 लोकसभा अमेठी कांग्रेस प्रत्याशी पंडित किशोरी लाल शर्मा ने तिलोई विधानसभा में अपने प्रचार अभियान की शंखनाद करने से पहले आदि शक्तिपीठ माँ अहोरवा भवानी मंदिर जाकर विधि-विधान से पूजन-अर्चन करके अपनी जीत के लिए आशीर्वाद मांगा। उसके बाद वह कार्यकर्ता सम्मेलन के लिए इन्हौना के लिये रवाना हुए। अमेठी संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा ने तिलोई तहसील के ब्लॉक सिंहपुर के इन्हौना में कांग्रेसी कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मैंने अपने जीवन का अधिकांश समय तिलोई के विकास एवं तिलोई की जनता की खुशहाली के लिए खपाया है और जनता का मुझे आशीर्वाद मिलेगा, ये मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत


अहोरवा भवानी मंदिर में पूजा करते कांग्रेस प्रत्याशी। अमृत विचार

सोमवार को सुबह 11:00 बजे ब्लॉक सिंहपुर के इन्हौना स्थित कोर्ट में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता चौधरी वहाज अख्तर द्वारा आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा ने कहा कि मैं अपने जीवन का अधिकांश समय अमेठी के विकास एवं आम जनमानस की खुशहाली के लिए बिताया है। हजारों लोगों को रोजगार देने का काम किया। वहीं भाजपा प्रत्याशी ने 5 साल में अमेठी की दुर्दशा कर दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का कार्यकर्ता सदैव विकास में विश्वास करता है। उसी का परिणाम है कि कांग्रेस पार्टी के लिए आम जनमानस अमेठी में चुनाव लड़कर भाजपा प्रत्याशी को भारी अंतर से चुनाव हराकर कांग्रेस का परचम लहराएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि सभी कार्यकर्ताओं की नैतिक जिम्मेदारी बनती है। अपने-अपने घरों से बाहर निकलकर जनता के बीच जाकर पूर्व में कांग्रेस द्वारा कराये गये विकास को बताएं।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुनीता सिंह मोहम्मद लतीफ अब्दुल रऊफ राकेश मिश्रा चंद्रमोहन मोहन तिवारी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य कर्ण बाजपेई, राजेश पाण्डेय, मनीष बाजपेई, सपा नेता छेदीलाल यादव ललिता यादव मिर्जा अशंरफ बेग जिला पंचायत सदस्य विकास यादव कमलेश अग्निहोत्री शिवप्रकाश तिवारी, अभिषेक अग्निहोत्री, करुणेश अग्निहोत्री, परमानंद मिश्रा गोपीचंद बाजपेई, अभिषेक बाजपेई, प्रदीप तिवारी अब्बास फौजी, अजाहरुल हक, क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि जहीर अहमद कुरैशी, रेहान हाशमी, लालता यादव, भीम यादव, लालू गुप्ता आदि हजारों की संख्या में कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# गांधी परिवार का अमेठी से रहा है पुराना नाता

केशव बाजपेई, अमेठी

● 2004 में सोनिया गांधी ने राहुल के लिए अमेठी सीट छोड़ी थी

**अमृत विचार :** अमेठी से पिछला लोकसभा चुनाव हार चुके कांग्रेस नेता राहुल गांधी दो दशक बाद फिर गांधी परिवार का इतिहास दोहराते हुए अमेठी छोड़कर रायबरेली की सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। इससे पहले वर्ष 2004 में सोनिया गांधी ने उनके लिए अमेठी की सीट छोड़कर रायबरेली से चुनाव लड़ा था। राहुल की चुनावी यात्रा अमेठी से शुरू हुई थी। बीस वर्षों बाद मां सोनिया गांधी के रायबरेली छोड़ने पर वह इस सीट से चुनावी मैदान में उतरे हैं।

इस लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व उनके दादा फिरोज गांधी और दादी इंदिरा गांधी ने किया था। अमेठी की तुलना में रायबरेली सीट कांग्रेस के लिए उप्र में सबसे ज्यादा सुरक्षित मानी जाती है। इस सीट पर अभी तक हुए 20 लोकसभा चुनावों में कांग्रेस ने 17 बार जीत दर्ज की है। उत्तर प्रदेश में सपा के साथ गठबंधन करके कांग्रेस 17 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। 15 सीटों पर पहले ही प्रत्याशियों की घोषणा की जा चुकी थी।

केवल रायबरेली और अमेठी से प्रत्याशियों की घोषणा का इंतजार था। उम्मीद की जा रही थी कि रायबरेली से प्रियंका गांधी को पहला चुनाव लड़ाया जाएगा और राहुल अमेठी से ही उतरेंगे। चुनाव लड़ने के लिए प्रियंका के राजी न होने पर यह खींचतान लंबी चली।

सोनिया ने भी मनाने के प्रयास किए, लेकिन प्रियंका यह समझाने में कामयाब रहीं कि वह पार्टी के लिए प्रचार करके ज्यादा लाभ पहुंचा सकती हैं। उधर, अमेठी से चुनावी मैदान में उतरने वाले किशोरी लाल शर्मा को 40 वर्षों की गांधी परिवार की सेवा का पुरस्कार मिला है।

पंजाब के लुधियाना निवासी शर्मा को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी 1983 में पहली बार अपने प्रतिनिधि के रूप में अमेठी लेकर आए थे। इसके बाद से वह अमेठी और रायबरेली में गांधी परिवार के दूत के रूप में सक्रिय रहे हैं। स्मृति इरानी को शर्मा कितनी चुनौती दे पाएंगे यह तो परिणाम से ही स्पष्ट होगा। यह भी रणनीति है कि स्मृति इरानी अगर दोबारा चुनाव जीतती हैं तो वह यह प्रचार न कर सकें कि राहुल को हराकर जीती हैं।

# 13 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र सही

संवाददाता, अमेठी

● 18 अभ्यर्थियों के निर्देशन पत्र कमियां मिलने के कारण निरस्त

**अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन का मतदान जनपद अमेठी में 20 मई को होना है। जिसको लेकर नामांकन प्रक्रिया 26 अप्रैल से 06 मई को पूर्ण हुई है। इस दौरान नामांकन अवधि 26 अप्रैल से 3 मई के मध्य कुल 31 अभ्यर्थियों द्वारा 42 सेट में नामांकन पत्र दाखिल किए गए, जिनकी समीक्षा 4 मई 2024 को संपन्न हुई। इसके उपरांत 31 अभ्यर्थियों में से 13 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र जांच के उपरांत सही पाए गए तथा 18 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्रों में कमियां पाए जाने के कारण निरस्त किए गए।

अतिरिक्त जिलाधिकारी ने 20 मई को मतदान की तैयारियों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जनपद अमेठी में कुल 898 मतदान केंद्र तथा 1492 बूथ हैं। सभी बूथों पर पीने का पानी, छांव के लिए शेड, प्रकाश, रैम्प फर्नीचर आदि मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित कराई गई हैं। गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए सभी बीएलओ को ओआरएस के पैकेट दिए जाएंगे। मतदान केंद्रों पर लगने वाली लाइन को लेकर हर पांच व्यक्ति पर एक कुर्सी की व्यवस्था की जाएगी। जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए बुलावा टोली का गठन किया जा चुका है। जिसके माध्यम से लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक करने के साथ ही मतदान के दिन उनके घर से बुलाने का कार्य भी किया जाएगा। पिछले चुनाव में जिन बूथों पर कम वोटिंग हुई थी वहां के बीएलओ के साथ बैठक कर वोट प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि 15 मई तक वोटर पर्ची का वितरण बीएलओ के माध्यम से किया जाएगा। जो लोग बाहर रह रहे हैं, उनको फोन या मैसेज के माध्यम से बुलाने का प्रयास किया जा रहा है। जनपद में लगभग ढाई लाख युवा मतदाता हैं, जो पहली बार मतदान करेंगे। 20 से 22 वर्ष के एक लाख मतदाता हैं, सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए जा चुके हैं। जनपद में दिव्यांग मतदाताओं की संख्या लगभग 18 हजार है। उनके लिए हर बूथ पर एक व्हीलचेयर की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। 85 वर्ष तथा दिव्यांग मतदाताओं का घर से भी मतदान कराने की व्यवस्था है। जिसके लिए फॉर्म 12डी के माध्यम से उनसे सूचना प्राप्त की जा चुकी है। 10 मई से घर-घर जाकर मतदान कराने की कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि मतदान कार्मिकों का आज द्वितीय रेंडमाइजेशन किया गया है। उनको 10 से 15 मई तक द्वितीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। पोस्टल बैलेट के लिए वोटर फैसिलिटेशन सेंटर प्रशिक्षण स्थल पर बनाया जाएगा। इसके साथ ही 07 मई को ईवीएम मशीनों का द्वितीय रेंडमाइजेशन किया जाएगा। उसके उपरांत ईवीएम मशीनें कमिशनिंग के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय भेजी जाएंगी।

## मुकदमे को लंबित रखने के कारण पुलिस अफसर पर नाराजगी

संवाददाता, प्रयागराज, अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में आरोपी एक छात्र के मुकदमे के निस्तारण में पुलिस उप-निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा द्वारा असहयोग करने की आलोचना करते हुए कहा कि कोर्ट के ईमानदार अनुरोध की पूरी तरह से और जानबूझकर अवहेलना वास्तव में स्तब्ध करने वाली है। एक सरकारी कर्मचारी होने के नाते उनसे कानून और कार्यवाही के संरक्षक के रूप में अपना पूरा सहयोग और समर्थन प्रदान करने की अपेक्षा की जाती है, ऐसे में उनका ऐसा बर्ताव निंदनीय और अस्वीकार्य है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति राहुल चतुर्वेदी की एकलपीठ ने अनिकेत दीक्षित की दूसरी जमानत याचिका को स्वीकार कर उसे सशर्त जमानत देते हुए की। कोर्ट ने पाया कि आईपीसी की धारा 306 के तहत वर्ष 2018 में पुलिस स्टेशन कल्याणपुर, कानपुर नगर पुलिस ने मामला दर्ज किया और 4 अप्रैल 2018 से आरोपी जेल में बंद है।

# लू के दृष्टिगत बचाव के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए

संवाददाता, अमेठी

● किसी भी प्रकार की समस्या होने पर निकटवर्ती स्वास्थ्य केन्द्र पर सम्पर्क करने के लिए कहा

**अमृत विचार :** अपर जिलाधिकारी ने बताया कि आगामी दिनों में तापमान बढ़ने की सम्भावना के कारण हीटवेव (लू) के दृष्टिगत जिला आपदा प्रबन्धन विभाग द्वारा आम नागरिकों के लिए हीटवेव (लू) से बचाव के लिए आवश्यक उपायों को अपनाने की सलाह दी गई है।

इस क्रम में उन्होंने बताया कि दोपहर में 12 से 4 बजे तक अनावश्यक रूप से धूप में बाहर न निकलें। यदि अपरिहार्य कारणों से बाहर निकलना पड़ रहा है तो छाता का प्रयोग व हल्के वस्त्र पहनें एवं सिर को ढककर बाहर निकलें तथा आवश्यकतानुसार पानी की बोतल अवश्य साथ में रखें। उन्होंने बताया कि समस्त ईंट भट्ठा के मालिकों/निर्माण कार्यदायी संस्था अपने यहां काम करने वाले श्रमिकों को तापमान बढ़ने पर दोपहर में 12 से 4 बजे तक काम न करायें। कार्यस्थल पर श्रमिकों के लिए छायादार व्यवस्था एवं स्वच्छ पेयजल के साथ ही समस्त विद्यालय संचालक अपने विद्यालय में छात्रों के लिए स्वच्छ पेयजल एवं पंखे की व्यवस्था के साथ ही विद्यालय के समय को बढ़ते तापमान के अनुसार परिवर्तित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाएं एवं बुजुर्ग व्यक्तियों को लू से बचाव करना अत्यंत आवश्यक है। आम नागरिक पशुओं के लिए साफ पीने के पानी का प्रबन्ध के साथ ही पक्षियों के लिए दाना एवं पानी रखें तथा धूप में खड़े वाहनों में बच्चों एवं जानवरों को न छोड़ें।

उन्होंने बताया कि तापमान अधिक होने पर ज्यादा मेहनत वाले काम कम करें अथवा सूर्योदय या सूर्यास्त के बाद करें। कॉफी, शराब, सॉफ्ट ड्रिंक का उपयोग कम करें। यह शरीर को डिहाइड्रेट करते हैं तथा साफ पीने योग्य पानी का अधिकतम प्रयोग करने के साथ नींबू पानी, छाछ अथवा लस्सी आदि का प्रयोग करें। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि किसी भी तरह की बेचैनी, सिरदर्द या शरीर का तापमान बढ़ने की स्थिति पर निकटवर्ती स्वास्थ्य केन्द्र पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## आजम के फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में मंगलवार को सुनवाई जारी

संवाददाता, प्रयागराज, अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट में फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान और उनके परिवार की आपराधिक पुनरीक्षण याचिका पर 6 मई को न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकल पीठ के समक्ष सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के अधिवक्ताओं ने सरकार की ओर से की गई अब तक की कार्यवाही को लेकर तर्क प्रस्तुत किए। कोर्ट ने दोपहर में भोजनावकाश के बाद मामले की सुनवाई मंगलवार को भी जारी रखने का निर्देश दिया। अब 7 मई को दोपहर 2:30 बजे से फिर इस मामले की सुनवाई होगी।

## एक नजर

### 15 लीटर कच्ची देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

राजगढ़ (मिर्जापुर)। राजगढ़ थाना पुलिस ने सोमवार को 15 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उप-निरीक्षक पुरंजय चौबे ने बताया कि थाना राजगढ़ क्षेत्र से अभियुक्त सुरेश यादव उर्फ डमडम पुत्र कृपाशंकर यादव निवासी गढ़वा को 15 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

### गोवंश के साथ चालक व खलासी गिरफ्तार

हलिया (मिर्जापुर) अमृत विचार। यूपी एमपी बार्डर हनुमना टोल टैक्स से सोमवार की सुबह मध्यप्रदेश की हनुमना पुलिस ने 34 गोवंशो से भरी कंटेनर को चालक व सह चालक सहित गिरफ्तार कर कंटेनर वाहन को थाना परिसर में खड़ा कराते हुए कार्रवाई करने में जुट गई है। आरोप है कि कंटेनर वाहन चालक ने पुलिस के उपर कंटेनर वाहन चालक ने चढ़ाने का प्रयास किया था। थाना प्रभारी हनुमना राजेश पटेल ने बताया कि कंटेनर वाहन चालक बैरियर को तोड़ते हुए गलत दिशा से टोल टैक्स से होकर भागने लगा जिस पर थाना प्रभारी हनुमना ने कंटेनर वाहन को दौड़ाकर पकड़ लिया। कंटेनर वाहन की तलाशी लिया तो कंटेनर वाहन से 34 गोवंश बरामद हुए ।

### घटिया कार्य की शिकायत पर भी नहीं हुई कार्रवाई

हलिया (मिर्जापुर) अमृत विचार। स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत मतवार के ग्राम प्रधान व सचिव पर विकास योजनाओं व मनरेगा योजना में किए गए भ्रष्टाचार की शिकायत की गई है। शिकायत के बावजूद भी खंड विकास अधिकारी द्वारा ग्राम प्रधान व सचिव के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की गई है। आरोप है कि खंड विकास अधिकारी भी घोटाले में संलिप्त हैं।

# हादसे में अयोध्या से लौट रहे 3 श्रद्धालुओं की मौत, दो घायल

## हाईवे पर डंपर की टक्कर से आग का गोला बनी कार

**दुर्घटना**

▸▸ **रामलला का दर्शन कर कार से घर जा रहे थे प्रयागराज के श्रद्धालु**

प्रतापगढ़


अयोध्या प्रयागराज हाईवे पर सोनावां में हादसे में धू धू कर जलती कार।

**अमृत विचार :** अयोध्या से रामलला का दर्शन कर कार से घर जा रहे श्रद्धालुओं की कार प्रयागराज-अयोध्या हाईवे पर मानगर कोतवाली के सोनावा में डंपर से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार आग का गोला बन गई। हादसे में तीन की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो का गंभीर हालत में अस्पताल में इलाज चल रहा है। कार में कुल पांच लोग सवार थे।

प्रयागराज जिले के घूरपुर थाना क्षेत्र के तिवारी पुरवा खास के रहने वाले 24 वर्षीय अंकित साहू पुत्र सुभाष चंद्र हैदराबाद में पानी-पूरी बेचता था। वह अपने दोस्त व रिश्तेदारों संग रामलला का दर्शन करके अयोध्या से स्विफ्ट डिजायर कार से लौट रहा था। नगर कोतवाली क्षेत्र के सोनावां में सुलतानपुर की ओर तेज रफ्तार से जा रहे डंपर ने सामने से टक्कर मार दी। मौके पर ही अंकित व उसी गांव के उसके दोस्त 24 वर्षीय शिवम तिवारी पुत्र चंद्रमा प्रसाद तिवारी की मौत हो गई।


हादसे से कार में आग भी लग गई। कार में लगी आग ने भयानक रूप ले लिया। यह देख आसपास के लोग मदद को दौड़ पड़े। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। अंकित के बुआ के बेटे 24 वर्षीय सत्यम साहू, 25 वर्षीय विवेक साहू निवासी करेहड़ा करेली प्रयागराज व रिश्तेदार 15 साल के अखिल साहू पुत्र अजय कुमार चटकहना नैनी प्रयागराज पांचों को राजा प्रताप बहादुर अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने अंकित व शिवम को मृत बताया। अन्य सभी को एसआरएन अस्पताल प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया। जहां दोपहर में सत्यम ने भी दम तोड़ दिया। अन्य दो का एसआरएन में इलाज चल रहा है। सीओ सिटी शिव नारायण बैश ने बताया कि हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। दो लोगों का इलाज चल रहा है। चालक मौके से फरार हो गया,डंपर को कब्जे में लिया गया है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## संविधान और लोकतंत्र बचाने का है चुनाव


**मिर्जापुर, अमृत विचार।** मिर्जापुर लोकसभा क्षेत्र से सपा इण्डिया गठबंधन प्रत्याशी राजेन्द्र एस बिन्द नेसोमवार को मड़िहान विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण कर जनसंवाद किया। जनचौपाल लगाकर परमापुर, सहरसा, देवरी कलां, जौगढ़, बहेरा, घौघ, अटारी विशुनपुर, जंगल महाल, कल्याणीपुर, बाराडीह, घाटमपुर, शर्मा मोड़ आदि जगह आमजन की समस्याओं को सुना। इस दौरान ग्रामीणो ने जगह-जगह प्रत्याशी को माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। उन्होने समाजवादी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों एवं सिद्धान्तों को जनसंवाद के दौरान लोगो को विस्तार से बताया। इस मौके पर प्रत्याशी राजेन्द्र एस बिन्द ने कहा कि भाजपा की सरकार में लाखों किसानों ने आत्महत्या कर ली।

# अर्शिया ने इंटर में किया टॉप, देश में चौथा स्थान

प्रयागराज


99% अपराजिता | 10.98.2% वैष्णवी | 10.97% अस्मिता | 97.4% सारान्या जायसवाल | 10.96.8% दिव्यांशु प्रजापति | 93.75% कौस्तुव


99% अर्शिया शरीफ


92.25% आयुष सिंह | 97.25% समर्थ अग्रवाल

**अमृत विचार :** आईसीएसई बोर्ड परीक्षा का परिणाम सोमवार को घोषित हो गया। आईसीएसई के दसवीं और बारहवीं की परीक्षा परिणाम में छात्राओं ने फिर इस बार परचम लहराया है। 10वीं में गर्ल्स हाईस्कूल की अपराजिता सिंह ने 99 प्रतिशत अंक हासिल किया। इसी स्कूल की 12वीं की छात्रा अर्शिया शरीफ ने भी 99% अंक पाकर अपना परचम लहराया है।

उन्होंने बताया कि वह कभी कोचिंग नहीं गई, क्योंकि उन्हें स्कूल की टीचर्स व उनकी पढ़ाई पर हमेशा पूरा भरोसा रहा। वह स्कूल में पढ़ाई करती थीं । घर जाकर विधिवत उसे दोहराती थी। दोनों छात्राओं का सपना है कि वह आईएएस अफसर बनकर देश की सेवा करें। 10वीं की अपराजिता परीक्षा देने के बाद ही इंजीनियरिंग की तैयारी के लिए कोटा चली गई। जब रिजल्ट आया तो उसने 99% अंक हासिल किया। वह आठ से 10 घंटे पढ़ाई करती थी। मोबाइल का इस्तेमाल तभी करती थी जब पढ़ाई दो जुड़ी को जरूरत होती थी। अपराजिता आईएएस अफसर बनना चाहती है। उसके परिवार सहयोग उन्हें पूरा मिलता है। अपराजिता की मां डॉ. शालिनी सिंह जगत तारन डिग्री कॉलेज में समाज शास्त्र विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं। उन्होंने बताया कि अपराजिता को साहित्य बहुत पसंद है। अपराजिता के पिता ठेकेदारी करते हैं।


12वीं में 99 प्रतिशत अंक पाने वाली अर्शिया घंटाघर के पास रहती है। पिता शरीफ अहमद जनरल स्टोर चलाते हैं। जबकि मां बिजनेस ही करती हैं। अर्शिया ने बताया कि मोबाइल और सोशल मीडिया से हमेशा दूरी बनाकर रखा है। वह घर पर पांच से सात घंटे पढ़ाई करती थी। अर्शिया आईएएस अफसर बनना चाहती है।

10वीं की छात्रा कृति वाष्णेय ने 97.6% अंक हासिल किया। कृति ने बताया कि "हमनें कभी पढ़ाई करते समय घड़ी नहीं देखी कि कितने घंटे पढ़ाई की है। कृति कहती हैं कि वह कोचिंग नहीं करती थी क्योंकि उसे खुद पर और टीचर्स पर भरोसा था। वह आगे चलकर साफ्टवेयर इंजीनियर बनना चाहती है। कृति के पिता आशुतोष वाष्णेय ज्योतिषाचार्य हैं। इनकी मां इलाहाबाद विश्वविद्यालय में प्रोफेसर है। अंशिका ठुकराल गर्ल्स हाईस्कूल की 12वीं की छात्रा है। इसने 97.75% अंक हासिल किया। अंशिका कहती हैं कि स्कूल की प्रिंसिपल और मां ने हमेशा सपोर्ट किया। वह आगे चलकर लॉ की पढ़ाई करेगी और इसके आगे जज बनना चाहती है। अंशिका सुलेमसराय की रहने वाली है।

## अच्छे अंकों से पास हुए अतीक के बेटे

प्रयागराज। अमृत विचार : माफिया अतीक अहमद के दोनों बेटे अबान अहमद अहमद और अहजम अहमद ने हाई स्कूल व इंटर में आईसीएसई बोर्ड की परीक्षा पास कर ली है। दोनों सेंट जोसेफ कॉलेज से पढ़ाई कर रहे थे। दोनों सिर्फ़ परीक्षा देने के लिए ही स्कूल जाते थे। परीक्षा में दोनों ने अच्छे अंक प्राप्त किये है। सोमवार को आईसीएसई बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित हो गया। मारे गये माफिया अतीक अहमद के दोनों बेटों में अहजम अहमद ने इंटर और अबान अहमद ने हाई स्कूल की परीक्षा पास की है। दोनों ने यह परीक्षा ऑनलाइन दी थी। दोनों कभी स्कूल नहीं गये। स्कूल की प्रिंसिपल के मुताबिक दोनों कभी स्कूल तो नहीं आये लेकिन उनका हर प्रोजेक्ट समय पर जमा होता था। बेटों ने कड़ी मेहनत की है। सोमवार को घोषित हुए से में अतीक के दोनों बेटे 70% के साथ पास हुए हैं। दोनों बेटों के पास होने हटवा गांव में खुशी का माहौल है।

## ओनिका ने हासिल किए 99 फीसदी अंक


10.99%
ओनिका खन्ना

**नैनी, अमृत विचार :** सोमवार को आईसीएससई परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया। हाईस्कूल में सेंट जॉन्स एकेडमी की ओनिका खन्ना ने 99% अंक हासिल कर स्कूल और अपने माता पिता का मान बढ़ाया है। ओनिका भदोही निवासी व्यापारी मानस खन्ना की पुत्री है। उसकी मां श्वेता खन्ना गृहणी हैं। वह दो बहन और एक भाई में सबसे बड़ी है। बहन निशिका आठवीं और भाई राघव प्रेप का छात्र है। ओनिका कालेज के हास्टल में रहकर पढ़ाई करती है। उसने बताया कि वह सामान्य तरीके से अपनी पढ़ाई करती थी। कालेज के शेड्यूल के हिसाब से पढ़ना, खेलना, सोना और खाना होता था। पढ़ाई में तेज होने के साथ ही वह बेहतरीन एथलीट है। उसने राष्ट्रीय स्तर पर डिस्कस थ्रो में खेल चुकी है। उसे लोगों के बीच में बाद-विवाद करना, कहानी और नावेल की किताबें पढ़ना अच्छा लगता है। ओनिका आगे चलकर स्त्री रोग विशेषज्ञ बनना चाहती हैं। उनका कहना है कि जिस प्रकार कोरोना के समय में डॉक्टरों ने लोगों की जान बचाई। उसी से उन्हें चिकित्सक बनने की प्रेरणा मिली।

# ईवीएम में आई खराबी तो 10 मिनट में बदलेगी टीम

▸▸ **218 मजिस्ट्रेटों के पास रहेगी 873 अतिरिक्त ईवीएम**

**प्रतापगढ़ अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग सतर्कता बरत रहा है। नामांकन की तिथि बीतने के बाद अब चुनाव की तैयारियों में और तेजी आ गई है। मतदान शुरू होने के बाद वोटिंग प्रक्रिया निर्धारित समय के बीच तक बाधित न होने पाए, इसके लिए अधिकारियों ने खास तैयारी की है। इस बार के चुनाव में सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट के पास चार-चार ईवीएम गाड़ी में मौजूद रहेगी। जब किसी भी बूथ पर ईवीएम मशीन की खराबी की जानकारी मिलेगी, अधिकारी मात्र दस मिनट में वहां पहुंच जाएंगे। जनपद में सात विधानसभा क्षेत्र हैं। कौशांबी लोकसभा क्षेत्र के लिए 20 मई और प्रतापगढ़ लोकसभा क्षेत्र के लिए 25 मई को मतदान होना है। चुनाव कराने के लिए 11 हजार 49 ईवीएम की व्यवस्था की गई है। इसमें बैलेट यूनिट 4087, कंट्रोल यूनिट 3391 व 3571 वीवीपैट है। इसमें 10 हजार 90 ईवीएम से लोकसभा चुनाव कराया जाना है। चुनाव में इस्तेमाल किए जाने वाले तीन हजार 276 कंट्रोल यूनिट, तीन हजार 276 बैलेट यूनिट और तीन हजार 538 वीवीपैट को अलग से रख दिया गया है। पोलिंग पार्टियों की रवानगी के दौरान 218 मजिस्ट्रेटों के पास 873 अतिरिक्त ईवीएम रहेगी।

## पोलिंग पार्टी रवाना स्थल पहुंचे प्रेक्षक

**प्रतापगढ़ अमृत विचार :** कौशाम्बी और प्रतापगढ़ संसदीय सीट के सामान्य प्रेक्षक सोमवार को एसपी संग पोलिंग पार्टी रवाना होने के स्थल एटीएल ग्राउंड पहुंचे। दोनों प्रेक्षक ने ग्राउंड में की जाने वाली व्यवस्था की जानकारी ली। लोकसभा सीट प्रतापगढ़ के सामान्य प्रेक्षक पवन कुमार मालापति, कौशाम्बी के सामान्य प्रेक्षक डॉ. विशाल आर शाम को एसपी सतपाल अंतिल, सीडीओ नवनीत सेहारा के साथ एटीएल ग्राउंड पहुंचे। दोनों प्रेक्षकों ने मतदान कार्मिकों के लिए सामाग्री वितरण, सामाग्री मिलान और वाहन पार्किंग के बारे में जानकारी ली। साथ ही गर्मी को देखते हुए कार्मिकों की भीड़ को देखते हुए समुचित व्यवस्था करने के लिए कहा।

# नंदी बोले- मोदी ने सबको भेजा है.. राम राम

प्रतापगढ़


बूथ पदाधिकारियों के साथ मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी एवं प्रत्याशी संगम लाल गुप्ता।

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी पट्टी में बूथ सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। उन्होंने कहा है कि मोदी ने प्रतापगढ़ के सब लोगों को अपना राम-राम भेजी है। सबको उनकी तरफ से मैं राम-राम कहने आया हूं।

कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल अयोध्या में श्री राम लला के दर्शन करने आए और हम सब से यह कह गए हैं कि उनकी तरफ से प्रदेशवासियों को उनका राम-राम भेजा जाए। इसी कड़ी में मैं आज पट्टी के लोगों को मोदी की तरफ से राम-राम कह रहा हूं। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन 25 को सारे बूथ प्रमुख, पन्ना प्रमुख पहले मतदान करें और उसके बाद जलपान की तैयारी। पूर्व सांसद, विधायक, किसी भी पालिका पंचायत के सदस्य पदाधिकारी सब लोग मतदान के दिन एक बार अपने बूथ पर जरूर जाएं। बूथ की ताकत ही पार्टी की रीढ़ है। भाजपा प्रत्याशी सांसद संगम लाल गुप्ता, पूर्व मंत्री मोती सिंह,भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव,राय साहब सिंह,राजेश सिंह समेत कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### एसपी ने समीक्षा गोष्ठी में दिया आवश्यक दिशा-निर्देश

**मिर्जापुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन ने सोमवार को पुलिस लाइन स्थित चुनाव सेल में जनपदीय पुलिस बल के समस्त राजपत्रित अधिकारीगण के साथ की समीक्षा गोष्ठी की गयी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन को आदर्श आचार संहित का अनुपालन करते हुए नामांकन प्रक्रिया सहित अन्य चुनावी प्रक्रियाओं को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### 25 हजार का इनामिया पुलिस मुठभेड़ में घायल, गिरफ्तार

**मिर्जापुर, अमृत विचार :** क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में थाना जिगना पुलिस व एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना जिगना पर पंजीकृत 25 हजार का ईनामियां अभियुक्त आकाश बिन्द पुत्र देवमणी बिन्द निवासी ढेबुहा थाना विन्ध्याचल जनपद मिर्जापुर को आज थाना जिगना क्षेत्रांतर्गत मछहा बन्धा के पास से वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त ने गिरफ्तारी से बचने हेतु पुलिस टीम पर फायरिंग कर भागने का प्रयास किया गया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी कार्यवाही में अभियुक्त के पैर में गोली लगी है। पुलिस मुठभेड़ में घायल/गिरफ्तार अभियुक्त आकाश बिन्द को पुलिस अभिरक्षा में इलाज हेतु सरोई भिजवाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के उपरान्त मण्डलीय चिकित्सालय रेफर किया गया। अभियुक्त के पास से घटना में प्रयुक्त 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय 01 अदद जिन्दा व 01 अदद खोखा कारतूस व घटना में प्रयुक्त एक अदद अपाचे मोटरसाइकिल (बिना नम्बर प्लेट) बरामद किया गया।

### दो बच्चों की मां एक युवक के साथ फुर्र

**हलिया (मिर्जापुर) :** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दो बच्चों की मां बच्चों को घर पर छोड़कर एक युवक संग भाग गई पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया। पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई। स्थानीय थाना क्षेत्र के मुड़पेली गांव निवासी पवन कुमार ने हलिया थाने में सोमवार को तहरीर देकर बताया कि बीते एक मई को 6 वर्षीय बेटी तथा दो वर्षीय बेटा को घर पर छोड़कर पड़ोसी गांव निवासी एक युवक संग उनकी पत्नी भाग गई इस संबंध में थानाध्यक्ष विष्णु प्रभा सिंह का कहना है कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### अज्ञात वाहन के चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**अहरौरा (मिर्जापुर) :** सोमवार समय 3 .00 बजे को अदलहाट थाना क्षेत्र के वाराणसी शक्ति नगर मुख्य मार्ग पर बभनी गेट के पास बाइक सवार वृद्ध मजीद पुत्र स्वर्गीय मटरू उम्र 74 वर्ष निवासी ग्राम सभा लोहरा मोहल्ला गुलरहवा जिला सोनभद्र अज्ञातवाहन के चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया घायल की सूचना मिलते ही पहुंची। 108 एम्बुलेंस की इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन शैलेंद्र यादव और पायलट शशिकांत ने तुरंत घायलों को एंबुलेंस के द्वारा अहरौरा सीएससी पर लाया गया जहां डॉक्टर द्वारा चेक करने के उपरांत मृत घोषित कर दिया गया।

### जौनपुर सीट से अब बहुजन समाज पार्टी ने प्रत्याशी बदला

**जौनपुर, अमृत विचार :** सदर लोकसभा जौनपुर सीट से अब बहुजन समाज पार्टी ने प्रत्याशी बदला है धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला रेड्डी का टिकट कट गया है। पार्टी ने निवर्तमान सांसद श्याम सिंह यादव को टिकट दिया है। बहुजन समाजवादी पार्टी ने जौनपुर सीट से उम्मीदवार नेता धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला सिंह का टिकट काट दिया है। अब यहां से श्याम सिंह यादव को बसपा ने उम्मीदवार बनाया है। वे नामांकन के आखिरी दिन पर्चा दाखिल करेंगे। कुछ दिनों पहले से ही श्रीकला का टिकट कटने की चर्चा चल रही थी, रविवार की शाम नगर स्थित केंद्रीय कार्यालय पर उद्घाटन करते समय बसपा कोऑर्डिनेटर घनश्याम चंद्र खरवार ने इसे अफवाह बताया था। सोमवार की सुबह उनके टिकट कटने की पुष्टि बसपा जिलाध्यक्ष संग्राम भारती ने की। उन्होंने बताया कि श्रीकला सिंह का टिकट कट गया है अब उनकी जगह बसपा के निवर्तमान सांसद श्याम सिंह यादव नामांकन करेंगे। इनके टिकट कटने का कारण क्या है यह तो नहीं पता। उधर टिकट कटने के बाद श्रीकला ने समर्थककार्यकर्ताओं की बैठक बुलाई है। बैठक में तय किया जाएगा कि श्रीकला सिंह निर्दल चुनावी मैदान में ताल ठोकेंगी या नहीं। श्रीकला ने चार दिन पहले ही पर्चा दाखिल किया था।

### सिलाई प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ

**जौनपुर, अमृत विचार :** आर्थिक रूप से कमजोर युवतियों व महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए सखी वेलफेयर फाउंडेशन तथा मानव सेवा के प्रति समर्पित अंतरराष्ट्रीय संस्था रोटरी क्लब जौनपुर के संयुक्त प्रयास से जहांगीराबाद स्थित प्रशिक्षण केंद्र पर पूर्ण सिलाई व कढ़ाई प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवा भारती जौनपुर के अध्यक्ष डॉ तेज सिंह, रोटरी अध्यक्ष सी ए सुजीत अग्रहरि, सखी वेलफेयर की अध्यक्ष प्रीति गुप्ता, प्रशिक्षिका आंचल गुप्ता, स्वयंसेवक नारायण चौरसिया, विवेक सेठी सहित संस्थाओं के सदस्यों ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित किया, तत्पश्चात रंगीले निषाद ने मानव सेवा से संचारित गीत प्रस्तुत कर सबको मानव सेवा कार्य के लिए प्रेरित किया इस अवसर पर डॉ तेज सिंह ने कहा कि महिलाएं स्वरोजगार से ही आत्मनिर्भर बन सकती हैं, जिसके लिए उनका शिक्षित एवं विभिन्न कार्यों में दक्ष व निपुण होना आवश्यक है। सखी वेलफेयर तथा रोटरी के संयुक्त प्रयास से आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं एवं युवतियों को सिलाई कढ़ाई कार्य में प्रशिक्षण द्वारा दक्ष बनाने से निश्चित रूप से उनकी आत्मनिर्भरता में बृद्धि होगी एवं यह अपनी जीविकोपार्जन बेहतर ढंग से कर सकेंगी।

### भाजपा प्रत्याशी के भाई के काफिले पथराव

**प्रतापगढ़ अमृत विचार :** चुनाव प्रचार कर सोमवार रात को वापस लौट रहे भाजपा प्रत्याशी संगम लाल गुप्ता के भाई दिनेश गुप्ता के काफिले के वाहन पर कोहड़ौर के कांधरपुर बाजार के शराब ठेके के सामने पथराव हुआ। इससे उनके दो वाहनों के शीशे टूट गए। घटना के समय दिनेश आगे चल रहे थे। सूचना पर गाड़ी रोक कर वापस मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक पथराव करने वाले भाग चुके थे। मामले में एसओ व एसपी से शिकायत की गई है। भाजपा प्रत्याशी संगम लाल गुप्ता के भाई दिनेश गुप्ता सोमवार को कोहड़ौर क्षेत्र में प्रचार के लिए निकले हुए थे। रात करीब साढ़े आठ बजे वह अपने काफिले के साथ वापस आ रहे थे। कांधरपुर बाजार में शराब ठेके के सामने उनके पीछे चल रहे दो वाहनों पर कुछ लोगों द्वारा पथराव किया गया। घटना के दौरान दिनेश आगे चल रहे थे। सूचना पर वापस लौटकर पूरे घटनाक्रम की जानकारी बड़े भाई सांसद संगम लाल गुप्ता को दी।

# पत्नी को बचाने पहुंचा पति कुएं में गिरा, दोनों की मौत

▸▸ **घटना से पहले पति-पत्नी के बीच हुआ था विवाद**

प्रयागराज

**अमृत विचार:** हंडिया थाना क्षेत्र के दुल्लापुर गांव में पति और पत्नी के बीच रविवार की रात किसी बात को लेकर जमकर विवाद हुआ। जिसके बाद तैश में आकर घर के पास कुएं पास पहुंची और छलांग लगा दी। पत्नी को बचाने पहुंचे पति ने पत्नी का हांथ पकड़ा और वह भी कुएं में गिर गया जिससे दोनो की मौत हो गयी।

हंडिया थाना क्षेत्र के दुल्लापुर गांव रहने वाले लवकुश विश्कर्मा की शादी भदोही जिले के सुरियावा गांव कन्हैया में पिंकी 32 के साथ हुई थी। दोनों के कुल 7 बेटियां हैं। रविवार की देर रात पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। गुस्से में आकर पिंकी खुदकुशी करने के लिए घर के समीप कुएं मे कूदने पहुंची। उसे भागता देख लवकुश उसको बचाने के लिए दौड़ा और जैसे ही पत्नी ने छ्लांग लगाई लवकुश ने उसका हाथ पकड़ कर बचाने लगा, लेकिन पत्नी के साथ वह भी कुएं में गिर गया। सूचना पाकर कोतवाल हंडिया के अलावा का एसीपी हंडिया भी मौके पर पहुंच गए फायर ब्रिगेड की मदद से दोनों का शव बाहर निकलवाया गया।

## विवाहिता की गला रेत कर हत्या

**जौनपुर, अमृत विचार :** बलुआ घाट निवासी मोहम्मद इसाक के पुत्र मोहम्मद इरफान की पत्नी शबीना 28 वर्ष अपने मकान में ही सुबह से थी जबकि उसके परिजन रन्नो में शादी में शामिल होने गए हुए थे। रन्नो में आज दावते वलीमा था, सोमवार की दोपहर में इरफान का भांजा इश्तियाक जब घर पर हेलमेट लेने पहुंचा तो देखा कि शबीना बेड के नीचे पड़ी हुई है और उसकी गर्दन धारदार हथियार से कटी हुई है, उसने मोहल्ले वालों को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है थाना प्रभारी मिथिलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से नमूने ले लिए हैं, मोबाइल को कब्जे में लेकर जांच की जा रही है।

# जनता से किये वादे पर विफल साबित हुई सरकार : डॉ.एसपी


जनसम्पर्क के दौरान बच्चे से हांथ मिलाते सपा प्रत्याशी पूर्व एमएलसी डॉ . एसपी सिंह।

**प्रतापगढ़ अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी( इंडिया गठबंधन) के प्रत्याशी पूर्व एमएलसी डॉ . एसपी सिंह पटेल ने सोमवार को कार्यकर्ताओं के साथ सदर विधानसभा के चलाकपुर फरोसन, मामूली, लवली पोक्ताखाम, वर्मा बस्ती, धरौली, कोंहड़ौर, अंसारी गली, रहमान हात, मदुरा रानीगंज, पालूपुर, पड़री पाल, भगवा सहित दर्जनों गांव में जनसंपर्क एवं बैठक के जरिए अपने पक्ष में जन समर्थन मांगते हुए आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि महंगाई और बेरोजगारी आज चरम सीमा पर है। इस दौरान पूर्व विधायक नागेंद्र यादव मुन्ना, कमरुल हसन,अजीमुल्लाह,मुन्ना तिवारी, मोतीलाल वर्मा,राजू सिंह, बृजलाल पटेल,सुरेश यादव,रामबहादुर पटेल आदि लोग मौजूद रहे।

**परीक्षाफल** — हाईस्कूल में दूसरे स्थान पर प्रभात एकेडमी के ताबिश, तीसरे पर रहे सरोजनी कान्वेंट के आदर्श

# आइसीएसई बोर्ड : हाईस्कूल में समृद्ध, इंटर में आलोक अव्वल

प्रतापगढ़


परीक्षा परिणाम आने के बाद खुशी से उछल पड़े एनपीएस स्कूल के छात्र-छात्राएं।

**अमृत विचार :** आइसीएसई बोर्ड हाईस्कूल एवं इण्टर मीडिएट का परीक्षा परिणाम सोमवार को घोषित हुआ। बच्चों को मिठाई खिलाकर परिजनों व शिक्षकों ने बधाई दी।

जनपद प्रतापगढ़ में आइसीएसई बोर्ड के दसवीं तक के तीन स्कूल तथा बारहवीं का एक विद्यालय है। हाईस्कूल की परीक्षा में डेढ़ सौ तथा इण्टर की परीक्षा में 82 छात्राओं ने हिस्सा लिया था। सोमवार दोपहर में परीक्षा का परिणाम बोर्ड द्वारा घोषित किया गया। इसमें हाईस्कूल की परीक्षा में सरोजनी कान्वेंट स्कूल लालगंज के समृद्ध सोमवंशी 94.7 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में टाप किया। दूसरे स्थान पर प्रभात एकेडमी के ताबिश रहे। इन्हें 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं, तीसरे स्थान पर रहे सरोजनी कान्वेंट स्कूल लालगंज के आदर्श मिश्र ने 94 प्रतिशत अंक हासिल किए। चौथे स्थान पर रहे नेशनल पब्लिक स्कूल के प्रतीक रंजन को 93 प्रतिशत अंक मिले। 12वीं की परीक्षा में प्रभात एकेडमी के छात्र आलोक बरनवाल ने 88 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में टाप किया। दूसरे स्थान पर इसी विद्यालय की शोभना तिवारी व वर्षा मिश्रा रही। दोनों को 86.4 प्रतिशत अंक मिले। इसी विद्यालय की नशरा बानो ने 86 प्रतिशत अंक हासिल कर तीसरा स्थान बनाया। प्रभात एकेडमी के प्रधानाचार्य डा. प्रभात शर्मा ने बच्चों को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इसी तरह नेशनल पब्लिक स्कूल के प्रबंधक राम मिलन शुक्ल व प्रधानाचार्य शर्मिला शुक्ला ने बताया कि हाईस्कूल में स्कूल के शत-प्रतिशत बच्चे उत्तीर्ण हुए हैं। जिले में तीसरे तथा स्कूल में प्रथम स्थान पर प्रतीक रंजन रहे। स्कूल में दूसरे स्थान पर रहे सूर्यांश प्रताप सिंह को 92 प्रतिशत, तीसरे स्थान पर रही खुशी मौर्या को 91 प्रतिशत अंक मिले।

## समृद्ध सोमवंशी की सफलता से खुश हैं परिजन


परीक्षा परिणाम देखने के बाद खुशी जताते प्रभात एकेडमी के छात्र-छात्राएं।

**लालगंज प्रतापगढ़ अमृत विचार :** आइसीएसई बोर्ड की हाईस्कूल की परीक्षा में लालगंज के वर्मा नगर स्थित सरोजनी कान्वेंट स्कूल का छात्र समृद्ध सोमवंशी 94.7 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में अव्वल रहे। समृद्ध के अलावा यहां के छात्र आदर्श मिश्र ने 94 प्रतिशत, संयम पांडेय ने 92 प्रतिशत तथा मो. उमर, तुषा शुक्ला व ऋषभ पांडेय ने 90 प्रतिशत अंक हासिल करके स्कूल व क्षेत्र का मान बढ़ाया है। बच्चों की सफलता पर सरोजनी कान्वेंट स्कूल के प्रबंधक अजय श्रीवास्तव ने खुशी जताई है। प्रबंधक ने टापर समृद्ध सोमवंशी समेत स्कूल के मेधावी बच्चों का मुंह मीठा कराकर सम्मानित किया।

माता यस्य गृहे नास्ति भार्या चाप्रियवादिनी।
अरण्यं तेन गन्तव्यं यथारण्यं तथा गृहम् ॥

जिसके घर में न माता हो और न स्त्री प्रियवादिनी हो, उसे वन में चले जाना चाहिए क्योंकि उसके लिए घर और वन दोनों समान ही हैं ।

## संपादकीय

# स्कूलों को धमकी

दिल्ली के बाद अब अहमदाबाद में आठ स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी वाला ईमेल मिला है। इससे अभिभावकों में दहशत है। प्रारंभिक जांच के अनुसार ईमेल भारत के बाहर से भेजा गया है। दरअसल लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मंगलवार को तीसरे चरण के लिए मतदान किया जाना है। गुजरात की 25 लोकसभा सीटों के लिए मतदान होगा। इससे ठीक एक दिन पहले सुबह के समय एक ईमेल मिला, जिसमें स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। अहमदाबाद में वीआईपी आवागमन बना रहता हैं। मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल समेत तमाम बड़ी हस्तियों के वोट डालने की संभावना है। इसके चलते अहमदाबाद पुलिस डॉग स्क्वायड और बम निरोधक दस्ते के साथ स्कूलों की जांच में जुटी है। बेंगलुरु, दिल्ली के बाद अब अहमदाबाद में अफरातफरी का माहौल है। इस धमकी के बाद परिजन परेशान हो गए। पुलिस ने अभिभावकों से परेशान नहीं होने की अपील की है। निश्चित रूप से बम संबंधी ईमेल भेजने का मकसद बड़े पैमाने पर दहशत पैदा करना और सार्वजनिक व्यवस्था को बिगाड़ना था।

गौरतलब है कि 1 मई को दिल्ली-एनसीआर में करीब 100 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी ईमेल के जरिए भेजी गई थी। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और नोएडा के अलावा बेंगलुरु, कोलकाता और चेन्नई सरीखे महानगरों के स्कूलों में भी ऐसी फर्जी और अफवाह वाली मेल भेजी जा चुकी हैं। दहशत फैलाने वाले का मकसद क्या था, इस बाबत पुलिस की जांच जारी है। पुलिस का मानना है कि संभव है कि इसके लिए 'डार्कनेट' या 'प्रॉक्सी सर्वर' का प्रयोग किया गया हो। पुलिस की आतंकवाद विरोधी ईकाई, स्पेशल सेल भी जांच में जुटी है। साजिशकर्ता कहीं भी बैठकर ये मेल भेज सकते थे। दो वर्ष पहले भोपाल के मिशनरी स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल भेजने के मामले में साइबर क्राइम पुलिस ने खुलासा किया था कि वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क के जरिए जनरेट होने वाले इंटरनेट प्रोटोकोल एड्रेस के माध्यम से ईमेल स्कूलों की मेल आईडी पर आने की जानकारी एवं साक्ष्य उस विवेचना में मिले। उस समय भी सवाल था कि यह किसी आतंकी हमले का पूर्वाभ्यास भी हो सकता है? क्या आतंकी ताकतें हमारी व्यवस्था को सचेत कर, अंततः लापरवाह कर देना चाहती हैं, ताकि असल हमला किया जा सके। हालांकि इन ईमेल के मूल तक पहुंचना या साजिशकर्ता को चिह्नित करना लगभग 'असंभव' है। क्योंकि ईमेल भेजने के बाद ऐसे अकाउंट समाप्त कर दिए जाते हैं। ऐसी धमकियां भी 'साइबर अपराध' का हिस्सा हैं, जिसके खिलाफ कार्रवाई के लिए अतिरिक्त सक्रियता बरतने की जरूरत है।

# जीतेगी पार्टी और हारेगी जनता


डॉ. अजय कुमार मिश्रा
लखनऊ

एक तरफ एनडीए का गठबंधन और दूसरी तरफ इंडिया का गठबंधन अपने अनुभव के आधार पर सत्ता का ख्वाब देख रहा है। देश को मिली आजादी के बाद से अनेक अप्रत्याशित बड़े बदलाव हुए हैं, पर यह भी जमीनी सच्चाई है कि अपेक्षित प्रगति और बदलाव आज तक नहीं हुआ है जिसकी वजह से अस्थिरता और व्यापक अंतर हर तबके में विद्यमान है।

18 वीं लोकसभा के गठन के लिए चुनाव प्रक्रियारत है। देश में अनेक राजनैतिक पार्टियां अपना भविष्य आजमा रही हैं, जबकि मुख्य रूप से दो पार्टी बीजेपी और कांग्रेस सत्ता पाने की दौड़ में है। एक तरफ एनडीए का गठबंधन और दूसरी तरफ इंडिया का गठबंधन अपने अनुभव के आधार पर सत्ता का ख्वाब देख रहा है। देश को मिली आजादी के बाद से अनेक अप्रत्याशित बड़े बदलाव हुए हैं, पर यह भी जमीनी सच्चाई है कि अपेक्षित प्रगति और बदलाव आज तक नहीं हुआ है जिसकी वजह से अस्थिरता और व्यापक अंतर हर तबके में विद्यमान है। दुनियां के सबसे बड़े लोकतंत्र में निष्पक्ष चुनाव भी विवादों से बच नहीं पाया है। यदि आप कुछ लोगों से और राजनैतिक पार्टियों के प्रवक्ताओं से बात करेगे तो ईवीएम पर भी बड़ा प्रश्न समझ में आएगा। पर इन सभी बातों के बीच एक महत्वपूर्ण बात जो आजादी के बाद से चली आ रही है उस पर ध्यान शायद ही किसी का हो और इस लोकसभा चुनाव भी यही होगा- "जीतेगी पार्टी, हारेगी जनता"। यह केवल एक वाक्य नहीं है बल्कि अपने देश की वास्तविक सच्चाई भी है यह तभी समझ में आएगा जब आप निष्पक्ष और गहराई से इसका आकलन करके निष्कर्ष पर पहुंच पाए।

साम्प्रदायिकता : आप क्या है? एक इन्सान या फिर एक जाति और धर्म जिसे मानवीय नेतृत्व ने निर्धारित किया है। आजादी के पश्चात से लेकर अभी तक में सांप्रदायिकता अपने चरम पर है। शिक्षित और अशिक्षित सभी श्रेणी के लोगों में इसका जहर अपना अमिट प्रभाव बना चुका है, जिसका खामियाजा छुट-पुट रूप में दिख रहा है पर आगामी समय में इसके बड़े दुष्परिणाम को रोकना लगभग असंभव होगा और यदि आप यह सोच रहे हैं कि आप इससे बचे रह जाएंगे तो आप गलत हो क्योंकि इसका खामियाजा प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर सभी को कुछ न कुछ उठाना पड़ेगा। हां प्राप्त नुकसान का प्रतिशत कम या अधिक हो सकता है और हां इस बात के लिए सभी राजनैतिक पार्टियों को बराबर का जिम्मेदार बनाया जा सकता है।

भ्रष्टाचारः दशकों से अलग-अलग नेतृत्वकर्ताओं के द्वारा किया गया वायदा और बनाए गए नियम एक बार नहीं लगातार विफल सभी को दिखाई दे रहे हैं। समय और तकनीकी के विकास के साथ भ्रष्टाचार का नया स्वरुप सामने आया है। कमी होने के बजाय इसमें वृद्धि हुई है। इसके लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार किसे बनाया जाए, यह कहा नहीं जा सकता, क्योंकि अघोषित इस संगठन के कितने हिस्से और लोग हैं, आज तक किसी को नहीं पता। पर यह आपके जीवन का एक अभिन्न हिस्सा हो गया है और यह कहा जा सकता है की यह कुछ एक को छोड़ करके सभी के ब्लड में शामिल हो गया है।



आजादी पर रोक : आजादी के पश्चात से लेकर आज तक सभी सत्ताधारियों ने अपने हित के लिए अनेक लोगों की आजादी पर रोक लगाई है। फिर चाहे जेल में डालना हो या लोगों को पब्लिक में जाने से रोकना या फिर लोगों को एकजुट होने से तोड़ना हो। आखिर आज भी कोई निर्भय होकर कुछ बातों का प्रश्न जान सकता है क्या? यह कहा जा सकता है नहीं और ऐसे में समय के बढ़ने के साथ साथ इसमें अधिक रोक की संभावना दिखाई पड़ रही है। बेरोजगारी : जब देश पर शासन करने वाले लोगों को सरकारी बैलेंसशीट लाभ में चाहने लगे तो रोजगार की अपेक्षा करना सबसे बड़ा झूठा ख्वाब देखने जैसा है। अब सरकारें चाहें वो केंद्र की हो या राज्य की सभी रोजगार के मुद्दे को लेकर विफल हो चुकी है।

आजादी पर रोकः आजादी के पश्चात से लेकर आज तक सभी सत्ताधारियों ने अपने हित के लिए अनेक लोगों की आजादी पर रोक लगाई है। फिर चाहे जेल में डालना हो या लोगों को पब्लिक में जाने से रोकना या फिर लोगों को एकजुट होने से तोड़ना हो। आखिर आज भी कोई निर्भय होकर कुछ बातों का प्रश्न जान सकता है क्या? यह कहा जा सकता है नहीं और ऐसे में समय के बढ़ने के साथ साथ इसमें अधिक रोक की संभावना दिखाई पड़ रही है। बेरोजगारीः जब देश पर शासन करने वाले लोगों को सरकारी बैलेंसशीट लाभ में चाहने लगे तो रोजगार की अपेक्षा करना सबसे बड़ा झूठा ख्वाब देखने जैसा है। अब सरकारें चाहें वो केंद्र की हो या राज्य की सभी रोजगार के मुद्दे को लेकर विफल हो चुकी है। बढ़ती कॉन्ट्रैक्ट प्रणाली, निजीकरण भले ही सरकारी रोजगार ख़त्म कर रहे हों पर इस बात को भी झुठलाया नहीं जा सकता कि ठेका प्रणाली के विस्तार से आज कार्यरत सभी आदमी मानसिक बीमारी का शिकार है जिसका आकलन भी कोई नहीं करना चाहता। कार्य के घंटे, भुगतान, शिकायत निवारण न होना जैसे अनेक ऐसी बातें है जो आम आदमी के जीवन को खत्म कर रही हैं।

बढ़ती महंगाई और सीमित होते सामाजिक कार्य : महंगाई की स्थिति इतनी भयानक है कि आज हर आदमी अपनी जमीनी आवश्यकताओं से समझौता कर रहा है। वहीं दूसरी तरफ आम आदमी के हितों की अनदेखी के साथ-साथ सरकारी योजनाओं की घटती संख्या उनमें अवसाद उत्पन्न कर रही है। वैश्विक मानकों के तहत आज देश में शायद ही कोई प्रभावशाली योजना हो जो आम आदमी के जीवन में ऐतिहासिक बदलाव सहयोग करके ला रही हो ।

लिखने और कहने को अनेक मुद्दे और बातें है पर वर्तमान सच्चाई यह है कि दशकों पूर्व हम जिन मुद्दों से लड़ रहे थे अब वो मुद्दे अपने नए स्वरुप में सभी के सामने हैं और समाधान किसी के पास नहीं है। जमीनी आवश्यकता रोटी, कपड़ा, मकान, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, न्याय से दशकों पहले हम अपने जीवन में इनकी अनुपस्थिति से लड़ रहे थे। अब हम इनकी उपस्थिति के बावजूद इनकी लागत को न उठा पाने से लड़ रहे है। आज प्रत्येक आदमी इन मुद्दों के नए स्वरुप से लड़ रहा है और बिना किसी भेदभाव या पक्षपात के यह आसानी से कहा जा सकता है कि "जीतेगी पार्टी, हारेगी जनता"। क्योंकि इन समस्याओं ने इतना विकराल स्वरुप बना लिया है जिसका समाधान करने की शायद ही कोई सोचे। आज भी चुनाव हो रहे है आगे भी होते रहेंगे। एक दो नहीं बल्कि ऐसी अनेक बातें आएंगी और जाएंगी, जो सभी को आश्चर्यचकित कर देंगी। पर यह भी अमिट सत्य है कि इन अव्यवस्था के लिए सिर्फ एक पार्टी या राजनैतिक दल जिम्मेदार नहीं है बल्कि शासन करने वाला प्रत्येक सख्श जिम्मेदार है जिसने इन मुद्दों से लड़ने के लिए समय पर सही कार्यवाही नहीं की।

## प्रसंगवश

# हमारे परिवार नहीं है


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

इन दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चुनावी जन सभाओं में यह बात जोर शोर से कह रहे हैं कि, 'हमारे तो परिवार नहीं है, हम तो आपके परिवार, बच्चों के लिए खप रहे हैं'। इस तरह वे अपने को त्यागमूर्ति साबित करके देश हित हेतु समर्पित सिद्ध कर रहे हैं। विचार करने पर उनके इस उद्घोष में सत्यता नहीं परिलक्षित होती है। उनके परिवार तो है। विधि सम्मत विवाहिता पत्नी अभी विद्यमान होकर परित्यक्त जीवन व्यतीत कर रही हैं। रही दूर रखने की बात, तो यह हिंदू धर्म व संस्कृति तथा कानूनी प्रावधानों से भी मेल नहीं खाता। विष्णु और शिव संसार का प्रभार उठाए हैं। उनकी पत्नियां साथ हैं। शिव जी ने तो अपने अर्द्ध वाम अंग में ही पार्वती माता को स्थान दे दिया है और अर्द्धनारीश्वर होकर लोक पूज्य है। यही नहीं भारत के महापुरुष, जिनकी राष्ट्र व समाज के प्रति अप्रतिम सेवाएं रहीं हैं, पत्नी साथ रखते रहे हैं। गांधी और डा.राजेन्द्र प्रसाद के नाम इस प्रसंग में हम ले सकते हैं। जहां तक कानून का प्रश्न है, तो वैध तलाक के लिए हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 13 के अंतर्गत न्यायालय की डिग्री होनी चाहिए। मोदी जी के केस में ऐसा कुछ नहीं है, यानी देश के कानून के अनुसार पृथकत्व नहीं है। परिवार में भाई, भतीजे भी आते हैं। भतीजी विगत में गुजरात में, पार्षद चुनाव लड़ने का भाजपाई टिकट चाहती थी, जो उसे नहीं दिया गया, ताकि वंश में कोई और आगे न बढ़ सके। फैसला तो जनता करती। एक सुभाषित है-परिवर्तिनि संसारे मृतः को वा न जायते।/स जातो येन जातेन याति वंशः समुन्नतिम्।। (अर्थात् परिवर्तनशील संसार में मरता जीता कौन नहीं है? किंतु उसी का जन्म सार्थक है, जिससे वंश/कुल की उन्नति हो।)

पत्नी व परिवार के त्यागी मोदी ने क्या भव्य बंगला और उच्चकोटि की सुख सुविधाएं भी त्यागीं? नहीं। चार करोड़ से ऊपर का सूट पहना। वैसे चाणक्य भी समृद्धतम राज्य के प्रधानमंत्री थे, जो नगर के बाहर कुटिया में रहकर राजकाज करते और बेहद सादा जीवन व्यतीत करते थे।

# पहाड़ों में धधकी हुई है आग


अशोक पांडे
हल्द्वानी

विकास और वैज्ञानिक प्रगति का आलम यह है, हमेशा की तरह हर कोई इस बार भी बारिश का इंतज़ार कर रहा है। उसी का सहारा है। हमेशा की तरह।

अकेले कुमाऊं में पांच सौ से अधिक जगहों पर दावानल का कहर बरपा है। पांच लोग जल कर मर चुके हैं और तमाम जगहों से आग के विकराल स्वरूप के डरावने वीडियो सामने आ रहे हैं। शहरों-गांवों की हवा में इस कदर धुआं घुल चुका है कि लोग बीमार पड़ रहे हैं, बच्चों-बुजुर्गों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है। जो अभी घट रहा है उसकी पहले से ही आशंका थी क्योंकि जंगलों का सुलगना इस साल जनवरी में ही शुरू हो गया था। यह और बात है कि हमेशा की तरह इस बार भी किसी ने समय रहते उसकी सुध न ली।

पहाड़ की सुंदरतम जगहों में हफ्तों से धुएं का गहरा परदा पड़ा हुआ है, हवा गाढ़ी हो गई है, धूप का निशान नहीं है। उसके बावजूद कल मैं देख रहा था भीमताल की झील का पानी हेलीकॉप्टरों की मदद से उठा कर जंगलों की आग के ऊपर बरसाया जा रहा था। इस दृश्य से मुदित कुछ युवा पर्यटक हेलीकॉप्टर के साथ सेल्फी ले रहे थे। पास के खोखे में उनके लिए मैगी उबल रही थी। पर्यटन और रोजगार का अद्भुत मॉडल सामने था।

पहाड़ों में अमूमन इस मौसम में आग लगना आम है। सदियों से यह परंपरा रही है कि चारे के लिए अच्छी घास उगाने की नीयत से जंगलों में फैली हुई चीड़ की सूखी पत्तियों यानी पिरूल को नियंत्रित रूप से जलाया जाता था। इस आग को नियंत्रित करने के लिए जंगलात विभाग ने बाकायदा पतरौल और अगलैन जैसे पदों पर लोग तैनात किये हुए थे। इस विभाग में काम कर चुके पुराने अफसरों के संस्मरण पढ़िए तो पता चलता है समूचा डिपार्टमेंट इस बात को सुनिश्चित करता था कि हर साल अप्रैल-मई-जून में लगने वाली इस आग से कम से कम नुकसान हो। उत्तराखंड बनने के बाद जंगल में लगने वाली आग से निबटने के लिए अलग से बाकायदा एक विभाग भी बनाया गया। अपने उद्देश्यों में वह कितना सफल रहा है सबको दिखाई देता है।

हमसे पहले की पीढ़ियां इस आपदा से साल-दर-साल सलीके से लड़ती रही हैं। इधर के सालों में ऐसा क्या हुआ होगा कि तमाम अफसरशाही, नेतागिरी, अखबारबाजी और सोशल मीडिया के बावजूद हालात बिगड़ते चले गए।

समझ में आता है कि हमने एक समुदाय के रूप में सोचना और काम करना बंद कर दिया है। हम एक जिम्मेदार और सभ्य समाज के रूप में रहना भूल चुके हैं। इस तरफ रहने वाले सोचते हैं उधर की आग से हमें क्या, उधर वाला सोचता है अभी मेरा घर बचा हुआ है। आगे की आगे देखेंगे। जब दोनों तरफ के गांव आग की चपेट में आ जाते हैं तो दोनों मिलकर सोचते हैं इतनी बड़ी सरकार है, यह तो उसका काम है। वन विभाग कहता है उसकी व्यवस्था तो पूरी तरह चौकस है, शरारती तत्व आग लगाने से बाज नहीं आते।

जंगल में आग लगती है तो कीड़े-मकोड़े मरते हैं, तितलियां मरती हैं, छोटी झाड़ियां और नए पेड़ मरते हैं, उड़ने से लाचार चिड़ियों के नन्हे बच्चे घोंसले में ही मर जाते हैं, वन्य जीवों के कुनबे उजड़ जाते हैं। प्रकृति और उसकी पारिस्थितिकी का संतुलन ऐसा डावांडोल होता है कि अगर सब ठीक चला तब उसे सम्हलने में दस-बारह साल लग जाते हैं। पानी के प्राकृतिक स्रोत तबाह हो जाते हैं। यह कॉमन सेंस की बात है जिसे अनिवार्य रूप से स्कूलों के पाठ्यक्रमों में जगह मिलनी चाहिए।

सरकार के पास तमाम संसाधन हैं लेकिन उसके पास न कोई तैयारी है, न कोई विजन। आग बुझाने की ट्रेनिंग के जो कार्यक्रम दिसंबर जनवरी में गांव-गांव में चलाए जाने चाहिए थे उनकी याद मई-जून में आती है। जिन वनकर्मियों को अत्याधुनिक उपकरणों से लैस कर दिया जाना चाहिए था उनके पास एक लाठी है या हद से हद एक रेक जिसके दांते टूट चुके हैं। जंगल जलता है तो वे उसी जंगल के बचे हुए पेड़ों के पत्तों को तोड़ कर उनकी झाड़ू बनाते हैं। फिर उसी झाड़ू से पीट-पीट कर आग बुझाने का प्रागैतिहासिक तरीका अपनाया जाता है।

पर्यावरण किसी भी राजनैतिक पार्टी के एजेंडे में कहीं नहीं है। हिमालय और उसके सरोकार किसी मैनीफेस्टो का हिस्सा नहीं बनते। एक जमाने में आग को बुझाने का काम सरकार और जनता दोनों का साझा होता था। अब दोनों के बीच कैसी दूरी है बताने की ज़रूरत नहीं। जो सरकार जागेश्वर जैसी जगह के पांच सौ साल पुराने देवदारों को काटने की योजना तक बना सकती है, उसके सरोकारों में पेड़ और जंगलों की जगह कहां होगी यह भी बताना बेमानी है।

विकास और वैज्ञानिक प्रगति का आलम यह है , हमेशा की तरह हर कोई इस बार भी बारिश का इंतजार कर रहा है। उसी का सहारा है। हमेशा की तरह।

## सोशल फोरम

# ये गारंटियां पे गारंटियां


कमलेश भारतीय
वरिष्ठ पत्रकार

ये चुनाव भी क्या शै हैं, जैसे गारंटियां ही गारंटियां दिए जा रहे हैं नेता। एक से बढ़कर एक गारंटी। पहले तो व्यावसायिक कंपनियां गारंटियां दिया करती थीं और कोई भी चीज़ खरीदने के बाद गारंटी संभाल कर रखते थे ताकि समय आने पर कंपनी को दिखाई जा सके। अब पिछले दस वर्षों से राजनीति वाले भी गारंटियां देने लगे हैं और जनता इनसे कुछ पूछने के मूड में दिख रही है -पुरानी गारंटियां दिखा कर। जैसे अच्छे दिन आने की गारंटी दी गई थी, जैसे स्विटजरलैंड से काला धन लाकर सीधे हर किसी के खाते में पंद्रह पंद्रह लाख रुपये आने की गारंटी और दो करोड़ युवाओं को रोज़गार जैसी गारंटियां दी गई थीं। अच्छे दिनों की बात तो चुनावी जुमला कहकर टाल दी गई और युवाओं को रोजगार के नाम पर कितने युवाओं को रोजगार मिला, ये आंकड़े आए नहीं कभी। हां, महंगाई की कोई गारंटी नहीं थी, सो महंगाई खूब बढ़ी और रसोई गैस सिलेंडर एक हज़ार से ऊपर चला गया। किसानों को तीन कृषि कानूनों का विरोध एक साल से ऊपर तक करना पड़ा, तब कभी जाकर जान छूटी। अब एमएसपी के लिए फिर संघर्षरत हैं, किसान और हरियाणा में तो भाजपा प्रत्याशियों को इसके बारे मे काले झंडे दिखा कर सवाल पूछे जा रहे हैं। इस गारंटी का क्या होगा और कौन पूरी करेगा? क्या कांग्रेस यह गारंटी देगी कि यदि सत्ता में आई तो कोई डमी प्रधानमंत्री नहीं बनाएगी? क्या कांग्रेस यह गारंटी देगी कि इमरजेंसी जैसी कोई भूल फिर नहीं करेगी? क्या यह अग्निवीर योजना रद करेगी और रसोई गैस व पेट्रोल की कीमतों पर काबू रखेगी ? ओल्ड पेंशन बहाल करेगी?

यह शहजादा या शाही परिवार पर हमले करने से जनता की समस्याओं का हल निकल आएगा या सत्ता में आने पर कौन -कौन सी गारंटी राहुल पूरी कर पाएंगे? उतनी ही गारंटियां दो, जितनी पूरी कर सको। बाद में चुनावी जुमले साबित न हों ये गारंटियां ।

चुनाव में मारी एंटरियां/ तो देने लगे गारंटियां।

-फेसबुक वॉल से

# ऐतिहासिक बरेली कॉलेज की विरासत


सुधीर विद्यार्थी
वरिष्ठ लेखक, बरेली

सत्तावनी क्रांति में यहां अध्यापक रहे कुतुबशाह के साथ 1857 में ही लखनऊ में फांसी चढ़ने वाले इस कॉलेज के छात्र रहे शहीद जैमिग्रीन के नाम के हर्फ तक यहां ढूंढे नहीं मिलते।

बरेली कॉलेज अपनी स्थापना के 187 वर्ष पूरे कर चुका है। 1937 में शुरू हुए इस शिक्षा संस्थान के 1905 में बने नए भवन का उद्घाटन करने अवध-आगरा क्षेत्र के लेफ्टीनेंट गवर्नर सर जेम्स जोन्स डिगस लाटूश आए थे। महाविद्यालय बनते-बनते इस कॉलेज ने अपने लंबे सफरनामे में बहुत उतार-चढ़ाव देखे। वर्ष 1987 में इस कॉलेज की डेढ़ सौवीं जयंती मनाई गई। तब 'शताब्दियों में बरेली कॉलेज' को कुछ इस तरह याद किया गया था- शताब्दियों से जिनका उच्च शिक्षा से कोई संबंध न रहा हो उन्हें किसी विशेष शिक्षण संस्था का प्राचीन इतिहास कुछ भी आकर्षित न करे पर पिछले डेढ़ सौ वर्षों से बरेली और उसके आसपास दूर-दूर के क्षेत्रों में जिनके किसी संबंधी का भी कोई संबंध बरेली कॉलेज से रहा है वह उसके अस्तित्व के विगत इतने वर्षों के इतिहास से अपने को जुड़ा हुआ समझ सकता है। आगरा के आगरा कॉलेज और दिल्ली के दिल्ली कॉलेज की तरह बरेली कॉलेज भी देश के प्राचीनतम शिक्षण संस्थाओं में से एक है। उसकी स्थापना सन् 1837 में एक स्कूल के रूप में हुई थी तो देश में समझौते की नई शिक्षा नीति का ऐलान हो चुका था और उसकी शिक्षा का उद्देश्य प्रशाससिक कार्यों में सहयोग के लिए बाबू तैयार करना था। सन् 1950 में उसे राजकीय कॉलेज का स्तर तो दे दिया गया था, पर उस समय तक जो भारतीयता की भावना इस क्षेत्र में फैल गई थी वह प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के आते-आते स्वयं ब्रिटिश शासन के लिए पर्याप्त सिर दर्द बन चुकी थी। मार्च अप्रैल सन् 58 तक उस संग्राम के महान नेता नाना साहब अपने साथियों के साथ तत्कालीन बरेली कॉलेज की इमारत में रहे थे और 31 मई को सवेरे जिस दिन संग्राम छिड़ गया तो अंग्रेज अधिकारी मारे गए उनमें बरेली कॉलेज के अंग्रेज प्रिंसिपल बक्र भी थे। ब्रिटिश शासन की पुनर्स्थापना के बाद बरेली कॉलेज को अपने विकास में इस बगावत का परिणाम वर्षों तक भुगतना पड़ा। अपनी बीए और वकालत की परीक्षाओं के लिए वर्षों तक कलकत्ता, इलाहाबाद और आगरा विश्वविद्यालयों से संबद्ध रहने के बाद अब बरेली कॉलेज इस क्षेत्र के विश्वविद्यालय रूहेलखंड से संबद्ध सर्वाधिक प्रमुख शिक्षण संस्थान हैं। लगातार शिक्षण कार्य के इस लंबे काल में बरेली कॉलेज ने सत्ता के सर्वोच्च पदों को प्राप्त करने वाले अधिकारी ही नहीं, अनेक क्रांतिकारी और स्वतंत्रता सेनानी भी उत्पन्न किए। अपने एक निर्णय में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को अपदस्थ करने वाले भूतपूर्व जस्टिस सिन्हा और राज्यपाल श्री बर्नी इसी बरेली कॉलेज की देन हैं। बरेली कॉलेज के हिंदी प्राध्यापक और कवि वीरेन डंगवाल के संपादन में एक स्मारिका भी प्रकाशित हुई थी जिसमें उन्होंने इस ऐतिहासिक शिक्षा संस्थान के अतीत का उत्खनन करके हमें हमारी विरासत सौंपने का बड़ा काम किया था, जिसमें 1857 में इस कॉलेज में फारसी के अध्यापक रहे कुतुबशाह को याद किया गया था,जो क्रांतिकारी नेता खान बहादुर खां के प्रकाशक थे और बगावत के उन दिनों छपने वाले इश्तहारों में उनका नाम होता था। कुतुबशाह को फांसी की सजा तजवीज की गई थी,लेकिन बाद को उसे देश निकाला में तब्दील कर दिया गया। आज कुतुबशाह के नाम का कोई पत्थर बरेली कॉलेज की किसी दीवार पर नहीं लगा है। कितना अजीब है कि सत्तावनी क्रांति के इस अप्रतिम योद्धा की कोई तस्वीर भी हमारे पास नहीं है। कॉलेज के सभागार में देश के प्रसिद्ध राजनेताओं की आदमकद तस्वीरें सजी हैं, लेकिन यहां से जुड़ी रही बड़ी शख्सियतों के निशानात पूरी तरह गायब हैं।

सत्तावनी क्रांति में यहां अध्यापक रहे कुतुबशाह के साथ 1857 में ही लखनऊ में फांसी चढ़ने वाले इस कॉलेज के छात्र रहे शहीद जैमिग्रीन के नाम के हर्फ तक यहां ढूंढे नहीं मिलते। शहीद भगतसिंह के चाचा क्रांतिकारी सरदार अजीत सिंह, हिन्दी एकांकी के जनक भुवनेश्वर, प्रसिद्ध छायावादी कवि होरीलाल शर्मा 'नीरव', साहित्यकार निरंकार देव सेवक, पं. छेदालाल (1870 में कॉलेज के पहले बीए) या प्राच्यशास्त्री और भाषाविद् प्रो. भोलानाथ शर्मा का इस कॉलेज से सघन जुड़ाव रहा। यहां आने वाले कवि साहित्यकार रामधारी सिंह 'दिनकर', हरिवंश राय 'बच्चन', सुभद्रा कुमारी चौहान, मदर टेरेसा, विजय लक्ष्मी पंडित, सेठ गोविन्द दास और डॉ. कर्णसिंह जैसों के नाम को हम गर्व के साथ स्मरण कर सकते हैं।

# तर्क और विज्ञान का रास्ता


शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

मैंने ओशो का पढ़ा और गुना। वह सागर विश्वविद्यालय में दर्शन शास्त्र के विद्यार्थी और प्रवक्ता रहे। दर्शन में वह बौद्ध दर्शन से प्रभावित हुए और बौद्ध दर्शन में भी लगता है वह महायान की वज्रयान शाखा से क्योंकि तभी तो उन्होंने संभोग से समाधि जैसी किताब लिखी। हर दार्शनिक की एक सोच होती है, वह जिंदगी जीने का एक दर्शन बनाता है, उसे ही ज़िंदगी में आगे बढ़ने का दर्शन, आगे बढ़ने का रास्ता बताता है। ओशो हो या कृष्णमूर्ति हो, उनका भी पसंदीदा एक रास्ता है, जिसे ही वह ज़िंदगी जीने का सही रास्ता समझते है। घूम फिर कर वह उसी रास्ते पर बार बार आ जाते है। एक बात साफ है इनके रास्ते में कर्मकांड कहीं नहीं है। यह तर्क और विज्ञान का रास्ता है।

मैं भी बौद्ध दर्शन से बहुत प्रभावित हूं। राहुल सांकृत्यान ने नरम मंत्रयान के रूप में 400 से 700 ई. तक और गरम मंत्रयान या जिसे वज्रायान कह सकते हैं, उसका समय 800 से 1200 ई० तक माना है। महायान से ही आगे चलकर मंत्रयान, तंत्रयान, वज्रयान आदि पंथ निकले थे। उल्लेखनीय है हीनयान में व्यक्तिगत निर्वाण को प्रमुखता, अष्टांगिक मार्ग की साधना (विपश्यना ध्यान) पर जोर है, वहीं महायान में बोधिसत्व की कल्पना, परोपकार, महामैत्री, महाकरुणा एवं आदर्श अवतार की कल्पना है, जो चोरों तक के दुःखी रहने तक निर्वाण नहीं चाहता। महायानी (माध्यामिक मत के) नागार्जुन का शून्यवाद सभी पदार्थों चित्त और पंच स्कन्धों को भी शून्य मानता था, जबकि मैत्रेय और असंग (जो क्रमशः लगभग 375 व 400 ई. में जन्मे थे) का योगाचार मत (विज्ञानवाद) विज्ञान या चित्त को सत मानता है, शेष सब कुछ असत है। योगाचार्रियों का यह चित्त अकुशल कर्मों के प्रभाव से, स्मृति, वासना, कल्पना आदि से अशुभ हो जाता है। योगाचार मत ने इसी कारण प्रज्ञा के साथ योग और आचार को महत्ता दी। चौथी शताब्दी के असंग कृत 'प्रज्ञा पारमिता' ही आधार बनी 'गुह्य समाज तंत्र' की। हुआ यह कि युवा बौद्ध भिक्षु और भिक्षुणियों के एक साथ रहने से ब्रह्मचर्य के पालन में कठिनाईयां आने लगीं और कालान्तर में वे अपना धर्मशास्त्र 'गुह्य समाज तंत्र' लेकर सामने आए । बुद्ध ने कहा था कि न तो भोग से और न कृच्छ साधनाओं से निर्वाण मिलता है। इसी को आगे बढ़ाते हुए गुह्य समाज तंत्र ने घोषणा की कि सांसारिक सुखों से मुंह मोड़कर शरीर को दंडित करना निर्वाण की राह नहीं है और उन्होंने योग द्वारा समाधि में सफलता के लिए नारी (प्रज्ञा) की पूजा और उसका सहयोग अनिवार्य बताया। गुह्य समाज तंत्र (शास्त्र) की सबसे बड़ी विशेषता बौद्ध धर्म में शक्ति तत्व की प्रतिष्ठा करना है।

## चुनावी चक्कर

**● कैसा होगा श्याम रंगीला का राजनीतिक रंग?:**

नाम है श्याम रंगीला। नाम ही नहीं काम भी इनका कुछ ऐसा ही है। दरअसल, श्याम रंगीला कॉमेडियन हैं और मोदी की मिमिक्री के बूते चर्चा में रहते हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपनी विशेष पहचान बना रखी है। रंगीला की चर्चा फिलहाल लोकसभा चुनाव में वाराणसी से उतरने की है। वह राजस्थान से वाराणसी के लिए रवाना भी हो गए हैं। इससे पहले उन्होंने इंस्टाग्राम पर वीडियो साझा करके लिखा कि घर से निकलने से पहले दादी और पापा का आशीर्वाद लिया। इसके बाद वह स्थानीय ग्रामीणों से भी आशीर्वाद लेते नजर आ रहे हैं। तीन दिन पहले भी इंस्टाग्राम पर पोस्ट करके श्याम रंगीला ने लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए वाराणसी को चुनने की वजह भी बताई थी। कहा था कि देश में ऐसा माहौल बन गया कि विपक्षी पार्टी के उम्मीदवार टिकट लौटा रहे हैं। मैं ऐसा नहीं करना चाहता। बहरहाल, वाराणसी पहुंचकर श्याम रंगीला का रंग वैसा ही रहता है या बदलता है, यह तो वक्त ही बताएगा।

**● जूता फेंकने वाले का हाथ काटने पर इनाम!**

फतेहपुर सीकरी में जनसभा को संबोधित करने के दौरान राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य पर एक शख्स ने जूता फेंक दिया था। अब स्वामी प्रसाद मौर्य की पार्टी के प्रत्याशी द्वारा जूता फेंकने वाले का हाथ काटने पर 11 लाख रुपए इनाम का ऐलान किया गया। पार्टी के प्रत्याशी द्वारा बाकायदा वीडियो जारी करके इसके लिए ऐलान किया गया है। जारी वीडियो में पार्टी के प्रत्याशी होतम सिंह निषाद द्वारा कहा गया कि धर्मेंद्र धाकड़ ने हमारे नेता पर काली स्याही फेंकी थी, काले झंडे भी दिखाए थे।

# श्रीकला का टिकट कटने से गर्मायी पूर्वांचल की राजनीति

### जौनपुर लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी को दे रही थीं कड़ी टक्कर

### टिकट कटा, काटा या कटवाया गया दिन भर होती रही चर्चा

### टिकट कटने के पीछे कई थ्योरी पर होती रहीं चर्चाएं

विनय सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार:** जौनपुर से बसपा प्रत्याशी एवं पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला का टिकट कटने के बाद पूर्वांचल का राजनीतिक पारा अचानक चढ़ गया।

भाजपा प्रत्याशी को कड़ी टक्कर देने और लगभग जीत के आत्मविश्वास से परिपूर्ण होकर अचानक रणभूमि से ही बाहर होना अब खासा चर्चा का विषय बन गया है। श्रीकला का टिकट क्यों कटा ?, किसके कहने पर कटा ?, क्या बीएसपी भाजपा की मदद कर रही है ?, राजा भइया को अमित शाह ने क्यों बुलाया ? जेल जाते ही धनंजय सिंह को लारेंस विश्नोई गैंग से क्यों जोड़ा गया ? और धनंजय सिंह को जमानत मिलते ही श्रीकला का प्रचार अचानक कैसे धीमा पड़ गया ?.... जैसे प्रश्न पूर्वांचल, अवध और राजधानी की राजनीतिक गलियारों में गूंज रहे हैं। उत्तर की तलाश में सभी पार्टियां और जनता है। सोशल मीडिया और एक्स पर भी टिकट कटने की घटना लगातार ट्रेंड कर रही है।



**थ्योरी-1** धनंजय सिंह की पत्नी के चुनाव लड़ने पर भाजपा के उम्मीदवार कृपाशंकर सिंह को काफी नुकसान पहुंचने का अनुमान था। क्योंकि धनंजय का जौनपुर में मजबूत पकड़ है। क्षत्रिय वोटों का बंटवारा तय था। सपा ने यहां पीडीए फार्मूले के तहत बाबू सिंह कुशवाहा को टिकट दिया है। इस सीट पर यादव, मुस्लिम और कुशवाहा वोटर्स की ठीक-ठाक आबादी है। यादव और मुसलमान वोट सपा के साथ जुड़ा है, तो कुशवाहा वोटर में बाबू सिंह की अच्छी पकड़ है। पिछली बार गाजीपुर उनकी पत्नी बहुत कम अंतर से चुनाव हारी थीं।

**थ्योरी-2** कुछ लोगों का मानना है कि भाजपा ने क्षत्रिय लॉबी का सहारा लेकर धनंजय सिंह पर दबाव बनाया था। हाल ही में रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया की मुलाकात गृहमंत्री अमित शाह से हुई थी। इसके बाद बस्ती से जुड़े बड़े नेता राजकिशोर सिंह भाजपा में शामिल हुए। गोसाईगंज विधायक अभय सिंह को वाई कैटेगरी की सुरक्षा दी गई। बताया जा रहा है कि क्षत्रिय नेताओं ने भी धनंजय सिंह को पीछे हटने का काफी दबाव बनाया।

**थ्योरी-3** बसपा के नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद द्वारा दिए गए भाषणों में भाजपा सरकार को टारगेट किया जा रहा था। विश्लेषकों का मानना है कि ऐसे में आकाश आनंद के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया गया था। कहना है कि सरकार आकाश आनंद को लगातार घेर रही थी। ऐसी स्थित में बसपा सुप्रीमो मायावती द्वारा एक अदृश्य दबाव महसूस किया जाने लगा था। रविवार की देर रात बसपा का कोआर्डिनेटर धनंजय सिंह के घर पर स्वयं मौजूद थे। टिकट कटने के पहले उसकी धनंजय सिंह से लंबी वार्ता हुई है।

**थ्योरी-4** दूसरी चर्चा यह है कि धनंजय सिंह की गतिविधियों को तिहाड़ जेल में बंद लारेंस विश्नोई से जोड़ने की कोशिश हुई। इसके बाद जांच एजेंसियां भी सक्रिय हुई। इसके बाद धनंजय सिंह ने अपने कदम भी पीछे किए।

### जिसको चाहूंगा वही बनेगा सांसद: धनंजय

इस पूरे घटनाक्रम में धनंजय सिंह बसपा पर भड़के रहे। उन्होंने कहा कि जौनपुर ही एक मात्र सीट थी जो बसपा के खाते में जा रही थी। कहा कि बसपा नेताओं के बयानों को लेकर वह आहत हैं। वह किसी से डरने वाले नहीं है। पहले भी मेरे ऊपर तमाम झूंठे मुकदमें दर्ज किए गए, लेकिन मैं डरा और डिगा नहीं। पहले भी मुकदमें लादकर मुझे चुनाव लड़ने से रोका गया, आज भी वही हो रहा है। यह भी तय है कि जौनपुर से वही जीतेगा जिसे हम चाहेंगे। बसपा सिर्फ जौनपुर सीट की वजह से चर्चा में थी। उन्होंने कहा कि बसपा सरकार में भी मेरे ऊपर मुकदमें लादे गए क्या मैं उनसे डरा। अब हम आगे क्या करने वाले हैं इसका निर्णय हम लोग बैठकर लेंगे। अभी तत्काल मैं कुछ नहीं कह सकता। उन्होंने कहा कि बसपा को टिकट नहीं काटना चाहिए था। बसपा कोआर्डिनेटर भी झूंठ बोल रहे हैं।

### अपनी ढपली अपना राग



मोदी जी ने आतंकवाद का खात्मा कर दिया। आज हमारे देश में पटाखा भी फट जाए तो पाकिस्तान सामने आकर सफाई देता है कि मेरा हाथ नहीं है। **-योगी आदित्यनाथ**



आजादी के शताब्दी वर्ष में निश्चित रूप से स्वावलंबी और विकसित भारत को पुन: विश्वगुरु बनने से दुनिया की कोई ताकत रोक नहीं सकती। **- मनोज सिन्हा**



कोई राजपाट नहीं है कि पिता छोड़ेंगे पुत्र राजा बन जाएंगे। यह लोकतंत्र है। जनता जिसको आशीर्वाद देगी, वहीं नेतृत्व करेगा। **- ब्रजेश पाठक**



वे शहजादे नहीं शहीदजादे हैं, गठबंधन के प्रत्याशियों को अवाम का जबर्दस्त समर्थन मिलते हुए देख रहा हूं। **- अविनाश पाण्डेय**

# रायबरेली व अमेठी में प्रियंका की अग्निपरीक्षा


## कांग्रेस जिला संगठन की कमजोरी को भांप चुनाव तक रहेंगी सक्रिय

### जनता के बीच जाकर पारिवारिक रिश्तों की डोर को करेंगी मजबूत

दिलीप सिंह, रायबरेली

**अमृत विचार :** 2024 लोकसभा चुनाव आने वाले भविष्य को तय करेगी। अमेठी हो या फिर रायबरेली। कांग्रेस का गढ़ एक जगह से ध्वस्त हो चुका है। ऐसे में पार्टी किसी भी कीमत पर अमेठी की सीट जीतना चाहती है। वहीं रायबरेली से राहुल गांधी मैदान में है। स्वाभाविक है ये सीटें कहीं ना कहीं कांग्रेस के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। इन दोनों सीटों पर सबकी निगाहें लगी हुई है। इन सबके बीच यदि किसी की अग्निपरीक्षा है तो वह प्रियंका गांधी वाड्रा।

वह भले ही चुनाव मैदान में नहीं हैं, लेकिन हमेशा की तरह अपनी पार्टी की बतौर स्टार प्रचारक हैं। पिछले चुनाव में उन्होंने दोनों लोकसभा चुनाव की बागडोर अपने हाथ में लिया था। इसमें अमेठी में राहुल को हार का सामना करना पड़ा। वहीं रायबरेली में सोनिया गांधी को कड़ा संघर्ष करना पड़ा। यह तब हुआ, जब प्रियंका ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी।



इसकी वजह कहीं ना कहीं संगठन का कमजोर होना माना जा रहा है। जीत के बाद जिले में कांग्रेस पदाधिकारियों की स्थिति किसी से छिपी नहीं हुई है। पूरे समय तक सिर्फ कार्यालय तक ही सिमटे रहे। एक ओर जहां भाजपा बूथ स्तर पर लगातार पकड़ मजबूत बनाए हुए है। वहीं कांग्रेस धरातल पर कम कागजों पर ज्यादा सक्रिय रही। यही वजह है कि पिछले विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारों को करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। ऐसे में संगठन के भरोसे जीत का दम भरना दिवास्वप्न से कम नहीं है। यही वजह है कि माहौल को भांपते हुए प्रियंका ने खुद ही मोर्चा संभालने का निर्णय लिया है।

### संगठन की सक्रियता न के बराबर

लोकसभा चुनाव की तैयारियों की बात करने से पहले अगर विधानसभा में पार्टी उम्मीदवारों को मिले मतों को देखे तो साफ पता चलता है कि जिले में संगठन की सक्रियता न के बराबर है। शुरू सदर विधानसभा से करते हैं। यहां पर प्रतिष्ठित डा. मनीष चौहान को उतारा गया। संगठन से कम उन्हें अपना व्यक्तिगत मत ज्यादा मिला। पूरे चुनाव में मेहतन के बावजूद महज 6.50 प्रतिशत मत ही प्राप्त कर सके। वहीं सबसे खराब दशा ऊंचाहार विधानसभा की रही। यहां पर अतुल सिंह को महज 4.71 मत से संतोष करना पड़ा। इसी तरह हरचंदपुर विधानसभा से सुरेंद्र विक्रम सिंह को 8.05, सरेनी विधानसभा से सुधा द्विवेदी को 19.71 और बछरावां से सुशील पासी को सबसे अधिक 27.13 प्रतिशत मत मिले।

### विस चुनाव में मिले डेढ़ लाख से कम मत

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भले ही दम भर रहे हों, लेकिन वह कितने प्रभावशाली रहे वह विधानसभा चुनाव के आंकड़ों से साफ पता चलता है। लोकसभा क्षेत्र में आने वाले पांच विधानसभा क्षेत्र में डेढ़ लाख से भी कम मत मिले। इसमें पार्टी के कम व्यक्तिगत प्रत्याशी के ज्यादा रहे। यदि बछरावां और सरेनी विधानसभा में संगठन की भूमिका सक्रिय रहती तो जरूर प्रत्याशी को जीत हासिल होती। डा. मनीष चौहान, अतलु सिंह और सुरेंद्र विक्रम सिंह को शर्मिंदगी का सामना ना करना पड़ता।

**विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी को मिले मत**

| विधानसभा | प्रत्याशी | मत |
|---|---|---|
| सदर | डा. मनीष चौहान | 14,954 |
| सरेनी | सुधा द्विवेदी | 42,702 |
| ऊंचाहार | अतुल सिंह | 9,985 |
| हरचंदपुर | सुरेंद्र विक्रम सिंह | 16,230 |
| बछरावां | सुशील पासी | 56,835 |

## 7वें चरण में 13 लोस व एक विस सीट के लिए आज से नामांकन

**अमृत विचार, लखनऊ:** सातवें चरण में 13 लोकसभा व विधानसभा की एक सीट के लिए सात मई से नामांकन शुरू होंगे।

इस चरण में एक जून को मतदान होगा।मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण में 11 सीटें सामान्य श्रेणी व दो सीटें आरक्षित श्रेणी की हैं। इस चरण के अंतर्गत लोकसभा सीटों में महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव (अजा), घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर, राबर्ट्सगंज (अजा) के लिए चुनाव होंगे। ये सीटें महाराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, मऊ, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर व सोनभद्र समेत 11 जिलों के अंतर्गत आते हैं। इसी प्रकार दुद्धी (अजजा) विधानसभा क्षेत्र सोनभद्र के अन्तर्गत है।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नामांकन भरने की अंतिम तिथि 14 मई निर्धारित है। नामांकन पत्रों की जांच 15 मई को की जायेगी। 17 मई को नाम वापसी की अंतिम तारीख निर्धारित है। उन्होंने बताया कि इस चरण के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 2.49 करोड़ मतदाता हैं।

## रामद्रोही और राष्ट्रद्रोही है इंडी गठबंधन

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन को रामद्रोही और राष्ट्रद्रोही बताया है। अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बात करते हुए सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस ने लगातार रामभक्तों और राम का अपमान किया है। उसका ये आचरण दिखाता है कि वह वास्तव में सनातन राष्ट्र का अपमान करती रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कभी कोई अवसर नहीं छोड़ा जब उसने देश और दुनिया में भारत को अपमानित न किया हो और सनातन धर्म को गाली न दी हो। योगी के मुताबिक, ये इंडी गठबंधन का चरित्र है। ये लोग लगातार भारत की आत्मा को गाली देते हैं। हर प्रकार का प्रयास करते हैं कि बहुसंख्यक समाज अपमानित महसूस करे। चाहे कांग्रेस हो, सपा हो, नेशनल कांफ्रेंस हो या डीएमके हो, इन सभी का आचरण निंदनीय है और इनका आचरण ही इन्हें रसातल की ओर ढकेल रहा है।योगी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर कहा कि जो जितना बड़ा रामभक्त है वो उतना बड़ा राष्ट्रभक्त है। पीएम मोदी प्रखर राष्ट्रभक्त और रामभक्त हैं। 500 वर्षो का इंतजार समाप्त करके अयोध्या में रामलला फिर से विराजमान हुए हैं। अयोध्या का कायाकल्प मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में संभव हुआ है। आज जो नई अयोध्या है ये एक नई गाथा हमारे सामने प्रस्तुत करती है।

### इलेक्शन बायस्कोप



उत्सव कोई भी हो फूल विक्रेताओं की तो बल्ले बल्ले रहती है। फिर मौका इन दिनों चुनाव का है। जहां कहीं भी जनसभा होती है वहां समर्थक यथासंभव विशाल माला लेकर अपने नेता को गदगद करने पहुंच जाते हैं। कुछ ऐसा ही दृश्य उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य की जनसभा में श्रावस्ती में देखने को मिला। -अमृत विचार

# मिश्रिख में पहली बार हो रहा है इतना शांत चुनाव

### 13 को होना है मतदान, मतदाता के मिजाज को नहीं भांप पा रहे प्रत्याशी

### लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की चुप्पी से बढ़ी प्रत्याशियों की चिंता

### भाजपा ने मौजूदा सांसद अशोक रावत पर दोबारा जताया भरोसा

### इंडी गठबंधन की प्रत्याशी संगीता और बसपा से बीआर अहिरवार हैं मैदान में

वीरेश शुक्ला, हरदोई

**अमृत विचारः** मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र में 13 तारीख को मतदान होना है । भाजपा ने एक बार फिर यहां मौजूदा सांसद अशोक रावत पर फिर दांव लगाया है, तो वहीं इंडी गठबंधन ने सपा के चुनाव चिन्ह पर संगीता राजवंशी को मैदान में उतारा है। बसपा ने बीआर अहिरवार को उम्मीदवार घोषित किया है। जहां एक ओर अशोक राजनीति के मंजे खिलाड़ी हैं वहीं संगीता सपा के पूर्व मंत्री रामपाल राजवंशी की बहू है, दोनों की राजनीतिक पृष्ठभूमि काफी मजबूत है तो दूसरी ओर बीआर अहिरवार पहली बार जिले में चुनाव लड़ने के लिए आए हैं। इससे पूर्व व सरकारी सेवा में थे। इनको केवल बसपा के कोर वोटरों का ही भरोसा है। मतदान में अब गिनती के दिन रह गए है लेकिन इस बार के चुनाव में जनता कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। इससे पहले हुए चुनावों में कभी इतना शांत माहौल नहीं रहा।



अशोक रावत



संगीता राजवंशी



बीआर अहिरवार


2019 के लोकसभा चुनाव में मिश्रिख संसदीय सीट के परिणाम को देखें तो यहां पर भाजपा ने अशोक कुमार रावत को मैदान में उतारा तो उनके सामने बहुजन समाज पार्टी के डॉक्टर नीलू सत्यार्थी थे। चुनाव में समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के बीच चुनावी तालमेल के तहत यह सीट बसपा के पास आई थी। लेकिन इसका लाभ नहीं मिला। कांग्रेस तीसरे स्थान पर रही थी। चुनाव में भाजपा के अशोक कुमार रावत को 534,429 वोट मिले तो नीलू सत्यार्थी को 433,757 वोट मिले थे। तीसरे नंबर पर रहने वाली कांग्रेस के प्रत्याशी को महज 26,505 वोट मिले थे, अशोक ने 100,672 मतों के अंतर से यह चुनाव जीता था।

2014 के लोकसभा चुनाव में मिश्रिख संसदीय सीट पर 57.86 फीसदी मतदान हुआ था। तब भाजपा उम्मीदवार अंजू बाला ने बसपा उम्मीदवार अशोक रावत को 87 हजार 363 वोटों से मात दी थी, अंजू बाला को 4,12,575 वोट और अशोक कुमार रावत को 3,25,212 वोट मिले थे, जबकि सपा के जय प्रकाश को 1,94,759 वोट मिले।

**भाजपा-सपा की पकड़ मजबूतः** सपा ने यहां पर पहले रामपाल राजवंशी को प्रत्याशी बनाया लेकिन स्वास्थ्य का हवाला देकर उन्होंने चुनाव लड़ने से मना कर दिया ।इसके बाद उनके पुत्र मनोज को सपा ने टिकट दिया वह भी चुनाव मैदान से हट गए अंत में उनकी बहू संगीता राजवंशी चुनाव मैदान में है । सपा प्रत्याशी के ससुर रामपाल राजवंशी का भी क्षेत्र में दबदबा है,भाजपा प्रत्याशी का कुनबा भी काफी पुराना राजनैतिक है ,लेकिन जनता की चुप्पी में सभी की धड़कनें बढ़ा रही है ।बसपा प्रत्याशी को लेकर कोई भी हलचल नहीं है ।वह दूसरे जिले के हैं। जनता पर वह अपनी कोई छाप नहीं छोड़ पा रहे हैं । उन्हें सिर्फ बसपा के पारंपरिक के वोट का ही भरोसा है ।फिलहाल इस क्षेत्र में चुनाव की कोई हलचल नजर नहीं आ रही है। जिसका असर प्रत्याशियों पर साफ दिखाई पड़ रहा है ।


**2019 चुनाव के आंकड़े**

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | अशोक कुमार रावत | 5,34,429 |
| बसपा | नीलू सत्यार्थी | 4,33,757 |
| कांग्रेस | मंजरी राही | 26,505 |
| पीएसपी | अरुण कुमारी कोरी | 2,442 |




**2014 चुनाव के आंकड़े**

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | अंजू बाला | 4,12,575 |
| बसपा | अशोक कुमार रावत | 3,25,212 |
| सपा | जय प्रकाश | 1,94,759 |
| कांग्रेस | ओम प्रकाश | 33,075 |




### दिग्गज भी चुनावी प्रचार में

मल्लावां विधानसभा क्षेत्र में रविवार को मुख्यमंत्री योगी ने जनसभा की थी ।वहीं बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री मायावती माधौगंज क्षेत्र में 8 तारीख को जनसभा करने आ रही हैं ।सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मां मुख्यमंत्री अखिलेश यादव भी 8 तारीख को संडीला में वोटरों को रिझाने आ रहे हैं।

### पांचों सीटों पर भाजपा का कब्जा

मिश्रिख संसदीय क्षेत्र को हरदोई, सीतापुर और कानपुर जिले की विधानसभा सीटों को मिलाकर बनाया गया है. इसमें सीतापुर की मिश्रिख विधानसभा सीट, कानपुर की बिल्हौर और हरदोई जिले की बालामऊ, मल्लावां तथा संडीला विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। हरदोई संसदीय सीट की तरह यहां पर भी सभी पांचों सीटों पर भारतीय जनता पार्टी का कब्जा है।

### सपा ने बदले चार प्रत्याशी

समाजवादी पार्टी ने मिश्रिख लोकसभा सीट पर चार बार प्रत्याशी बदला पहले समाजवादी पार्टी ने रामपाल राजवंशी उनके बाद बेटे मनोज राजवंशी और फिर मनोज राजवंशी की पत्नी संगीता राजवंशी को टिकट दिया था बाद में पूर्व सांसद राम शंकर भार्गव को प्रत्याशी बनाया है, लेकिन उनके चुनाव लड़ने से मना करने पर संगीता को फिर से टिकट दे दिया गया।

### सभी दलों ने हासिल की जीत

यह क्षेत्र सन् 1962 में अस्तित्व में आया था, इस सीट पर सबसे पहले जनसंघ का कब्जा था, सन् 1967 से 1996 तक यह क्षेत्र कांग्रेस के खाते में रहा, उसके बाद सन् 1996-98 तक यहां भजपा वर्चस्व था, 1999 में हुए चुनाव में समाजवादी पार्टी की सुशीला सरोज, 2004 और 2009 में बहुजन समाज पार्टी के अशोक कुमार रावत ने यह सीट हासिल की थी।

# युवा मतदाताओं की भूमिका रहेगी अहम

बेनीगंज/कोथावां,हरदोई

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव में युवा मतदाताओं की भूमिका अहम होने वाली हैं, युवा अपनी पसंद की सरकार चुनने के लिए काफी उत्सुक नजर आ रहे है, खासकर वह जो पहली बार मतदान कर रहे हैं, मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र में करीब ग्यारह लाख मतदाता मतदान करेंगे। जिनमें से बहुत से मतदाता पहली बार मतदान करेंगे, जबकि कुछ दूसरी बार भी। मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र के लिए सांसद को लेकर हर किसी की अपनी सोंच व अपेक्षाएं हैं।

संसदीय क्षेत्र मिश्रिख की जनता व युवाओं की राय के मुताबिक उन्हें नेता नही लीडर चाहिए, जिनमें तेज व सही डिसीजन लेने की काबिलियत हो, उनका प्रतिनिधि ईमानदार, स्वच्छ छवि व विकास को तरजीह देने वाला होना चाहिए साथ ही साथ जनता के लिए सहजता से उपलब्ध हो, जनता के मुताबिक देश दुनिया की तरह उनके क्षेत्र की तस्वीर बदलनी चाहिए, युवाओं का कहना है कि प्राकृतिक संसाधनों से चलने वाले उद्योग ही काफी नहीं है, इसके लिए रोजगार परक योजनाओं पर ध्यान देने की भी काफी जरूरत है।



### क्या कहते हैं मतदाता

सरकार द्वारा लोगों के हित मे महत्वाकांक्षी योजनाओं लाने व उस पर कार्य करने का मुद्दा सबसे ऊपर रहने वाला हैं, जो भी सरकार हमारे देश को विश्व मे एक नई पहचान दिलाने का कार्य करेगी हम सभी युवाओं का मत उसी को जाएगा। **- मनीष कुमार वर्मा**

मौजूदा सरकार ने लोगों के हित मे कार्य किया है चाहे वह गरीब हो या अमीर सरकार द्वारा सभी को समान रुप से देखा गया है, चिकित्सा से लेकर शिक्षा, राशन, वाहन, परिवहन आदि क्षेत्रों में भी बढ़ चढ़कर कार्य किया गया है जो कि मोदी की गारंटी है इसलिए हमारे नजरिए से एक बार फिर मोदी सरकार ही होनी चाहिए। **- अशोक सिद्धार्थ,बेनीगंज**

बीते दस वर्षों मे वह कार्य हुए हैं जो पिछले पचास सालों से अन्य सरकारों द्वारा नहीं किया जा सका था और आने वाले पांच वर्षों मे वह सबकुछ होने वाला है जिसकी किसी ने कल्पना तक नही की होगी क्योंकि इस बार विपक्ष जड़ से खत्म होने वाला है। **-सत्यनारायण गुप्ता बेनीगंज**

# राजपूतों की नाराजगी के ग्राउंड जीरो राजकोट में मुद्दा दिख रहा फीका



राजपुरुष

- केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला की टिप्पणी से उपजा था विवाद, देश भर में हुए थे प्रदर्शन
- रूपाला कड़वा पाटीदार समाज से तो कांग्रेस प्रत्याशी परेश धनानी लेउवा पाटीदार

**अमृत विचार।** राजकोट में सात मई के मतदान के लिए चुनाव प्रचार बंद हो चुका है, लेकिन पूरा शहर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री पुरूषोत्तम रूपाला की होर्डिंग्स से भरा पड़ा है। इन होर्डिंग्स में शानदार नया अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, एम्स की सौगात मिलना, राजकोट को अहमदाबाद से जोड़ने वाला छह-लेन राजमार्ग, हर घर में नल से पानी, स्मार्ट सिटी की सुविधा जैसे विकास के तमाम बड़े काम पूरे करने की भरमार के साथ आगे और तेजी से विकास के वादे लिखे नजर आते हैं। यहां 22 साल बाद दो पुराने प्रतिद्वंद्वियों के बीच टकराव देखने को मिल रहा है। भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री परषोत्तम रूपाला के सामने पूर्व नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस के परेश धनानी ने डटकर मुकाबला किया है, ऐसा अधिकतर लोग मानते हैं। लेकिन राजपूतों की भाजपा के नाराजगी के सवाल पर जवाब टाल जाते हैं। कांग्रेस-भाजपा दोनों के उम्मीदवार अमरेली जिले के मूल निवासी हैं और राजकोट में नए चेहरे हैं। परेश धनानी ने 2002 के विधानसभा चुनाव में अमरेली सीट से रूपाला को हराया था।

राजकोट अगर इस चुनाव में हॉट सीट हैं और सभी कि निगाहें टिकी हैं, तो उसकी वजह इस क्षेत्र का इस बार के चुनाव में राजपूतों की भाजपा से नाराजगी का ग्राउंड जीरो बनना रहा है। चुनावी अभियान की शुरूआत में केंद्रीय मंत्री रूपाला के एक बयान ने पूरे उत्तर भारत में क्षत्रिय समाज के बीच तूफान खड़ा कर दिया था। हालांकि रूपाला ने जल्दी ही माफी मांग ली, इसके बावजूद क्षत्रियों की भाजपा से नाराजगी का मुद्दा तमाम लोकसभा सीटों पर सामने आया और भाजपा ने उसे ठंडा करने, क्षत्रियों को मनाने में तमाम ताकत भी लगाई। लेकिन रूपाला को चुनाव मैदान से नहीं हटाया। दरअसल, 22 मार्च को केंद्रीय मंत्री पुरूषोत्तम रूपाला ने दलितों की एक सभा को संबोधित करते हुए अपनी टिप्पणियों से विवाद खड़ा कर दिया था, उन्होंने रुखी समाज (दलित समुदाय) की बड़ाई करते हुए कहा था कि इस समाज ने विदेशी आक्रांताओं के तमाम अत्याचार के बाद भी न तो अपना धर्म बदला और न वैसे पारिवारिक संबंध स्थापित किए, जैसे कि अनेक राजाओं और राजघरानों ने झुक कर बनाए थे। इसके बाद राजपूत समाज में आक्रोश और नाराजगी के स्वर फूट पड़े थे। राज्य भर में विरोध प्रदर्शन हुए थे। समाज के लोगों ने भाजपा के प्रति निराशा व्यक्त की थी। शासन में उचित हिस्सा नहीं मिलने की बात उठाई थी।

मतदान से पहले राजपूतों की नाराजगी की बात राजकोट लोकसभा क्षेत्र में चर्चा में तो है, लेकिन जमीन पर कोई बड़ा मुद्दा है, ऐसा नजर नहीं आता है। हालांकि इसकी एक वजह यह भी है कि 20 लाख से अधिक मतदाताओं वाली इस सीट पर क्षत्रियों का वोट सीमित संख्या में है, इसलिए उनके असंतोष से भाजपा की संभावनाओं पर असर पड़ने की संभावना नहीं है। इसके बावजूद रूपाला और भाजपा ने यहां जमकर आपदा प्रबंधन भी किया है। रूपाला को जीत तक पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम के साथ जाति का जमकर सहारा लिया गया है। भाजपा कार्यकर्ता रूपाला की जीत के लिए दम लगाए हैं। पार्टी की एक खास इकाई ने लोगों के बीच जाकर यह प्रचार किया है कि क्षत्रिय समाज की नाराजगी रूपाला से हो सकती है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नहीं। इसके साथ ही पार्टी ने क्षत्रिय समुदाय के विरोध की आशंका के मद्दे नजर अन्य प्रमुख जातियों को साध रखा है।

इस सबके बीच कांग्रेस उमीदवार परेश धनानी कहते हैं कि राजकोट राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का गढ़ है। यहां भाजपा ने विकास की परिभाषा को संकुचित करके समुदायों का धार्मिक और जातीय आधार पर ध्रुवीकरण कर दिया है। भाजपा राजकोट में व्यापारिक समुदाय को लुभाने के लिए बुनियादी ढांचे के विकास का कार्ड खेल रही है। उनके मुताबिक इस बार लड़ाई सांसद बनने की नहीं, बल्कि संवैधानिक अधिकारों की रक्षा की है। मुद्रास्फीति, व्यापार में मंदी और बेरोजगारी है, लेकिन लोगों को इन मूल मुद्दों से हटाने के लिए भाजपा धार्मिक और जातीय विभाजन कर रही है। आम लोग अपने हक की आवाज उठाते हैं तो उन्हें धमकाया जाता है, उन पर झूठे मुकदमे लाद दिये जाते हैं। महात्मा गांधी और सरदार वल्लभभाई पटेल के राज्य में देश की विविधता में एकता को नष्ट किया जा रहा है।

### पीएम मोदी के राजनीतिक सफर का हुआ था आगाज

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चुनावी राजनीतिक सफर का आगाज राजकोट से ही हुआ था। वर्ष 2001 में मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी मिलने के बाद वह राजकोट सीट से ही उपचुनाव में जीतकर विधानसभा पहुंचे थे।

### 18 सीटें ढाई लाख से ज्यादा वोटों से जीती थीं भाजपा

- गुजरात में मंगलवार को तीसरे चरण में 25 सीटों पर वोट पड़ेंगे। सूरत सीट भाजपा पहले ही निर्विरोध जीत चुकी है। भाजपा यहां क्लीन स्वीप की हैट्रिक लगाना चाहती है। कांग्रेस इसे रोकने की कोशिश में भले जुटी हो, लेकिन पार्टी का वोट बैंक यहां लगातार गिरावट की ओर है। जब नरेंद्र मोदी गुजरात के सीएम या देश के पीएम नहीं थे तब भी गुजरात में लोकसभा चुनाव में कांग्रेस से भाजपा आगे रहती थी। यहां तक कि 2004 से 2014 तक जब केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार थी, तब भी भाजपा ने कांग्रेस से ज्यादा सीटें जीती थीं। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने गुजरात की सभी 26 सीटों पर जीत दर्ज की थी। 2019 में गुजरात की 18 सीटों पर भाजपा के उम्मीदवार ढाई लाख से ज्यादा मतों के अंतर से जीते थे।

### 2019 में और बढ़ गया था भाजपा की जीत का अंतर

- 2019 के चुनाव में राजकोट में भाजपा के मोहन कुंडरिया ने 7,58,645 वोट पाकर जीते थे। कांग्रेस के कगथारा ललितभाई को 3,90,238 वोट मिले थे। 2014 में भाजपा के मोहन भाई कुंदरिया के 5,08,437 वोट और कांग्रेस के कुंवरजी भाई बावलिया ने 3,75,096 वोट पाए थे।


# हरियाणा में इस बार जाति का रंग गाढ़ा

मनोज त्रिपाठी





**अमृत विचार।** हरियाणा में पिछली बार 2019 के लोकसभा चुनाव में राज्य की सभी 10 सीटों पर कमल खिलाने वाली भारतीय जनता पार्टी के सामने इस बार परिस्थितियां पहले जैसी नहीं नजर आ रही हैं। हालांकि पार्टी ने कांग्रेस और अन्य दलों से काफी पहले अपने प्रत्याशी घोषित करके चुनावी अभियान में बढ़त जरूर बना रखी है। चुनावी रणनीति के तहत ही मुख्यमंत्री बदल दिया था। हालांकि जेजेपी ने साथ छोड़ दिया है, लेकिन 2019 के चुनाव में 1977 के बाद से राज्य के चुनावी इतिहास में सर्वाधिक 58 फीसदी से अधिक मत हासिल करने से भाजपा का हौसला बढ़ा हुआ है। इसके मुकाबले कांग्रेस को 2019 के लोकसभा चुनाव में 28.5 प्रतिशत मतों से ही संतोष करना पड़ा था। ऐसे में कांग्रेस के सामने सबसे बड़ी चुनौती मत पर्तिशत बढ़ाकर सीटों का सूखा खत्म करना है। पार्टी इस बार राज्य में आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन के तहत नौ सीटों पर चुनाव लड़ रही है। कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट उसने आम आदमी पार्टी के लिए छोड़ी है। उधर, इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) तथा जननायक पार्टी (जेजेपी) विधानसभा चुनावों में अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए लोकसभा चुनाव के मैदान में हैं।

कांग्रेस ने भाजपा को घेरने के लिए जातीय संतुलन साधा है। पार्टी ने जो नौ उम्मीदवार उतारे हैं, उनमें दो जाट, दो दलित, दो ओबीसी, एक-एक पंजाबी, ब्राह्मण तथा एक वैश्य प्रत्याशी शामिल हैं। भाजपा ने भी जातीय और क्षेत्रीय समीकरण साधकर एक बार फिर सभी सीटें जीतने की व्यूह रचना की है। पार्टी ने ब्राह्मणों को खास तरजीह दी है। जाट वोट 22 प्रतिशत हैं, उन्हें भाजपा ने दो सीटें दी हैं, तो ब्राह्मण आठ फीसदी होने के बावजूद दो सीटें पाने में सफल रहे हैं। भाजपा ने दो दलित, एक पंजाबी, एक अहीर, एक वैश्य तथा एक गुर्जर प्रत्याशी को मैदान में उतारा है। दोनों प्रमुख दलों द्वारा जातीय संतुलन और जीत की संभावना वाले उम्मीदवार उतारे जाने से राज्य में इस बार तीन हॉट सीट बन गई हैं, जिन पर सभी की निगाहें टिकी हैं। पहले रोहतक और हिसार को हॉट सीट माना जाता था। लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मैदान में आने से करनाल और उद्योगपित नवीन जिंदल व आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता के आमने-सामने होने से कुरूक्षेत्र का नाम हॉट सीटों में जुड़ गया है। अब कांग्रेस से पूर्व अभिनेता राज बब्बर के आने से गुरुग्राम सीट चर्चा में है। फिलहाल चुनावी अभियान में जो समीकरण उभर रहे हैं, उनके मुताबिक राज्य की आठ सीटों पर कांटे की टक्कर मानी जा रही है। कुरुक्षेत्र समेत दो सीटों पर त्रिकोणीय संघर्ष दिख रहा है, जबकि सिरसा में चतुष्कोणीय मुकाबले की तस्वीर है।




### भाजपा ने बनाई है गैर जाट वोटरों को साधने की रणनीति

- हरियाणा में इस बार भाजपा ने गैर जाट मतदाताओं पर ज्यादा ध्यान दिया है। अंबाला से पूर्व सांसद रत्न लाल कटारिया की पत्नी बंतो कटारिया और सिरसा से पूर्व सांसद अशोक तंवर को चुनावी मैदान में उतारा है। यह दोनों सीटें आरक्षित हैं। बंतो कटारिया पहले भी भाजपा में कई पदों पर रह चुकी हैं, जबकि अशोक तंवर हाल ही में भाजपा में शामिल हुए हैं। फरीदाबाद लोकसभा सीट से पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर और गुरुग्राम सीट से पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत यादव चुनाव मैदान में हैं। दोनों ही ओबीसी समाज से आते हैं। जाटलैंड नाम से मशहूर रोहतक और सोनीपत लोकसभा क्षेत्र में गैर जाटों को उतारकर भाजपा ने बड़ा राजनीतिक कार्ड खेला है। रोहतक से पार्टी ने एक बार फिर से पूर्व सांसद अरविंद शर्मा को उम्मीदवार बनाया है। सोनीपत में पूर्व सांसद रमेश कौशिक की जगह ब्राह्मण विधायक मोहन लाल बड़ौली को मैदान में उतारा गया है। हिसार और भिवानी-महेंद्रगढ़ सीट से पार्टी ने जाट प्रत्याशी उतारे हैं। कुरुक्षेत्र सीट से अभी तक मुख्यमंत्री नायब सैनी सांसद थे। भाजपा ने यहां से दो बार सांसद रह चुके नवीन जिंदल को चुनाव मैदान में उतारकर वैश्य समुदाय को साथ जोड़ने का काम किया है।




### किस दल से किस जाति के प्रत्याशी

| जाति | भाजपा | कांग्रेस | इनेलो | जेजेपी |
|---|---|---|---|---|
| जाट | 2 | 2 | 4 | 5 |
| गुर्जर | 1 | 1 | – | – |
| अहीर | 1 | 1 | – | 2 |
| वैश्य | 1 | 1 | – | – |
| ब्राह्मण | 2 | 1 | 2 | – |
| दलि | 2 | 2 | 2 | – |
| पंजाबी | 1 | 1 | – | – |
| सैनी | – | – | – | 1 |
| मराठा | – | – | 1 | – |

**10** लोकसभा की सीटें हैं राज्य में

**25** मई को छठे चरण में मतदान

**1.98** करोड़ से अधिक हैं मतदाता

**3.63** युवा पहली बार डालेंगे वोट

### कांग्रेस में हुड्डा का वर्चस्व, जातीय संतुलन

- कांग्रेस ने भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा सीट से श्रुति चौधरी पूर्व सीएम बंसीलाल की पोती की जगह राव दान सिंह को उतारा है। वह हुड्डा के करीबी हैं। भिवानी-महेंद्रगढ़ बंसीलाल के परिवार की पारंपरिक सीट मानी जाती रही है। लेकिन इस बार पार्टी ने जाट समुदाय से आने वाले मौजूदा भाजपा सांसद धर्मबीर सिंह के खिलाफ ओबीसी समुदाय के सदस्य को मैदान में उतारते हुए अपनी रणनीति बदल दी है। कांग्रेस ने बृजेंद्र सिंह को हिसार सीट से मैदान में नहीं उतारा। वह पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह के बेटे हैं और उन्होंने भाजपा उम्मीदवार के रूप में हिसार से 2019 का संसदीय चुनाव जीता था। इसी साल मार्च में वह कांग्रेस में शामिल हुए थे। कांग्रेस ने हुड्डा के करीबी पूर्व केंद्रीय मंत्री जय प्रकाश को हिसार से मैदान में उतारा है। अंबाला से पार्टी ने मौजूदा विधायक वरुण चौधरी को मैदान में उतारा है। वरुण हरियाणा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष फूल चंद मुलाना के बेटे हैं, जो लंबे समय से हुड्डा के सहयोगी रहे हैं। सोनीपत से हुडा के सहयोगी सतपाल ब्रह्मचारी को मैदान में उतारा गया है, जबकि पूर्व राज्य मंत्री महेंद्र प्रताप फरीदाबाद से चुनाव लड़ रहे हैं। दीपेंद्र हुड्डा और जय प्रकाश जाट समुदाय से हैं, जबकि अन्य दो राव दान सिंह और महेंद्र प्रताप ओबीसी वर्ग से हैं। कुमारी शैलजा और वरुण चौधरी अनुसूचित जाति से हैं, जबकि सतपाल ब्रह्मचारी ब्राह्मण हैं। करनाल से उतरे बुद्धिराजा पंजाबी समुदाय से हैं।






हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने मंडी लोकसभा सीट से भाजपा की उम्मीदवार कंगना रानौत के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने अबकी बार चार सौ पार का नारा दिया। कहा कि आज भारत की कमान सुरक्षित हाथों में है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के बारे में बताया। कहा कि कंगना मंडी का विकास करेंगी। उन्होंने राज्य की कांग्रेस सरकार पर भी हमला बोला और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों का गुणगान किया।

## भाजपा ने पूर्व विधायक चिंतामणि महाराज पर लगाया है दांव

# अभेद्य किला बचाने और जीतने की जंग में एसटी वोटर हथियार


**सरगुजा संसदीय सीट**

चुनाव डेस्क

- कांग्रेस ने शशि सिंह को सौंपा है अजेय किले को जीतने का जिम्मा



**अमृत विचार।** छत्तीसगढ़ प्रांत की सरगुजा लोकसभा सीट भजपा का अजेय किला है। 2004 से पार्टी लगातार यहां जीत रही है। इस चुनाव में भाजपा के इस अभेद्य दुर्ग को जीतने की जिम्मेदारी कांग्रेस ने युवा नेता शशि सिंह को सौंपा है तो भाजपा ने विधानसभा चुनाव से पहले बगावत कर भगवा खेमे में आए चिंतामणि महाराज पर दांव लगाया है। चिंतामणि महाराज पूर्व विधायक रहे हैं तो शशि सिंह के पिता पूर्व मंत्री। इस चुनाव में स्थानीय समस्याओं को कांग्रेस मुद्दा तो बनाना चाहती है पर राष्ट्रीय मुद्दों के शोर में स्थानीय मुद्दे दब से गए हैं। मोदी की गारंटी का शोर तो यहां सुनाई देता है पर भाजपाई रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को भी खूब भुनाने की कोशिश कर रहे हैं। इसकी वजह भी है। वनवास के समय प्रभु राम यहां भी कुछ समय तक रहे थे। कांग्रेस महंगाई, बेरोजगारी के मुद्दे को भी हवा दे रही है।




2019 में भाजपा नेता रेणुका सिंह यहां सांसद बनीं थीं। उन्हें केंद्र सरकार में मंत्री बनने का मौका भी मिला। विधानसभा चुनाव में उन्हें पार्टी ने भरतपुर- सोनहत से विधानसभा का टिकट दिया और वह विधायक बन गईं। ऐसे में पार्टी ने उन्हें इस बार लोकसभा का टिकट नहीं दिया है। रेणुका सिंह को मुख्यमंत्री पद का भी प्रमुख दावेदार माना जा रहा था। सरगुजा सीट भाजपा जीते इसकी जिम्मेदारी रेणुका सिंह को भी दी गई है। वैसे भाजपा में इस सीट से टिकट के कई दावेदार थे लेकिन बाजी चिंतामणि महाराज के हाथ लगी। इसी शर्त पर ही वे भाजपा में शामिल हुए थे। इस क्षेत्र में उनका जबरदस्त प्रभाव माना जाता है। वह सामरी से विधायक रहे हैं। कांग्रेस ने उन्हें टिकट नहीं दिया था इससे नाराज होकर वे भाजपा में आए थे। उनके मुकाबले में कांग्रेस ने राहुल गांधी की खास युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव शशि सिंह को मैदान में उतारा है। वह जिला पंचायत की सदस्य हैं। उनके पिता तुलेश्वर सिंह अजित जोगी सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। कंवर और गोंड जनजाति के मतदाता यहां हर बार बड़ी भूमिका निभाते हैं। इस जाति के मतदाताओं पर हर दल की निगाह है।

### विधानसभा की सभी आठ सीटें भाजपा के पास

- इस लोकसभा क्षेत्र में आठ विधानसभा क्षेत्र आते हैं। सभी आठ सीटों पर भाजपा के विधायक हैं। यहां की रामानुजगंज सीट से विधायक राम विचार नेता तो प्रदेश सरकार में मंत्री भी हैं। वे राज्यसभा के सदस्य भी रह चुके हैं। इससे पहले रमन सरकार में भी वे मंत्री पद पर रह चुके हैं।

### स्थानीय समस्याएं कम नहीं, पर राष्ट्रीय मुद्दे भारी

- यहां बनाए गए एयरपोर्ट को चालू करने की मांग हो रही है पर अभी तक हवाई सेवा शुरू नहीं हो सकी है। इसी तरह पड़ोसी राज्यों को जोड़ने के लिए रेल सुविधा का अभाव। दिल्ली के लिए हफ्ते में एक बार ट्रेन की सुविधा है तो अंबिकापुर से रेनुकूट रेल मार्ग व बरवाडीह रेल मार्ग को जोड़ने के प्रस्ताव पर भी अभी तक काम नहीं हो पाया है। हालांकि चुनाव में इन मुद्दों पर राष्ट्रीय मुद्दे भारी पड़ रहे हैं। कांग्रेस भाजपा पर संविधान बदलकर आरक्षण खत्म करने का आरोप बड़ी तेजी से लगा रही है तो भाजपा यह बताने में जुटी है कि न संविधान बदलेगा न आरक्षण खत्म होगा।

# धर्म दर्शन



## सामाजिक समरसता का अनुकरणीय पाथेय राम का संपूर्ण जीवन

सबमें राम सबके राम समरसता के सबसे बड़े प्रतीक हैं मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम। उनका जीवन मर्यादा, सामंजस्य और समरसता का पर्याय है। इसीलिए वे न केवल भारतीय समाज के लिए, बल्कि विश्व समुदाय के लिए आदर्श हैं। वनवासी राम का संपूर्ण जीवन सामाजिक समरसता का अनुकरणीय पाथेय है। श्रीराम ने वनगमन के समय प्रत्येक कदम पर समाज के अंतिम व्यक्ति को गले लगाया। छोटे और बड़े के बीच, उच्च और निम्न जातियों के बीच वे कैसा व्यवहार उचित समझते थे, इसका दर्शन केवट और शबरी प्रसंग में किया जा सकता है।

केवल श्रीराम को देख अत्यंत प्रेम पूर्वक दंडवत करता है तो श्रीराम उसे अत्यंत स्नेहपूर्वक अपने पास बैठाकर उसकी कुशल क्षेम पूछते हैं- करि दंडवत भेंट धरि आगे, प्रभुहिं बिलोकत अति अनुरागे। सहज सनेह बिबस रघुराई, पूंखी कुसल निकट बैठाई। शबरी द्वारा प्रदत्त जंगली फल और कंदमूल श्रीराम बड़े प्रेमपूर्वक ग्रहण करते हैं। शबरी जब कहती है कि हे राम! आपका दर्शन तो मेरे गुरुदेव को भी नहीं हुआ, मेरी तो औकात ही क्या है? मैं तो नीच जाति में उत्पन्न हुई एक गंवार स्त्री हूं। प्रत्युत्तर में राम कहते हैं कि "मेरी भक्ति में न पुरुष-स्त्री का भेद कारण है, न जाति, न नाम और न आश्रम। भक्ति की भावना ही मेरी भक्ति में कारण है।" केवल भक्ति की न्यूनता अधिकता ही किसी को छोटा बड़ा बनाती है, जाति नहीं-अद्यम ते अद्यम अद्यम अति नारी, तिन्ह मंद मैं मतिमंद अधारी। कह रघुपति सुनु भामिनी बाता, मानहुं एक भगति कर नाता। केवट के बारे में हम सभी ने सुना ही है कि कैसे भगवान राम ने उनको गले लगाकर समाज को यह संदेश दिया कि प्रत्येक मनुष्य के अंदर एक ही जीव आत्मा है। बाहर भले ही अलग दिखते हों, लेकिन अंदर से सब एक हैं। यहां जाति का कोई भेद नहीं था। भगवान राम ने उनको गले लगाकर सामाजिक समरसता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया है।

राम राजपुत्र थे, उच्च वर्ण में जन्मे थे, किंतु समाज में हीन और निम्न कहे जाने वाले समुदाय के लोग उनके सर्वाधिक प्रिय पात्र रहे। राम की इस विलक्षणता को बताते हुए तुलसीदास विनयपत्रिका में कहते हैं, हे राम! आपकी यही तो बड़ाई है कि आप गण्य-मान्यों, धनिकों की अपेक्षा गरीबों को अधिक आदर देते हैं। "रघुवर रावरि यहै बड़ाई। निदरि गनी आदर गरीब पर,करत कृपा अधिकाई।।" राम इसलिए सबसे बड़े हैं कि वे सर्वाधिक चिंता छोटे और निचले स्तर के लोगों की करते हैं। वे सबल की अपेक्षा निर्बल का, बड़े की अपेक्षा छोटे का, ऊंचे की अपेक्षा नीचे का, अमीर की अपेक्षा गरीब का पक्ष लेते हैं। भगवान राम ने अपने वनवास काल में समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का काम पूरे कौशल के साथ किया। समाज की संग्रहित शक्ति के कारण ही भगवान राम ने आसुरी प्रवृति पर प्रहार किया। समाज को निर्भयता के साथ जीने का मार्ग प्रशस्त किया। इससे यही शिक्षा मिलती है समाज जब एक धारा के साथ प्रवाहित होता है तो कितनी भी बड़ी बुराई हो, उसे नत मस्तक होना ही पड़ता है। अहिल्या शापित और उपेक्षित स्त्री थी। सामाजिक उपेक्षाओं और तिरस्कारों के कारण वह पथरा गई थी। राम उसकी भी सुध लेते हैं। समरसता के अग्रेसर राम जाति, वर्ण, लिंग आदि का भी कोई भेदभाव नहीं रखते। जिस "थर्ड जेंडर" पर ध्यान केंद्रित किए जाने को आज मानवाधिकारों की पहल और प्रेरणा बताया जाता है, तुलसी के राम अपनी भक्ति के लिए स्त्री-पुरुष के साथ इस वर्ग को भी याद रखते हैं। पुरुष नपुंसक नारि वा जीव चराचर कोइ। सर्ब भाव भज कपट तजि मोहि परम प्रिय सोइ।।/ भगतिवंत अति नीचहुं प्रानी।/मोहि प्रानप्रिय असि मम बानी।। अर्थात् अत्यधिक नीच भी यदि कोई भक्त है तो वह मुझे प्राणों से भी प्रिय है।"



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

## अन्न के स्वामी अग्निदेव

यज्ञरूपी सत्कर्म के प्रेरक अग्निदेव के निमित्त यह आहुति समर्पित करते हैं। मन और बुद्धि को प्रेरणा प्रदान करने वाले अग्निदेव को यह आहुति देते हैं। चित्त और विशिष्ट ज्ञान को प्रेरित करने वाले अग्निदेव को यह आहुति प्रदान करते हैं। वाणी और विशिष्ट विद्याओं के प्रेरक अग्निदेव को यह आहुति प्रदान कर देते हैं। मन्वंतर-प्रवर्तक, प्रजापालक मनुरूप अग्निदेव के निमित्त यह आहुति प्रदान करते हैं। संसार के कल्याणकारी अग्निदेव के निमित्त यह आहुति देते हैं। सभी मनुष्य इस जगत का संचालन करने वाले परमेश्वर की मित्रता को स्वीकार करें। दिव्यज्ञान एवं सांसारिक वैभव की कामना से उस परमपिता की तेजस्विता को धारण करें, उसके लिए हमारी यह आहुति समर्पित है।

हे सामर्थ्यवान अग्निदेव! जो भी समिधाएं आपके निमित्त समर्पित की जाएं, वह सभी आपको घृताहुति के समान ही परम प्रिय हों। उन सभी को प्रसन्नता के साथ ग्रहण करें। घुन जिस काष्ठ को चट कर जाता है, दीमक जिस काष्ठ को खा जाती है, ऐसी काष्ठ की समिधाएं भी आपको घृतवत प्रिय हों, उनका भी आप प्रेमपूर्वक सेवन करें। पृथ्वी की नाभि के समान यज्ञकुंड में प्रदीप्त होने की स्थिति में हविष्यान्न से संतुष्टि प्राप्त करने वाले अति प्रशंसनीय यज्ञाग्नि का हम आवाहन करते हैं। शत्रुओं का तिरस्कार कर युद्ध में विजय प्राप्त करने वाले अग्निदेव से हम महान धन, ऐश्वर्य प्राप्ति की कामना करते हैं। आपके प्रभाव से हमारा और जिसके हम पुरोहित हैं, उस यजमान का प्रशंसनीय ब्रह्म ज्ञान, प्रशंसनीय तेजस्विता तथा प्रशंसनीय विजयशील क्षात्र बाल विकसित हो। हे अग्निदेव! दुष्कर्मियों के बाहुबल की अपेक्षा हमारा पराक्रम प्रखर हो, उनके तेज की अपेक्षा हमारा ब्रह्म तेज श्रेष्ठ हो। ज्ञान की तेजस्विता से विरोधियों का समापन हो, हम स्वजनों को ऊंचा उठाते हैं। अन्न के स्वामी हे अग्निदेव! आप हमारे लिए आरोग्यप्रद तथा पोषणयुक्त अन्न प्रदान करें, दानशील मनुष्यों को भली-भांति पोषित करें। हमारे पुत्र-पौत्रादि और पशुओं के लिए भी शक्तिवर्धक अन्न प्रदान करें।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

## पौराणिक ग्रंथों में असुर

संस्कृत साहित्य के उत्कृष्ट विद्वान्महासहोपाध्याय, विद्यानिधि, सिद्धेश्वर शास्त्री चित्राव के अनुसार, "देव एक मानव जातिसंघ था। प्राचीन वैदिक पौराणिक ग्रंथों में देव, असुर, राक्षस, पितर आदि ग्यातिसंघों (जातिसंघों) एवं इन जातियों के स्त्री-पुरूषों का निर्देश पुनः पुनः मिलता है। इन सारे जाति संघों में देव लोगों का ग्याति संघ बौद्धिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से सर्वाधिक प्राज्ञ (उन्नत) एवं बलिष्ट प्रतीत होता है (प्राचीन चरित्र कोश, पृष्ट, 290)।

महाभारत एवं पौराणिक साहित्य के अनुशीलन से यह स्पष्ट हो जाता है कि वैदिक साहित्य के प्रारम्भ में 'असुर' शब्द दिव्यशक्ति संपन्न, ऊर्जावान, प्राणवान के अर्थ में महर्षि कश्यप एवं प्रजा पतिदक्ष की उनको ब्याही सगी बहनों की संततियों के लिए, विशेषकर अदितिपुत्र देवो, दितिपुत्र दैत्यों तथा दनुपुत्र के संयुक्त समूह के लिए होता था। आज के तथा कथित विकसित समाज में जब सगी मां से उत्पन्न भाईयों के परिवार में स्वार्थ जनित मतभेदों के कारण विघटन आम बात हो गई है, तब आज से हजारों वर्षों पूर्व कश्यप की अनेक (पुराणों के अनुसार तेरह, तीस, साठ पत्नियों की) सौतेली संतानों के मध्य स्वार्थ जनित कटुता के कारण उग्र मतभेद स्वाभाविक था। इसी स्वार्थ जनित मतभेद के कारण नागमाता कद्रू ने सगी बहन गरूड़ माता विनता को अपनी दासी बना लिया था और पति देव महर्षि कश्यप असहाय देखते रहे। इस घटना ने परम शक्ति संपन्न गरूड़ को संपूर्ण नागमाता का परम शत्रु बना दिया। विस्तार भय से इस बहु प्रचलित पौराणिक कथा का उल्लेख यहां नहीं किया जा रहा है। देवराज इन्द्र द्वारा स्वर्ग पर पूर्णाधिकार, विभिन्न यज्ञों एवं कर्मकाण्डों में घर बैठे भागीदारी, सुसंपन्न विलासिता पूर्ण जीवन, विभिन्न प्रकार के मादक पेयों के प्रति लगाव अर्थात सुराप्रेम ने सौतेले भाईयों, विमाता दितिपुत्र दैत्यों को विद्रोह के लिए उकसा दिया। दनुपुत्र दानवों ने भी उनका साथ दिया। प्रतिक्रिया स्वरूप सुरा प्रेमी 'सुर' या देवों ने असुर शब्द का मूल अर्थ, "असुः=प्राण+र=युक्तया वाला अर्थात प्रणवान या शक्तिशाली। आगे चलकर यही भौतिक शक्ति का सूचक या प्रतीक बन गया। ऋग्वेद में यह वरूण, इन्द्र वसु आदि देवों के विशेषण के रूप में प्रयुक्त हुआ है। महाभारत एवं कथा सरित्सागर एवं पुराणों में भी असुर समाज के परम उदार, प्रजावत्सल, परोपकारी असुरों (दैत्यों, दानवों, राक्षसों) की प्रशंसा में कई कथाएं वर्णित है।



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

## अक्षय तृतीया: जागृत होती हैं सात्विक प्रवृत्तियां

पुरुष और प्रकृति के एकीकरण, समन्वय, तादाम्य का महीना है वैशाख। इस महीने के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि त्रिगुणात्मक जीवन की ज्ञान-इच्छा एवं क्रियाशक्ति का भान कराने वाली तिथि है। इसके अलावा यह तीनों लोक भूः भुवः स्वः को भी ऊर्जावान करने की तिथि है। इस तिथि को अक्षय तृतीया का निर्धारण करने के केवल आध्यात्मिक कारण ही नहीं बल्कि वैज्ञानिक कारण भी है। आध्यात्मिक दृष्टि से यह सत्ययुग की प्रारम्भ तिथि है। सत्ययुग के ब्रह्मा, विष्णु एवं महेश का स्वरूप अक्षय एवं अविनाशी है। पूरी सृष्टि सृजन, पालन एवं विनाश की त्रिकोणात्मक परिक्रमा करती है। यह तिथि ज्ञान एवं क्रिया के देवता परशुराम का अवतरण दिवस भी है। ऋषि होने के नाते परशुराम जी जहां ज्ञान के देवता होते हैं, वहीं प्रजा हित एवं सकुशल राज्य-संचालन के लिए निर्धारित मानकों के विपरीत कार्य करने वाले राजाओं से अनेकानेक बार संघर्ष की भी कथाएं उल्लिखित हैं।



वैशाख ऋतुराज वसन्त के उन्मेष का महीना है। चैत्र शुक्ल पक्ष से शुरू वसन्त 2 माह अपना जो सुमधुर प्रभाव छोड़ता है, उससे त्रेतायुग के अक्षय स्वरूप के भगवान विष्णु के सप्तम अवतार भगवान श्रीराम एवं अष्टम अवतार योगेश्वर कृष्ण अभिभूत होते हैं। वनवास के दौरान भगवान श्रीराम के सीताहरण के पश्चात भटकाव एवं व्यग्रता को विराम देने वाला यही समय है। दण्डकारण्य में प्रथमतः ज्ञान और विज्ञान के केंद्र श्रीहनुमान से उनकी इसी समय मुलाकात होती है। श्रीराम को हनुमान की बातो में ऋक्वेद, यजुर्वेद तथा सामवेद के ज्ञान का आभास होता है। ज्ञानी हनुमान को पाकर वे सीता को पाने के प्रति आश्वस्त होते दिखाई पड़ते है। वसन्त ऋतु का समय है। वाल्मीकि रामायण में भगवान राम द्वारा वसन्त ऋतु का जो वर्णन किया गया है वह पुरुष और प्रकृति के बीच समन्वय स्थापित करने का संकेत स्पष्ट रूप से देता है। शीतकाल की समाप्ति के बाद सूर्य की रश्मियों में आती तेजी का रूप सुहावना है। पुरुष के इस सुहावने पन पर प्रकृति मुग्ध होने लगती है। धरती-आकाश की आपसी अनुकूलता से पुरानापन नवीन होता है। प्रकृति के इस भाव को जीवन में आत्मसात करने का सन्देश भी निहित है। श्रीराम कृष्ण बनकर द्वापर के अगले अवतार में वसन्त की मोहकता को भूलते नहीं और 'मासानां मार्गशीर्षोऽहम ऋतुनां कुसुमाकरः' कह कर वसन्त को अपना स्वरूप ही प्रदान कर देते है। लिहाजा श्रीराम एवं श्रीकृष्ण की कृपा-अनुकम्पा से अभिसिक्त होने का यह समय है। दोनों अवतारी पुरुष का जीवन सिर्फ सैद्धांतिक ही नहीं बल्कि क्रियात्मक भी था। वसन्त ऋतु के इसी काल में वैशाख तृतीया को अवतरित दशावतार में छठे एवं 24 अवतारों में 16वें भगवान परशुराम की महिमा से यह भी सन्देश मिलता है कि जीवन के षटचक्रों का भेदन करते हुए सहस्त्रार की ओर बढ़ने से चिंतन राम-कृष्ण की तरह उर्ध्वगामी होगा। वैशाख महीने की महत्ता से पौराणिक ग्रंथ भरे पड़े है। कतिपय महीनों की महत्ता के क्रम में वैशाख माह के लिए स्कंदपुराण के 13 अध्यायों में वर्णित इसकी महत्ता से आशय यह निकलता है कि इस महीने में चन्द्रमा, सूर्य, तारे, नक्षत्र इतने अनुकूल हो जाते हैं कि इसके तीसों दिन मानव के लिए लाभप्रद हो जाते हैं। प्रतिकूलताएं निष्प्रभावी हो जाती हैं जिसकी वजह से अक्षय तृतीया को बिना किसी गणना के शुभकार्य सम्पादित किए जाते हैं। वैसे तो तृतीया तिथि को ललिता देवी की उपासना के माध्यम से व्रत का विधान नारदपुराण में महिलाओं के लिए किया गया है लेकिन वैशाख की अक्षय तृतीया का व्रत-उपवास स्त्री-पुरुष दोनों के लिए लाभदायी कहा गया है।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

# प्रदेश

## अनिवार्य सेवानिवृत्ति से पहले कर्मचारी का पूरा सेवा रिकॉर्ड देखना आवश्यक

▶▶ याची को 3 सप्ताह के भीतर सेवा में शामिल करने का दिया निर्देश

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सरकारी कर्मचारी को अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने के मामले में अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि अनिवार्य सेवानिवृत्ति के आदेश में प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का कोई विशेष स्थान नहीं है। इसका यह अर्थ नहीं निकलता कि न्यायिक जांच को पूरी तरह से अलग कर दिया गया हो। हालांकि हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट अपीलीय अदालत के रूप में मामले की जांच नहीं कर सकती हैं, लेकिन आदेश के दुर्भावनापूर्ण, आधारहीन और मनमाना होने की संभावना पर उसमें हस्तक्षेप अवश्य कर सकती है।

कोर्ट ने अपने आदेश में आगे कहा कि मौलिक नियम 56 के अनुसार किसी सरकारी कर्मचारी को अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने से पहले संबंधित प्राधिकारी द्वारा एक राय बनाने की आवश्यकता होती है, जिससे कर्मचारी की पूरी सेवा पर विचार करने के बाद उसे सेवानिवृत्ति देने का फैसला लिया जाए। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति प्रकाश पाड़िया की एकलपीठ ने रतन कुमार यादव की याचिका को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए 3 सप्ताह के भीतर उन्हें सेवा में शामिल करने का निर्देश दिया है, साथ ही 6 सप्ताह की अवधि के भीतर याची को बकाया वेतन, वरिष्ठता और अन्य लाभों सहित सभी परिणामी लाभ प्रदान करने का भी आदेश दिया है। मामले के अनुसार याची को वर्ष 1998 में पुलिस उप-निरीक्षक के पद पर सीधे भर्ती मिली थी। सेवाकाल के दौरान उन्हें मुन्ना बजरंगी गिरोह के साथ मुठभेड़ में एके-47 की पांच गोलियां लगीं। इसके बाद याची को वर्ष 2001 में इंस्पेक्टर के पद पर पदोन्नति दी गई और उन्हें राष्ट्रपति पदक से भी सम्मानित किया गया। वर्ष 2016 में पुलिस उपाधीक्षक के रूप में उनकी पदोन्नति कर उन्हें गाजीपुर में तैनात किया गया, जहां अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), गाजीपुर द्वारा कुछ जांच के आधार पर उन्हें निलंबित कर दिया गया। इसके बाद उनके खिलाफ लगातार चल रही जांच प्रक्रिया के आधार पर वर्ष 2019 में अनिवार्य सेवानिवृत्ति दे दी गई। आधी-अधूरी जांच के आधार पर अनिवार्य सेवानिवृत्ति का कलंक और दोगनी सजा याची को झेलनी पड़ी। स्क्रीनिंग कमेटी ने याची के सेवा रिकॉर्ड पर विचार किए बिना दंडात्मक आदेश पारित किया। अंत में जिसे टिकाऊ ना मानकर कोर्ट ने रद कर दिया।

### अब्दुला आजम के फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले की सुनवाई जारी

प्रयागराज : इलाहाबाद हाई कोर्ट में फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान और उनके परिवार की आपराधिक पुनरीक्षण याचिका पर 6 मई को न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकल पीठ के समक्ष सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के अधिवक्ताओं ने सरकार की ओर से की गई अब तक की कार्रवाई को लेकर तर्क प्रस्तुत किए। कोर्ट ने दोपहर में भोजनावकाश के बाद मामले की सुनवाई मंगलवार को भी जारी रखने का निर्देश दिया।

## मुकदमा लंबित रखने पर कोर्ट ने जताई नाराजगी

▶▶ आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी को दी सशर्त जमानत

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आत्महत्या के लिए उकसाने आरोपी एक छात्र के मुकदमे के निस्तारण में पुलिस उप-निरीक्षक द्वारा असहयोग करने की आलोचना करते हुए कहा कि कोर्ट के ईमानदार अनुरोध की जानबूझकर अवहेलना वास्तव में स्तब्ध करने वाली है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति राहुल चतुर्वेदी की एकलपीठ ने अनिकेत दीक्षित की दूसरी जमानत याचिका को स्वीकार कर उसे सशर्त जमानत देते हुए की।

कोर्ट ने पाया कि आईपीसी की धारा 306 के तहत वर्ष 2018 में पुलिस स्टेशन कल्याणपुर, कानपुर नगर पुलिस ने मामला दर्ज किया और 4 अप्रैल 2018 से आरोपी जेल में बंद है। इस पर कोर्ट ने जिला न्यायालय को 31 अगस्त 2024 तक मुकदमे का शीघ्र निस्तारण करने का निर्देश दिया, साथ ही यह चेतावनी भी दी कि आदेश का अनुपालन न करने की स्थिति में पीठासीन अधिकारी को प्रतिकूल प्रभाव झेलना पड़ सकता है। आरोपी के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि कोर्ट ने सितंबर 2018 में पहली जमानत याचिका को खारिज करते हुए जिला न्यायालय को इस निर्देश के साथ वापस कर दिया था कि वह मुकदमे की सुनवाई तेज कर डेढ़ साल के भीतर इसे समाप्त करें जबकि मुकदमे में बहुत कम प्रगति हुई, जिसके कारण आरोपी को 6 साल तक हिरासत में रहना पड़ा। कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के आदेश पत्र का अवलोकन करते हुए पाया कि ट्रायल कोर्ट ने हाजिरी माफी के विभिन्न आवेदनों को उदारतापूर्वक स्वीकार किया, जिसके कारण नवंबर 2019 से मई 2023 तक यानी 3 वर्ष और 10 महीने की अवधि के दौरान केवल दो गवाहों की जांच की गई। अंत में कोर्ट ने कहा कि यदि अभियोजन पक्ष का कोई गवाह मुकदमे के शीघ्र समापन में असहयोग करता है तो ट्रायल कोर्ट दंड प्रक्रिया संहिता के प्रावधानों के अनुसार उपलब्ध सभी बलपूर्वक तरीकों का उपयोग करके गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित कर सकती है।


## वर्ग पहेली-62

**बाएं से दाएं**

1. 1. नकली वस्तु 2. मिलावटी चीज़ 3. कसौटी पर न उतरने वाली।
5. 1. ओछापन, क्षुद्रता 2. छिछोरे का काम।
6. 1. सुरक्षा राशि 2. शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों से ली जाने वाली सुरक्षा राशि।
7. 1. लकड़ी का वह भाग जो ज़मीन में धंसा हुआ होता है जिसके कुंदे पर लुहार काम करता है

**ऊपर से नीचे**

2. कलम या पेन जिसकी नलिका में स्याही भरी रहती है।
3. 1. बांस की खमाचियों या पतली लचकदार टहनियों की बनी हुई बड़ी टोकरी, झाबा, खांचा 2. पशुओं को कटा हुआ चारा डालने का पात्र।
4. (पुराण) 1. काली माता 2. दुर्गा का एक रूप।



### वर्ग पहेली -61 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 फ़ि | क | रा | | 2 बे | खौ | 3 फ़ |
| | | | 4 ल | | | क़ी |
| 5 अ | भि | ले | ख | न | | रा |
| ह | | | पे | | | ना |
| रि | | 6 घो | ड़ा | गा | ड़ी | |
| म | | | | | | |
| न | | 7 ते | लि | या | मै | ना |

## सुडोकू -141

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 2 | | | | | |
| | | | 1 | | | | 4 | |
| | 3 | 7 | | | | | | |
| 1 | | | 7 | | | | | 3 |
| | | 5 | 6 | | | | | |
| 2 | | | | | 8 | | | 9 |
| 4 | | | 9 | 8 | | | | |
| | 6 | | | | 7 | | | |
| 7 | | 9 | | | | | 8 | |

### सुडोकू -140 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 9 | 1 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 9 | 4 | 2 | 6 | 8 | 7 | 3 |
| 4 | 3 | 1 | 6 | 5 | 2 | 7 | 9 | 8 |
| 9 | 6 | 2 | 3 | 8 | 7 | 1 | 4 | 5 |
| 5 | 7 | 8 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 2 |
| 7 | 9 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 2 | 1 |
| 8 | 2 | 3 | 1 | 7 | 9 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 मई मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 23.40 तक तत्पश्चात अमावस्या।

### आज का पंचांग





दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्विनी 15.32 तक तत्पश्चात भरणी।

**मेष** – आज दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप के कारण आपका अपमान हो सकता है। सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ेंगे। व्यक्तिगत स्वार्थों को पीछे रखते हुए लोकहित के लिए काम करें। ठण्डी वस्तुओं का सेवन करें। आपके विरुद्ध दुर्भावना रखने वाले लोगों की पहचान होगी।

**वृष** – आज कुछ कारणों से आपके फोकस में कमी आयेगी। परिवार में उथल-पुथल हो सकती है। शाम के समय सत्सङ्ग और ध्यान आदि में मन लगा सकते हैं। अचल संपत्ति को लेकर कोई बड़ा निर्णय न लें। प्रेमी जन के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**मिथुन** – आज अपनी अपेक्षाओं के अनुसार मेहनत नहीं कर पायेंगे। मन में बैठे डर को निकालने का प्रयास करें। सार्वजनिक उत्सवों में सम्मिलित हो सकते हैं। लेकिन आप उससे सन्तुष्ट शायद ही रहें। शोध कार्यों में आज आपको सफलता मिलसकती है।

**कर्क** – आज कार्यक्षेत्र में नया परिवर्तन आपके जीवन में बदलाव ला सकता है। व्यवसायिक पार्टनर के साथ समय बितायेंगे। कर्जों को चुकाने में सफलता मिलेगी। जिस अवसर का इंतजार कर रहे थे, वह आपको आज मिल सकता है।

**सिंह** – आज आपकी मांसपेशियों में दर्द हो सकता है। किसी पर भी आंख मून्दकर भरोसा न करें। दांपत्य संबंधों में प्रेम भावना बढ़ेगी। अपनी क्षमता का सही उपयोग करेंगे। जीवनसाथी को पर्याप्त समय अवश्य दें। व्यापार में आपको अपेक्षा से अधिक धन लाभ होगा।

**कन्या** – आज आपको कुछ विरोधाभासी स्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। मन में अनावश्यक विषयों के विचार चलते रहेंगे। इसीलिए आपको खाली नहीं बैठना चाहिए। सेहत को लेकर की गई लापरवाही भविष्य में नुकसान देह सिद्ध हो सकती है।

**तुला** – आज अपनी बुद्धि विवेक से काम करेंगे तो सफलता मिलेगी। मन में दबी हुई भावनाओं को तुरन्त व्यक्त न करें। कर्मचारियों की सहायता से आपका कार्यभार कम होगा। वृद्धजनों की सेवा करेंगे। शाम को थोड़ा अकेलापन महसूस होगा।

**वृश्चिक** – आज आप आवश्यक सामान की ख़रीदारी कर सकते हैं। दैनिक आय में वृद्धि होगी। अविवाहित लोगों के लिए विवाह से संबंधित कोई रिश्ता सामने आ सकता है। मन में छिपे हुए भय को दूर करने का प्रयास करें। गृहस्थ जीवन में खुशहाली रहेगी।

**धनु** – आज समाजसेवा को लेकर मन में भाव उत्पन्न होंगे। कार्यक्षेत्र में टीमवर्क के कारण सभी कार्य आसानी से सफल होंगे। कार्यक्षेत्र में ऐच्छिक सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। किसी की आलोचना न करें। तकनीकी कार्यों में रुचि लेंगे।

**मकर** – आज महिला सहकर्मियों का अपमान न करें। अधिक देर बैठकर काम करने से नुकसान होगा। सिरदर्द और माइग्रेन की समस्या हो सकती है। कोर्ट-कचहरी के मामलों में आपको विजय प्राप्त होगी। विवाह से जुड़ी समस्याओं को लेकर ज्यादा परेशान न हों।

**कुंभ** – आज उच्च अध्ययन में सफलता मिलेगी। संतान के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। मानसिक अन्तर्द्वंद का शिकार हो सकते हैं। भविष्य को लेकर योजना बनायेंगे। किसी पुराने मित्र की मुलाक़ात से आनन्द की अनुभूति होगी। दांपत्य जीवन की कठिनाई दूर होगी।

**मीन** – आज कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। अपने कार्यों में किसी का हस्तक्षेप न होने दें। परिश्रम के बाद सफलता मिलेगी। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त हो सकता है। दाम्पत्य सम्बन्धों के लिये दिन अच्छा नहीं है। अपने भीतर अहम् भाव न पनपने दें।

## आज की फिल्में

| चैनल | फिल्म | समय |
|---|---|---|
| B4U Movies | 15 अगस्त | सुबह : 09.00 |
| B4U Movies | आसमान ऊंचा | शाम : 06.00 |
| &pictures | ऑल द वेस्ट | दोपहर : 12.05 |
| &pictures | हिचकी | शाम : 06.02 |
| Sony Pix | सुसाइड स्क्वॉड | सुबह : 10.03 |
| Sony Pix | द मिशेल्स बनाम द मशीन्स | रात : 09.05 |
| Zee Cinema | खिलाड़ी 786 | सुबह : 10.45 |
| Zee Cinema | जीते हैं शान से | रात : 07.25 |
| Colors Cineplex | द ग्रेट गैम्बलर | सुबह : 11.25 |
| Colors Cineplex | मैरी कॉम | रात : 08.48 |

### आज की सुपरहिट फिल्म





एंड पिक्चर्स पर शाम : 06.02 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी से लड़ाई के बाद पति एक बाबा के पास पहुंचा।
पति (मोनू) – बाबाजी, सुखी वैवाहिक जीवन के लिए मंत्र बताइए?
बाबा– हां, एक मंत्र तो है जिससे बच्चा तेरे सारे दुख खत्म हो जाएंगे।
पति– हां बाबाजी, बताइए क्या है वो?
बाबा –बेटा जब तक मुंह बंद और पर्स खुला रहेगा, कृपा आती रहेगी।
बाबा की बात सुनकर पति हैरान...

भगवान – क्या चाहिए तुझे?
पप्पू – एक नौकरी, पैसों से भरा कमरा, सुकून की नींद और गर्मी से छुटकारा।
भगवान–तथास्तु
आज पप्पू एटीएम में गार्ड है।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 990 फ्लैग 1105 डीएमओ 880 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 985 फ्लैग 1100 बोल्ड 1140 डीएमओ 880।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-1300 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# दुबई चखेगा रामपुर की मिर्च का स्वाद

## मैंगो पैक हाउस निर्यात करेगा 15 टन जी-4 प्रजाति की हरी मिर्च, 12-15 दिन तक रहेगी सुरक्षित

विशेष

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के रामपुर की हरी मिर्च का स्वाद दुबई के लोग चखेंगे। लखनऊ के रहमान खेड़ा में संचालित मंडी परिषद का मैंगो पैक हाउस 75 टन हरी मिर्च का पहली बार निर्यात करेगा। इसमें दो प्रजाति जी-4 व 6813 की मांग आई है। पहले चरण में 15 टन जी-4 मिर्च मंगलवार को मुंबई के शिपयार्ड भेजी जाएगी और वहां से कंटेनर पानी के जहाज से दुबई जाएगा। दूसरे चरण में 6813 प्रजाति की मिर्च का निर्यात होगा। इस तरह कुल चार चरण में मिर्च भेजी जाएगी।

दुबई के अलावा वहां के विक्रेता आसपास शहरों में भी बिक्री करेंगे। मिर्च रामपुर के बड़े पांच-छह किसानों से 26 रुपये प्रति किलो में खरीदी है। खासियत है कि जल्द खराब नहीं होगी। स्वाद सामान्य मिर्च से अधिक तीखा है। इसकी लंबाई चार से पांच इंच तक है।

### बहरीन से हुई थी शुरुआत

मैंगो पैक हाउस ने आम के अलावा हरी मिर्च के निर्यात की शुरुआत पिछले वर्ष सैंपल के तौर पर बहरीन से की थी। रामपुर की करीब दो टन मिर्च भेजी गई थी। शुरुआत में मांग के अनुसार मिर्च की उपलब्धता नहीं हो सकी और परिवहन, खर्च समेत अन्य समस्याएं रहीं। जो निर्यात हुआ वह हवाई जहाज से किया था। इसमें खर्च भी अधिक आया था। इस कारण इस बार प्रयास नहीं किए गए। इसलिए दुबई पर फोकस किया गया है। यहां कृषि उत्पादों की बराबर मांग रहती है।



लखनऊ में संचालित मैंगो पैक हाउस में मिर्च की छटाई करते कर्मचारी। •

**6 डिग्री के तापमान में करते हैं ठंडा और कठोर:** पैक हाउस में निर्यात के लिए सबसे पहले मिर्च की धुलाई व छंटाई कर ग्रेडिंग होती है। इसके बाद कीड़े व रोग न लगे इसके लिए शार्टिंग करते हैं। फिर 6 डिग्री तापमान में प्रीकूल यानी मिर्च की सिकुड़न दूर कर सीधा और कठोर बनाते हैं। इसके बाद इतने ही तापमान में ठंडा करते हैं और तैयार होने के बाद पैकिंग कर कंटेनर में 6 डिग्री के तापमान में रखते हैं। इस प्रक्रिया से 12-15 दिन तक मिर्च सुरक्षित रहती हैं। जबकि पैक हाउस से शिपयार्ड तक और वहां से पानी के जहाज से उत्पाद पहुंचने में 7 से 8 दिन लगते हैं।

> रामपुर की मिर्च का दुबई को पहला निर्यात आज से करेंगे। इस सीजन का भी यह पहला निर्यात है। अन्य देशों से भी आर्डर लेने का प्रयास कर रहे हैं। इससे सब्जियों की पैदावार बढ़ेगी और निर्यात से किसानों को फायदा होगा।
> **-अकरम बेग,** महाप्रबंधक, मैंगो पैक हाउस, रहमान खेड़ा, लखनऊ।

## सरकार 20 लाख टन चीनी निर्यात की अनुमति दे : इस्मा

**नई दिल्ली।** चीनी उद्योग के निकाय इस्मा ने सरकार से सितंबर में समाप्त होने वाले चालू विपणन वर्ष में 20 लाख टन चीनी निर्यात की अनुमति देने का आग्रह किया है। इस्मा का कहना है कि अधिशेष चीनी की खेप का निर्यात करने से चीनी मिलों की नकदी की स्थिति में सुधार होगा जिससे वे समय पर किसानों को गन्ना कीमत का भुगतान कर सकेंगी। चालू विपणन वर्ष 2023-24 (अक्टूबर-सितंबर) के लिए, सरकार ने घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा देने और खुदरा कीमतों को नियंत्रित करने के मकसद से चीनी निर्यात की अनुमति नहीं दी है। पिछले विपणन वर्ष में, चीनी मिलों को लगभग 60 लाख टन चीनी निर्यात करने की अनुमति दी गई थी। सोमवार को इस्मा ने कहा कि अप्रैल, 2024 के अंत तक उत्पादन लगभग 314 लाख टन तक पहुंच गया है।

## सोने की कीमत में 230 रुपये और चांदी में 700 रुपये का उछाल

नई दिल्ली, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में उछाल के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोना 230 रुपये की बढ़त के साथ 72,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,020 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 700 रुपये के उछाल के साथ 84,300 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 83,600 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा-विदेशी बाजारों से सकारात्मक संकेत लेते हुए दिल्ली में हाजिर सोना (24 कैरेट) 72,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 230 रुपये अधिक है।'' अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,312 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 11 डॉलर की बढ़त है। सोने ने सकारात्मक रुख के साथ कारोबार फिर से शुरू किया क्योंकि शुक्रवार को उम्मीद से कमजोर अमेरिकी नौकरी बाजार की रिपोर्ट ने अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा सितंबर में ब्याज दर में कटौती की संभावनाओं को बढ़ा दिया है।



## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 83,700 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 85,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 90,000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,700 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,900-55,100 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 71,050 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 70,900 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 40, 500 |
| चांदी (999) | 82,350 |
| चांदी तैयार | 82,450 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 90, 500 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 70,800 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 69,800 |
| चांदी पक्की | 807 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 71,250 |
| चांदी आभूषण | 81,700। |

## प्रयोगशाला में विकसित हीरों का निर्यात सात से नौ प्रतिशत बढ़ेगा

मुंबई, एजेंसी

प्रयोगशाला में विकसित किये गए हीरों का निर्यात वर्ष 2024-25 में साते से नौ प्रतिशत बढ़कर 150-153 करोड़ डॉलर होने की उम्मीद है क्योंकि प्राकृतिक रूप से खनन किए गए हीरों की मांग सुस्त बनी हुई है। सोमवार को केयरएज एडवाइजरी की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि कम लागत के कारण इस वित्त वर्ष में घरेलू खपत और मानव निर्मित हीरों के निर्यात दोनों में वृद्धि होने की उम्मीद है। केयरएज की विश्लेषण और सलाहकार निदेशक तन्वी शाह ने कहा-एलजीडी (लैब में विकसित हीरे) निर्यात में 7-9 प्रतिशत की वृद्धि के साथ इसके चालू वित्त वर्ष में 150-153 करोड़ डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। वैश्विक स्तर पर चल रहे भू-राजनीतिक और आर्थिक व्यवधानों का सामना करते हुए, रत्न और आभूषण उद्योग प्राकृतिक हीरे की कम मांग के प्रभावों को कम करने के लिए तेजी से बढ़ते एलजीडी बाजार पर निर्भर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आगे चलकर एलजीडी की मांग 2024-25 में फिर से बढ़ने की उम्मीद है।

## जी मीडिया कॉरपोरेशन ने सीईओ अभय ओझा को किया बर्खास्त

**नअ दिल्ली।** जी मीडिया कॉरपोरेशन लिमिटेड ने सोमवार को कहा कि उसके मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अभय ओझा को चार मई की तारीख से बर्खास्त कर दिया गया है। जी मीडिया ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसके निदेशक मंडल की बैठक में ओझा की सीईओ के पद पर सेवा समाप्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह निर्णय चार मई, 2024 से प्रभावी माना जाएगा। जी समूह की कंपनी ने कहा-संगठन के साथ नियुक्ति निरस्त होने के साथ ही अभय ओझा सीईओ अब नहीं रह गए हैं।


## पी-नोट्स के जरिए निवेश 6 साल के उच्चस्तर पर

नई दिल्ली, एजेंसी

- सेबी ने फरवरी के अंत तक के जारी किए आंकड़े

भारतीय पूंजी बाजार में पार्टिसिपेटरी नोट्स (पी-नोट्स) के जरिए निवेश फरवरी के अंत में 1.5 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। जो पिछले छह साल का उच्चतम स्तर है। इस आंकड़े में शेयर, ऋण और हाइब्रिड प्रतिभूतियों में पी-नोट्स के जरिये किया गया निवेश शामिल है।

सेबी के साथ पंजीकृत विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) उन विदेशी निवेशकों को पी-नोट्स जारी करते हैं जो अपना पंजीकरण कराए बगैर भारतीय शेयर बाजार का हिस्सा बनना चाहते हैं। हालांकि, इसके लिए उन्हें समुचित जांच-



पड़ताल से गुजरना पड़ता है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, भारतीय बाजारों- इक्विटी, ऋण और हाइब्रिड प्रतिभूतियों में पी-नोट्स से निवेश का मूल्य फरवरी के अंत में 1,49,517 करोड़ रुपये था, जबकि जनवरी अंत में यह 1,43,011 करोड़ रुपये था। सेबी के आंकड़ों से पता चलता है कि यह राशि जून, 2017 के बाद से उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है, जब पी-नोट्स से निवेश 1.65 लाख करोड़ रुपये था। पी-नोट्स में वृद्धि आमतौर पर एफपीआई प्रवाह के रुझान के अनुरूप होती है। बाजार विशेषज्ञों ने कहा कि फरवरी में निवेश बढ़ने का श्रेय मजबूत कॉरपोरेट आय और दिसंबर तिमाही के दौरान दर्ज सकारात्मक आर्थिक वृद्धि के रुझान को दिया जा सकता है। फरवरी तक इस मार्ग से डाले गए कुल 1.5 लाख करोड़ रुपये में से 1.27 लाख करोड़ रुपये शेयरों में, 21,303 करोड़ रुपये ऋण प्रतिभूतियों में और 541 करोड़ रुपये हाइब्रिड प्रतिभूतियों में निवेश किए गए।



# ओडिशा में बीजद अस्त और कांग्रेस पस्त : मोदी

## ओडिशा की चुनावी जनसभा में बोले प्रधानमंत्री, भाजपा को लेकर लोग हैं आश्वस्त

बेरहामपुर/नबरंगपुर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को यहां दावा किया कि ओडिशा में सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) 'अस्त' हो रहा है जबकि विपक्षी कांग्रेस 'पस्त' है, लिहाजा लोग भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को लेकर आश्वस्त हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने खुद को भगवान जगन्नाथ का पुत्र बताते हुए कहा कि बीजू जनता दल (बीजद) सरकार की 'एक्सपायरी डेट' चार जून है। राज्य में पहली चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से ओडिशा को देश का नंबर एक राज्य बनाने के लिए भाजपा को एक मौका देने का आग्रह किया। ओडिशा के आदिवासी बहुल क्षेत्र नबरंगपुर में एक अन्य रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने दावा किया कि उनकी सरकार मूल निवासियों के कल्याण के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा, ''आपने मोदी के नेतृत्व के दस साल के ट्रैक रिकॉर्ड को देखा है। मोदी ने आदिवासी कल्याण के लिए बजट को पहले के आवंटन की तुलना में पांच गुना बढ़ा दिया।" मोदी ने दावा किया कि केंद्र की सरकार ने आदिवासी इलाकों में एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल स्थापित किए हैं और ऐसे स्कूलों की संख्या 400 के पार पहुंच गई है। कहा कि उनके मंत्रालय में सात प्रतिशत लोग एसटी, एससी और ओबीसी श्रेणी के हैं।



### लोकसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले राजग को 150 सीट भी नहीं मिलेंगी: राहुल



**अलीराजपुर (मप्र)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को दावा किया कि लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 150 सीट भी नहीं मिलेंगी। राहुल ने यह भी कहा कि इस बार के चुनाव का उद्देश्य देश के संविधान को बचाना है क्योंकि भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) संविधान बदलना चाहते हैं। मध्य प्रदेश में रतलाम-झाबुआ लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाले अलीराजपुर जिले के जोबट कस्बे में एक जनसभा को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा कि कांग्रेस सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि लोगों के हित में आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा हटा दी जाए। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने फिर से जातिगत जनगणना की वकालत की और दावा किया कि इससे लोगों की स्थिति के बारे में सब कुछ पता चल जाएगा और देश में राजनीति की दिशा बदल जाएगी।

## राजस्थान: सड़क हादसों में सात की मौत, 20 से अधिक घायल

**जयपुर।** राजस्थान के झुंझुनू और टोंक जिले में दो सड़क दुर्घटनाओं में सात लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक घायल हो गए। पुलिस के अनुसार झुंझुनू में सोमवार को मिनी बस और कार में हुई टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक घायल हो गए। यह हादसा थली गांव के पास उस समय हुआ जब एक कार बाइक सवार को टक्कर मारने के बाद मिनी बस से टकरा गई। सिंघाना थाना प्रभारी कैलाश चंद यादव ने बताया कि मृतकों की पहचान करणवीर (27), रिंकू (25) और राहुल (19) के रूप में हुई है। ये तीनों हमीरवास से झुंझुनू के सिंघाना जा रहे थे। मृतकों में बाइक सवार सुरेश (40) और मिनी बस चालक हनुमान (45) भी हैं। घायल सिंघाना के अस्पताल में भर्ती हैं। उनमें से कुछ को झुंझुनू रेफर किया गया है। वहीं एक अन्य हादसे में एक कार डिवाइडर पार कर ट्रक से जा टकराई, जिसके बाद दोनों सड़क किनारे पलट गए। हादसे में कार सवार दो दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन घायल हो गए। घायलों की हालत गंभीर होने पर उन्हें कोटा रेफर कर दिया गया। मृतकों की पहचान प्रद्युम्न (20) और आयुष (20) के रूप में की गई है।

## मुख्यमंत्री पिनरायी विजयन की बेटी के खिलाफ याचिका खारिज

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में तिरुवनंतपुरम की एक अदालत ने एक निजी खनन कंपनी और मुख्यमंत्री पिनरायी विजयन की बेटी टी. वीना की अब बंद हो चुकी आईटी कंपनी के बीच कथित वित्तीय लेनदेन की अदालत की निगरानी में जांच कराने का अनुरोध करने वाली कांग्रेस विधायक मैथ्यू कुझालनदान की याचिका सोमवार को खारिज कर दी। कुझालनदान ने पहले यहां विशेष सतर्कता अदालत का रुख करते हुए कहा था कि सतर्कता विभाग ने कोचीन मिनरल्स एंड रुटाइल लिमिटेड (सीएमआरएल) और वीना की कंपनी एक्सालॉजिक के बीच वित्तीय लेनदेन की जांच करने से इनकार कर दिया। बाद में उन्होंने अपना रुख बदला और कथित वित्तीय लेनदेन की अदालत की निगरानी में जांच कराने का अनुरोध किया।

## बीआरएस नेता कविता की जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता के कविता को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से उनके खिलाफ दिल्ली शराब नीति से संबंधित दर्ज किए गए धन शोधन के मामले में उनकी जमानत याचिका को मंजूरी देने से इनकार कर दिया। राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने धन शोधन मामले में सुश्री कविता की जमानत याचिका खारिज कर दी। कविता को 15 मार्च को ईडी और बाद में सीबीआई ने न्यायिक हिरासत में रहते हुए गिरफ्तार किया था। अदालत की ओर से जेल में उससे पूछताछ की अनुमति दिए जाने के बाद सीबीआई की गिरफ्तारी हुई। सीबीआई ने इस मामले में अन्य लोगों के अलावा दक्षिण से सरथ चंद्र रेड्डी को भी गिरफ्तार किया था। रेड्डी ने कथित तौर पर कविता के आश्वासन पर शराब घोटाले में शामिल हुआ था कि उसके दिल्ली सरकार में संपर्क हैं और वह व्यवसाय में भी उसकी मदद करेगी। सीबीआई ने आगे आरोप लगाया कि नवंबर-दिसंबर 2021 में कविता ने रेड्डी को उन्हें आवंटित पांच रिटेल क्षेत्रों के लिए प्रति क्षेत्र पांच करोड़ रुपये की दर से 25 करोड़ रुपये का भुगतान करने के लिए कहा था।



## एक नजर

### महिला के साथ दुष्कर्म मामले पर झारखंड पुलिस को नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग ने झारखंड के रामगढ़ में एक महिला के साथ दुष्कर्म और घटना का वीडियो सोशल मीडिया में डालने पर राज्य पुलिस को नोटिस जारी किया है और तीन दिन के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट सौंपने को कहा है। आयोग ने सोमवार को यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड के रामगढ़ में 19 वर्षीय एक महिला के साथ चार लोगों के दुष्कर्म और घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर डालने से संबंधित समाचार डरावना है।

### प्रतिवेदन मानने का जामिया को निर्देश

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने जामिया मिल्लिया इस्लामिया से कहा कि वह अपनी आवासीय कोचिंग अकादमी (आरसीए) में ओबीसी (गैर-क्रीमी लेयर) श्रेणी और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के छात्रों को प्रवेश देने के अनुरोध वाली एक जनहित याचिका को एक प्रतिवेदन मानते हुए निर्णय ले। याचिकाकर्ता ने कहा कि आरसीए सिविल सेवा अभ्यर्थियों के लिए एक मुफ्त कोचिंग कार्यक्रम है और यह केवल महिलाओं तथा अल्पसंख्यक या एससी, एसटी समुदायों के सदस्यों को प्रवेश देता है।

## अगर इंडिया गठबंधन सत्ता में आया तो देश में होगा जंगलराज

समस्तीपुर, एजेंसी

- गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार में चुनावी रैली में किया दावा

गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि अगर विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल सत्ता में आए तो देश में 'जंगलराज' होगा। शाह ने यह भी दावा किया कि झारखंड में नकदी बरामदगी से साबित होता है कि 'इंडिया' गुट के नेता भ्रष्ट हैं। बिहार के समस्तीपुर जिले में भाजपा नेता एवं केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय के पक्ष में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, ''झारखंड में एक मंत्री के घर से 30 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी बरामदगी साबित करती है कि 'इंडिया' गठबंधन के नेता भ्रष्ट हैं।

शाह ने कहा-अगर वे सत्ता में आए तो देश के साथ-साथ बिहार में भी पूरी तरह से जंगलराज' हो जाएगा। प्रवर्तन निदेशालय ने सोमवार को दावा किया कि झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम के सचिव से कथित तौर पर जुड़े एक घरेलू सहायक के परिसरों की तलाशी के दौरान भारी मात्रा में बेहिसाबी नकदी बरामद की गई है। अमित शाह ने कहा-इंडिया गुट से प्रधानमंत्री कौन होगा? क्या शरद पवार बनेंगे प्रधानमंत्री? क्या ममता बनर्जी (प्रधानमंत्री) बनेंगी या एमके स्टालिन या उद्धव ठाकरे?



### देश में आतंकी हमलों के दौरान कांग्रेस व टीएमसी ने साधी चुप्पी

**दुर्गापुर (पश्चिम बंगाल)।** अमित शाह ने सोमवार को कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) शासन के समय देश में आतंकी हमलों के दौरान चुप्पी साधे रखने का आरोप लगाया। शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और टीएमसी ने आतंकी हमलों के दौरान इसलिए चुप्पी साधे रखी क्योंकि उन्हें अपने वोट बैंक के नाराज होने का भय था। शाह ने दावा किया कि जहां भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के 10 साल के कार्यकाल की विशेषता देश में आतंकवाद पर सख्त रुख अपनाना है।

## पश्चिम बंगाल में बम विस्फोट, किशोर की मौत

कोलकाता, एजेंसी

- सांसद ने एनआईए जांच की मांग के साथ सड़क पर लगाया जाम

पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में सोमवार को एक बम विस्फोट में एक किशोर की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद लॉकेट चटर्जी ने घटना की एनआईए जांच की मांग करते हुए दो घंटे से अधिक समय तक एक सड़क को जाम कर दिया।

घटना हुगली जिले के पांडुआ में एक तालाब के पास घटी जहां कुछ लड़के खेल रहे थे तभी विस्फोट हो गया। पुलिस ने बताया कि विस्फोट में घायल हुए एक लड़के की पांडुआ के एक अस्पताल में मौत हो गई, वहीं दो अन्य घायल किशोरों को बेहतर उपचार के लिए चिनसुराह के एक अस्पताल में भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि सुबह करीब साढ़े आठ बजे हुए विस्फोट की जांच शुरू हो गई है। भाजपा सांसद ने सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ जीटी रोड को अवरुद्ध कर दिया और आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के 'गुंडे' क्षेत्र में अपने राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी के कार्यक्रम से पहले दहशत का माहौल पैदा करने के लिए विस्फोट की घटना में शामिल थे। उन्होंने कहा-पांडुआ के लोगों के साथ मैं निर्दोष लड़कों के परिवारों के लिए न्याय की मांग करती हूं।

## आयकर मामले में सीरम इंस्टीट्यूट की याचिका पर सुनवाई 17 तक स्थगित

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को बंबई उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) की याचिका पर सुनवाई 17 मई तक के लिए स्थगित कर दी। उच्च न्यायालय ने आयकर कानून में 2016 के संशोधन के खिलाफ कंपनी की याचिका खारिज कर दी थी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायाधीश जे बी पारदीवाला और न्यायाधीश मनोज मिश्रा की पीठ ने कंपनी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद पी दातार के बहस के लिए समय मांगने के बाद मामले को स्थगित कर दिया। कंपनी ने बंबई उच्च न्यायालय के चार दिसंबर, 2023 के आदेश को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत में याचिका दायर की है।

## अवैध निर्माण को लेकर डीडीए के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति ने शीर्ष अदालत के निर्देशों का उल्लंघन करते हुए और केंद्र की मंजूरी के बिना दक्षिण दिल्ली के रिज क्षेत्र में अवैध निर्माण और लगभग 750 पेड़ काटने पर दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश की है। रिपोर्ट के अनुसार, केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति (सीईसी) ने कहा कि पिछले साल दिसंबर में, डीडीए ने मुख्य छतरपुर रोड से सार्क विश्वविद्यालय, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल चिकित्सा विज्ञान संस्थान तक एक पहुंच मार्ग के निर्माण के लिए रिज जैसी विशेषताओं वाली एक भूमि आवंटित की थी।

## राहुल पर विवि में नियुक्ति की प्रक्रिया पर झूठ बोलने का आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी

- देश के विभिन्न कुलपतियों और शिक्षाविदों ने की कार्रवाई की मांग

देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों और पूर्व कुलपतियों समेत 181 शिक्षाविदों ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर विश्वविद्यालय के प्रमुख पद की नियुक्ति प्रक्रिया के संबंध में 'झूठ फैलाने' का आरोप लगाया और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की।

शिक्षाविदों ने एक खुले पत्र में कहा कि कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया है कि कुलपतियों की नियुक्ति योग्यता के बजाय केवल किसी संगठन से संबद्धता के आधार पर की जाती है। उन्होंने पत्र में राहुल के दावों को खारिज किया है। उन्होंने दावा किया कि कुलपतियों के चयन की प्रक्रिया सख्त और पारदर्शी है तथा इसमें योग्यता, विद्वत विशिष्टता और निष्ठा के मूल्य समाहित हैं। जवाहरलाल नेहरू विवि (जेएनयू) की कुलपति शांतिश्री धुलीपुडी पंडित, दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति योगेश सिंह और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के अध्यक्ष टी जी सीताराम समेत विभिन्न क्षेत्रों के शिक्षाविदों ने पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने कहा कि कुलपति चयन की प्रक्रिया पूरी तरह अकादमिक और प्रशासनिक कौशल पर आधारित रही है और इसमें विश्वविद्यालयों को आगे ले जाने का दृष्टिकोण रहा है। शिक्षाविदों ने राहुल के किसी विशेष दावे का हवाला नहीं दिया है। हालांकि, राहुल ने विगत दिनों आरोप लगाया था कि शैक्षणिक संस्थानों में नियुक्ति में हिंदूवादी संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के साथ संबद्धता एक प्रमुख आधार रही है। पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में सीएसजेएम विवि, कानपुर के कुलपति विनय पाठक, पेसिफिक विवि, उदयपुर के कुलपति भगवती प्रकाश शर्मा, महात्मा गांधी ग्रामोद्योग विवि, चित्रकूट के पूर्व कुलपति एन सी गौतम, गुरु घासीदास विवि, बिलासपुर के कुलपति आलोक चक्करवाल और बीआर आंबेडकर राष्ट्रीय विधि विवि, सोनीपत के पूर्व कुलपति विनय कपूर भी शामिल हैं।

### शिक्षाविदों ने कहा-कांग्रेस नेता ने इससे राजनीतिक लाभ उठाने के इरादे से पद को किया है अपमानित

शिक्षाविदों ने कहा-राहुल गांधी ने झूठ का सहारा लिया है और कांग्रेस नेता ने इससे राजनीतिक लाभ उठाने के इरादे से व्यापक रूप से कुलपति के पद को अपमानित किया है। इसलिए विनम्रतापूर्वक अनुरोध है कि उनके खिलाफ कानून के अनुसार तत्काल उचित कार्रवाई की जाए।'' उन्होंने अपने पत्र में लिखा कि ज्ञान के मार्गदर्शक और संस्थानों के प्रशासक के रूप में वे उच्चस्तरीय प्रशासकीय निष्ठा, नैतिक व्यवहार तथा संस्थागत निष्ठा बनाए रखने की अडिग प्रतिबद्धता रखते हैं।

## आज का मुकाबला

दिल्ली कैपिटल्स
बनाम
राजस्थान रॉयल्स
शाम 7 : 30 बजे

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 12 | 18 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 11 | 17 |
| वरुण चक्रवर्ती (केकेआर) | 11 | 16 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 11 | 542 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 11 | 541 |
| सुनील नारायण (केकेआर) | 11 | 461 |

# भारतीय महिला-पुरूष रिले टीम ओलंपिक के लिए क्वालीफाई

नासाउ (बहामास), एजेंसी






भारतीय महिला और पुरूष चार गुणा 400 मीटर रिले टीमों ने यहां सोमवार को विश्व एथलेटिक्स रिले में दूसरे दौर की हीट में दूसरे स्थान पर रहकर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया। रूपल चौधरी, एम आर पूवम्मा, ज्योतिका श्री दांडी और शुभा वेंकटेशन की चौकड़ी ने तीन मिनट 29.35 सेकंड का समय लेकर पहली हीट में जमैका (3 : 28 . 54) के बाद दूसरा स्थान हासिल करके पेरिस का टिकट कटाया।

भारतीय टीम रविवार को पहले दौर की क्वालीफाइंग हीट में तीन मिनट 29.74 सेकंड का समय निकालकर पांचवें स्थान पर रही थी। बाद में पुरूष टीम (मोहम्मद अनस याहया, मोहम्मद अजमल, अरोकिया राजीव और अमोल जैकब) तीन मिनट 3.23 सेकंड का समय निकालकर अमेरिका (2:59.95) के बाद दूसरे स्थान पर रही। दूसरे दौर में तीनों हीट से शीर्ष दो टीमों ने 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई किया। महिला टीम का ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना सुखद आश्चर्य रहा।

पहले दौर में पुरूष टीम रेस पूरी नहीं कर सकी थी क्योंकि दूसरे चरण के धावक राजीव रमेश को मांसपेशी में खिंचाव के कारण बीच में ही बाहर होना पड़ा था। राजीव अरोकिया ने टीम में रमेश की जगह ली और अनस तथा अजमल के बाद तीसरा चरण दौड़े। भारतीय पुरूष टीम तीसरे स्थान पर थी जब आखिरी चरण के धावक जैकब ने अरोकिया से बेटन ली और जबर्दस्त दौड़ लगाते हुए मैक्सिको के प्रतिद्वंद्वी को पछाड़कर दूसरा स्थान हासिल किया। भारत ने चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले से दूसरे दौर की हीट में नाम वापिस ले लिया क्योंकि रमेश फिट नहीं थे। उन्होंने रविवार को चार गुणा 400 मीटर मिश्रित और पुरूष दोनों वर्गों में भाग लिया था।

मिश्रित रिले का आगाज तोक्यो ओलंपिक से हुआ और भारत ने भी इसमें क्वालीफाई किया था। पहली बार लॉस एंजिलिस में 1984 खेलों में महिला चार गुणा 400 मीटर रिले की शुरूआत के बाद से भारतीय टीम आठवीं बार उतरेगी। वहीं पुरूष टीम चौथी बार भाग लेगी क्योंकि इस वर्ग की स्पर्धा 2000 सिडनी ओलंपिक से ही शुरू हुई है। अब भारत के ट्रैक और फील्ड के 19 खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई कर चुके हैं जिनमें भालाफेंक चैंपियन नीरज चोपड़ा शामिल हैं। एथलेटिक्स की स्पर्धाएं एक अगस्त से शुरू होंगी।

## सरकार के फैसले पर ही भारतीय टीम जाएगी पाकिस्तान : शुक्ला



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने सोमवार को कहा कि सरकार की अनुमति के बाद ही भारतीय क्रिकेट टीम को पाकिस्तान में अगले वर्ष होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भेजा जाएगा।

बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने आज यहां कहा चैंपियन ट्रॉफी के मामले में हम वही करेंगे जो सरकार हमसे करने को कहेगी। हम अपनी टीम तभी भेजते हैं जब सरकार हमें इसकी इजाजत देती है। हम सरकार के निर्णय के अनुसार चलेंगे। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी पाकिस्तान के पास है।

# सूर्या के शतक ने आसान की मुंबई की जीत

## 18वें ओवर में हासिल किया लक्ष्य, हैदराबाद को सात विकेट से हराया

मुंबई, एजेंसी



सूर्यकुमार यादव नाबाद (105) और तिलक वर्मा नाबाद 37 रनों की पारियों की तूफानी पारियों की के दम पर मुंबई इंडियंस ने सोमवार को आईपीएल के 55वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हरा दिया है। मुंबई की 12 मैचों में यह चौथी जीत है।

174 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुम्बई इंडियंस की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने दूसरे ही ओवर में इशान किशन (9) का विकेट गवां दिया। इसके बाद चौथे ओवर में रोहित शर्मा (4) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। भुवनेश्वर कुमार ने पांचवें ओवर में नमन धीर को शून्य पर आउट कर मुंबई को तीसरा झटका दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा ने पारी को संभाला। सूर्यकुमार यादव ने 51 गेंदों में 12 चौके और छह छक्के लगाते हुए नाबाद 102 रनों की पारी खेली। सूर्यकुमार ने छक्का लगाकर अपना शतक पूरा किया। वहीं तिलक वर्मा 32 गेंदों में 37 रन बनाकर नाबाद रहे। तिलक और सूर्यकुमार के बीच 143 रनों की साझेदारी मुंबई के लिए आईपीएल में चौथे विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी है। मुंबई ने 17.2 ओवर में तीन विकेट पर 174 रन बनाकर सात विकेट से मुकाबला जीत लिया।



इससे पहले सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड की (48) और कप्तान पैट कमिंस की तबातोड़ नाबाद 35 रन की पारी की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने मुंबई इंडियंस को जीत के लिए 174 रनों का लक्ष्य दिया था। आज यहां वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस ने टॉस जीता और सनराइजर्स हैदराबाद को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। छठें ओवर में बुमराह ने अभिषेक को आउट कर पहली सफलता दिलाई। पदार्पण करने वाले अंशुल कम्बोज ने मयंक (5) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। हैदराबाद के विकेट लगातार अंतराल पर गिरते रहे। ट्रैविस हेड ने 30 गेंदों में सर्वाधिक 48 रनों की पारी खेली। उन्हें 11वें ओवर में पीयूष चावला ने आउट किया। कमिंस ने 17 गेंदों में नाबाद 35 रनों की पारी खेली। मुंबई की ओर से हार्दिक और पीयूष ने तीन-तीन विकेट लिए। जसप्रीत बुमराह और अंशुल कंबोज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 11 | 8 | 3 | 16 | +1.453 |
| राजस्थान | 10 | 8 | 2 | 16 | +0.622 |
| चेन्नई | 11 | 6 | 5 | 12 | +0.700 |
| हैदराबाद | 11 | 6 | 5 | 12 | -0.065 |
| लखनऊ | 11 | 6 | 5 | 12 | -0.371 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 | -0.442 |
| बेंगलुरु | 11 | 4 | 7 | 8 | -0.049 |
| पंजाब | 11 | 4 | 7 | 8 | -0.187 |
| मुंबई | 12 | 4 | 8 | 8 | -0.212 |
| गुजरात | 11 | 4 | 7 | 8 | -1.320 |

**143** रनों की साझेदारी मुंबई के लिए तिलक और सूर्यकुमार ने की जो आईपीएल में चौथे विकेट के लिए अब तक की सबसे बड़ी साझेदारी है

### हैदराबाद 173/8
20 ओवर, अतिरिक्त : 14

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ट्रैविस हेड का तिलक बो चावला | 48 | 30 | 7/1 |
| अभिषेक शर्मा का इशान बो बुमराह | 11 | 16 | 0/1 |
| मयंक अग्रावाल बो कंबोज | 5 | 6 | 1/0 |
| नितीश रेड्डी का कंबोज बो हार्दिक | 20 | 15 | 2/0 |
| हेनरिच क्लासेन बो चावला | 2 | 4 | 0/0 |
| मार्को यानसेन बो हार्दिक | 17 | 12 | 1/1 |
| शाहबाज का सूर्यकुमार बो हार्दिक | 10 | 12 | 0/0 |
| अब्दुल समद पगबाधा चावला | 3 | 4 | 0/0 |
| पैट कमिंस नाबाद | 35 | 17 | 2/2 |
| सनवीर सिंह नाबाद | 8 | 7 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** तुषारा 4-0-42-0, कंबोज 4-0-42-1, बुमराह 4-0-23-1, हार्दिक 4-0-31-3, चावला 4-0-33-3

### मुंबई 174/3
17 .2 ओवर, अतिरिक्त : 22

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| इशान किशन का मयंक बो यानसेन | 9 | 7 | 2/0 |
| रोहित शर्मा का क्लासेन बो कमिंस | 4 | 5 | 1/0 |
| नमन धीर का यानसेन बो भुवनेश्वर | 0 | 9 | 0/0 |
| सूर्यकुमार यादव नाबाद | 102 | 51 | 12/6 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 37 | 32 | 6/0 |

**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 4-0-22-1, यानसेन 3-0-45-1, कमिंस 4-0-35-1, नटराजन 3 .2-0-31-0, नीतिश 2-0-16-0, शाहबाज 1-0-11-0

## कोहली सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज अलग रणनीति बनाएंगे : बाबर

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान के सीमित ओवरों के कप्तान बाबर आजम ने कहा कि विराट कोहली भारत के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से हैं और अगले महीने होने वाले टी-20 विश्वकप में उनके बल्ले पर अंकुश लगाने के लिए रणनीति जरूर बनाई जाएगी। टी20 विश्व कप अमेरिका और वेस्टइंडीज में एक जून से शुरू होगा जिसमें भारत और पाकिस्तान नौ जून को न्यूयॉर्क में आमने सामने होंगे।

प्रेस कांफ्रेंस में उनसे पूछा गया कि क्या वह शानदार फॉर्म में चल रहे कोहली के खिलाफ रणनीति बनाएंगे, इस पर उन्होंने कहा कि एक टीम के रूप में विरोधी के टीम सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ रणनीति बनाई ही जाती है। हम दूसरी टीमों के सभी 11 खिलाड़ियों के खिलाफ रणनीति बनाते हैं। हमें न्यूयॉर्क के हालात के बारे में ज्यादा पता नहीं है लेकिन कोहली सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक है और हम उसके खिलाफ भी रणनीति बनाएंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि गैरी कर्स्टन को सफेद गेंद के प्रारूप का मुख्य कोच बनाए जाने से पाकिस्तानी टीम का प्रदर्शन ग्राफ ऊपर जाएगा। कर्स्टन को पिछले महीने दो साल के लिए पाकिस्तान का मुख्य कोच बनाया गया है। उनके कोच रहते भारत ने 2011 वनडे विश्व कप जीता था।



### वीजा मुद्दों के कारण आमिर के आयरलैंड रवाना होने में विलंब

**लाहौर।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर वीजा मुद्दों के कारण शायद मंगलवार सुबह राष्ट्रीय टीम के बाकी सदस्यों के साथ तीन मैच की टी20 श्रृंखला के लिए आयरलैंड रवाना नहीं हो पाएंगे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के एक विश्वस्त सूत्र ने कह कि टीम के बाकी सदस्यों को आयरलैंड का वीजा मिल गया है लेकिन 2010 स्पॉट फिक्सिंग प्रकरण में जेल की सजा काटने के कारण आमिर के वीजा में विलंब हो रहा है।

## भारत की पहली हाईब्रिड पिच का अनावरण

**धर्मशाला।** भारत की पहली हाईब्रिड पिच का सोमवार को हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ (एचपीसीए) स्टेडियम में भव्य समारोह में अनावरण किया गया। इस समारोह में आईपीएल चेयरमैन अरूण धूमल और इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर तथा एसआईएस के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट निदेशक पॉल टेलर जैसे क्रिकेट से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। धूमल ने कहा इंग्लैंड में लार्ड्स और द ओवल जैसे प्रतिष्ठित स्थलों में सफलता के बाद हाईब्रिड पिचों के इस्तेमाल से भारत में क्रिकेट में क्रांति आएगी। प्राकृतिक टर्फ और कृत्रिम फाइबर से बनने वाली हाईब्रिड पिच अधिक टिकाऊ होती है। इससे मैदानकर्मियों पर पिच को तैयार करने में कम दबाव होता है और साथ ही खेलने की परिस्थितियों के स्तर को बरकरार करने में भी अधिक समस्या नहीं होती। पिच में सिर्फ पांच प्रतिशत कृत्रित फाइबर होता है जिससे यह सुनिश्चित होता है कि क्रिकेट के लिए जरूरी प्राकृतिक विशेषताओं को बचाया जा सके।



## रूबलेव ने पहली बार जीता मैड्रिड ओपन

**मैड्रिड।** बुखार के कारण रात भर सो नहीं पाने के बावजूद रूस के आंद्रे रूबलेव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहली बार मैड्रिड ओपन टेनिस खिताब जीत लिया। रूबलेव ने आगर एलियास्सिमे को 4-6, 7-5, 7-5 से हराया। जीत के बाद उन्होंने कहा मेरे पास शब्द नहीं है। अगर आपको पता चलेगा कि पिछले नौ दिन कैसे गुजरे हैं तो आप यकीन नहीं करेंगे कि मैं यह खिताब जीत सकता था। नोवाक जोकोविच ने चोट के कारण टूर्नामेंट से नाम वापिस ले लिया था जबकि दानिल मेदवेदेव क्वार्टर फाइनल में रिटायर हो गए थे। कार्लोस अल्काराज दाहिने हाथ में सूजन से जूझ रहे थे और राफेल नडाल जल्दी हारकर बाहर हो गए थे। इगा स्वियातेक ने पहली बार महिला वर्ग में यह खिताब जीता।



## भारतीय शतरंज इकोसिस्टम के विकास को 65 करोड़ का बजट

नई दिल्ली, एजेंसी

अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नितिन नारंग ने भारतीय शतरंज को अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक पहुंचाने और देश में शतरंज इकोसिस्टम को विकसित करने के लिए 65 करोड़ का बजट तैयार किया है। एआईसीएफ की आम सभा में इस पर चर्चा की गई जिनका उद्देश्य पेशेवर और जमीनी स्तर के खिलाड़ियों के लिए वित्तीय और संस्थागत सहायता प्रदान करके भारतीय शतरंज इकोसिस्टम को मजबूत करना है।



राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के लिए एआईसीएफ प्रो और एआईसीएफ पॉपुलर जैसे कार्यक्रमों का शुभारंभ, हर घर शतरंज के दृष्टिकोण को घरों में वास्तविकता प्रदान करेगा। कई प्रस्ताव जैसे शतरंज विकास निधि, सभी स्तरों पर खिलाड़ी अनुबंध और कोचिंग के साथ मजबूत वित्तीय सहायता की शुरुआत, जिला और राज्य संघों को आर्थिक रूप से समर्थन देना, विशिष्ट स्तर के प्रशिक्षण के लिए एक अत्याधुनिक एनसीए की स्थापना, विशेष रूप से भारत के लिए एआईसीएफ रेटिंग प्रणाली, अभूतपूर्व पहल के रूप में काम करेगी और आने वाले वर्षों में भारतीय शतरंज इकोसिस्टम के विकास को गति देगी।

## रॉयल्स के खिलाफ दिल्ली के लिए करो या मरो का मुकाबला

नई दिल्ली, एजेंसी

आईपीएल प्लेआफ की दौड़ में बने रहने के लिये दिल्ली कैपिटल्स को मंगलवार को हर हालत में राजस्थान रॉयल्स जैसी जबर्दस्त फॉर्म में चल रही टीम को हराना होगा और नजरें कप्तान ऋषभ पंत तथा जैक फ्रेसर मैकगुर्क के बल्ले पर लगी होंगी।

दिल्ली ने अभी तक 11 में से पांच मैच जीते और छह हारे हैं। बाकी तीन मैच दिल्ली को हर हालत में जीतने होंगे हालांकि उसके बाद भी उसके 16 ही अंक रहेंगे जो प्लेआफ में पहुंचने के लिए शायद काफी नहीं हों। दिल्ली शायद सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के बाद भी क्वालीफाई नहीं कर सके लेकिन पंत का भरोसा महेंद्र सिंह धोनी की उस नीति पर है कि जिस पर नियंत्रण किया जा सकता है, उसी पर किया जाए।



अरूण जेटली स्टेडियम की सपाट पिच पर पंत के लिए दोहरी चुनौती होगी। वह चाहेंगे कि खलील अहमद, ईशांत शर्मा और कुलदीप यादव जैसे उनके गेंदबाज यशस्वी जायसवाल, संजू सैमसन और रियान पराग को सस्ते में आउट कर दे लेकिन सिर्फ 60 मीटर की सीमारेखा होने से ऐसा करना कठिन होगा। अब तक तीन अर्धशतक समेत 380 रन बना चुके पंत पर एक बार फिर अच्छे प्रदर्शन का दारोमदार होगा। उनके पास ऑस्ट्रेलिया के युवा फ्रेसर मैकगुर्क जैसा आक्रामक बल्लेबाज है। ये दोनों मिलकर मैच का नक्शा पलट सकते हैं। दिल्ली को हालांकि रॉयल्स के गेंदबाजी आक्रमण से कड़ी चुनौती मिलेगी। युजवेंद्र चहल और रविचंद्रन अश्विन को खेलना आसान नहीं होगा।

## एएसबीसी एशियाई अंडर-22 चैंपियनशिप में पांच को स्वर्ण

**अस्ताना (कजाकिस्तान)।** पांच युवा भारतीय मुक्केबाजों ब्रिजेश टम्टा, आर्यन हुड्डा, यशवर्धन सिंह, लक्ष्मी और निशा ने सोमवार को यहां एएसबीसी एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीते। ब्रिजेश ने पुरुषों के 48 किग्रा फाइनल में ताजिकिस्तान के मुमिनोव मुइनखोदझा को 5-0 से हराकर भारत को टूर्नामेंट का पहला स्वर्ण पदक दिलाया। आर्यन (51 किग्रा) ने किर्गिस्तान के कामिलोव जफरबेक के खिलाफ 5-0 की जीत से भारत का दबदबा जारी रखा। यशवर्धन सिंह (63.5 किग्रा) को ताजिकिस्तान के गफूरोव रुस्लान के खिलाफ 4-1 की जीत के दौरान काफी पसीना बहाना पड़ा। महिला वर्ग में निशा ने 52 किग्रा वर्ग में कजाखस्तान की ओटिनबे को हराकर स्वर्ण अपने नाम किया।



## बॉलीवुड हलचल

# हीरा मंडी का हीरा नकली और मंडी अश्लील



शारदा शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

नेटफिलक्स पर संजय लीला भंसाली की नई सीरीज हीरा मंडी इस वक्त चर्चा में है। 1 मई को प्रदर्शित आठ एपिसोड वाली इस कहानी पर भंसाली की पूरी छाप है। चर्चा इसलिए भी है कि इसमें भर भर के ग्लैमर है इतना कि उसे ग्लैमर का ओवर डोज भी कहा जा सकता है। सेट्स को भव्य दिखाने के लिए एनीमेशन का इस्तेमाल भी किया गया, जो नकली समझ आ जाता है। सेक्स और गाली गलौच भरपूर मात्रा में तो है ही फूहड़ भी है। परिवार के साथ बैठकर देखने के बारे में तो सोचा ही नहीं जा सकता। तवायफों पर आधारित कहानी में बार बार उनकी तहजीब और रवायतों का महिमा मंडन किया गया है कि कोठे तहजीब सीखने की जगह हुआ करते थे पर तवायफों से भद्दे संवाद बुलवाते समय भंसाली ये बात भूल जाते हैं। हीरा मंडी की स्टारकास्ट जबरदस्त है। इसमें मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, ऋचा चड्ढा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, संजीदा शेख, फरदीन खान, अध्ययन सुमन, शेखर सुमन, फरीदा जलाल आदि हैं। सर्वाधिक संतुलित अभिनय फरीदा जलाल का है। ऋचा चड्ढा और अदिति राव हैदरी भी प्रभावित करती हैं। बड़े शेखर से ज्यादा छोटे शेखर प्रभाव छोड़ते हैं। ताहा शाह बदूशा ने आंखों से अच्छा अभिनय किया है। माहौल है 1940 के आसपास का लाहौर। 'हीरा मंडी : द डायमंड बाजार' की मुख्य कहानी मल्लिका जान मनीषा कोइराला की कहानी है, जो हीरा मंडी की सबसे ताक़तवर तवायफ है। उनके बारे में बस यही कहा जा सकता है कि मुख्य किरदार के लालच में मनीषा कोइराला ने करियर की दूसरी पारी में छीछालेदर ही करवा ली। वह आतंक का पर्याय है। उसकी बेटी बिब्बो जान क्रांतिकारियों का साथ दे रही है। दूसरी तवायफ बेटी आलमजेब शेरो-शायरी करती है। उसका पुराना गुनाह नए तेवर में फरीदन सोनाक्षी सिन्हा बनकर लौट आता है। सोनाक्षी का अभिनय बेहद कमजोर है। कोठों पर कब्जे की जंग में आजादी की जंग का तड़का है। जो कहानी को मकसद देता है। वरना तवायफों के बारे में आज कोई क्यों जानना चाहेगा। क्यों कि ना तो कहानी असली है ना ही इतिहास। अगर कुछ है तो वो तवायफों के जेवर और नवाबों के तेवर। सिरीज देखते समय आप कहानी या पात्रों से खुद को रिलेट नहीं कर पाते। हां आजादी की जंग थोड़ा जोश जरूर भर्ती है। अमीर खुसरो का बसंत गीत सकल बन फूल रही सरसों बढ़िया है। इन कहानियों में षड्यंत्र है, जरूरत से ज्यादा ग्लैमर है और मोहब्बत की कशिश भी है। कहानियों के भीतर इतनी कहानियां हैं कि आप से कहानी का मुख्य सिरा ही छूटने लगता है। पूरी कहानी में भंसाली के दिमाग में पाक़ीज़ा छाई हुई है। डांस स्टेप्स, सिचुएशन्स सिनेमेटोग्राफी, कॉस्ट्यूम, संवाद अदायगी सभी पाकीजा की थर्ड कॉपी लगते हैं। जब भंसाली पाकीजा से इतने ही प्रभावित थे तो उसका भावनात्मक पहलू भी याद कर लेते। उसकी शालीनता और मोहब्बत के ऊंचे मानदंड भी याद रखते। आज तवायफों का दौर देखने वाले तो नहीं है पर पाकीजा हर सिने प्रेमी ने देखी है। कह सकते हैं कि हीरा मंडी में जो अच्छा है वो मौलिक नहीं है जो मौलिक है वो अच्छा नहीं है।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# पुंछ हमले के आतंकियों का पता बताने वाले को मिलेंगे 20 लाख

जम्मू, एजेंसी

- सेना ने जारी किए स्केच, कई लोगों को हिरासत में लेकर की जा रही है पूछताछ



जम्मू-कश्मीर का जिला पुंछ में वायु सेना के वाहन पर घात लगाकर किए गए आतंकी हमले के बाद से ही गहन तलाशी अभियान चल रहा है। सोमवार को सेना ने दो आतंकवादियों के स्केच जारी किए हैं। इन आतंकियों का पता बताने वाले को 20 लाख रुपये दिए जाने की घोषणा भी की गई है। इसके साथ ही कुछ लोगों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है।

गौरतलब है कि शनिवार शाम को पुंछ जिले की सुरनकोट तहसील के डन्ना शाहसितार क्षेत्र में वायुसेना के वाहनों पर आतंकी हमला किया गया। इस हमले में पांच वायु सैनिक घायल हो गए। घायलों में शामिल विक्की पहाड़े बलिदान हो गए। हमले के बाद से ही सुरनकोट व मेंढर के 20 किलोमीटर तक क्षेत्र में घेराबंदी की गई है।

ड्रोन की भी मदद ली जा रही है। सुरक्षा बलों ने बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया है। इलाके में सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और एसओजी के एक हजार से अधिक जवानों ने मोर्चा संभाल रखा है। आतंकियों ने वायुसेना के वाहनों पर घात लगाकर हमला किया है।

# अब अहमदाबाद के 10 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**अहमदाबाद।** दिल्ली और देशभर के कई के स्कूलों और हाई आड्डों को बम से उड़ाने की धमकी कुछ दिन बाद अब अहमदाबाद के दस स्कूलों के धमकी भरे ई-मेल मिले हैं। इनमें इन स्कूलों को उड़ा देने की धमकी दी गई है।

लोकसभा चुनावों से पहले स्कूलों को आए इन ई-मेल के बाद पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। शुरुआती जानकारी में स्कूलों को रूसी सर्वर से मेल आने की बात कही जा रही है। गुजरात में लोकसभा चुनावों की वोटिंग से पहले आए धमकी भरे ई-मेल ने पुलिस प्रशासन को सकते में डाल दिया है। कई सारे स्कूल बंद हैं। ईमेल पर अहमदाबाद की आठ स्कूलों ईमेल पर धमकी मिल की है। जिन स्कूलों को धमकी मिली उनमें अहमदाबाद के बड़े स्कूल शामिल हैं।

# भारत की मजबूती से एशिया में अमेरिका का हित सुरक्षित

वाशिंगटन, एजेंसी

- भारतीय-अमेरिकी कम्युनिटी के नेता बोले-चीनी प्रभाव को रोकने के लिए शक्ति बनकर उभरा भारत



भारतीय-अमेरिकी कम्युनिटी के नेता योगी चुघ ने कहा कि एशिया में अमेरिका के हित मजबूत भारत की वजह से सुरक्षित हैं। इस क्षेत्र में बढ़ते चीनी प्रभाव को रोकने के लिए भारत एक महत्वपूर्ण शक्ति बनकर उभरा है।

कैलिफोर्निया के कारोबारी चुघ एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विश्व पटल पर भारत के उत्कर्ष को लेकर बड़ा उत्साह है। भारत न केवल अपनी अर्थव्यवस्था के माध्यम से, बल्कि विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की क्षमता की वजह से महत्वपूर्ण भूमिका में है।

चुघ ने कहा कि अमेरिका और भारत के बीच एक मजबूत रिश्ता होगा। कई लोगों ने इसे 21वीं सदी की सबसे महत्वपूर्ण साझेदारी कहा है। वहीं, यूएस-इंडिया स्ट्रेटेजिक एंड पार्टनरशिप फोरम के अध्यक्ष मुकेश अघी ने कहा कि अमेरिका भारत को एक महत्वपूर्ण सहयोगी के रूप में देखता है। अमेरिका का संयुक्त सैन्य अभ्यास भारत के साथ किसी अन्य देश की तुलना में अधिक है।

# कैंसर... अब बीमारी नहीं महामारी का लिया है रूप


*आज के समय में कैंसर कोई बीमारी नहीं रह गई है बल्कि ये महामारी का रूप ले चुकी है। आईए जानें कैंसर के बारे में...शरीर में मौजूद कोशिकाओं यानी सेल्स में दो ऐसे बदलाव आ जाते हैं, जो नहीं आने चाहिए तब शरीर में कैंसर बनता है. पहला है, किसी भी कोशिका का अनियंत्रित रूप से बढ़ना और दूसरा है, किसी एक ऑर्गन की सेल का बहुत अधिक ग्रोथ लेते हुए अपनी जगह से दूसरे ऑर्गन तक फैल जाना। इन दोनों कंडीशन में कैंसर हो जाता है।*

## कीमो और रेडियो के अलावा भी कैंसर का है कोई इलाज

कीमोथेरपी, रेडियोथेरपी, कुछ खास केसेज और स्टेज में सर्जरी के अलावा टारगेटेड थेरपी, अडवांस थेरपी ट्रीटमेंट्स जैसे, इम्युनोथेरपी आदि कई लेटेस्ट ट्रीटमेंट शामिल हैं। लेकिन ये कैंसर के नेचर और पेशेंट की कंडीशन को ध्यान में रखकर ही दिए जाते हैं।

## कितने तरह के होते हैं

- दो या दस नहीं बल्कि इंसान के शरीर में 250 तरह के कैंसर हो सकते हैं। लेकिन वर्ग के आधार पर इन 250 कैंसर को तीन हिस्सों में बांटा जा सकता है।
- स्किन की लाइनिंग से बनने वाले कैंसर कार्सिनोमा कहलाते हैं।
- मसल्स और बोन के कैंसर सारकोमा
- तीसरे हैं ब्लड के कैंसर, जिन्हें लिंफोमा, ल्यूकीमिया और माइलोमा कहा जाता है। इनके अलावा ब्रेन ट्यूमर और मेलेनोमा अलग कैटिगरी में आते हैं।




## क्या लक्षण एक जैसे होते हैं

नहीं, हर कैंसर के लक्षण अलग होते हैं। टीबी, निमोनिया, बदहजमी और पाइल्स जैसी कई बीमारियों के लक्षण भी कैंसर में देखने को मिलते हैं। हालांकि कुछ स्पेसिफिक लक्षण होते हैं, जिनके आधार पर इस बात का फी हद तक अनुमान लगाया जा सकता है कि ये कैंसर है जैसे, व्यक्ति का वजन लगातार कम होता जाना और साथ में रुक-रुककर लगातार बुखार आते रहना।

## एक नजर

### हमास के हमले के बाद इजराइल का पलटवार, 16 लोगों की मौत

**यरुशलम।** हमास और इजराइल बीते सात महीने से जंग लड़ रहे हैं। जहां सभी देश संघर्ष विराम की उम्मीद लगाए हुए थे। वहीं, अब एक बार फिर तनाव बढ़ गया है। हमास ने रविवार को इजराइल के मुख्य क्रॉसिंग पॉइंट पर कई मिसाइलें दागी थीं। इस हमले में तीन इराइली सैनिक मारे गए। आगबबूला हुए इजराइल ने भी पलटवार किया। उसने दक्षिणी शहर राफा में हवाई हमले किए, जिसमें 16 लोग मारे गए। अब इन सबके बीच, इजराइल ने नागरिकों को राफा शहर को तुरंत खाली करने का आदेश दिया है। दरअसल, देश के रक्षा मंत्री द्वारा हमले तेज करने की चेतावनी के बाद राफा के लोगों को नोटिस जारी किया गया है।

### मध्यप्रदेश में ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से पांच बच्चों की मौत, दो घायल

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले के चरगवां थाना क्षेत्र में सोमवार को ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से सवार पांच बच्चों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हुए हैं। घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। जबलपुर जिला प्रशासन के अनुसार मृतकों में देवेंद्र बरकड़े, राजवीर, अनूप, लकी और धर्मेंद्र ठाकुर शामिल हैं। सभी बच्चे पास ही के गांव तिनेटा देवरी के निवासी हैं। प्रारंभिक जानकारी में बताया गया है कि सभी बच्चे एक ट्रैक्टर-ट्राली में बैठकर जा रहे थे, तभी तेज गति के कारण वह अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे मौत हो गई।

### बीएसएफ ने पंजाब में बरामद किए चीनी निर्मित चार ड्रोन

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने रविवार को पंजाब के गुरदासपुर और अमृतसर जिले से चार ड्रोन बरामद किए हैं। बीएसएफ के प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि रविवार को गुरदासपुर जिले के एक सीमावर्ती गांव में रहने वाले बीएसएफ के पूर्व सैनिक ने खुफिया इकाई सूचना दी थी। सूचना के आधार पर बीएसएफ के जवान मौके पर पहुंचे और तलाशी अभियान चलाया। सीमावर्ती गांव रतनखुर्द, कक्कड़ और रोरनवाला से तीन ड्रोन बरामद किए। ड्रोनों की पहचान चीन निर्मित डीजेआई माविक 3 क्लासिक और डीजेआई मैट्रिस 300 आरटीके के रूप में की गयी है।

### भारतीय उच्चायुक्त- ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री के बीच संबंधों पर चर्चा

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया में भारतीय उच्चायुक्त गोपाल बागले ने सोमवार को ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वांग से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग के मुद्दों पर चर्चा की। कैनबरा में भारतीय उच्चायोग ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी नई ऊंचाई को छूने के लिए तैयार है। वांग और बागले की बैठक की तस्वीर साझा करते हुए उच्चायोग ने कहा कि उच्चायुक्त और विदेश मंत्री ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच द्विपक्षीय सहयोग के व्यापक मुद्दों पर अहम चर्चा की।


# भारतीय मूल की सुनीता तीसरी बार करेंगी अंतरिक्ष की यात्रा

## पहला मानवयुक्त अंतरिक्ष यान आज होगा रवाना, साथ रहेंगे बुच विल्मोर

वाशिंगटन, एजेंसी

भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स एक बार फिर अंतरिक्ष जाने के लिए तैयार हैं। इस बार उनके साथ बुच विल्मोर भी रहेंगे। नासा के दो अनुभवी अंतरिक्ष यात्री बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान में सवार होकर अंतरिक्ष जाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह पहला मानवयुक्त अंतरिक्ष यान होगा, जो मंगलवार को उड़ान भरेगा। नासा के अनुसार, यूनाइटेड लॉन्च अलायंस एटलस वी रॉकेट और बोइंग स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान 7 मई की सुबह आठ बजकर चार मिनट पर कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च किया जाएगा।

मिशन को संचालित करने जा रहीं सुनीता विलियम्स ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि वह थोड़ी सी घबराई हुई हैं। लेकिन नए अंतरिक्ष यान में उड़ान भरने को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने आगे कहा, जब मैं अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचूंगी, तो यह घर वापस जाने जैसा होगा। डॉ. दीपक पांड्या और बोनी पांड्या के घर जन्मीं सुनीता विलियम्स एक बार फिर इतिहास रचेंगी। वह ऐसी पहली महिला होंगी, जो मानवयुक्त अंतरिक्ष यान के पहले मिशन पर उड़ान भरेंगी। वह साल 2006 और 2012 में दो बार अंतरिक्ष जा चुकी हैं। विलियम्स ने दो मिशनों में अंतरिक्ष में कुल 322 दिन बिताए हैं, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है।




अंतरिक्ष में जाने से पहले मीडिया से बात करतीं भारतवंशी सुनीता विलियम्स साथ में हैं बुच विल्मोर।

### भगवान गणेश की मूर्ति साथ लेकर जाएंगी विलियम्स

तीसरी बार उड़ान भरने से पहले विलियम्स ने बताया कि वह भगवान गणेश की एक मूर्ति साथ लेकर जाएंगी। उनका मानना है कि गणेश उनके लिए भाग्यशाली हैं। वह अपने साथ भगवान गणेश की मूर्ति साथ ले जाने को लेकर खुश थीं। इससे पहले सुनीता अपने साथ अंतरिक्ष में भगवदगीता लेकर गईं थीं। उन्होंने यह भी बताया कि उन्हें समासे बहुत पसंद हैं।

### भारतवंशी विलियम्स दो बार जा चुकी हैं अंतरिक्ष

सुनीता विलियम्स के पिता गुजरात के मेहसाणा जिले के झुलासान में पैदा हुए एक न्यूरोएनाटोमिस्ट थे, लेकिन बाद में अमेरिका चले गए और बोनी पांड्या से शादी कर ली। फिलहाल, सुनीता अब बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान पर क्रू फ्लाइट टेस्ट मिशन का पायलट बनने की तैयारी कर रही हैं। उनका जून 1998 में अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा में चयन हुआ था। नौ दिसंबर 2006 में वह पहली बार अंतरिक्ष गई थीं। उन्हें इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में भेजे गए 14वें शटल डिस्कवरी के साथ रवाना किया गया था। इसके बाद 2012 में उनकी दूसरी अंतरिक्ष यात्रा शुरू हुई थी। तब उन्होंने कजाकिस्तान के बैकोनूर से रूसी रॉकेट सोयूज टीएमए-05एम से उड़ान भरी थी।



स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान

# भारतीय छात्र की चाकू से गोदकर हत्या

मेलबर्न/चंडीगढ़

- ऑस्ट्रेलिया में किराए को लेकर भारतीय छात्रों के बीच हुआ विवाद एक की हालत गंभीर

ऑस्ट्रेलिया में एक भारतीय छात्र की चाकू से गोदकर हत्या की गई है। मृतक छात्र के चाचा ने बताया कि भारतीय छात्रों के बीच हुई लड़ाई के दौरान उनके भतीजे की हत्या की गई। शनिवार सुबह नौ बजे मेलबर्न में हुए इस विवाद में एक और छात्र की हालत गंभीर है। छात्र का नाम नवजीत संधू था, जो कि हरियाणा के करनाल का रहने वाला था। छात्र के चाचा यशवीर के अनुसार कुछ छात्रों के बीच किराए को लेकर विवाद चल रहा था। इस बीच जब नवजीत इस विवाद को सुलझाने गया, तो उस पर बुरी तरह चाकुओं से हमला किया गया। यशवीर ने बताया कि नवजीत अपने दोस्त के साथ उसके घर से कुछ सामान लेने गया था क्योंकि उसके पास कार थी। जब वह घर के बार अपने दोस्त का इंतजार कर रहा था, तो उसे घर के अंदर से शोर की आवाज सुनाई दी। नवजीत ने जब घर के अंदर घुसकर विवाद सुलझाने की कोशिश की, तो उसके सीने पर बुरी तरह से चाकू से हमला किया गया। इसके बाद नवजीत की मौत हो गई।

नवजीत के जिस साथी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, वह भी करनाल का ही रहने वाला था। यशवीर ने बताया कि रविवार की सुबह उनके परिजनों को इस बारे में जानकारी दी गई। नवजीत डेढ़ साल पहले स्टडी वीजा पर ऑस्ट्रेलिया गया था। परिवार ने भारत सरकार से नवजीत का शव भारत लाने में मदद करने का आग्रह किया है। पुलिस ने कहा कि भारतीय मूल के आरोपियों अभिजीत और रॉबिन गार्टन की तलाश की जा रही है।

### पर्यटकों को लुभाने के लिए मालदीव ने दिया जोर

**दुबई।** द्विपक्षीय संबंधों में तनाव आने के बाद मालदीव में भारतीय पर्यटकों की संख्या में आई गिरावट से मालदीव सकते में आ गया है। अब द्वीप राष्ट्र के पर्यटन मंत्री ने भारतीयों से देश में घूमने आने का निवेदन कर देश की अर्थव्यवस्था में सहयोग करने का आह्वान किया। इस दौरान पर्यटन मंत्री ने भारत और अपने देश के ऐतिहासिक संबंधों पर भी जोर दिया। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा गत छह जनवरी को अपने एक्स हैंडल पर प्राचीन लक्षद्वीप के फोटो व वीडियो साझा करने पर मालदीव के तीन मंत्रियों ने उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी।

# हाईकोर्ट ने जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल को दी अंतरिम जमानत

**मुंबई।** बंबई हाईकोर्ट ने सोमवार को जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल को चिकित्सकीय आधार पर दो महीने की अंतरिम जमानत दे दी है। गोयल को प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन से जुड़े मामले में गिरफ्तार किया था।

जस्टिस एनजे जामदार की पीठ ने दो महीने की अंतरिम जमानत की याचिका स्वीकार करते हुए कहा कि गोयल को जमानत के तौर पर एक लाख रुपये का जुर्माना भरना पड़ेगा। इसके साथ ही मुंबई से बाहर जाने के लिए उन्हें ट्रायल कोर्ट की अनुमति लेनी होगी।

75 वर्षीय गोयल ने मेडिकल और मानवता के आधार पर अंतरिम जमानत की मांग की थी। उन्होंने अदालत को बताया था कि वे और उनकी पत्नी अनिता गोयल दोनों ही कैंसर से जूझ रहे हैं। इससे पहले फरवरी में एक विशेष अदालत ने गोयल की जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

## बम्पर खेती...



श्रीनगर : जम्मू-कश्मीर में इस साल किसानों ने 1.40 लाख हेक्टेयर में सरसों व तिलहन की बम्पर खेती की है। फसल भी अच्छी हुई है। सरसों पर्यटकों को भी लुभा रहा है। 1200 करोड़ रुपये की सरसों होने की उम्मीद है। 2020-21 में 30 हजार हेक्टेयर में हुई थी। ● एजेंसी

# इमरान की पार्टी के अध्यक्ष जेल से घर में होंगे नजरबंद

**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री और इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष परवेज इलाही को 15 दिनों के अंदर जेल से हटाकर घर में नजरबंद करने का आदेश दिया है।

अदालत ने यह आदेश परवेज इलाही की पत्नी कैसरा इलाही की याचिका पर सुनवाई के बाद दी है। अदालत ने निर्देश दिया है कि उनकी अधिक उम्र और स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को ध्यान में रखते हुए उन्हें घर में नजरबंद रखा जाए। कोर्ट ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि नजरबंदी के दौरान उन्हें चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराई जाए। पिछले वर्ष जून के बाद से उन्हें कई बार उनकी गिरफ्तारी हो चुकी है।

# प. देशों के खिलाफ परमाणु अभ्यास करेगा रूस

मॉस्को, एजेंसी

- यूक्रेन से युद्ध के बीच राष्ट्रपति पुतिन के सख्त तेवर, सेना को दिया अभ्यास करने का आदेश

रूस और यूक्रेन के बीच 26 महीने से अधिक समय से युद्ध जारी है। फिलहाल यह जंग थमती नजर नहीं आ रही है। इस बीच, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एक बार फिर अपने खतरनाक इरादों का संकेत दिया है। उन्होंने रूसी सेना को परमाणु हथियारों के साथ अभ्यास करने को कहा है। यह आदेश यूक्रेन की सीमा पर तैनात थल सेना और नौसेना को दिया गया है। इस कदम से पश्चिमी देश पुतिन के खिलाफ है।

रूसी रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि अभ्यास के दौरान परमाणु हथियारों को भी शामिल किया जाएगा। यह देखा जाएगा कि कैसे इन हथियारों के साथ तैयारी की जा सकती है और इनका क्या इस्तेमाल हो सकता है। बता दें, जब से यूक्रेन से साथ युद्ध शुरू हुआ है, तब से पुतिन परमाणु हथियारों को लेकर कई बार बयानबाजी दे चुके हैं। फरवरी में भी उन्होंने परमाणु हथियार इस्तेमाल करने की चेतावनी दी थी। अब पुतिन ने यह फैसला ऐसे समय में लिया है, जब रूस की सेना का कहना है कि यूक्रेन के अलावा पश्चिमी देशों से भी उसे खतरा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इस अभ्यास में परमाणु हथियारों की तैनाती और उनके इस्तेमाल को शामिल किया जाएगा। सेनाएं अभ्यास करेंगी कि कैसे इन हथियारों का जंग में इस्तेमाल करना है और कैसे मोर्चे पर इन्हें तैनात किया जा सकता है।



### आज से शुरू होगा पुतिन का पांचवां कार्यकाल

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन हाल ही में संपन्न संघीय चुनाव रिकॉर्ड मतों से जीतने के बाद अपने पांचवें कार्यकाल की शुरुआत मंगलवार को करने जा रहे हैं। रूसी सरकार के सूत्रों के अनुसार 87 प्रतिशत वोट के साथ निर्वाचित होने वाले पुतिन सात मई को पांचवीं बार राष्ट्रपति पद ग्रहण करेंगे और इस के साथ ही उनका 2030 तक नया छह साल का राष्ट्रपति कार्यकाल शुरू होगा।

# डिजिटल मीडिया के नियमों पर अर्जियों की सुनवाई एक साथ

नई दिल्ली, एजेंसी

- नियम-2021 को चुनौती देने वालीं सभी याचिकाओं पर 14 अगस्त को सुनवाई करेगा दिल्ली हाईकोर्ट

दिल्ली हाईकोर्ट सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियमावली, 2021 को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 14 अगस्त को सुनवाई करेगा। ये नियम ऑनलाइन मीडिया पोर्टल और प्रकाशकों, ओवर-द-टॉप (ओटीटी) मंचों और सोशल मीडिया मध्यस्थों के कामकाज को विनियमित करने से संबंधित हैं।

इसके तहत, सोशल मीडिया और प्रसारण कंपनियों के लिए विवादास्पद सामग्री को तेजी से हटाना, शिकायत निवारण अधिकारियों की नियुक्ति करना और जांच में सहायता करना शामिल है। सभी याचिकाएं देश भर के विभिन्न उच्च न्यायालयों में लंबित थीं, जिन्हें सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट में स्थानांतरित किया है। दिल्ली हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने कहा, सभी याचिकाएं 14 अगस्त के लिए सूचीबद्ध की जाएंगी।

सुप्रीम कोर्ट ने सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 को चुनौती देने वाली देशभर के विभिन्न उच्च न्यायालयों के समक्ष लंबित याचिकाओं को 22 मार्च को दिल्ली उच्च न्यायालय में स्थानांतरित कर दिया था। पीठ ने कहा था, विरोधाभासी निर्णयों से बचने के लिए, केंद्र सरकार सभी मामलों की सुनवाई एक ही जगह कराना चाहेगी। क्योंकि इनमें से बड़ी संख्या में मामले दिल्ली हाईकोर्ट के समक्ष विचाराधीन हैं।

विज्ञान | जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप के जरिए इस ग्रह के जलवायु की गहराई का चला पता

# सुदूर अंतरिक्ष में आश्चर्यजनक ग्रह की खोज

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** सुदूर अंतरिक्ष मे बृहस्पति जैसा खोजा गया आश्चर्यजनक एक ग्रह न केवल बेहद गर्म है, बल्कि 800 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से यहां तूफान उफान पर रहता है। रात के समय घने बादलों से ढक जाता है। इस ग्रह (एक्सोप्लैनेट) का नाम डब्लूएएसपी-43 बी है।

जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप के जरिए इस ग्रह के जलवायु की गहराई का पता चल पाया है। वेब में लगे उपकरण इसके वातावरण का विश्लेषण कर पाने में सक्षम है। रात को बादलों से ढके रहने वाले इस ग्रह का आसमान दिन के समय साफ रहता है। हमसे 283 प्रकाश-वर्ष दूर यह अत्यधिक गर्म होने के साथ यहा भूमध्यरेखीय हवाएं 8,000 किलोमीटर प्रति घंटे से भी अधिक सुपरसोनिक गति से चलती हैं। जर्नल नेचर एस्ट्रोनॉमी ने 30 अप्रैल, 2024 को यह शोध प्रकाशित हुआ है। यह पहला ग्रह है, जिसकी जलवायु बेहद आश्चर्यजनक है। वेब टेलीस्कोप ने इस गर्म एक्सोप्लैनेट के मौसम का नक्शा बनाया है। इसके अत्यधिक गर्म होने की वजह अपने तारे के बेहद करीबी होना है, जो मात्र 2 मिलियन किमी की दूरी पर अपने तारे की परिक्रमा करता है। यह बुध और सूर्य के बीच की दूरी के 1/25 से भी कम है। यह ग्रह ज्वारीय रूप से अपने तारे से बंधा हुआ है। इसका एक हिस्सा हमेशा तारे के सामने होता है, जैसे चंद्रमा का एक ही पक्ष हमेशा पृथ्वी के सामने होता है। इसलिए ग्रह का एक पक्ष लगातार दिन के उजाले में है, जबकि दूसरा पक्ष निरंतर अंधकार में है। पूर्व में हबल स्पेस टेलीस्कोप और स्पिट्जर स्पेस टेलीस्कोप से इस ग्रह के संकेत मिले थे। कैलिफ़ोर्निया के बे एरिया पर्यावरण अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिको ने यह खोज की है।



ग्रह डब्लूएएसपी-43 की तस्वीर।

### 1260 डिग्री सेल्सियस है दिन का तापमान

डब्लूएएसपी-43 बी का दिन का तापमान 1260 डिग्री सेल्सियस रहता है, जबकि रात के समय 600 डिग्री सेल्सियस रह जाता है। अत्यधिक गर्म होने के कारण यह ग्रह रहने योग्य नहीं है। इस खोज से ग्रहों की दुनिया की प्रकृति की अजूबी जानकारी मिलती है। जिस कारण इस खोज को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# भारतीय तटरक्षकों ने केरल के निकट जब्त की ईरानी नौका

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारतीय चालक दल के छह सदस्यों को हिरासत में लिया ईरान के लिए करते थे काम



भारतीय तटरक्षक बल ने एक बार फिर अरब सागर में कार्रवाई की है। तटरक्षक बल ने अरब सागर में ईरानी मछली पकड़ने वाले जहाज को जब्त किया है। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को बताया है कि, जहाज में सवार छह भारतीय चालक दल के सदस्यों को अनुबंध के आधार पर ईरान ले जाया जा रहा था लेकिन नाव के मालिक द्वारा शोषण और दुर्व्यवहार की रिपोर्ट मिलते ही उन्हें हिरासत में ले लिया गया।

भारतीय तट रक्षक समुद्री सुरक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करते हुए कार्रवाई की। जहाज को कोच्चि लाया गया है। यहां आरोपों सहित अन्य पहलुओं की जांच की जाएगी। भारतीय तटरक्षक दल ने एक्स पर पोस्ट करते हिए कहा कि केरल तट के पश्चिम में अरब सागर में ईरानी मछली पकड़ने वाले जहाज को रोका और हिरासत में लिया। जहाज में छह भारतीय सवार थे, जो ईरान में अनुबंध के आधार पर कार्यरत थे। चालक दल ने नाव के मालिक पर शोषण का आरोप लगाया था। आईसीजी की कार्रवाई नाविकों की भलाई की रक्षा और समुद्री कानूनों के कार्यान्वयन को लेकर समर्पित है। हालांकि, अभी तक अधिकारियों ने शोषण के प्रकृति का खुलासा नहीं किया है।